सूर्योदय : 6:56
सूर्यास्त : 5:28
अधिकतम तापमान : 19.0
न्यूनतम : 10.0

RNI NO : UPHIN/2010/31173

डाक पंजीकरण संख्याः SSP/LW/NP-422/2014-2016

वर्ष-18 अंक-200 पेज-16
मूल्य : 3 रुपया

लखनऊ, शनिवार, 11 जनवरी 2025
10 रजब 1446 हिजरी



हिन्दी दैनिक
# अवधनामा
www.avadhnama.com




## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पहली बार पोडकास्ट पर दिया साक्षात्कार

# मैं भी आम इंसान हूं, भगवान नहीं: मोदी

- युवा से मिशन के साथ राजनीति में आने की अपील की
- लोकतंत्र को मजबूत कर रहा सोशल मीडिया : प्रधानमंत्री

**नई दिल्ली।** पॉस्टकास्ट पर दिये अपने पहले साक्षात्कार में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने जीवन, राजनीति, कूटनीति समेत सामाजिक क्षेत्र के विभिन्न मुद्दों पर खुलकर बोला। प्रधानमंत्री ने मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री के रूप में सरकार के प्रमुख के तौर पर अपने लंबे कार्यकाल के दौरान लिए गए फैसलों का हवाला देते हुए उन्होंने साफ किया कि उनसे भी गलतियां हुई है, वे भी एक आम इंसान हैं, भगवान नहीं हैं।

प्रधानमंत्री ने युवाओं से राजनीति में आने की अपील करते हुए कहा कि इसे एंबिशन नहीं, मिशन के रूप में लेना चाहिए। पॉडकास्टर और जीरोधा कंपनी के सह-संस्थापक निखिल कामथ के साथ बातचीत में प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया को लोकतंत्र को मजबूत करने वाला बताया। अपने लंबे राजनीतिक जीवन के अनुभवों को साझा करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि मोदी आज भी वही है, जो पहले थे। साक्षात्कार के दौरान कामथ ने प्रधानमंत्री को एक फोटो दिखाया, जिसमें वे मंच से नीचे बैठे थे। यह फोटो 2001 में उनके मुख्यमंत्री बनने के पहले का था। प्रधानमंत्री ने कहा कि इन सालों में पद, परिस्थितियां और व्यवस्थाएं जरूर बदली होगी, लेकिन मोदी वही है, जो नीचे बैठा है। प्रधानमंत्री के रूप में अपने पहले और दूसरे कार्यकाल से तुलना करते हुए उन्होंने कहा कि तीसरे कार्यकाल में वे ज्यादा आत्मविश्वास से भरे हैं और 2047 तक विकसित भारत बनाने की ओर तेजी से काम कर रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि युवाओं को राजनीति को गंदा नहीं मानना चाहिए।

### 23 साल के शासन में हमेशा गरीबों को केंद्र में रखा

प्रधानमंत्री ने बताया कि पहले मुख्यमंत्री और फिर प्रधानमंत्री के रूप में अपने 23 साल के लंबे कार्यकाल के दौरान उन्होंने हमेशा आम लोगों और गरीबों को अपने शासन के केंद्र में रखा और नौकरशाही को भी इसके लिए तैयार किया। उन्होंने बताया कि किस तरह से गोधरा कांड के बाद उन्होंने सिक्यूरिटी प्रोटोकाल तोड़कर सिंगल इंजन के हेलीकाप्टर से घटनास्थल पर पहुंचे थे। इसी तरह से भुज में भूकंप की विभीषिका के बाद पुनर्निर्माण के लिए नौकरशाही को अपने ही बनाए नियम-कायदे को बदलने के लिए प्रेरित किया था। प्रधानमंत्री मोदी के अनुसार सरकार के प्रमुख के रूप में फैसला लेते हुए गलती होना स्वाभाविक प्रक्रिया है। लेकिन इसके पीछे नीयत गलत नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि इंसान होने के कारण उनसे भी फैसला लेने में गलतियां हुई, लेकिन उनकी नीयत कभी गलत नहीं रही।



## जेईई एडवांस्ड में तीसरा अटेम्प्ट दे सकेंगे छात्र : सुप्रीम कोर्ट

- 28 अप्रैल से शुरू होंगे परीक्षा के लिए आवेदन
- 05 मई तक उम्मीदवार कर पाएंगे अप्लाई



**नई दिल्ली।** जेईई एडवांस परीक्षा के संबंध में सुप्रीम कोर्ट ने 10 जनवरी, 2025 को अहम फैसला सुनाया है। न्यायालय ने कहा है कि, 5 नवंबर, 2024 से 18, नवंबर, 2024 के बीच अपना इंजीनियरिंग कोर्स छोड़ने वाले कैंडिडेट्स को जेईई एडवांस परीक्षा में शामिल होने के लिए तीसरा अवसर दिया जाएगा। देश की शीर्ष अदालत में जेईई एडवांस में अटेम्प्ट की संख्या को लेकर सुनवाई के दौरान यह निर्देश दिए हैं। हालांकि, परीक्षा में प्रयासों की संख्या के मामले में कोर्ट ने जेएबी के फैसले को ही बरकरार रखा है। दरअसल, यह मामला तब शुरू हुआ था, जब ज्वाइंट एडमिशन बोर्ड यानी जेएबी ने 5 नवंबर, 2024 को घोषणा की थी कि, अब जेईई एडवांस परीक्षा के लिए तीन अटेम्प्ट दिए जाएंगे। हालांकि, इसके कुछ दिन बाद यानी कि अपना यह निर्णय वापस लेते हुए एलान किया था कि, परीक्षा में प्रयासों की संख्या पहले के समान यानी कि 2 ही रहेगी। इसके बाद, ही कुछ छात्रों का कहना था कि, उन्होंने प्रयासों की संख्या बढ़ने के चलते परीक्षा अपना कोर्स बीच में ही छोड़ दिया था। अब ऐसे में, जब दोबारा जेएबी ने अपना फैसला पलट दिया है तो ऐसे में उन्हें नुकसान हो रहा है। इसके चलते इन स्टूडेंट्स ने कोर्ट में याचिका दायर कर इस फैसले को रद्द करने की मांग की थी। इसी मुद्दे पर सुनवाई करते हुए न्यायालय ने यह यह निर्णय सुनाया है कि, 5 से 18 नवंबर की अवधि वालों को परीक्षा में शामिल होने के लिए तीसरा मौका दिया जाएगा। ज्वाइंट एंट्रेंस एग्जामिनेशन एडवांस्ड परीक्षा 2025 के लिए शेड्यूल जारी हो चुका है।

## न्यूज डायरी

### कई मुकदमों को साथ जोड़ने से दोनों पक्षों को हो सकता है फायदा : एससी



**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने शुक्रवार को कहा कि मथुरा श्रीकृष्ण जन्मभूमि-शाही ईदगाह मस्जिद विवाद के 15 वादों को नत्थी करने संबंधी इलाहाबाद उच्च न्यायालय के आदेश को चुनौती देने वाली याचिका बाद में दाखिल की जा सकती है। प्रधान न्यायाधीश संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति संजय कुमार की पीठ ने प्रथम दृष्ट्या सभी वादों के समेकन संबंधी उच्च न्यायालय के फैसले के पक्ष में निर्णय लिया और कहा कि इससे दोनों पक्षों को फायदा होगा। पिछले वर्ष 11 जनवरी को इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने मामलों को समेकित करने का निर्देश दिया था। शुक्रवार को सुनवाई की शुरुआत में उच्चतम न्यायालय की पीठ ने कहा कि वह आराधना स्थलों पर 1991 के कानून से संबंधित मुद्दे पर विचार कर रही है और जानना चाहा कि उसे इस समय वादों के समेकन के मामले में हस्तक्षेप क्यों करना चाहिए।

### अब पड़ेगी ठंड प्रचंड

**नई दिल्ली।** पश्चिमी हिमालय क्षेत्र में पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने से राजधानी और आस-पास के इलाकों में दो दिन के लिए बारिश का अलर्ट जारी किया गया है। मौसम विभाग ने शनिवार और रविवार को शाम व रात के समय हल्की से मध्यम बारिश होने का अनुमान जताया है। ऐसे में ठिठुरन बढ़ेगी। साथ ही, घने से घना कोहरा छाया रहेगा। इससे वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ेगा। उधर, ठंडी हवाओं ने सर्दी का सितम बढ़ा दिया है। शुक्रवार को न्यूनतम तापमान के साथ अधिकतम तापमान में गिरावट आई है। अधिकतम तापमान सामान्य से 1.4 डिग्री सेल्सियस कम 17.6 डिग्री दर्ज किया गया। इसमें बीते 24 घंटे में 2.4 डिग्री सेल्सियस की कमी आई है। उधर, न्यूनतम तापमान भी सामान्य से 0.9 डिग्री कम 6 डिग्री सेल्सियस रहा। सुबह से ही स्मॉग के साथ घना कोहरा छाया रहा। इससे वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ा। पालम एयरपोर्ट पर सुबह साढ़े चार बजे से आठ बजे तक दृश्यता शून्य रही।

## सुप्रीम कोर्ट ने 'सेम सेक्स मैरिज' पर पुनर्विचार याचिकाएं खारिज की

- 2023 में दिया था कोर्ट ने फैसला

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय समलैंगिक विवाह को कानूनी मंजूरी देने से इनकार करने के अपने फैसले की समीक्षा की मांग करने वाली याचिकाएं खारिज कर दी हैं।

न्यायमूर्ति बी आर गवई, न्यायमूर्ति सूर्य कांत, न्यायमूर्ति बी वी नागरत्ना, न्यायमूर्ति पी एस नरसिम्हा और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की संविधान पीठ ने यह कहते हुए कि उन्हें अपने पिछले फैसले में रिकॉर्ड पर कोई त्रुटि नहीं दिखी, समीक्षा करने से इनकार कर दिया। याचिकाओं में उच्चतम न्यायालय की समलैंगिक विवाह को कानूनी मंजूरी देने से इनकार करने वाले 17 अक्टूबर, 2023 के फैसले की समीक्षा की मांग की गई थी। चैंबर कार्यवाही के बाद गुरुवार अपने आदेश में पीठ ने कहा, ÷हमने न्यायमूर्ति एस रवींद्र भट (पूर्व न्यायाधीश) द्वारा खुद और न्यायमूर्ति हिमा कोहली (पूर्व न्यायाधीश) द्वारा दिए गए फैसलों और हममें से एक (न्यायमूर्ति नरसिम्हा) द्वारा दिए गए फैसलों की गई सहमति वाली राय को ध्यान से पढ़ा है, जो बहुमत का मत है। शीर्ष अदालत ने आगे कहा कि दोनों फैसलों में व्यक्त किया गया मत कानून के अनुसार है। इनमें किसी हस्तक्षेप की आवश्यकता नहीं है। पीठ ने कहा, इस आधार पर पुनर्विचार याचिकाओं को खारिज किया जाता है। न्यायालय ने समीक्षा याचिकाओं को खुली अदालत में सूचीबद्ध करने के लिए एक आवेदन को भी खारिज कर दिया। इस मामले से संबंधित याचिकाओं पर न्यायाधीशों के कक्षों में विचार किया गया। शीर्ष अदालत के नियमों के अनुसार, समीक्षा याचिकाओं पर न्यायाधीशों द्वारा दस्तावेजों के प्रसार और अधिवक्ता की उपस्थिति के बिना न्यायाधीश कक्षों में विचार किया जाता है। शीर्ष अदालत ने पहले ही समीक्षा याचिकाओं पर खुली अदालत में सुनवाई की अनुमति देने से इनकार कर दिया था।

## सुप्रीम कोर्ट ने संभल की शाही जामा मस्जिद कमेटी की याचिका पर नोटिस किया जारी

# कुआं खोलने पर फिलहाल रोक

- यूपी सरकार से मांगी स्थिति रिपोर्ट
- 21 फरवरी को होगी अगली सुनवाई

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने संभल में स्थित जामा मस्जिद की प्रबंधन समिति की याचिका पर शुक्रवार को यूपी सरकार एक नोटिस जारी किया और मस्जिद के प्रवेश द्वार के निकट मौजूद एक निजी कुएं के संबंध में यथास्थिति बनाए रखने का आदेश दिया।

प्रधान न्यायाधीश संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति संजय कुमार की पीठ ने अदालत की अनुमति के बिना कुएं के संबंध में कोई कदम नहीं उठाने का निर्देश दिया और प्राधिकारियों को दो सप्ताह में स्थिति रिपोर्ट देने को कहा। अब मामले की अगली सुनवाई 21 फरवरी को होगी। शाही जामा मस्जिद की प्रबंधन समिति ने अपनी याचिका में संभल सीनियर डिवीजन दीवानी न्यायाधीश के 19 नवंबर, 2024 के आदेश को चुनौती दी थी, जिसमें मस्जिद का सर्वेक्षण करने के लिए 'एडवोकेट कमिश्नर' की नियुक्ति की अनुमति दी गई थी। दलील दी गई कि सर्वेक्षण के कारण हिंसा और जान-माल की हानि हुई, जिसके कारण शीर्ष अदालत को तत्काल हस्तक्षेप करना पड़ा। प्रबंधन समिति का प्रतिनिधित्व करने वाले वरिष्ठ अधिवक्ता हुजेफा अहमदी ने कुएं के ऐतिहासिक महत्व पर जोर देते हुए कहा, अनादि काल से इस कुएं से पानी निकाला जाता रहा है।

### गूगल मैप की एक तस्वीर का हवाला दिया

हिंदू पक्ष का प्रतिनिधित्व कर रहे अधिवक्ता विष्णु शंकर जैन ने कहा कि कुआं मस्जिद के दायरे से बाहर है और ऐतिहासिक रूप से इसका इस्तेमाल पूजा के लिए किया जाता रहा है। अहमदी ने कहा कि कुआं आंशिक रूप से मस्जिद परिसर के अंदर और आंशिक रूप से बाहर है। उन्होंने अपने दावे के समर्थन में गूगल मैप की एक तस्वीर का हवाला दिया। याचिका में कहा गया है, संभल के जिला मजिस्ट्रेट को उचित निर्देश दिया जाए कि वह यह सुनिश्चित करें कि मस्जिद की सीढ़ियों/प्रवेश द्वार के पास स्थित निजी कुएं के संबंध में यथास्थिति बनाए रखी जाए और माननीय न्यायालय की अनुमति के बिना इस संबंध में कोई कार्रवाई न की जाए।



## मुख्यमंत्री ने प्रयागराज में स्व. कमला बहुगुणा की प्रतिमा का अनावरण किया

# प्रधानमंत्री मोदी के मार्गदर्शन में हम नए उप्र का दर्शन कर रहे : मुख्यमंत्री

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने कहा कि कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के मार्गदर्शन में आज हम नए उत्तर प्रदेश का दर्शन कर रहे हैं। इसकी नींव हमारे इन सभी महान नेताओं ने उस समय रखी थी जब संसाधन नहीं थे। शासन में विभिन्न दायित्वों का निर्वहन करने के पश्चात भी स्वयं के लिए कुछ अर्जित करने का भाव उनके मन में नहीं रहा।

देश व समाज को हमेशा कुछ देने का जज्बा रहा। यही भाव स्मरणीय बनता है। यह भाव देश के प्रत्येक नागरिक में होना चाहिए। श्रीमती कमला बहुगुणा जी के व्यक्तित्व में स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, समाजसेवी तथा संवेदनशील जनप्रतिनिधि के गुण देखने को मिलते हैं। मुख्यमंत्री आज जनपद प्रयागराज में स्व. श्रीमती कमला बहुगुणा जी की प्रतिमा का अनावरण करने के पश्चात इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि श्रीमती कमला बहुगुणा जी का जन्म प्रयागराज की धरती पर सन् 1924 में हुआ था। वह यहीं पर पली बढ़ीं। उन्होंने बाल्यावस्था में ही देश की आजादी की लड़ाई में भाग लिया। जब वह देश की आजादी की लड़ाई के दौरान ब्रिटिश हुकूमत के खिलाफ नारेबाजी कर रही थीं, तो मात्र 08 वर्ष की आयु में ही उन्हें अंग्रेजों का अत्याचार सहना पड़ा। जब उन्होंने घर जाकर अपनी माँ से इसकी शिकायत की तो उनकी माँ ने कहा कि देश की आजादी के लिए इस प्रकार की मार सहने का आदी बनना पड़ेगा। इससे उनके मनोबल में और अधिक वृद्धि हुई।



## पीएम मोदी से मिले सीएम योगी



महाकुंभ में आने का दिया निमंत्रण

**नई दिल्ली।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। जानकारी के अनुसार, सीएम योगी ने पीएम मोदी को प्रयागराज महाकुंभ मेले में आने का निमंत्रण दिया है।

महाकुंभ 13 जनवरी से 26 फरवरी तक चलने वाला है। पीएम मोदी से मुलाकात के बाद सीएम योगी ने फोटो के साथ एक्स पर लिखा कि प्रधानमंत्री मोदी से आज नई दिल्ली में शिष्टाचार भेंट की। आपके मार्गदर्शन और प्रेरणा से सनातन गर्व का प्रतीक महाकुम्भ-2025, प्रयागराज आज अपने दिव्य, भव्य और डिजिटल स्वरूप से दुनिया को नए भारत का दर्शन करा रहा है।

## नवनिर्वाचित अमेरिकी राष्ट्रपति पद की शपथ से पहले ट्रंप को बड़ी राहत

# हश मनी केस में बिना शर्त बरी

- 34 संगीन आरोप, फिर भी राष्ट्रपति चुनाव जीते
- ट्रंप ने दोहराया, मैंने कोई अपराध नहीं किया



नवनिर्वाचित अमेरिकी राष्ट्रपति फ्लोरिडा में मौजूद अपने घर से वर्चुअल रूप से अदालत की कार्यवाही में शामिल हुए। इस दौरान डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि उनका आपराधिक मुकदमा और दोषसिद्धि एक बहुत ही भयानक अनुभव रहा है और उन्होंने जोर देकर कहा कि उन्होंने कोई अपराध नहीं किया है। उन्होंने फिर से इस मामले की निंदा की। ट्रंप ने इस मामले को राजनीतिक बदले की कार्रवाई और न्यूयॉर्क के लिए शर्मिंदगी करार दिया। उन्होंने कहा कि यह मामला उनकी छवि खराब करने के लिए लाया गया था ताकि वह चुनाव हार जाएं, लेकिन ऐसा नहीं हुआ।

**न्यूयॉर्क।** नवनिर्वाचित अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को राष्ट्रपति पद की शपथ से पहले बड़ी राहत मिली है। बता दें कि, सुप्रीम कोर्ट ने हश मनी केस में फैसला सुनाते हुए उनके आपराधिक चुप्पी धन मामले (हश मनी केस) में बिना शर्त बरी कर दिया गया है।

इस मामले में न्यूयॉर्क के न्यायाधीश जुआन एम मर्चेन ने डोनाल्ड ट्रंप से कहा- उन्होंने डोनाल्ड ट्रंप को यह बताने में बहुत मेहनत की कि उनके साथ इस न्यायालय में सामान्य आरोपी की तरह ही व्यवहार किया गया। इसके साथ ही डोनाल्ड ट्रंप को जेल की सजा या जुर्माने से मुक्त होकर व्हाइट हाउस लौटने की आजादी मिल गई है। पूर्व और भावी राष्ट्रपति पर 34 संगीन अपराधों का आरोप लगाया गया था। ये मुकदमा लगभग दो महीने तक चला और हर मामले में जूरी ने उन्हें दोषी ठहराया। लेकिन अदालत में पेश किए गए मामले और निजी जीवन से जुड़े आरोपों के बावजूद, यह उनकी राजनीतिक लोकप्रियता को नुकसान नहीं पहुंचा पाया, और उन्होंने दोबारा चुनाव जीत लिया। मामले में मैनहट्टन के न्यायाधीश जुआन एम. मर्चेन रिपब्लिकन नेता को चार साल तक की सजा सुना सकते थे। लेकिन उन्होंने ऐसा फैसला दिया, जो संवैधानिक विवादों से बचाते हुए मामला खत्म करता है। इस फैसले से ट्रंप अमेरिका के पहले ऐसे व्यक्ति बन गए, जो गंभीर अपराध में दोषी होने के बावजूद राष्ट्रपति पद संभालेंगे। जज मर्चन ने कहा कि किसी भी अन्य अभियुक्त की तरह, सजा देने से पहले उन्हें सभी परिस्थितियों पर विचार करना होता है। हालांकि, ट्रंप के राष्ट्रपति बनने के बाद उन्हें मिलने वाली संवैधानिक सुरक्षा बाकी सभी बातों से अधिक महत्वपूर्ण है। इन संवैधानिक सुरक्षा उपायों के बावजूद, एक बात स्पष्ट है कि ये सुरक्षा जूरी के फैसले को मिटा नहीं सकती। अभियोजन पक्ष ने इस फैसले का समर्थन किया, लेकिन ट्रंप की तरफ से न्यायिक प्रणाली पर किए गए हमलों की आलोचना की।

उन्होंने कहा कि ट्रंप ने जूरी के फैसले और न्याय प्रणाली के प्रति अवमानना फैलाई है, जिससे जनता में न्याय प्रणाली की छवि खराब हुई है और अदालत से जुड़े अधिकारियों की सुरक्षा खतरे में पड़ी है।

## भाजपा रमेश बिधूड़ी को मुख्यमंत्री के उम्मीदवार के रूप में करेगी पेश

**नई दिल्ली।** दिल्लीकी मुख्यमंत्री आतिशी ने शुक्रवार को 'भरोसेमंद' सूत्रों का हवाला देते हुए दावा किया कि भाजपा ने विधानसभा चुनाव के लिए अपने नेता रमेश बिधूड़ी को पार्टी के मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार के रूप में पेश करने का फैसला किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह बिधूड़ी को उनकी पार्टी का सबसे 'अधिक गाली-गलौज करने वाला' नेता होने का 'इनाम' है। आतिशी दिल्ली की कालकाजी सीट से फिर निर्वाचित होने के लिए विधानसभा चुनाव मैदान में हैं। उनका मुकाबला भाजपा के बिधूड़ी एवं कांग्रेस की अलका लांबा से है। आतिशी ने प्रेसवार्ता में दावा किया भरोसेमंद सूत्रों से पता चला है कि गाली-गलौज पार्टी ने फैसला किया है कि पार्टी के सबसे अधिक गाली-गलौज करने वाले नेता रमेश बिधूड़ी मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार होंगे।'' आम आदमी पार्टी (आप) के सुप्रीमो समेत आप नेताओं ने विधानसभा चुनाव से पहले भाजपा नेताओं द्वारा उन्हें निरंतर निशाना बनाए जाने को लेकर भाजपा को 'गाली-गलौज' पार्टी की संज्ञा दी है।



आतिशी का दावा

# राहुल गांधी को पुणे कोर्ट से मिली जमानत



**पुणे।** पुणे की एक अदालत ने कांग्रेस सांसद राहुल गांधी को उनके खिलाफ दायर मानहानि मामले में जमानत दे दी है। यह मामला गांधी द्वारा की गई उस टिप्पणी से संबंधित है जिसमें कथित तौर पर कुछ व्यक्तियों को बदनाम किया गया था। भाषण में, गांधी ने कथित तौर पर कहा था कि वीडी सावरकर ने एक किताब में एक घटना के बारे में लिखा था जहां उन्होंने और कुछ दोस्तों ने एक मुस्लिम व्यक्ति की पिटाई की थी, सावरकर कथित तौर पर इसके बारे में खुश महसूस कर रहे थे। सात्यकी सावरकर ने इन आरोपों का दृढ़ता से खंडन किया और उन्हें काल्पनिक, झूठा और दुर्भावनापूर्ण बताया। उन्होंने आगे कहा कि ऐसी कोई घटना कभी नहीं हुई थी, और वीडी सावरकर ने इस आशय पर कभी कुछ नहीं लिखा था। अपनी शिकायत में सावरकर ने कहा कि गांधी के बयान उनके परपोते की प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचा रहे हैं। शिकायत के बाद पुणे कोर्ट ने पुलिस को मामले की जांच करने का निर्देश दिया। विश्रामबाग पुलिस स्टेशन ने जांच की और निष्कर्ष निकाला कि मानहानि के आरोपों का समर्थन करने वाले प्रथम दृष्टया सबूत थे। पिछली सुनवाई में, गांधी के वकील ने संसद के शीतकालीन सत्र के कारण 3 दिसंबर को पेश होने से छूट मांगी थी।

अदालत ने छूट दे दी लेकिन चेतावनी दी कि अगर गांधी 10 जनवरी को होने वाली अगली सुनवाई में उपस्थित नहीं हुए तो कड़ी कार्रवाई की जाएगी। वहीं,कांग्रेस सांसद राहुल गांधी के खिलाफ मानहानि मामले में सुल्तानपुर एमपी-एमएलए अदालत में शुक्रवार को होने वाली सुनवाई वकीलों की हड़ताल के कारण स्थगित कर दी गई।

# महाकुंभ में शामिल होने जा रहे संतों के दल को डीएम ने शॉल ओढ़ाकर किया स्वागत



अवधनामा संवाददाता

**लखीमपुर खीरी।** श्री पंचदशनाम जूना अखाड़ा हरिद्वार, उत्तराखंड से महाकुंभ प्रयागराज जाने वाले तूफानपुरी नागा बाबा के नेतृत्व में 10 साधुओं के दल कलेक्ट्रेट पहुंचा, जहां डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने एडीएम संजय सिंह संग साधु-संतों का शॉल ओढ़ाकर स्वागत किया। सूक्ष्म जलपान कराकर आशीर्वाद प्राप्त किया। डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने तूफानपुरी नागा बाबा सहित साधुओं के दल से संवाद करते हुए उनका कुशलक्षेम जाना और जिले की सुख समृद्धि और खुशहाली के लिए आशीर्वाद भी प्राप्त किया। डीएम ने एडीएम संग मौजूद साधुओं के दल को शाल अर्पित कर महाकुंभ 2025 प्रयागराज की सुखद यात्रा की शुभकामनाएं देकर विदा किया। इस दौरान साधुओं के दल को जलपान भी कराया। इस दौरान बंदोबस्त अधिकारी (चकबंदी) संजय आनंद, परियोजना अधिकारी नोएडा कमलेश कुमार मौजूद रहे।

## तहसील बार एसोसिएशन का चुनाव कार्यक्रम घोषित

**लखीमपुर-खीरी।** चुनाव कमेटी गठित होने के साथ ही तहसील बार एसोसिएशन का चुनाव कार्यक्रम घोषित कर दिया गया है 13 जनवरी से शुरू हो रही चुनावी प्रक्रिया 18 जनवरी तक चलेगी। तारीखों का एलान होते ही तहसील में चुनाव को लेकर सरगर्मियां तेज हो गई है। तहसील बार एसोसिएशन मितौली के अध्यक्ष सत्य प्रकाश मिश्रा ने बताया कि बार एसोसिएशन के चुनाव का कार्यक्रम घोषित कर दिया गया है। 13 जनवरी को सुबह 10-30 बजे से दोपहर 3 बजे तक नामांकन पत्रों की बिक्री होगी। 15 जनवरी को सुबह 10-30 बजे से दोपहर बजे तक नामांकन पत्र दाखिला, जांच व वापसी होगी। जरूरत पड़ने पर 18 जनवरी को सुबह 10-30 बजे से दोपहर 2 बजे तक मतदान होगा। इसके बाद 2-30 बजे से मतगणना होगी। वहीं एल्डर्स कमेटी के अध्यक्ष दया कृष्ण मिश्र ने चुनाव कमेटी का भी गठन किया है। इसमें सोहनलाल वर्मा एडवोकेट को मुख्य चुनाव अधिकारी, वीरेंद्र वर्मा एडवोकेट को सहायक चुनाव अधिकारी प्रथम व आनंद पाल एडवोकेट को सहायक चुनाव अधिकारी द्वितीय की जिम्मेदारी दी गई है।

# प्रहलाद पटेल ने पीड़ित पक्ष को पूरा भरोसा दिलाया कि कांग्रेस पार्टी पूरी तरीके से इस संघर्ष में आपके साथ है

अवधनामा संवाददाता

**लखीमपुर-खीरी।** उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी अजय राय के दिशा निर्देशन पर गठित डेलिगेशन के साथ ग्राम हुलासी पुरवा थाना निघासन जहां पर विगत तीन दिनों पहले पुलिसिया उत्पीड़न से रामचंद्र मौर्य की मृत्यु हो गई थी डेलिगेशन ने मृतक रामचंद्र मौर्य के छोटे भाई दिनेश मौर्य से एवं उनकी पत्नी एवं बहनों से विस्तार पूर्वक चर्चा की जिसमें पुलिस द्वारा मृतक के परिवार जनों को दबाया गया डराया गया धमकाया गया जिसके वीडियो भी पूरा देश देख रहा है और किसी रिश्तेदार ने दिनेश के नाम से स्टांप पेपर लेकर के फर्जी सुला कराते हुए कैस को दबाने को प्रयास किया और पुलिस ने अपनी बचत में अपनी



भाषा में सारे एविडेंस पेश किया डेलिगेशन का नेतृत्व करते हुए पूर्व सांसद रवि प्रकाश वर्मा ने परिवार जनों को पूरा अश्वासन दिया कि आपकी लड़ाई आपके गांव से लेकर के लखनऊ दिल्ली तक कांग्रेस पार्टी लड़ेगी कार्यवाहक अध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी प्रहलाद पटेल ने पीड़ित पक्ष को पूरा भरोसा दिलाया कि कांग्रेस पार्टी पूरी तरीके से आपके इस संघर्ष में लड़ाई में सड़क से लेकर संसद तक लड़ेगी मौजूद प्रशासनिक अधिकारी एसडीएम को भी स्पष्ट तौर पर कहा गया कि यह जो हो रहा है यह ठीक नहीं है पुलिस के द्वारा रची जा रही कहानी एक न एक दिन उजागर होगी दिनेश मौर्य ने बताया कि हमारे गांव में कई लोगों पर फर्जी मुकदमे गैंगस्टर लगाकर के पुलिस ने गैंगस्टर में जेल भेजा यहां तक की गुड्डू पुत्र विक्रम जो विकलांग है गैंगस्टर में जेल में है घटना के बाद शव को अंतिम संस्कार करने से पहले पुलिस ने लाठी चार्ज कर लाठियां भाजी जिसमें हमारी बहन भांजी भी चोटिल हुई पुलिस की घटिया सोच को लेकर के डेलिगेशन ने पुनः आश्वासन दिया इस घटना को कांग्रेस पार्टी लड़ेगी और उजागर करके रहेगी डेलिगेशन में निवर्तमान प्रदेश सचिव बलराम गुप्ता, निवर्तमान शहर अध्यक्ष सिद्धार्थ त्रिवेदी ,निवर्तमान जिला उपाध्यक्ष मोहन चंद्र उप्रेती,रवि तिवारी, अजय दरोगा,नारायन लाल वर्मा, आदेश गुप्ता, उद्देश्य गिरी, सच्चिदानंद मौर्य,अवध राम लोधी, सहित दर्जनों कांग्रेस जन उपस्थित रहे।

## मौसम ने लोगों को राहत का कराया एहसास

**लखीमपुर-खीरी।** शुक्रवार को लगातार दूसरे दिन मौसम ने लोगों को राहत का एहसास कराया। सुबह हल्के कोहरे और धीमी गति से चल रही ठंडी हवाओं के बीच सूर्य देव ने दर्शन दिए, जिससे पूरा दिन खुशनुमा रहा। सुबह से ही धूप सेंकने के लिए लोग अपने घरों की छतों और आंगनों में नजर आए। बच्चों ने भी इस सुनहरे मौसम का पूरा लुत्फ उठाया। वे पार्कों और मैदानों में खेलते-झूलते नजर आए। हालांकि, दोपहर के बाद मौसम ने एक बार फिर करवट ली। शाम चार बजे के करीब ठंडी हवाओं ने जोर पकड़ लिया, जिससे सर्दी का असर फिर से बढ़ गया। दिनभर राहत देने वाली धूप के बावजूद शाम के समय ठिठुरन ने लोगों को गर्म कपड़ों में लौटने पर मजबूर कर दिया। शुक्रवार को अधिकतम तापमान 19 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान आठ डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। मौसम के इस बदलते मिजाज को देखते हुए लोग गर्म कपड़ों और हीटर का सहारा लेते दिखे।

# आशा कार्यकत्रियों ने विलोबी में एकत्रित होकर अपनी मांगों को लेकर किया प्रदर्शन

अवधनामा संवाददाता

**लखीमपुर-खीरी।** उत्तर प्रदेश आशा वर्कर्स यूनियन के बैनर तले जिले के कई ब्लॉकों से आशा कार्यकत्रियों ने विलोबी में एकत्रित होकर अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन किया। वहीं मुख्यमंत्री को संबोधित 11 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन एसडीएम को सौंपा। शहर के विलोबी मेमोरियल प्रांगण में पहले आशाएं एकत्रित हुई। इसके बाद नारेबाजी करते हुए कलेक्ट्रेट पहुंची। यहां पर एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा गया है कि बीते कई सालों से आशा वर्करों की प्रोत्साहन राशि रोकने का काम किया जाता है और आशा वर्करों को पचास से अधिक काम दिए जाते हैं। कई सालों से प्रोत्साहन राशि के लिए आशाएं भटक रहीं हैं लेकिन उनको कोई जवाब भी ठीक ढंग से नहीं मिल रहा है। जिन दो चार कार्यों की प्रोत्साहन राशियां दी भी जाती है उनका निर्धारण सालों पहले किया गया था। आगे कहती हैं कि जितना वह काम करती हैं उसके अनुसार उन्हें वेतन नहीं मिलता है और न ही भविष्य निधि, ग्रेड्यूटी, सामाजिक सुरक्षा, यहां तक कि साप्ताहिक, वार्षिक और एक दिन का भी मातृत्व अवकाश भी नहीं मिलता है। इनकी मांग है कि इन्हें राज्य कर्मचारी का दर्जा मिले साथ ही समान कार्य समान वेतन भी दिया जाए। ज्ञापन देने वालों में मीरा देवी, संतोष, मीरा, मीना, बिट्टदो, उर्मिला, सुनीता, अंजू, किरन देवी, संध्या, बबिता बरनवाल, सुनीता मिश्रा समेत अन्य आशाएं मौजूद रहीं।

## वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तार

अवधनामा संवाददाता

**लखीमपुर-खीरी।** थाना मैलानी पुलिस द्वारा अ0सं0 949/07 धारा 60(2) आब0 अधि0 में वारण्टी अभियुक्त रामनरेश पुत्र तिलकराम निवासी देवीपुर थाना मैलानी जनपद खीरी को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के विरूद्ध विधिक कार्यवाही पूर्ण करते हुए न्यायालय के समक्ष पेशी हेतु भेजा गया है। प्रहलाद पटेल ने पीड़ित पक्ष को पूरा भरोसा दिलाया कि कांग्रेस पार्टी पूरी तरीके से इस संघर्ष में आपके साथ है।

## बेहतर प्रदर्शन कर टीम रेड ने 122 रनों से जीता मैच

**सहारनपुर।** जूनियर विंटर क्रिकेट लीग में टीम रेड ने टीम येलो को 122 रन से हराकर शानदार जीत हासिल की। टीम रेड की ओर से 84 रन बनाने वाले शिव कुमार को मैन ऑफ़ द मैच चुना गया। शुक्रवार को भूतेश्वर इंटर कॉलेज मैदान पर एसबीबीए क्रिकेट एकेडमी द्वारा आयोजित जूनियर विंटर क्रिकेट लीग में टीम येलो और टीम रेड के बीच मैच खेला गया। टीम रेड ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में 4 विकेट पर 166 रन बनाए। टीम रेड की ओर से शिव कुमार ने 84 और राघव ने 39 रनों का योगदान दिया। टीम येलो की ओर से देव गुप्ता ने 2 विकेट लिए। 167 रनों का पीछा करने उतरी टीम येलो 11.5 ओवर में 44 रन पर ऑल आउट हो गई। इस तरह से टीम रेड ने 122 रनों के बड़े अंतर से जीत दर्ज की। टीम येलो की ओर से बल्लेबाजों द्वारा कुछ खास प्रदर्शन नहीं किया गया।

# पुलिस का बस चले तो दलित और पिछड़ों के गांव ही उजाड़ दे : पल्लवी पटेल

अवधनामा संवाददाता

**लखीमपुर खीरी।** थाना मझगई क्षेत्र के गांव हुलासीपुरवा निवासी रामचंद्र की पुलिस हिरासत में मौत के मामले ने अब राजनीतिक रूप से तूल पकड़ लिया है। शुक्रवार को अपना दल कमेरावादी की नेता और विधायक डॉ. पल्लवी पटेल गांव हुलासीपुरवा पहुंचीं। उन्होंने मृतक रामचंद्र के परिवार से मिलकर पूरी घटना के बारे में जानकारी ली डॉ. पल्लवी पटेल ने इस पूरे प्रकरण में पुलिस की कार्यशैली पर सवाल उठाते हुए तीखे प्रहार किए। उन्होंने कहा कि पुलिस का बस चले तो दलित और पिछड़ों के गांव ही उजाड़ दे। विधायक ने कहा कि वह सरकार से मांग करती हैं कि इस घटना में मानवीय संवेदनाओं को तार-तार



करने वाले बदतमीज पुलिस अफसरों को निलंबित किया जाए। मुख्यमंत्री ऐसे अफसरों को बुलाकर यह समझाएं कि वह सरकारी नौकर हैं, सरकार नहीं डॉक्टर पल्लवी पटेल ने यह भी मांग रखी कि पीड़ित परिवार को 50 लख रुपये का मुआवजा दिया जाए। उन्होंने कहा कि जब तक यह मांगे पूरी नहीं होती हैं, वह लखीमपुर से नहीं जाने वाली हैं। विधायक पल्लवी पटेल ने फोन पर मझगई थाने के इंस्पेक्टर से नाराजगी भी जताई। उन्होंने मांगें पूरी न होने पर धरना देने की बात भी कही गांव हुलासीपुरवा निवासी रामचंद्र की मौत पुलिस हिरासत में हो गई थी। पुलिस ने उस पर अवैध तरीके से शराब बनाने के आरोप में कुछ दिन पहले ही गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई की थी। परिजनों ने पुलिस की पिटाई से रामचंद्र की मौत होने का आरोप लगाया। इस घटना को लेकर जमकर बवाल हुआ। मझगई थाने के इंस्पेक्टर ने पूरे गांव को जेल भेजने की धमकी दी थी। इसका वीडियो भी वायरल हुआ। सीओ धौरहरा पीपी सिंह का वीडियो भी सामने आया था, जिसमें वह मृतक के परिजनों पर भड़कते नजर आ रहे हैं। सीओ कहते हैं कि न मझगई थानाध्यक्ष सस्पेंड होगा और न निघासन.. न ही 30 लाख रुपये देंगे। सीओ ने आगे कहा कि जितने दिन रखना है डेड बॉडी को रख लो। हम यहां से जा रहे हैं, जो करना है कर लेना। पुलिस की कार्यशैली को लेकर परिजनों में आक्रोश है।

# निगम बोर्ड में 775 करोड़ 73 लाख 30 हजार का पुनरीक्षित बजट पारित

- सदन की मर्यादा और गरिमा को ध्यान में रखा जाए : महापौर

अवधनामा संवाददाता

**सहारनपुर।** महापौर डॉ. अजय कुमार की अध्यक्षता में आयोजित नगर निगम बोर्ड की बैठक में आज 775 करोड़ 73 लाख 30 हजार का पुनरीक्षित बजट सर्वसम्मति से पारित किया गया। मान्य सदन ने बोर्ड बैठक की अनुपालन आख्या एजेंडे के साथ देने तथा अन्य कई बिंदुओं पर भी निगम अधिकारियों को आदेशित किया। बजट पर चर्चा करते हुए अनेक पार्षदों ने निगम की आय बढ़ाने पर जोर दिया।

लेखाधिकारी मनोज त्रिपाठी द्वारा 758 करोड़ 16 लाख 80 हजार का पुनरीक्षित बजट सदन के समक्ष प्रस्तुत किया। सदन द्वारा आय की कटौतियों को अस्वीकार करते हुए कर राजस्व की प्राप्तियों को मूल बजट के अनुसार रखा। इस प्रकार मान्य सदन द्वारा 775 करोड़ 73 लाख 30 हजार का बजट पारित किया गया। सदन ने भविष्य के बजट में प्रस्तावना प्रस्तुत करने, जिसमें कुल कितना धन आवंटित किया गया, कितना धन व्यय किया गया और कितना दायित्व अवशेष है, इसकी स्पष्ट जानकारी अंकित करने को कहा गया। मान्य सदन ने बजट में प्रस्तुत समस्त आभासी/अन्य व्यय समाप्त करने, जनमंच की आय का पृथक बजट रखने के निर्देश के अलावा भविष्य में प्रस्तुत बजट में कर राजस्व को घरेलू एवं वाणिज्यिक श्रेणियों तथा उक्त श्रेणियों को वर्तमान अधिकार एवं दायित्व में विभाजित करने के भी निर्देश दिए। महापौर डॉ. अजय कुमार ने सदन की मंशा के अनुरुप भविष्य में बोर्ड बैठक की अनुपालन आख्या एजेंडे के साथ भेजे जाने के लिए आदेशित किया। उन्होंने कहा सदन की अपनी गरिमा है, सदन सर्वोच्च है, उसकी मर्यादा को ध्यान में रखा जाए। बजट को



लेकर मान्य पार्षदों द्वारा उठाये गए सवालों पर महापौर डॉ. अजय कुमार, नगरायुक्त संजय चौहान व लेखाधिकारी मनोज त्रिपाठी ने उत्तर देते हुए पार्षदों की जिज्ञासाओं समाधान किया। जबकि जलकल सम्बंधी सवालों पर महाप्रबंधक जलकल पुरुषोत्तम कुमार व अधिशासी अभियंता वी बी सिंह ने तथा गौशाला सम्बंधी सवालों पर डॉ. संदीप मिश्रा ने उत्तर देते हुए पार्षदों को जिज्ञासाओं का समाधान किया।

सदन ने भारत सरकार की एपीजे अब्दुल कलाम सौर पुंज योजना की प्रगति पर भी चर्चा की एवं आदेशित किया गया कि जिस कार्य के लिए पूर्व में धन आवंटित किया गया है उसे पूर्ण कराया जाए। परियोजना में प्राप्त ब्याज के लिए शासन से अनुमति प्राप्त करते हुए ऐसी सौर लाइटें लगायी जाएं जिनका संचालन एवं मेंटीनेंस दस वर्ष का हो। सदन द्वारा निष्प्रयोज्य सामग्री की कोई बिक्री न करने पर सवाल उठाते हुए निष्प्रयोज्य सामग्री को अगले 15 दिन के भीतर एक ही स्थान पर एकत्रित करने, उसकी सूची बनाने तथा भारत सरकार के उपक्रम एमएसटीसी( मेटल स्क्रैप ट्रेड कॉर्पोरेशन लि.) अथवा ऑनलाइन नीलामी के माध्यम से बेचना सुनिश्चित करने को कहा गया। सदन ने उन अधिकारियों के लिए जो फील्ड में कार्य नहीं करते उनके लिए इलेक्ट्रिक वाहनों की खरीद के लिए निविदा आमंत्रित करने को भी आदेशित किया गया। देशभर के नगर निगमों एवं नगर निकायों द्वारा जो नवाचार किया जा रहा है, उसके अध्ययन एवं एक्सपोजर के लिए मान्य पार्षदों की एक्सपोजर विजिट के लिए 25 लाख रुपये बजटीय आवंटन हेतु आदेशित किया गया। बोर्ड बैठक में उक्त अधिकारियों के अलावा अपर नगरायुक्त राजेश यादव, मृत्युंजय, महाप्रबंधक निर्माण बी के सिंह सहित सभी विभागों के अधिकारी व पार्षद गण मौजूद रहे।

### इन्होंने लिया चर्चा में भाग

बोर्ड बैठक में उपसभापति मुकेश गक्खड़, दल नेता संजय गर्ग के अलावा पार्षद रईस अहमद, फ्हाद सलीम, मयंक गर्ग, ज्योति अग्रवाल, गौरव कपिल, वीरसेन सिद्धू, मंसूर बदर, मनोज प्रजापति, मौ. आसिफ् सुनील पंवार, राजकुमार शर्मा, राजूसिंह, नीरज शर्मा, अनुज जैन, संजीव कर्णवाल, अभिषेक अरोड़ा टिंकू, अमित त्यागी, राजेंद्र कोहली, दीपक रहेजा व अनिल मित्तल आदि पार्षदों ने चर्चा में हिस्सा लिया।

### पार्षद दिग्विजय सिंह के पिता को दी श्रद्धांजलि

नगर निगम बोर्ड बैठक प्रारंभ होते ही सहायक नगरायुक्त एवं सदन प्रभारी शिवराज सिंह ने पार्षद दिग्विजय सिंह चौहान के पिताश्री के निधन की सूचना सदन को देते हुए निधन पर शोक प्रस्ताव प्रस्तुत किया। जिस पर सदन ने खड़े होकर दो मिनट का मौन रखते हुए दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित की। श्रद्धांजलि के बाद सदन स्थगित कर दिया गया तथा कुछ देर बाद महापौर डॉ. अजय कुमार की अनुमति से पुनः सदन की बैठक शुरु की गयी।

# लखीमपुर-गोला रेल खंड पर बड़ा रेल हादसा होने से टल गया

अवधनामा संवाददाता

**लखीमपुर-खीरी।** लखीमपुर-गोला रेल खंड पर शुक्रवार की रात बड़ा रेल हादसा होने से टल गया। सीतापुर से मैलानी को जा रही पैसेंजर ट्रेन के गोला जंगल रेलवे क्रासिंग से गुजरने के दौरान क्रासिंग संख्या 115 में दोनों बेरियर के बीच बस और ट्रक जल्दी निकलने के दौरान फंस गये। इसके चलते क्रासिंग सिग्नल लाल हो गया। इस वजह से जंगल में ही ट्रेन खड़ी हो गयी। इसके बाद धीरे-धीरे चलाकर ट्रेन को निकाला गया। इसके बाद लोको पायलेट और गैटमैन ने दोनो वाहनों के नंबर सहित मेमो आरपीएफ को दे दिया। आरपीएफ ने दोनों वाहनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर सीज करने की कार्रवाई शुरू कर दी। सीतापुर से मैलानी के बीच संचालित ट्रेन संख्या 55082 लखीमपुर से गोला के लिए चली। इस दौरान गोला जंगल में बनी रेलवे क्रासिंग बंद होने के समय दो वाहन बस और ट्रक इसमें बंद हो गए। इसके चलते पैसेजर ट्रेन के चलाक ले क्रासिंग सिग्नल न होने से ट्रेन को जंगल में ही खड़ा कर दिया। इसके बाद खुद जाकर क्रासिंग के बीच रुके दोनों वाहनों की स्थिति देखी। इसके बाद नाप करने के बाद ट्रैक से सात फिट की दूरी होने पर धीरे धीरे ट्रेन को क्रासिंग से निकाला। साथ ही पूरे मामले की जानकारी स्टेशन अधीक्षक को मेमो देकर दी। स्टेशन से वहीं मेमो आरपीएफ को भेजा गया।

आरपीएफ ने दोनों वाहनों के खिलाफ कार्रवाई की है। लोगों ने बताया कि रेलवे क्रासिंग बंद होने के समय बज रहे सायरन के दौरान रोडवेज की बस और ट्रक जल्दी से क्रासिंग पार करने के दौरान वहीं फंस गये। इस दौरान बस का इंजन भी बंद हो गया था।

# भाजपा हाईकमान से की धीमान समाज के व्यक्ति को जिलाध्यक्ष बनाने की मांग

अवधनामा संवाददाता

**सहारनपुर।** धीमान कल्याण महासभा की बैठक में भाजपा हाईकमान से संगठन चुनाव में धीमान समाज की भाजपा के प्रति समर्पण भावना के मद्देनजर सहारनपुर में धीमान समाज के व्यक्ति को सहारनपुर जिलाध्यक्ष अथवा महानगर अध्यक्ष बनाये जाने की मांग की गई।

स्थानीय दिल्ली रोड स्थित एक सभागार में धीमान समाज की बैठक को संबोधित करते हुए महासभा के अध्यक्ष प्रजेश कुमार शर्मा ने कहा कि धीमान समाज राष्ट्रवादी समाज है जो राष्ट्रहित में सदैव भाजपा के पक्ष में ही मतदान करता चला आ रहा है। उन्होंने कहा कि सहारनपुर महानगर में धीमान समाज के 28 हजार व जनपद की प्रत्येक विधान सभा मे 10 से 12 हजार धीमान समाज के मतदाता है। इसके बावजूद भी अभी तक भारतीय जनता पार्टी ने सत्ता में भागेदारी देना तो दूर संगठन में धीमान



समाज की पूरी तरह उपेक्षा की जा रही है। उन्होंने मांग की कि भाजपा के संगठन चुनाव में सहारनपुर में जिलाध्यक्ष अथवा महानगर अध्यक्ष में से किसी एक पर धीमान समाज के व्यक्ति नियुक्त किया जाये। महासभा के संस्थापक डॉ.केपी सिंह धीमान ने कहा कि विधान सभा, लोकसभा व स्थानीय निकाय चुनाव में धीमान समाज ने तन-मन-धन से भाजपा प्रत्याशियों को अपना समर्थन देने का काम किया है तथा सहारनपुर के साथ-साथ पश्चिमी उप्र में धीमान समाज एक बहुत बड़ी तादाद में है, जिसके मद्देनजर भाजपा हाईकमान को सहारनपुर जिले में जिलाध्यक्ष अथवा महानगर अध्यक्ष पद धीमान समाज के व्यक्ति को नियुक्त करना चाहिए, ताकि धीमान समाज को भी भाजपा संगठन में समुचित प्रतिनिधित्व मिल सके। बैठक में मा.हर्ष धीमान, डॉ.नरेन्द्र धीमान, गुरदीप, मुकेश बेहट, ललित धीमान नकुड़, रविन्द्र फौजी, कुबूल सिंह छुटमलपुर, पवन धीमान, सुमन धीमान देवबंद समेत भारी संख्या में धीमान समाज के गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

## फाइनेंस कम्पनी में हुयी लूट का खुलासा कर एक बदमाश दबोचा

**सहारनपुर।** थाना बेहट पुलिस और बदमाशो के बीच मुठभेड़ हो गई। पुलिस ने मुठभेड़ के बाद एक बदमाश को गिरफ्तार कर लिया जबकि एक बदमाश फ़रार हो गया। बदमाश के कब्जे से ब्रेजा कार, तमंचा व नकदी बरामद हुई है। पकड़ा गया बदमाश बेहट में फाइनेंस कंपनी में हुई लूट में शामिल था। दरअसल, बेहट पुलिस क्षेत्र में संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग कर रही थी तो इस दौरान ब्रेजा गाड़ी में दो युवक आते हुए दिखाई दिए पुलिस ने कर को रोकने का इशारा किया तो दोनों युवकों ने पुलिस पार्टी पर जान से मारने की नीयत से फ़ायरिंग कर दी, पुलिस ने साहस का परिचय दिखाते हुए दोनों अभियुक्तों को घेर लिया। जिसमें से एक अभियुक्त को पुलिस ने घेराबंदी कर पकड़ लिया जबकि उसका दूसरा साथी अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से भागने में सफ्ल रहा। पकड़ा गया बदमाश शाबेज पुत्र इमरान ग्राम फ्तेहपुर एतमाली थाना झिंझाना जिला शामली का रहने वाला है। पुलिस ने अभियुक्त के कब्जे से एक अवैध तमंचा और 15 हजार 700 रुपए और एक आधार कार्ड भी बरामद किए हैं।

# लूट की घटना में शामिल छह शातिर बदमाश दबोच

- 8 हजार की नगदी, मोबाइल फोन व घटना में प्रयुक्त कार बरामद

अवधनामा संवाददाता

**सहारनपुर।** थाना फतेहपुर पुलिस ने छह शातिर लुटेरो को दबोचकर लूट की घटना का खुलासा करने में सफलता हासिल कर ली। पुलिस ने दबोचे गये लुटेरो के कब्जे से 8 हजार रूपये की नगदी, मोबाइल फोन व घटना में प्रयुक्त कार बरामद कर उनका चालान काटकर जेल भेज दिया।

पुलिस अधीक्षक ग्रामीण सागर जैन ने पुलिस लाइन सभागार में पत्रकारों से वार्ता करते हुए बताया कि विगत् 8 जनवरी को वादी सचिन पुत्र सत्यप्रकाश निवासी ग्राम हलवाना थाना फतेहपुर की तहरीर पर कार सवार 04 अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ वादी को



रास्ते में रोककर 14 हजार रूपये, एटीएम कार्ड, मोबाइल फोन एवं बैग लूटकर ले जाने के संबंध में थाना फतेहपुर पर मुकदमा पंजीकृत किया गया था। उन्होंने बताया कि आज थाना फतेहपुर पुलिस ने कार्यवाहक थाना प्रभारी भूपेन्द्र शर्मा, उपनिरीक्षक विजयपाल सिंह, सौरभ यादव, प्रवीण कुमार व सोनू राणा के नेतृत्व में फतेहपुर बिजलीघर के समीप स्थित एक टयूवबैल के पास से छह शातिर लुटेरो अभिषेक पुत्र अजय कुमार व विवेक पुत्र जोगेन्द्र निवासीगण अलीपुर सम्भालकी उर्फ गोल्ही थाना फतेहपुर, सुमित पुत्र ब्रह्मपाल निवासी चांदपुर थाना गागलहेड़ी, आकाश पुत्र धूम सिंह निवासी ग्राम चूड़ियाला थाना भगवानपुर हरिद्वार, विक्की पुत्र कीरतपाल निवासी ग्राम गुरूनानकपुरा थाना इस्लामाबाद अमृतसर (पंजाब) व आकाश पुत्र सुशील निवासी जोगेन्द्र नगर थाना गांधीनगर जिला यमुनानगर हरियाणा को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने दबोचे गये लुटेरो के कब्जे से 8000 रूपये, पहचान पत्र, एटीएम कार्ड, मोबाइल फोन, एक बैग एवं घटना में प्रयुक्त स्विफ्ट कार बरामद कर ली। एसपी देहात श्री जैन ने बताया कि पूछताछ में दबोचे गये लुटेरो ने खुलासा किया कि अभिषेक ने बरामद गाड़ी हारून नाम के व्यक्ति से 1300 रूपये प्रतिदिन किराये पर ले रखी है। 8 जनवरी को हमने शराब के नशे में हलवाना रोड पर बाग के पासा एक बाईक सवार सवार व्यक्ति को ओवरटेक कर रोक लिया था तथा उससे 14000 रूपये व उसका सामान लूटकर फ़रार हो गए थे। आज भी हम किसी घटना को अंजाम देने की फ़िराक में टयूवबैल के पास खड़े थे कि तभी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया।

अवधनामा


# गोरखपुर महोत्सव 2025 का हुआ रंगारंग शुभारंभ

अवधनामा संवाददाता



**गोरखपुर।** गोरक्षनगरी में प्रतिवर्ष खिचड़ी पर्व के पहले आयोजित होने वाले गोरखपुर महोत्सव 2025 का पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने दीप प्रज्वल कर रंगारंग उद्घाटन किया। महोत्सव 10 से 16 जनवरी तक चलेगा। महोत्सव का समापन सीएम योगी के हाथों होगा।

रंगारंग आयोजन के साथ शुक्रवार को गोरखपुर महोत्सव का आगाज हो गया। प्रदेश के पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने इसका उद्घाटन किया तो इस दौरान उन्होंने मंच से, संस्कृति, सभ्यता, सनातन परंपरा और प्रयागराज में आयोजित होने वाले महाकुंभ की खूब चर्चा की. कहा कि भारत की परंपरा सनातन थी, है और आगे भी रहेगी. इस परंपरा को और भी मजबूत करने का कार्य प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ करते दिखाई दे रहे हैं. उनकी अगुवाई में उत्तर प्रदेश देश का ग्रोथ इंजन बनने की ओर अग्रसर है. गोरखपुर सीएम योगी और बाबा गोरखनाथ की धरती है. जो पूर्वांचल के नाम से जाना जाता है. जहां से देश दुनिया को गोरखपुर महोत्सव के माध्यम से भी बड़ा संदेश जाने वाला है.पर्यटन मंत्री ने कहा कि भारत की पहचान उसकी संस्कृति और सभ्यता से होती है. जिसको मिटाने के लिए मुगलों और अंग्रेजों ने बहुत प्रयास किया, लेकिन हमारी जो सभ्यता, संस्कृति और सनातन परंपरा रही है, वह आज भी कायम है. यही वजह है कि 144 साल बाद जब प्रयागराज में भव्य और दिव्या कुंभ का आयोजन होने जा रहा है तो पूरी दुनिया की निगाहें इस पर टिकी हुई हैं. यह लोगों के लिए शोध का विषय बना हुआ है. ऐसे में हम सभी उत्तर प्रदेश वासियों का यह धर्म है कि प्रयागराज कुंभ में आने वाले हर देशी-विदेशी नागरिकों का हम बढ़ाकर सम्मान करें. उन्हें अपना अतिथि मानकर आदर दें, जिससे उत्तर प्रदेश के गौरव की चर्चा पूरी दुनिया में हो। मंत्री ने कहा कि गोरखपुर महोत्सव के आयोजन के माध्यम से जहां एक ओर गोरखपुर में पर्यटन और सांस्कृतिक गतिविधियों के प्रचार-प्रसार को उत्तरोत्तर गति प्राप्त होगी, वहीं दूसरी ओर आगन्तुक देशी/ विदेशी पर्यटकों सहित स्थानीय जनता को भी एक ही स्थान पर कला, संस्कृति एवं गीत संगीत और खेल कूद का अद्भुत समागम प्राप्त हो सकेगा। गोरखपुर महोत्सव 2025 के अंतर्गत पिछले वर्ष की भांति गोरखपुर के इतिहास से जुड़ी आध्यात्मिक, सांस्कृतिक, स्वतंत्रता व अन्य महत्वपूर्ण घटनाओं से परिचय कराने वाली प्रदर्शनी का भी आयोजन हो रहा है।

## संस्कार भारती ने कुमुद जी के योगदान को याद करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की



अवधनामा संवाददाता

**उरई (जालौन)।** संस्कार भारती संस्था के अनमोल रत्न , कला साधक , मार्गदर्शक,पथ प्रदर्शक स्मृतिशेष, आदरणीय श्री अयोध्या प्रसाद कुमुद जी की स्मृति में श्रद्धांजलि सभा सम्पन्न हुई। संस्कार भारती के कला साधकों ने ,सम्मानीय ÷कुमुद जी÷ के योगदान को और समर्पण को याद किया ,उनके द्वारा संस्था में, बिताए हुए यादगार पलों को सभी ने याद किया। जिलाध्यक्ष रसना तिवारी एवं जिला महामंत्री श्रीमती अमृता सक्सेना ने कहा कि श्री ÷कुमुद जी ÷ का संस्कार भारती में किया गया निःस्वार्थ कार्य, समर्पण, मार्गदर्शन, सहयोग, हमेशा हम सब कला साधकों के ,हृदय में अमर रहेगा श्री कुमुद जी की रचनाएँ हमेशा अमर रहेंगी ,और उनका साहित्य हमेशा समाज में ,कला साधकों के हृदय में प्रकाशमय होता रहेगा प्राच्यविद्या संयोजक हरीमोहन पुरवार ने कहा कि÷संस्कार भारती÷ संस्था कला साहित्य को समर्पित संस्था है ,और इसे ÷श्री कुमुद जी÷ जैसे महापुरुष ने अपने मार्गदर्शन से सींचा है। संस्था उनका यह योगदान हमेशा याद रखेगी ,और गर्व महसूस करेगी। जनपद जालौन (उरई) के जिला कोषाध्यक्ष श्री ज्ञानेन्द्र कुमार जी ने, अपने भाव संगीतमय मंच के माध्यम से आदरणीय श्री कुमुद जी को याद करते हुए श्रोताओं एवं कला साधकों तक पहुँचाये।

## राजपूत करणी सेना ने सचिव एवं बीडीओ के खिलाफ उपजिलाधिकारी कायमगंज को ज्ञापन सौंपा



**फर्रुखाबाद अवधनामा संवाददाता।** फर्रुखाबाद की तहसील कायमगंज स्थित श्री राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना के द्वारा उपजिलाधिकारी कायमगंज को सचिव एवं कायमगंज के खिलाफ ज्ञापन सौंपा। गौ रक्षक राणा मनमोहन सिंह ने बताया कि 8 दिन पूर्व ग्राम पंचायत चिलौली मेहंदिया बली की मजार के पास एक गौ माता का एक्सीडेंट हुआ था जिसकी सूचना गौ सेवा टीम कायमगंज ने सचिव एवं बीडीओ को दी उसके बाद भी गौ वंश को कही भी सुरक्षित स्थान पर नहीं भेजा गया और ना हीं घायल गौ माता के लिए कोई खाने की कोई व्यवस्ता की गई और इससे पहले भी कई गौ वंशो की खंड विकास अधिकारी कायमगंज की लापरवाई के चलते जान चली गई है गौ रक्षकों ने की खंड विकास अधिकारी कायमगंज के विरुद्ध कार्यवाही की मांग की इस मौके पर गौ रक्षक राणा मनमोहन सिंह जिला अध्यक्ष गौ रक्षा प्रकोष्ठ प्रभात कुमारआकाश हिन्दू प्रिंस भारद्वाज मनोज कुमार चन्दन हिन्दू रोहित प्रदीप अमितअमित ऋषभ विकाश करन अजय अंशुलअन्य कई गौ रक्षक उपस्थित रहे।

## भाजपा युवा मोर्चा ने किया केजरीवाल का पुतला दहन



**गोरखपुर अवधनामा संवाददाता।** आम आदमी पार्टी के मुखिया अरविंद केजरीवाल के यू पी पूर्वांचल बिहार के जनता पर विवादित बयान के तहत भाजपा युवा मोर्चा महानगर अध्यक्ष सत्यार्थ मिश्रा के नेतृत्व में पुतला दहन किया गया। प्रमुख रूप से उपस्थित भाजपा महानगर महामंत्री इंद्रमणि उपाध्याय भाजपा युवा मोर्चा महानगर महामंत्री हर्ष श्रीवास्तव, रजत गुप्ता, उपाध्यक्ष कर्मवीर सिंह, मनीष जैन, कृष्ण तिवारी, अमित नारायण आकाश श्रीवास्तव राहुल चौबे अभिषेक श्रीवास्तव बाबा बघेल शिवम सिन्हा हर्ष गुप्ता अभिनव भार्गव आदि उपस्थित रहे। भाजपा युवा मोर्चा महानगर अध्यक्ष सत्यार्थ मिश्रा ने कहाँ की अरविंद केजरीवाल इतने घोटाले और चोरी कर रहे हैं इसी कारण उनको हर इंसान घोटालेबाज़ ही लग रहा है ये ना भूले की दिल्ली में आज भी 70 फ़ीसदी जनता उत्तर प्रदेश और बिहार के लोगो के ही कारण वहाँ की अर्थ व्यवस्था चला रहें है।

## सामूहिक दुष्कर्म के मामले में तीन को भेजा जेल

**अमेठी/गौरीगंज।** कोतवाली अंतर्गत में एक गांव की एक नाबालिग लड़की के साथ हुए सामूहिक दुष्कर्म के मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। 26 दिसंबर 2024 को 13 वर्षीय किशोरी को चार युवकों ने घर में बंधक बनाकर तीन दिनों तक दुष्कर्म किया था। पीड़िता ने 1 जनवरी 2025 को परिजनों के साथ थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने पीड़िता का मेडिकल कराया और कोर्ट में बयान दर्ज करवाने के बाद आरोपियों की तलाश शुरू की। गुरुवार की देर रात पुलिस ने तीन आरोपियों दोस्तपुर निवासी साहिल यादव, खरांवा निवासी, शेखर सिंह और सुरजीत सिंह उर्फ तूफान सिंह को उनके घरों के पास से गिरफ्तार किया। पुलिस ने शुक्रवार को तीनों युवकों को जेल भेजा है। एसएचओ श्याम नारायण पांडेय ने बताया कि एक आरोपी अभी भी फरार है। जिसकी तलाश जारी है। उन्होंने आश्वासन दिया कि फरार आरोपी को भी जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## दिव्यांगों में ट्राई साइकिल का किया गया वितरण



अवधनामा संवाददाता

**देवरिया।** लार ब्लाक कार्यालय परिसर में दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग की तरफ से आयोजित शिविर में दिव्यांगों में ट्राई साइकिल का वितरण एवं किसान मेला का आयोजन किया गया। पूर्व सांसद रविंद्र कुशवाहा ने कहा कि प्रदेश सरकार समाज के सभी वर्गों के हित में कार्य कर रही है। दिव्यांगों का जीवन सुगम बनाने का प्रयास किया जा रहा है। दिव्यांगों को ट्राइसाइकिल दी जा रही है जिससे उनके जीवन में सुगमता आएगी। ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि अमित सिंह बबलू ने कहा कि ट्राई साइकिल की सहायता से दिव्यांगों को आने-जाने में सुविधा होगी। दिव्यांगों के सशक्तीकरण के लिए इस तरह के विशेष कार्यक्रम नियमित तौर पर आयोजित करने की आवश्यकता है, जिससे प्रत्येक पात्र व्यक्ति को ट्राइसाइकिल मिल सके। जिला दिव्यांग अधिकारी प्रियंका चौधरी ने बताया कि इन दिव्यांगों को पूर्व में चयनित किया गया था, जिन्हें आज ट्राई साइकिल दी गई है। खण्ड विकास अधिकारी रमेश दत्त मिश्र, टी.के. सिंह,अजय दूबे वत्स, आसनारायण सिंह,बृजेश धर दूबे, एडीओ बैजनाथ प्रजापति, रजनीश श्रीवास्तव, शिवप्रसाद साहनी,दरोगा सिंह, अशोक कुशवाहा, रूपेश सिंह, लल्लन सिंह आदि मौजूद रहे।

# सपा कार्यालय पर अनुज राजपाल सिंह यादव के निधन पर शोकसभा आयोजित

अवधनामा संवाददाता



**देवरिया।** शुक्रवार दोपहर एक बजे के करिब बास देवरिया स्थित सपा कार्यालय पर सपा संस्थापक स्व मुलायम सिंह यादव के अनुज राजपाल सिंह यादव के निधन पर एक शोक सभा आयोजित कर श्रद्धांजलि अर्पित कि गयी। शोक सभा की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष व्यास यादव व संचालन जिला महासचिव मंजुर हसन ने किया।

स्व0 मुलायम सिंह यादव नेताजी के अनुज राजपाल सिंह यादव जी के निधन पर गहरा शोक प्रकट किया गया। शोक संवेदना प्रकट करते हुए सपा जिलाध्यक्ष श्री व्यास यादव ने अपने शोक संदेश मे कहा की समाजवादी परिवार के एक एक लोग इस दुख की घडी मे नेताजी के परिवार के साथ खडे हैं। राजपाल सिंह यादव जी का असमय निधन सैफई परिवार के साथ साथ समुचे समाजवादी परिवार के लिए गहरा धक्का है। श्री यादव ने स्व0 यादव के निधन पर कहा की स्व0 राजपाल सिंह यादव जी राजनीति मे तो सक्रिय नही थे पर वह नेता जी व राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव जी के एक मजबुत स्तम्भ थे, वे सदा दिन दुखियों की सेवा मे तत्पर रहते थे।

उनकी प्रेरणा से उनकी पत्नी सैफई ब्लाक प्रमुख के रुप मे व उनके पुत्र अभिषेक यादव अंशुल जिलापंचायत अध्यक्ष इटावा के रुप मे आमजन की सेवा कर रहे हैं। श्री चौधरी ने ईश्वर से श्री यादव के पुण्य आत्मा की शांति हेतु प्रार्थना किया। बैठक मे एनपी यादव, अवधेश चौधरी, रामप्रकाश यादव, प्रज्ञानन्द चौधरी, मुन्ना यादव, प्रमोद यादव, राजवंशी राजभर, बाबूलाल यादव, छेदीलाल यादव, रामनरायण यादव, सुनील यादव, संतोष यादव, रामबली यादव, अम्बिका यादव, पारसनाथ यादव, विरेन्द्र गुप्ता, कदीर आलम, खुश मोहम्मद,जयराम राजभर, राम अधार यादव,गब्बूलाल विश्वकर्मा, रामखेदू यादव, रुदल त्यागी, हरेन्द्र यादव, सिराजुद्दीन, हरेन्द्र त्यागी, अशोक यादव, प्रमोद गौतम, अमरेन्द्र यादव सहित सैकडों लोग उपस्थित रहे।

## सदभावना पूर्ण वातावरण में एन एच 233 के निर्माण से प्रभावित कृषको के साथ हुई बैठक



**अम्बेडकरनगर अवधनामा संवाददाता।** डीएम अविनाश सिंह ने अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व डॉ सदानंद गुप्ता की उपस्थित में कलेक्ट्रेट सभागार में सद्भावनापूर्ण वातावरण में एनएच 233 के निर्माण से प्रभावित कृषकों/भूस्वामियों के साथ बैठक संपन्न हुई। जिलाधिकारी द्वारा एक-एक करके प्रत्येक कृषक की मांगों/अपेक्षाओं/समस्याओं को गंभीरता के साथ सुना गया तथा नियमानुसार निस्तारण हेतु आश्वस्त किया गया।इस अवसर पर पी0डी0 एनएचएआई, उपजिलाधिकारी टांडा, सी0ओ0 टांडा एवं प्रभावित कृषक उपस्थित रहे।

## ख्वाजा गरीब नवाज़ के कुल के मौके पर हजरत-जूहीशाह बाबा के मजार पर किया लंगर का आयोजन



**फर्रुखाबाद अवधनामा संवाददाता।** फर्रुखाबाद के कस्बा कायमगंज स्थित सज्जादानशीन सूफ़ी हज़रत मुशीर अहमद क़ादरी चिश्ती की सदारत में अताये रसूल हज़रत ख़्वाजामुईनुद्दीन चिश्ती हसन संजरी की शान में उनकी छठी व नौवीं शरीफ़ का एहतिमाम किया गया जिसमें कुरान मजीद की तिलावत महफ़िले मीलाद तकरीर के बाद मुल्क और अवाम की तथा हिन्दू मुस्लिम भाई चारे व तरक्की खुशहाली और अमन चैन के लिये दुआ की गयी। बाद नजर दलिया का लंगर तकसीम किया गया जिसमें भाजपा कानपुर-बुंदेलखंड क्षेत्र के नेता एवं समाजसेवी डॉ अरशद मंसूरी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ख्वाज़ा गरीब नवाज़ की दरगाह पर हर साल की भांति इस बार भी चादर भेजकर क़ौमी एकता को संदेश दिया है। प्रधानमंत्री जी से प्रेरणा लेकर हिन्दू -मुसलमान को मिल-जुलकर भाईचारे के साथ रहना चाहिए। सज्जादानशीन सूफ़ी हज़रत मुशीर अहमद क़ादरी चिश्ती वारसी मुफ़्ती मुनीर अहमद नूरी, हाफ़िज़ आज़म, आक़िल ख़ान मंसूर ख़ान बबलू भाई, मसूद खान, डा आदित्य रतन, हरिओम, आमिर हुसैन, शानू, तौहीद, तारिक, हमज़ा, शमसाद मंसूरी, सनी बाथम, जमील भाई, प्यारे ख़ान, जावेद खान,जुनैद ख़ान, मोहम्मद वसीम मंसूरी, पूर्व सभासद आसिफ़ मंसूरी,धनेश गौड़, अजमेरी भाई, ज़मीर अहमद, पत्रकार शाहनवाज़ ख़ान, आदिल अमान, जमाल अली, पप्पन, कदीर अहमद आदि शामिल रहे।

# 21 वाहनों का चालान कर चालकों को किया जागरूक

अवधनामा संवाददाता



**फर्रुखाबाद।** जिलाधिकारी फर्रुखाबाद डॉ वी के सिंह के निर्देशन में मनाये जा रहे राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अन्तर्गत आज प्राइवेट बस अड्डा पर सड़क सुरक्षा के दृष्टिगत चालकों को जागरूक किया गया। कार्यक्रम में बस, ऑटो रिक्शा, ई रिक्शा तथा टैक्सी के लगभग 90 चालक, वाहन स्वामी तथा बस व टैम्पो यूनियन के पदाधिकारी उपस्थित रहे। सभी को संबोधित करते हुए एआरटीओ प्रशासन वी एन चौधरी ने बताया की यातायात नियमों का पालन दिन के साथ-साथ रात में भी अवश्य किया जाना चाहिए। अक्सर चालक रात में हेडलाइट के हाई बीम तथा लो बीम के प्रयोग के संबंध में जागरूक नहीं होते हैं। जब वाहन का संचालन किसी ऐसे मार्ग पर किया जा रहा हो जिस पर यातायात कम हो तथा दूर तक दृश्यता की आवश्यकता हो तब हाई बीम का प्रयोग किया जाना है परंतु दूसरे वाहन के पास आने अथवा दो पहिया वाहन आदि के निकट से गुजरने के समय लो बीम का प्रयोग किया जाना चाहिए ताकि अधिक प्रकाश के कारण दूसरे वाहन की सुरक्षा खतरा में न हो ।

रात्रि में हेडलाइट का प्रयोग दृश्यता एवं संकेत के लिए किया जाता है अतः वाहनों के बीच उचित दूरी बनाकर रखें तथा डिपर का प्रयोग करें ताकि यातायात सुरक्षित रहे। एआरटीओ प्रशासन वी एन चौधरी द्वारा सभी यूनियन पदाधिकारियों तथा चालकों को सड़क सुरक्षा शपथ दिलाई गई तथा आह्वान किया कि किसी भी स्थिति में यात्री वाहनों में ओवरलोडिंग ना करें , वाहन के प्रपत्र पूर्ण रखें, नशे की स्थिति में वाहन न चलाएं, वाहन चलाते समय मोबाइल का प्रयोग न करें, अपनी गति को नियंत्रण में रखें तथा यातायात नियमों का पालन करें। सभी चालक गाड़ी पर यदि अपने सामने अपने परिवार की फोटो लगाकर रखेंगे तो उन्हें याद रहेगा कि उन्हें सकुशल घर पहुंचना है।

## उत्कृष्ट योगदान के लिए पांच लोगों को सीएम देंगे गोरखपुर रत्न सम्मान

**गोरखपुर।** कला, संस्कृति, मेधा और रोजगार के मंच गोरखपुर महोत्सव के समापन समारोह में रविवार को शामिल होकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अलग-अलग क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए 5 विभूतियों/प्रतिभाओं को गोरखपुर रत्न से सम्मानित भी करेंगे। यह सम्मान खेल, कला, चिकित्सा, विज्ञान और कृषि के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वाले लोगों को मिलेगा।

**सीएम योगी के हाथों इन्हें मिलेगा गोरखपुर रत्न सम्मान-** खेल के क्षेत्र में अंतरराष्ट्रीय टेनिस खिलाड़ी शगुन कुमारी। राज्य और राष्ट्रीय स्तर की कई टेनिस प्रतियोगिताओं की पदक विजेता। कला के क्षेत्र में के. सी. सेन। वरिष्ठ रंगकर्मी। 1200 से अधिक नाटकों का मंचन एवं निर्देशन। चिकित्सा के क्षेत्र में डॉ. बी. बी. त्रिपाठी। वरिष्ठ हड्डी रोग विशेषज्ञ, चिकित्सा के क्षेत्र में 40 वर्ष से सेवारत। विज्ञान के क्षेत्र में डॉ. साहिल महफूज। दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय में प्रतिष्ठित शोधकर्ता। कृषि के क्षेत्र में राजू सिंह। हाई ग्रोथ एग्रो इंटरप्राइजेज के नाम से गठित कम्पनी के जरिये सालाना 25 से 30 टन शहद उत्पादन।

## एमवी एक्ट में चालान किया गया



**देवरिया अवधनामा संवाददाता।** पुलिस अधीक्षक देवरिया विक्रान्त वीर के निर्देशन में आज यातायात पुलिस देवरिया द्वारा गोरखपुर रोड पर औरा चौरी के पास एक विशेष अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत स्पीडोमीटर का उपयोग करके तेज गति से चलने वाले वाहनों की पहचान की गई और उनके विरुद्ध मोटर वाहन अधिनियम (एम वी एक्ट) के तहत चालान किया गया। यह कार्रवाई सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करने और यातायात नियमों का पालन कराने के उद्देश्य से की गई। यातायात पुलिस देवरिया का यह अभियान सड़क पर सुरक्षित यात्रा सुनिश्चित करने और यातायात नियमों के प्रति जागरूकता फैलाने का एक महत्वपूर्ण कदम है। गोरखपुर रोड जैसे व्यस्त मार्गों पर तेज गति से चलने वाले वाहनों के कारण सड़क दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ जाता है। यातायात नियमों का पालन सुनिश्चित किया जाता है। दुर्घटनाओं की रोकथाम में मदद मिलती है। वाहन चालकों को यह संदेश दिया जाता है कि यातायात के नियमों का उल्लंघन करने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## मोबाइल की दुकान का शटर तोड़कर नकदी और मोबाइल चोरी

**गोरखपुर अवधनामा संवाददाता।** गीडा थाना क्षेत्र के नौसढ़ चौकी के बगल में स्थित मोबाइल की दुकान में चोर शटर तोड़कर उसमें रखा मोबाइल और 25 हजार रुपया चुरा ले गया था। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। गीडा थाना क्षेत्र भिलौरा निवासी संजीव कुमार पाण्डेय पुत्र मिथिलेश कुमार पांडेय जिनका नौसढ़ पुलिस चुकी के बगल में करीब 35 वर्ष से मोबाइल की दुकान का संचालन करते है। 8 जनवरी को रात्रि में 8.30 बजे दुकान का शटर बंद कर घर चले गए। सुबह जब दुकान पर पहुंचा तो शटर टूटा हुआ था। उसमें रखा 20 मोबाइल और 25 हजार रुपया चोर चुरा ले गए थे। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

## खड़ी ट्रक से डीजल चोरी का प्रयास, केस दर्ज

**गोरखपुर अवधनामा संवाददाता।** गीडा थाना क्षेत्र के बाधागाड़ा फोरलेन पर ट्रक खड़ा ट्रक से कार सवार चोर डीजल चुराने का प्रयास कर रहे थे। चालक के जग जाने से चोर गाड़ी लेकर फरार हो गए। पुलिस ने कार सवार चोर के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। मिली जानकारी से सतेंद्र यादव पुत्र बाबूराम यादव निवासी कुम्ही थाना दोस्तपुर जिला सुल्तानपुर अपनी ट्रक को 24 दिसंबर को अपना ट्रक गीडा थाना क्षेत्र के बाधागाड़ा फोरलेन पर गाड़ी खड़ा कर सो रहा था। उसी दौरान कार सवार चोर खड़ी ट्रक से करीब 110 लीटर डीजल निकाल चुका था। उसी दौरान नीद खुल गई। तो चोर कार लेकर फरार हो गया। पुलिस ने कार सवार चोर के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

## गाजीपुर के भ्रष्ट लेखपाल निलम्बित

**अमेठी अवधनामा संवाददाता।** भ्रष्टाचार में लिप्त गाजीपुर के लेखपाल अवधेश कुमार को एस डी एम ने निलम्बित करते हुए आफिस अटैच किया है। कानूनगो सर्किट भादर के अन्तर्गत गाजीपुर के लेखपाल की कार्यप्रणाली से जनता परेशान थी। लेखपाल पैसे लिए बगैर कोई काम नहीं करता था। पिछले दो महीने में उसने कई लोगों के गलत आय प्रमाण पत्र जारी किए हैं। लोगों की शिकायत पर कार्रवाई के बजाय एस डी एम ने लेखपाल के बचाव की पूरी कोशिश की। मजबूरन ग्राम प्रधान कमलेश कुमारी ने लेखपाल की भ्रष्ट कार्यप्रणाली के विषय में डी एम से साक्ष्य सहित शिकायत की। अवधनामा ने खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया। खबर का असर रहा और गुरुवार की देर शाम लेखपाल को निलम्बित कर दिया गया। एसडीएम आशीष सिंह ने निलम्बन की पुष्टि की है। लेखपाल को तहसील कार्यालय से सम्बद्ध किया गया है।

## अज्ञात वाहन ने बाइक में मारी ठोकर, वृद्ध की मौत

**गोरखपुर अवधनामा संवाददाता।** गीडा थाना क्षेत्र के दाना पानी रेस्टोरेंट के सामने अज्ञात वाहन ने बाइक में ठोकर मार दिया। जिससे बाइक पर सवार वृद्ध की मौके पर मौत हो गई। जब की पौत्र गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसका इलाज जिला अस्पताल में चल रहा है। मिली जानकारी से हरपुर बुदहट थाना क्षेत्र के सिसवा निवासी संदीप यादव अपनी दादी चन्द्रजोत 71 वर्ष को बाइक पर बैठकर गोरखपुर दवा कराने ले जा रहा था। गीडा थाना क्षेत्र के दाना पानी रेस्टोरेंट के पास पहुंचा था की अज्ञात वाहन ने बाइक में ठोकर मार दिया। जिससे वृद्ध महिला गाड़ी के नीचे चली गई।

# दो बैलों की जोड़ी ने गुदगुदाया भी और रुलाया भी

अवधनामा संवाददाता



**लखनऊ।** डोरेमी क्लब ने ताल के सहयोग से आज वाल्मीकि रंगशाला, उत्तर प्रदेश संगीत नाटक अकादमी में अपने बहुप्रतीक्षित कार्यक्रम स्टार हूँ मैं का सफलतापूर्वक आयोजन किया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन और नृत्य के दिव्य देवता नटराज के आशीर्वाद के साथ हुई। इस कार्यक्रम ने रचनात्मकता और सीखने का एक अनूठा मिश्रण पेश किया, जिसने प्रतिभागियों और दर्शकों को इसकी जीवंत ऊर्जा और उत्साह से प्रेरित किया। मुख्य अतिथि आरुषि टंडन ने इस अवसर पर अपने संबोधन में कहा कि इस तरह के कार्यक्रम बच्चों में रचनात्मकता और आत्मविश्वास पैदा करने हैं।

उन्होंने डोरेमी क्लब और ताल की सराहना की जिन्होंने एक ऐसा कार्यक्रम आयोजित किया, जिसने युवा दिमागों को अपनी क्षमता की खोज करने और आत्मविश्वास के साथ अपनी प्रतिभा दिखाने के लिए प्रेरित किया। स्टार हूँ मैं को दो वर्गों के बच्चों में एक गतिशील और आकर्षक कार्यशाला के रूप में डिज़ाइन किया गया था। 3 से 6 वर्ष और 7 से 15 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों के लिए कार्यशाला आयोजित की गई, जिसमें नृत्य, रंगमंच, कला और शिल्प तथा खेल सहित कई गतिविधियाँ शामिल हैं। प्रसिद्ध प्रशिक्षक अभिषेक सिंह- एक प्रसिद्ध रंगमंच कलाकार और अभिनेता; और वैष्णवी भाटिया- एक अनुभवी नृत्य प्रशिक्षक और कोरियोग्राफर और मयंक भारद्वाज- एक विशेषज्ञ कला और शिल्प कलाकार के विशेषज्ञ मार्गदर्शन में। कार्यशाला ने बच्चों को अपनी रचनात्मकता का पता लगाने और अपने कौशल को बढ़ाने के लिए एक समृद्ध वातावरण प्रदान किया। अपने-अपने क्षेत्रों में प्रशिक्षकों की विशेषज्ञता ने सुनिश्चित किया कि प्रत्येक प्रतिभागी को एक समग्र अनुभव प्राप्त हो, जिससे शिविर शैक्षिक और आनंददायक दोनों बन गया। डोरेमी क्लब की संस्थापक साहिबा तुलसी ने माता-पिता और प्रतिभागियों के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त किया, इस प्रदर्शन उन्मुख कार्यशाला के लिए अपने बच्चों को नामांकित करने में उनके अटूट समर्थन और उत्साह को स्वीकार किया। उन्होंने बच्चों को अपनी प्रतिभा को उजागर करने और उसका पोषण करने के लिए और अधिक अवसर प्रदान करने के लिए अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की।

## सदस्य उप्र राज्य महिला आयोग 15 को करेंगी महिला जनसुनवाई

अवधनामा संवाददाता

**अलीगढ़।** उप्र राज्य महिला आयोग की सदस्य मीना कुमारी द्वारा 15 जनवरी को पूर्वान्ह 11 बजे से पीडब्लूडी गेस्ट हाउस में महिला उत्पीडन की रोकथाम एवं पीड़ित महिलाओं को त्वरित न्याय दिलाए जाने के लिए महिला जनसुनवाई की जाएगी। जिला प्रोबेशन अधिकारी अजित कुमार ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि सदस्य द्वारा महिला जनसुनवाई के साथ ही महिला बन्दी गृहों, बालिका एवं महिला गृहों व आंगनबाड़ी केंद्रों का भी निरीक्षण किया जाएगा। उन्होंने बताया कि महिला जनसुनवाई के दौरान पुलिस, जिला कारागार, स्वास्थ्य एवं चिकित्सा विभाग के अधिकारियों के साथ ही महिला थानाध्यक्ष उपस्थित रहेंगे। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से अनुरोध किया है कि वह निर्धारित समय व स्थान पर अद्यतन सूचनाओं सहित बैठक में स्वयं प्रतिभाग करना सुनिश्चित करें।

# अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी को बम से उड़ाने की धमकी

अवधनामा संवाददाता

**अलीगढ़।** हाल ही में देश के कई हिस्सों में स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी दी गई है। इसी सिलसिले में अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय को गुरुवार को ईमेल के जरिए बम की धमकी मिली। धमकी के बाद यूनिवर्सिटी के अफसरों और कानून प्रवर्तन एजेंसियों ने फौरन कार्रवाई की। 2 लाख रुपये की फिरौती मांगने वाले ईमेल के बाद पूरे परिसर में गहन तलाशी अभियान चलाया गया।

सर्किल ऑफिसर अभय कुमार पांडे ने तस्दीक की कि यूनिवर्सिटी के अफसरों ने पुलिस को धमकी के बारे में बताया, जिसके बाद ईमेल के स्रोत की जांच के लिए बम निरोधक इकाई, डॉग स्क्वायड और साइबर टीमों को तैनात किया गया। उन्होंने बताया कि हमें यूनिवर्सिटी के अफसरों ने बम की धमकी वाले मेल के बारे में बताया है। बम निरोधक इकाई और डॉग स्क्वायड को तुरंत तैनात किया गया, और परिसर में सभी अलग-अलग जगहों की पुलिस ने गहन तलाशी ली. साइबर टीमें ईमेल के स्रोत की भी जांच कर रही हैं। परिसर के प्रमुख इलाके की तलाशी अभियान में अभी तक कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली है। एएमयू प्रॉक्टर प्रोफेसर मोहम्मद वसीम अली ने आश्वासन दिया कि अफसर छात्रों और मुलाजिमों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सभी जरूरी सावधानी बरत रहे हैं। उन्होंने कहा, हमने बम की धमकी वाले मेल के बारे में पुलिस को सूचित कर दिया है और जांच जारी है. फिलहाल, हमें भेजने वाले की पहचान नहीं पता है। ईमेल में 2 लाख रुपये की फिरौती की मांग भी की गई है। पुलिस और यूनिवर्सिटी एडमिनिस्ट्रेशन छात्रों और कर्मचारियों को सुरक्षित रखने के लिए मिलकर काम कर रहे हैं, जबकि मामले की जांच चल रही है। अफसरों ने छात्रों और शिक्षकों से सतर्क रहने और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की तुरंत पुलिस को खबर देने की गुजारिश की है।

# रसौली व बाँसा में ग्राम चौपाल आयोजित अधिकारी ने ग्रामीणों की फरियाद सुनी

अवधनामा संवाददाता



**मसौली बाराबंकी।** शुक्रवार को ग्राम पंचायत रसौली एव बांसा मे आयोजित ग्राम चौपाल मे खण्ड विकास अधिकारी संदीप कुमार श्रीवास्तव ने ग्रामीणों की फरियाद सुनते हुए शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिये। ग्राम पंचायत रसौली मे 6 एव ग्राम पंचायत बांसा मे 5 शिकायते आयी। पंचायत भवन रसौली मे आयोजित ग्राम चौपाल मे खण्ड विकास अधिकारी संदीप कुमार श्रीवास्तव ने सरकार की योजनाओं की जानकारी देते हुए कहा कि सरकार का उद्देश्य है कि योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम तक पहुंचे जिसके लिए गांव गांव चौपालो का आयोजन किया जा रहा हैं रसौली निवासी निसार अहमद पुत्र हमीद, मोहर्रम अली पुत्र फजल, रजी अहमद पुत्र साबिर अली, सुमन पत्नी सत्यनाम, सत्यनाम पुत्र गुरुप्रसाद ने दिव्यांग पेंशन के लिए आवेदन किया वही छोटकी पत्नी कल्लू ने निराश्रित महिला पेंशन की मांग की खण्ड विकास अधिकारी संदीप कुमार श्रीवास्तव ने शीघ्र पेंशन दिलाने का आश्वासन दिया। चौपाल मे सेक्टर प्रभारी अवर अभियंता लघु सिंचाई अरुण कुमार व्यास, एडीओ कृषि विजय कुमार, ग्राम प्रधान जियाउल हक अंसारी, पंचायत सचिव राम प्रकाश वर्मा,एच ई ओ आशाराम, टी ए मदन लाल, पंचायत सहायक प्रियंका वर्मा मौजूद रही। इसी क्रम मे ग्राम बांसा निवासी नंदलाल पुत्र पंचम, सना पुत्री शकील ने दिव्यांग पेंशन के लिए आवेदन किया वही मो0 इब्राहिम एव मो0 उस्मान ने आवास की मांग की। दिनेश पुत्र छोटी ने वरासत के लिए प्रार्थना पत्र दिया। चौपाल मे ग्राम प्रधान अनुपमा यादव, पंचायत सचिव कमल किशोर, प्रधान प्रतिनिधि राम सिंह यादव ने शीघ्र निस्तारण का आश्वासन दिया।

# सभी सड़क सुरक्षा नियमों का पालन अवश्य करें: विश्वजीत

अवधनामा संवाददाता

**बाराबंकी।** सड़क सुरक्षा नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों को सम्भागीय परिवहन अधिकारी अयोध्या विश्वजीत प्रताप सिंह ने गुलाब का फूल देकर नियमों का पालन करने की अपील की। आज शुक्रवार को सड़क सुरक्षा माह के अन्तर्गत परिवहन विभाग व पुलिस विभाग द्वारा पटेल तिराहे पर बिना हेलमेट-सीटबेल्ट के विरुद्ध चेकिंग अभियान चलाया गया। जंहा बिना हेलमेट-सीटबेल्ट के वाहन चलाने वाले चालको को गुलाब देकर जागरुक किया गया। आरटीओ अयोध्या श्री सिंह ने वाहन चालको को हेलमेट-सीट बेल्ट का प्रयोग करने के फायदे बताते हुये कहा कि जीवन बहुमूल्य है। ऐसे में वाहन चलाते समय सड़क सुरक्षा नियमों का पालन जरूर करें और सुरक्षित घर पहुंचे। सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी प्रशासन/ प्रवर्तन अंकिता शुक्ला ने



■ परिवहन विभाग द्वारा बिना हेलमेट-सीटबेल्ट के विरुद्ध चलाया गया चेकिंग अभियान

वाहन चालको को हेलमेट और सीटबेल्ट का उपयोग अनिवार्य रूप से करने व नियमो का पालन करने का संकल्प दिलाया। इस अवसर पर यातायात प्रभारी रामयतन यादव ने चेकिंग अभियान के दौरान वाहन चालकों को बिना हेलमेट पहनकर ना चलाने की नसीहत देते नजर आए। श्री यादव ने जबसे यातायात प्रभारी का चार्ज लिया है तब से शहर के अलावा हाइवे पर वाहन चालकों के विरुद्ध कार्यवाही करने से चूकते नही है और अपनी नर्म भाषाशैली लोगो को समझते भी है। इस दौरान प्रवर्तन सिपाही राम सिंह सहित पुलिस एंव परिवहन विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।

## चौक खिचड़ी मेले की सुरक्षा होगी चौकस, अधिकारियों ने किया निरीक्षण

**महराजगंज।** आगामी मकर संक्रांति एवं खिचड़ी मेला के दृष्टिगत एसपी सोमेंद्र मीना ने थाना चौक स्थित गुरु गोरक्षनाथ मंदिर का स्थलीय निरीक्षण किया।

सुरक्षा व्यवस्था, पार्किंग आदि के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। एसपी ने इस दौरान संपूर्ण मंदिर परिसर सहित सोनाड़ी देवी मंदिर का भी निरीक्षण किया गया उन्होंने वहां मौजूद अधिकारियों को सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में सभी जरूरी प्रबंध करने हेतु आवश्यक निर्देश दिए गए। मेला क्षेत्र में कानून-व्यवस्था बनाये एवं सुरक्षा व्यवस्था चुस्त दुरुस्त रखने हेतु क्षेत्राधिकारी निचलौल को आवश्यक निर्देश दिए। इसके लिए पर्याप्त संख्या में पुलिस व अन्य बलों को मेला क्षेत्र में तैनात करने, वाहनों के पार्किंग हेतु सभी एंट्री पॉइंट्स पर पार्किंग व्यवस्था करने व लोगों के आने-जाने व दर्शन हेतु बैरिकेडिंग करने हेतु निर्देशित किया गया, जिससे श्रद्धालुओं को किसी प्रकार के भगदड़ व समस्या का सामना न करना पड़े।

## संक्षिप्त समाचार

### क्रिकेट टूर्नामेंट का हुआ आयोजन

**जैदपुर बाराबंकी।** इंडियन स्टूडेंट पावर के तत्वाधान में हरख खेल मैदान मे सरदार वल्लभभाई पटेल टेनिस बाल क्रिकेट टूर्नामेंट का किया गया आयोजन। बताते चले की शुक्रवार को हरख खेल मैदान मे दो दिवसीय इंडियन स्टूडेंट पावर के बैनर तले हरख खेल मैदान में सरदार वल्लभ भाई पटेल टेनिस बाल क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया गया जिनमे कुल आठ टीमों ने प्रतिभाग किया एक दिन मे दो मैच संपन्न कराये जायेंगे जिसमे 4 स्कूल की टीमे अपना वर्चस्व दिखाएंगी ये क्रिकेट टूर्नामेंट 10 जनवरी से 12 जनवरी के बीच संपन्न होगा वहीं इस क्रिकेट के स्पॉन्सर मे होटल रॉयल क्लासिक इन बाराबंकी, बरखा ट्रेडर्स ननमऊ, श्री श्याम मेगा मार्ट, हर्षित इवेंट एंड साउंड, धन्या आरो वॉटर सप्लाई, के सहयोग से मैच कराया जा रहा है।

### उपचुनाव मे नवनिर्वाचित सभासद शब्बी बानो ने ली पद गोपनीयता की शपथ



**शाहजहांपुर।** जलालाबाद नगर पालिका परिषद जलालाबाद के वार्ड सरदार नगर में हुए उपचुनाव में विजेता रही शब्बी बानो पत्नी आशिफ अली को शुक्रवार को नगर पालिका परिषद जलालाबाद के कार्यालय में चेयरमैन जलालाबाद शकील अहमद खां की उपस्थित में जलालाबाद के उपजिलाधिकारी उत्सव आनंद ने गोपनीयता की शपथ दिलाई। इस दौरान नगर पालिका कार्यालय में शपथ ग्रहण कार्यक्रम में सभी व्यवस्थाओं को निर्वाचन लिपिक सुशील कुमार गुप्ता द्वारा कराया गया, एवम् मंच का संचालन मोहम्मद जीशान ने किया। जलालाबाद के वार्ड सरदार नगर मैं सभासद पद के उपचुनाव में हुई मतगणना में शब्बी बानो को मिली जीत, निकटतम प्रत्याशी नीरती देवी को 42 वोटो से हराया। इस दौरान कार्यक्रम में अधिशाषी अधिकारी एच.एन.उपाध्याय, सादिक अली खान,श्याम बाबू सिंह,सभासद करतार सिंह, कौशल दीक्षित, सोनू भारद्वाज,शकील खान फाजिल, परवेज, खलील, फ़ैशल आदि सभासदों के साथ ही कार्यालय स्टाफ में लिपिक अवधेश सिंह, नितिन शर्मा, साहिल, राममोहन, अनवार, नीतेश कटियार, अजीत श्रीवास्तव, सुधीर, प्रतीक शुक्ला, मोहिन एवं समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

### जिलाधिकारी ने लोधीपुर में हटवाया अतिक्रमण, न हटाने वालो के विरूद्ध कार्यवाही के दिये निर्देश



**शाहजहांपुर।** शुक्रवार को जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने नगर को अवैध अतिक्रमण मुक्त करने की दृष्टिगत लोधीपुर में सड़कों पर से अवैध अतिक्रमण हटवाया। उन्होंने कहा कि अवैध प्रकार का अतिक्रमण एवं अवैध कब्जा कहीं नहीं रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि जो स्वयं अतिक्रमण हटा हटा रहे हैं उन्हें तोड़ने दिया जाए जो नहीं हटा रहे हैं उनका हटवाया जाए।जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि यदि दोबारा अतिक्रमण हुआ, तो कानूनी कार्रवाई करते हुए मुकदमा दर्ज किया जाए। उन्होने बताया कि यह अभियान आगे भी जारी रहेगा। यदि किसी ने फिर से कब्जा किया तो उसके विरूद्ध सख्त कार्रवाई होगी। उन्होंने नगर मजिस्ट्रेट को निर्देश दिये कि नगर में व्याप्त अवैध अतिक्रमण हटाने का अभियान जारी रखा जाए। सड़कों एवं नालों से अतिक्रमण हटाने से आवागमन सुगम रहेंगा। इस अवसर पर नगर आयुक्त डॉ. विपिन कुमार मिश्र, नगर मजिस्ट्रेट प्रवेन्द्र कुमार, अपर नगर आयुक्त एसके सिंह सहित अन्य अधिकारी एवं पुलिस बल तैनात रहा।

### भाजपा कार्यकर्ताओं ने संविधान गौरव दिवस मनाया



**निचलौल(महराजगंज)।** ठूठीबारी कस्बे के आदर्श बाल विद्या मंदिर हाई स्कूल में भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा संविधान गौरव दिवस मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व जिला उपाध्यक्ष संतोष रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ संविधान के रचनाकार बाबा भीम राव अंबेडकर के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया गया। उन्होंने कहा कि बाबा साहब की नीतियों को अनुसूचित मोर्चा व भाजपा के युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं को घर घर पहुंचने की जिम्मेदारी दी गई है। बूथ स्तर पर कार्यक्रम आयोजित कर सबको बाबा साहब के बताए रास्ते पर चलने के लिए जागरूक किया जाएगा। इस दौरान पूर्व इटहिया मंडल अध्यक्ष गौतम चौधरी, अजय कुमार जायसवाल, धीरज चौधरी, रामेश्वर चौधरी, महेंद्र यादव, राम अवध कनौजिया,पिटुं शर्मा, हरिओम कुशवाहा, संतोष पाण्डेय, जगदीश जयसवाल, घनश्याम कुशवाहा, जीएम प्रसाद खटिक, राकेश गुप्ता, राजेन्द्र सहानी आदि मौजूद रहे।

### स्कूल में छात्रों को यातायात नियमों की दिलाई शपथ



**महराजगंज।** राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के तहत शुक्रवार को यातायात पुलिस ने नगर क्षेत्र स्थित पंडित दीनदयाल इंटर कॉलेज में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम में स्कूल के अध्यापकों, छात्रों और छात्राओं को यातायात नियमों का पालन करने की शपथ दिलाई गई। शपथ में नाबालिग बच्चों द्वारा वाहन न चलाने, तीन सवारी से बचने, बिना नंबर प्लेट वाहन न चलाने, नशे की हालत में गाड़ी न चलाने और वाहन को ओवर स्पीड से न चलाने के दुष्प्रभाव बताए गए। पुलिस ने छात्रों से अपील की कि वे अपने परिवार, रिश्तेदारों और आसपास के लोगों को वाहन चलाते समय हेलमेट और सीट बेल्ट के उपयोग के लिए प्रेरित करें। कार्यक्रम का उद्देश्य सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए जनजागरूकता बढ़ाना था।

### युवती को अगवा करने का मुकदमा दर्ज।

**महराजगंज।** निचलौल थानाक्षेत्र के एक गांव की एक छात्रा को एक युवक ने उस समय बहला फुसलाकर अगवा कर लिया, जब वह कॉलेज से अपने घर जा रही थी। इस मामले में पुलिस ने युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस को दी गई तहरीर में छात्रा की मां ने बताया है कि उसकी पुत्री निचलौल के एक इंटर कॉलेज में पढ़ती है। इस बीच उसका प्रायोगिक परीक्षा भी था। उसे उसके गांव का एक युवक रास्ते में रोककर बहला फुसलाकर अगवा कर लिया। महिला का कहना हैं कि उसके बाद उसकी बेटी का कहीं पता नहीं चल पाया है। इस मामले में पुलिस ने युवक अमित के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। एसओ गौरव कन्नौजिया ने बताया कि छात्रा को अगवा किए जाने के मामले में मुकदमा दर्ज किया गया है।

### ओपन माइक कार्यक्रम का आयोजन आज

**महाराजगंज।** परतावल के ग्रामीण क्षेत्र में स्थित हरपुरतिवारी के आरके इंटरमीडिएट कॉलेज में द राइमिंग हाल संस्था द्वारा छात्र-छात्राओं में छिपी नन्हे कलाकारों के प्रतिभा को निखारेगी। संस्था के संस्थापक सूरज गुप्ता ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्र में ऐसे नन्हे कलाकार जो विभिन्न प्रतिभा को स्थापित करने से वंचित रह जाते हैं, जिन्हें कोई प्लेटफार्म नहीं मिल पाता है, इस उद्देश्य से ग्रामीण क्षेत्र के विद्यालय आर के इंटरमीडिएट कॉलेज में नन्हे कलाकारों में छिपी प्रतिभा जैसे शायरी, कविता, गजल, रैप स्टैंडअप, कॉमेडी आदि प्रतिभा को निखार कर उन्हें आगे बढ़ाने का प्रयास किया जाएगा। इस कार्यक्रम को आयोजित करने के लिए विद्यालय परिवार को द राइमिंग हाल संस्था के संस्थापक सूरज गुप्ता ने सहयोग के लिए आभार प्रकट किया।

# एमएलसी अंगद ने रोज़गार मेले का किया उद्घाटन



अवधनामा संवाददाता

**रामनगर बाराबंकी।** ब्लॉक सभागार में रोजगार मेले का आयोजन किया गया जिसमे 210 आवेदन लिए गए। एक सौ तीन लोग योग्यता अनुसार नौकरी के लिए चिन्हित हुए व पांच कौशल विकास मिशन के प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण पत्र दिया गया। जिले के कौशल विकास मिशन,सेवा योजन व आई टी आई के तत्वावधान में लगाए गए इस रोजगार मेले का उद्घाटन एमएलसी अंगद सिंह ने किया जब कि अध्यक्षता ब्लॉक प्रमुख ने की। ग्यारह कम्पनियो नें अपने स्टाल लगाकर रिक्तियों के सापेक्ष युवाओं से आवेदन लिए। इस मौके पर एम एल सी ने कहा कि सरकार युवाओं को रोजगार से जोड़ कर उनकी आर्थिक स्थिति मजबूत कर रही है वंही प्राइवेट कम्पनियो में नौकरी भी दे रही है।योग्यता अनुसार आवेदन कर इसका लाभ लें।सरकार हर वर्ग के कल्याण में लगी है।जिला समन्वयक कौशल विकास आशुतोष सिंह,जिला सेवा योजन अधिकारी सुग्रीव चंद्रा आई टी आई के प्रधाना चार्य दीपक सिंह, बीडीओ जितेंद्र कुमार व एडीओ कृषि डा दलजीत सिंह सहित अन्य मौजूद लोगो ने भी रोजगार मेला के संबंध में अपने विचार रखे। रोजगार मेले का ज्यादा प्रचार प्रसार न होने की बातें कई ग्राम प्रधानों ने बताई।

# शहरवासियों की समस्याओं का समाधान मेरी जिम्मेदारी: महापौर

■ अर्चना वर्मा ने महापौर जनता के द्वार कार्यक्रम को प्रदान की गति

■ महापौर को देख शहरवासी बोले कि अब मिलेगी समयों से निजात

अवधनामा संवाददाता



**शाहजहाँपुर।** शहर की समस्याओं से प्रतिदिन रूबरू होकर समाधान का निश्चय करने के बाद नगर निगम की महापौर अर्चना वर्मा ''महापौर जनता के द्वार'' अन्तर्गत वार्ड चौपाल के शुभारम्भ पर अपर नगर आयुक्त एसके सिंह व संयुक्त नगर आयुक्त संगीता कुमारी के साथ संयुक्त रूप से मोहल्ले में पहुँच गयीं। महापौर को देखते ही शहरवासियों के चेहरों पर मुस्कान आ गयी।महापौर ने वार्डवासियों की समस्याओं को सुना।

प्रमुख रूप से गीता शुक्ला द्वारा अवगत कराया गया कि वार्ड में सीवर का कार्य होने के कारण पानी बहुत अधिक ओवरफ्लो होता है जिस कारण गली में निकलना दूभर हो जाता है। इस पर महापौर अर्चना वर्मा द्वारा अधिशासी अभियन्ता जल निगम कपिल सिंह को दूरभाष पर वार्ता कर समस्या से अवगत कराया गया व जल्द निस्तारण हेतु निर्देश दिये गये। कमलेश वाजपेयी द्वारा अवगत कराया गया कि वार्ड के पास में बाबा विशेश्वरनाथ मन्दिर के दक्षिण ओर स्थित नाली की सफ़ाई प्रतिदिन नहीं होती है जिस कारण लोगों का मन्दिर में आना व्यर्थ हो जाता है क्योंकि नाली बदबू से बजबजाती रहती है। इस पर महापौर द्वारा मुख्य सफ़ाई एवं खाद्य निरीक्षक हरवंश दीक्षित को सख्त निर्देश दिये गये कि वे सम्बन्धित निरीक्षक के साथ अपनी निगरानी में सफ़ाई व्यवस्था को दुरूस्त करायें।

रशीदा द्वारा अवगत कराया गया कि सीवर का कार्य होने के कारण खुदाई में पाइप टूट गया था जिस कारण पानी की समस्या से लगभग 6 महीने से जूझ रहे हैं जिस पर जल निगम के कर्मचारियों से सही करने को भी कहा था लेकिन कोई काम नहीं हुआ। इस पर महापौर द्वारा एस0के0 सिंह अपर नगर आयुक्त को निर्देश दिये गये कि वे जल निगम के अधिशासी अभियन्ता से वार्ता कर स्थलीय निरीक्षण कराकर कार्य को अतिशीघ्र कराने हेतु निर्देशित करें। इसके अतिरिक्त लोहिया कॉलोनी में पानी की समस्या लगभग 08 माह से बरकरार है जिसको ठीक करने के लिए कई बार नगर निगम कार्यालय में प्रार्थना पत्र दिया गया लेकिन कर्मचारियों की अनदेखी के कारण कोई कार्य नहीं हुआ। इस पर महापौर अर्चना वर्मा द्वारा कैम्प में उपस्थित जलकल विभाग के सौरभ श्रीवास्तव को सख्त निर्देश दिये गये कि वे जल्द से जल्द कार्य को करायें जिससे वार्डवासियों को पानी की किल्लत महसूस न हो और समय पर पानी मिल सके।


भ्रमण के दौरान वार्डवासियों द्वारा बिजली घर के पास खाली मैदान का निरीक्षण कराया गया जहाँ पर कूड़े का डलावघर भी है जो कि टूट गया है। इस पर अपर नगर आयुक्त एस0के0 सिंह को निर्देश दिये गये कि वे नवीन डलावघर का निर्माण करा दें जिससे कूड़ा डाले जाने व कूड़ा उठान में किसी प्रकार की समस्या उत्पन्न न हो। साथ ही रोड पर कुछ लोगों द्वारा निर्माण किया जा रहा था जिन्होंने पानी के निकास बन्द कर दिया था जिस कारण रोड पर नाली का पानी चल रहा था इस पर प्रवर्तन दल की टीम को निर्देशित किया गया कि वे अतिशीघ्र मकान मालिक से वार्ता कर नाली को खुलवाएँ ताकि पानी का निकास नाली में ही रहे। बाहर पड़े मलबे को उठाने के लिए सफ़ाई निरीक्षक को निर्देशित किया गया। वार्ड में अत्यधिक समस्या सीवर के कार्य की रही। सीवर का कार्य मानक अनुरूप व समय रहते न होने के कारण वार्डवासियों को अत्यधिक परेशानी हो रही है। इस मौके पर अपर नगर आयुक्त एस0के0 सिंह, संयुक्त नगर आयुक्त संगीता कुमारी, महाप्रबन्धक (जल) सौरभ श्रीवास्तव, अधिशासी अभियन्ता (निर्माण) आशीष त्रिवेदी, राजस्व निरीक्षक शिवपूजन, हनुमतधाम मण्डल अध्यक्ष दिलीप गुप्ता, पूर्व सभासद हरीश बजाज आदि मौजूद रहे।

## समाजसेवी संस्थान ने सरयू के किनारे लिया संकल्प करेंगे पांच हजार से भी ज्यादा कंबलों करेंगे वितरण



**अयोध्या।** प्रभु श्री राम की नगरी अयोध्या में समाजसेवी संस्थान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुरेश यादव द्वारा आज सरयू तट पर पूजन अर्चन के बाद संकल्प लिया गया है कि भगवान की प्राण प्रतिष्ठा तक अयोध्या में असहाय व जरूरतमंदों को लगभग पांच हजार से भी ज्यादा कंबलों का करेंगे वितरण इस दौरान मीडिया से बातचीत करते हुए समाजसेवी संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुरेश यादव ने कहा कि हमारी संस्था गरीब असहाय लोगों की अक्सर मदद करती आ रही है प्रतिभावान बच्चों का हौसला बढ़ाने का काम भी हमारी संस्था द्वारा किया जा रहा है पूर्व में जिले में जो बच्चे जिले में टॉप किए थे उनको साइकिल व लैपटॉप देने का काम हमारी संस्था द्वारा किया गया था इसके बाद उनके आगे की पढ़ाई की जिम्मेदारी भी समाज सेवी संस्था द्वारा लिया गया है और आज मां सरयू के तट पर पूजन अर्चन के बाद हमने संकल्प लिया है कि हम प्राण प्रतिष्ठा तक जिसे प्रतिष्ठा द्वादशी मनाई जा रही पूरी अयोध्या में उसकी धूम है उसे दिन तक अयोध्या के सभी गरीब आशा है लोगों को कंबल वितरण कर उनकी मदद करेंगे

## जनपद स्तरीय बंधुआ श्रम सतर्कता समिति एवं बाल श्रम उन्मूलन जनपद समिति की बैठक



**अयोध्या।** जिलाधिकारी चन्द्र विजय सिंह के निर्देश पर मुख्य विकास अधिकारी कृष्ण कुमार सिंह की अध्यक्षता में जनपद स्तरीय बंधुआ श्रम सतर्कता समिति एवं बाल श्रम उन्मूलन जनपद समिति की बैठक विकास भवन सभागार अयोध्या में आयोजित की गई।बैठक की शुरुआत सहायक श्रमायुक्त अयोध्या श्री एन के चौधरी द्वारा की गई। मुख्य विकास अधिकारी ने बाल श्रमिकों के चिन्हांकन और अवमुक्तिकरण पर श्रम प्रवर्तन अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जनपद के प्रतिष्ठानों में कार्यरत बाल श्रमिकों को चिन्हित कर उनका चिकित्सकीय परीक्षण करवाया जाए और उन्हें उनके स्वाभाविक अभिभावकों को सौंपते हुए उनका शैक्षिक और आर्थिक पुनर्वास किया जाए। इस दौरान अब तक 106 बाल एवं किशोर श्रमिक चिन्हित किए गए हैं, और 57 अभियोजन दायर किए गए हैं। बंधुआ श्रम के संदर्भ में बताया गया कि पिछले 10 वर्षों में जनपद में कोई बंधुआ श्रम की शिकायत प्राप्त नहीं हुई है। 2014 में एक ईट भट्टे से 60 श्रमिकों को मुक्त कर बिहार और छत्तीसगढ़ भेजा गया था। बैठक में विभिन्न विभागों के अधिकारी, श्रम प्रवर्तन अधिकारी और समाजसेवी उपस्थित थे। सभी को यह निर्देश दिया गया कि जनपद में बंधुआ श्रम की शिकायत मिलने पर त्वरित कार्रवाई की जाए।

## हनुमंत रथ-यात्रा लेकर निकले गोविन्दानंद सरस्वती महाराज

**अयोध्या।** श्री मज्जगदुरु शंकराचार्य स्वामी निश्चलानंद सरस्वती महाराज महाभाग की सप्रेरणासे स्वामी श्री गोविन्दानंद महाराज के सानिध्य में हिन्दूराष्ट्र अभियानके अंतर्गत श्री हनुमान रथ-यात्राका शुभागमन अयोध्या धर्म पथ से हनुमान गढ़ी पर हुआ, यात्रा सम्भल, श्रीकृष्ण जन्मभूमि से वृंदावन होते हुए अयोध्या और उसके बाद प्रयागराज कुम्भ में प्रवेश करेगी। इस अवसर पर आदित्य वाहिनी /आनंद वाहिनी अयोध्या के सदस्यों ने हनुमान जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं गोविंदनंद जी महाराज के चरणों में दंडवत प्रणाम निवेदित किया साथ ही हर हिन्दू सेना हो हर हिन्दू सनातनी हो हम भारत भाग्य बनाएंगे हम हिन्दू राष्ट्र बनाएंगे का उद्घोष किया।

## शिवेंद्र सिंह ने वृद्धा आश्रम और कुष्ठ आश्रम में वितरित किया कंबल

**अयोध्या।** ब्लॉक प्रमुख संघ अध्यक्ष शिवेंद्र सिंह ने समाज के असहाय और वृद्धजनों की मदद के लिए एक और सराहनीय कदम उठाया। हर साल की तरह इस बार भी उन्होंने वृहद कंबल वितरण और प्रतिभा सम्मान समारोह के आयोजन के बाद, समाज के निराश्रितों और वृद्धजनों के लिए कंबल और अन्य सामानों का वितरण किया। यह कार्यक्रम वृद्धाश्रम और कुष्ठाश्रम में आयोजित किया गया, जहां शिवेंद्र सिंह और उनकी टीम ने करीब एक घंटे तक कंबल और अन्य सामग्री वितरित की।कड़ाके की ठंड में अपने जरूरी सामान और समाज से जुड़ी आत्मीयता को पाकर वृद्धजन और कुष्ठाश्रम के लोगों के चेहरे खिल उठे। वितरण कार्यक्रम के बाद ब्लॉक प्रमुख संघ अध्यक्ष शिवेंद्र सिंह ने कहा, ÷समाज के निराश्रित, असहाय और दिव्यांगजन भी हमारे परिवार का हिस्सा हैं। इसलिए हमें उनकी खुशियों और दुखों में हमेशा साथ देना चाहिए। श्री सिंह ने यह भी बताया कि यह कार्यक्रम ईश्वर के आशीर्वाद और उनके पूज्य पिताजी की प्रेरणा से आयोजित किए जाते हैं।

# मकर संक्रान्ति को लेकर नेपाल के मीनी गोरक्षनाथ मन्दिर में तैयारी जोरों पर

**गोपालपुर मन्दिर मे रंग रोदन का काम पूरा, सजने लगी दुकाने**

अवधनामा संवाददाता

**निचलौल (महराजगंज)** नेपाल के नवल परासी के गोपालपुर स्थित मिनी गुरू गोरक्षनाथ मन्दिर में आगामी मकर संक्रान्ति को लेकर तैयारियां जोरो पर है। मन्दिर परिसर को दुल्हन की तरह से संजाया जा रहा है।वहीं मेला परिसरमें सैकड़ों दुकाने सजने लगी है। मेले की सुरक्षा व्यवस्था को दुरुस्त रखने के लिए महेशपुर, पिपरहवा व बेलासपुर प्रहरी कार्यालय से 20, 20 पुरूष, 10 महिला कास्टेबल के साथ 20 सशस्त्र सीमा बल के साथ आर्म्ड पुलिस फोर्स के जवानों की तैनाती की मांग की गयी है। जिससे कि मेले में शांति व्यवस्था बनी रहे। मन्दिर के व्यवस्थापक व पुजारी रामसूरत वर्मा ने बताया कि मेले परिसर में दर्शनालुओं के देखरेख के लिए किशोर खटीक, पिंटू यादव, सीताराम खटीक, ब्रह्मदेव पटेल, उदित गुप्ता, नरसिंह पटेल नरे थापा सहित 20 स्वयंसेवकों को तैनात किया गया है। वर्मा ने बताया कि नेपाल और सीमावर्ती क्षेत्र के लोगो की सुविधाओ को देखते हुए तत्कालीन गोरखपुर के



सांसद व वर्तमान यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ नाथ द्वारा 6 नवम्बर 2012 को इसका निर्माण कराया गया। जिसका शिलान्यास नेपाल के पूर्व राजा ज्ञानेन्द्र विक्रम शाह द्वारा किया गया था। तब से लेकर आज तक मन्दिर मे भारतीय क्षेत्र सहित नेपाल के श्रद्धालु हर वर्ष यहां दर्शन के लिए आते है। इस बार विगत् वर्ष की अपेक्षा श्रद्धालुओं की संख्या में काफी इजाफा होने की उम्मीद हैं।वही मन्दिर परिसर मे मनोरंजन के लिए कुश्ती, जादूगर, सर्कस, झूला,चरखी व नाव जंपिंग ग्राउंड व ड्रैगन का आयोजन किया गया है। वही तकरीबन 105 दुकाने आवंटित की गई है। इस मेले की शोभा बढ़ाने के लिए नेपाल लुंबिनी,नारायण घाट, त्रिवेणी धाम के दूर दराज के साथ बिहार और यूपी के तमाम जगहों से लोगो का आना जाना होता है।

## महर्षि महेश योगी रामायण विश्वविद्यालय में श्री राम तारक यज्ञ का भव्य शुभारंभ

**अयोध्या।** महर्षि महेश योगी रामायण विश्वविद्यालय में तीन दिवसीय श्री राम तारक यज्ञ का भव्य शुभारंभ हुआ। यज्ञ की शुरुआत यज्ञाचार्य सतीश चंद्र शास्त्री ने 21 ब्राह्मणों के साथ वैदिक मंत्रोच्चार करते हुए की। साथ ही, 251 ब्राह्मणों ने सामूहिक रूप से राम रक्षा स्तोत्र का पाठ किया।इस यज्ञ में महर्षि रामायण विद्यापीठ ट्रस्ट के कुलाधिपति अजय प्रकाश श्रीवास्तव, उनकी पत्नी निशी श्रीवास्तव और पुत्र आलोक मुख्य यजमान के रूप में उपस्थित रहे। यज्ञ के दौरान देवी-देवताओं की पूजा-अर्चना कर आहुति दी गई। यज्ञ के शुभारंभ से पूरे परिसर में आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार हुआ। कार्यक्रम के पहले दिन कई प्रमुख हस्तियां उपस्थित थीं, जिनमें चित्रगुप्त पीठाधीश्वर, अयोध्या के महापौर गिरीशपति त्रिपाठी, श्री राम जन्मभूमि ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय, उपाध्यक्ष राहुल, ट्रस्टी पंकज शर्मा और अन्य गणमान्य व्यक्ति शामिल थे।

# अयोध्या में आज से उत्सव, सीएम योगी करेंगे श्रीगणेश

अवधनामा संवाददाता

**अयोध्या।** भव्य मंदिर में विराजमान रामलला की पहली वर्षगांठ पर शनिवार से तीन दिवसीय उत्सव शुरू होने जा रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ रामलला का महाभिषेक कर कार्यक्रम का शुभारंभ करेंगे। इसके बाद परिसर स्थित अंगद टीले से पहली बार साधु-संतों व समारोह में शामिल होने वालों को संबोधित भी करेंगे। कार्यक्रम में दोनों उपमुख्यमंत्री के भी पहुंचने की संभावना है। मुख्यमंत्री तकरीबन पांच घंटे तक अयोध्या में ही रहेंगे।

भव्य और दिव्य मंदिर में रामलला 22 जनवरी 2024 को विराजमान हुए थे। उस वर्ष के मुहूर्त के अनुसार इस बार प्रतिष्ठा द्वादशी उत्सव 11 जनवरी को मनाई जानी है। इसे लेकर श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने 11 से 13 जनवरी तक तीन दिवसीय उत्सव मनाने की घोषणा की है। पहले दिन से सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शुरुआत हो जाएगी। इसमें गीत-संगीत, कला व साहित्य जगत की तमाम नामी गिरामी हस्तियां अपनी प्रस्तुति देंगी। ट्रस्ट की तरफ से मुख्यमंत्री को आमंत्रित किया गया था। वह सुबह 10 बजे के करीब अयोध्या पहुंच जाएंगे।

**कार्यक्रम का होगा लाइव प्रसारण**

प्रथम वर्षगांठ के कार्यक्रम को देखते हुए तीन दिन तक सभी तरह के पास को बंद कर दिया है। अधिक आए अधिक लोग रामलला का दर्शन कर सकें इसलिए दूरदर्शन पर लाइव प्रसारण किया जाएगा।

**द्वारों पर पर दिखेगी भव्य सजावट**

राम मंदिर की प्रथम वर्षगांठ को लेकर मंदिर परिसर को 50 क्विंटल से भी अधिक के फूलों से संजाया जा रहा है। इसके अलावा 11 नम्बर के वीआईपी गेट को भव्य तरीके से सजाया गया है। अन्य द्वारों पर भी फूलों से सजावट की गई है। वहीं नगर निगम ने कार्यक्रम व महाकुंभ को देखते हुए पेड़ों पर भी झालर लाइट लगाने का निर्देश दिया है।

**सुरक्षा के होंगे पुख्ता इंतजाम, रूट डायवर्जन रहेगा लागू**

शनिवार से शुरू हो रहे कार्यक्रम को लेकर पुलिस व प्रशासन ने सुरक्षा-व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम कर रखे हैं। मुख्यमंत्री समेत अन्य मंत्रियों के अलावा कार्यक्रम की भव्यता को देखते हुए रूट डायवर्जन भी किया जाएगा। एसएसपी राजकरण नय्यर ने बताया कि बड़ी संख्या में पुलिस बल को लगाया गया है। महिला पुलिस कर्मियों की भी तैनाती की जाएगी। प्रवेश द्वारों पर नाके लगा चेकिंग की जाएगी।

# सिद्धार्थनगर की टीम ने कानपुर को 18 रनों से दी शिकस्त

अवधनामा संवाददाता



**शोहरतगढ़ सिद्धार्थनगर।** सिद्धार्थनगर क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा आयोजित वीरेन्द्र ग्रामीण स्टेडियम छतहरी के गौतम बुद्ध ऑल इंडिया क्रिकेट टूर्नामेंट में शुक्रवार का 3 क्वार्टर फाइनल सिद्धार्थनगर व कानपुर के बीच खेला गया, जिसमें कानपुर के कप्तान धनंजय यादव ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का निर्णय लिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए सिद्धार्थनगर के बल्लेबाज मानस सिंह के शानदार 98, सत्य प्रकाश यादव के नॉट आउट 57 व चित्रांश श्रीवास्तव के नाबाद 6 रनों की बदौलत निर्धारित 20 ओवर में 02 विकेट खोकर 201 रन बनायें। वहीं कानपुर की तरफ से विकास तिवारी को मात्र 01 विकेट मिला। लक्ष्य का पीछा करने कानपुर की टीम की शुरुआत काफी शानदार रही। जीतू कश्यप की शानदार 58, पंडित लव गर्ग ने 31, ध्रुव तोमर के शानदार 32 रन की बदौलत निर्धारित 20 ओवर में 183 रन बनाकर अला आउट हो गई। सिद्धार्थनगर की तरफ से हर्षित मौर्या ने 03, संदीप पासवान ने 03, पन्नू सरोज ने 03 व वत्सल सिंह ने 01 विकेट लिया। इस मैच के मैन ऑफ द मैच सिद्धार्थनगर के मानस सिंह को दिया गया। शुक्रवार के मैच के मुख्य अतिथि हड्डी एवं नस रोग विशेषज्ञ डॉ0 चन्द्रेश उपाध्याय (सर्जन) रहें। इस अवसर पर सिद्धार्थनगर क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष उमेश प्रताप सिंह, उपाध्यक्ष श्याम सुन्दर चौधरी, महामंत्री शोहरतगढ़ चेयरमैन प्रतिनिधि रवि अग्रवाल, कोषाध्यक्ष अम्बिका त्रिपाठी, विवेक त्रिपाठी, विपिन त्रिपाठी, मनीष श्रीवास्तव, संजय कौशल, राजेश उपाध्याय, सुनील अग्रवाल सहित अन्य लोग मौजूद रहें।

**■ सिद्धार्थनगर के मानस सिंह को दिया गया मैन ऑफ द मैच**

## खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा दूध का लिया गया नमूना

**अम्बेडकरनगर अवधनामा संवाददाता।** जिलाधिकारी महोदय द्वारा दिये गये आदेश के अनुपालन में आम जनमानस को सुरक्षित खाद्य/पेय पदार्थ उपलब्ध कराये जाने के उद्देश्य से सहायक आयुक्त (खाद्य) ग्रेड-2 श्री श्रवण कुमार त्रिपाठी के निर्देशन में एवं मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी श्री सुरेन्द्र वर्मा के नेतृत्व में आज दिनांक 10.01.2025 को खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन के सचल दल द्वारा विशेष अभियान चलाकर जनपद के विभिन्न स्थानों पर संचालित विभिन्न डेयरी प्रतिष्ठानों का औचक निरीक्षण करते हुए अपमिश्रण के संदेह पर पनीर, दूध, खोया के कुल 08 नमूनें संग्रहित करते हुए खाद्य विश्लेषक, उ0प्र0 की प्रयोगशाला को जांच हेतु प्रेषित किया गया। संग्रहित किये गये नमूनों का प्रतिष्ठानवार विवरण इस प्रकार है- राजेश वर्मा, दुग्ध विक्रेता जमुनीपुर से भैंस का दूध। प्रदीप वर्मा उर्फ गुड्डू वर्मा, दुग्ध विक्रेता जमुनीपुर से मिश्रित दूध। राम सगुन वर्मा दुग्ध विक्रेता जमुनीपुर से भैंस का दूध आर0डी0 डेयरी फार्म, बरूआ जलाकी की डेयरी से खोया व पनीर। अमित वर्मा, जमुनीपुर की डेयरी से मिश्रित दूध। आदर्श डेयरी, रगड़गंज की डेयरी से मिश्रित दूध। शिवम डेयरी, कश्मीरिया टाण्डा की डेयरी से मिश्रित दूध। उपरोक्त नमूनों की जॉच रिपोर्ट प्रयोगशाला से प्राप्त होने के उपरान्त नियमानुसार अग्रिम कार्यवाही प्रचालित की जायेगी। जांच टीम में खाद्य सुरक्षा अधिकारी श्री अमित कुमार पाण्डेय, श्री दिनेश कुमार राय, ओम प्रकाश, श्री पुरन्दर यादव तथा श्री चन्द्र प्रकाश यादव सम्मिलित रहें।



# नेता प्रतिपक्ष ने इटवा सपा कार्यालय पर बांटे सैकड़ों कंबल



एजाज़ सिद्दीक़ी

**इटवा सिद्धार्थनगर।** इटवा में सपा कार्यालय पर शीत लहरी और ठिठुरती ठंड से परेशान गरीबों, विधवाओं और विकलांगों को ठंड से राहत दिलाने के लिए पंडित गोमती प्रसाद चैरिटेबल ट्रस्ट की तरफ से कंबल वितरण कार्यक्रम हुआ।

नेता प्रतिपक्ष सपा विधायक इटवा ने कंबल वितरण किया। ठंडी हवाओं और शीतलहरी के बीच आज सुबह जब नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पाण्डेप ने और कार्यकर्ताओं ने कंबल वितरित किये कंबल पाकर ठिठुरते हुए लोगों के चेहरे खुशी से खिल उठे। कंबल पाकर गरीबों ने नेता प्रतिपक्ष को धन्यवाद दिया और उनकी मदद से उनकी ठंड कम होने की बात कही। कंबल वितरण कार्यक्रम में लोग भावुक हो गए और समाज में इस तरह की मानवता की पहल की सराहना की।

**■ निर्धनों, दिव्यांगों, विधवाओं को मिला गर्म वस्त्र तो दिया आशीर्वाद, चेहरे पर दिखी खुशी**

**नेता प्रतिपक्ष बोले- जारी रहेगा अभियान, मिलती रहेगी मदद**

नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पाण्डेय ने कहा कि कंबल वितरण का यह अभियान निरंतर जारी रहेगा, ताकि अधिक से अधिक असहाय लोगों तक राहत पहुंचाई जा सके। कंबल वितरण के दौरान इटवा विधानसभा अध्यक्ष बबलू खान, अब्दुल लतीफ, कमाल अहमद, बबलू पाठक, सुनील यादव, एहसानुल्लाह, सुशील तिवारी, शिवप्रकाश तिवारी आदि मौजूद रहे।

# डीएम ने किया संयुक्त जिला चिकित्सालय का निरीक्षण



अवधनामा संवाददाता

**सिद्धार्थनगर।** जिलाधिकारी डा0 राजा गणपति आर0 द्वारा शुक्रवार को मेडिकल कालेज सम्बद्ध संयुक्त जिला चिकित्सालय का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान सर्वप्रथम इमरजेंसी वार्ड को देखा गया। ड्यूटी चार्ट न लगा होने पर कडी नाराजगी व्यक्त करते हुए यूनिफार्म में रहने का निर्देश दिया। इसके पश्चात जनरल वार्ड, प्रसूति कक्ष, ओपीडी, सिटी स्कैन कक्ष, ब्लडबैक आदि को देखा। इस दौरान अस्पताल परिसर में गन्दगी पाये जाने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए साफ-सफाई व्यवस्था ठीक कराने का निर्देश दिया। ड्यूटी का रोस्टर कक्ष के बाहर चस्पा कराने का निर्देश दिया। कहा कि कोई भी डॉक्टर बाहर की दवा न लिखे।

इस अवसर पर प्राचार्य मेडिकल कालेज राजेश मोहन, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 रजत कुमार चौरसिया, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डा0 ए0के0 झा व अन्य सम्बन्धित डाक्टर उपस्थित रहे।

## कंबल पाकर चेहरे खिले

**अंबेडकरनगर।** एकाक्ष फाउंडेशन द्वारा विकास खंड टांडा के ग्राम रुस्तमपुर में प्रबंधक हिमांशु शेखर तिवारी और उनकी टीम ने 102 जरुरतमंदों को कंबल वितरित किया। मुख्य अतिथि शोभा पांडेय और उमाकांत मिश्र रहे। अतिथियों ने कंबल वितरण को एक पुनीत कार्य बताते हुए इसकी प्रशंसा की। समाजसेवी उमाकांत मिश्र ने कहा ठिठुरते ठंड में गरीबों को कंबल वितरित करना ईश्वर की पूजा से कम नहीं है। समाज के सभी संपन्न लोगों को गरीबों व जरुरतमंदों को कंबल जरुर वितरित करना चाहिए। प्रबंधक तिवारी ने कहा कि हमारा उद्देश्य है कि हमारे फाउंडेशन के द्वारा प्रत्येक जरूरतमंद लोगों को लाभ पहुंचे, और गरीब लोगों के चेहरे पर भी खुशी आये। इस तरह का अभियान फाउंडेशन द्वारा विभिन्न जिलों में चलाया जा रहा है। इससे पूर्व भोर में अयोध्या रोड व टांडा रोड पर ठंड से ठिठुरते लोगों को कंबल ओढ़ाया गया। इस अवसर पर ऋषभ पांडेय, राजशेखर तिवारी, शिवेश कुमार पाण्डेय,प्रीति द्विवेदी, देवमन यादव, यश श्रीवास्तव, दिवाकर तिवारी ,अनुपम त्रिपाठी, अभिषेक सैनी सहित आदि लोग उपस्थित रहे।

# सशस्त्र सीमा बल ने किया स्वच्छता सामग्री वितरण कार्यक्रम

अवधनामा संवाददाता



**शोहरतगढ़ सिद्धार्थनगर।** 43वीं वाहिनीं सशस्त्र सीमा बल के द्वारा भारत नेपाल सीमा के खुनुवा बार्डर पर स्थित सरस्वती शिशु मंदिर के प्रांगण में शुक्रवार को नागरिक कल्याण कार्यक्रम के साथ सीमाई क्षेत्र के सरकारी स्कूलों व गांवों में स्वच्छता सामग्री का वितरण किया और लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया।

सशस्त्र सीमा बल के जवानों द्वारा बार्डर की निगरानी करनें के साथ सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को सीमाई क्षेत्र के गांवो के लोगों तक पहुंचने का कार्य निरंतर कर रही है।इसी के उपलक्ष्य में शुक्रवार को खुनुवा बार्डर पर स्थित चौकी के 43वीं वाहिनीं सशस्त्र सीमा बल के जवानों द्वारा एक कार्यक्रम आयोजित कर लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया। जिसमें लोहटी से लेकर ककरहवा बार्डर तक के चयनित 14 प्राथमिक विद्यालय के बच्चों के साथ सीमाई क्षेत्र के ग्राम प्रधान व क्षेत्र के तमाम सम्भ्रांत लोग कार्यक्रम में बढ़ चढ़ कर भाग लिये। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि 43वीं वाहिनीं सशस्त्र सीमा बल के द्वितीय कमान्डेंट आशा कुमार ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि हम सभी को अपनें आस पास एक अच्छा वातावरण बनाने के लिए सबसे पहले अपने आस-पास की गन्दगी को साफ करना पड़ेगा।जब हमारा घर, गांव, स्कूल साफ सुथरा रहेगा तभी हमे अच्छा वातावरण मिलेगा। कार्यक्रम में अलीदापुर के ग्राम प्रधान पंकज चौबे ने लोगों को संबोधित करते हुए प्लास्टिक का उपयोग ना करनें का सलाह दिये साथ ही साइबर क्राइम की जानकारी लोगों को दिये। कार्यक्रम के अन्त में 14 विद्यालय को स्वच्छता किट दिया गया और लोगों से कहा गया कि अपनें आस पास के कचड़े कों कूडादान में डालें। इस दौरान एस एस बी के द्वितीय कमान्डेंट आशा कुमार, कस्टम निरीक्षक अक्षय यादव, भारतीय स्टेट बैंक खुनुवा शाखा के मैनेजर सुरेन्द्र कुमार शर्मा, साइबर सुरक्षा से अंकित राय, एस एस बी कैम्प खुनुवा प्रभारी उमेश सिंह सरस्वती शिशु मंदिर के प्रधानाचार्य बुद्धिसागर, ग्राम प्रधान प्रतिनिधि गंगाधर, पंकज, एसएसबी के जवान व स्कूल के बच्चें मौजूद रहे।

## सड़क सुरक्षा को लेकर जनपद के विभिन्न स्थानों पर किया गया लोगों को जागरूक




**अम्बेडकरनगर अवधनामा संवाददाता।** सड़क दुर्घटनाओं में 50 प्रतिशत की कमी लाने हेतु मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश द्वारा समस्त होल्डर विभाग लोक निर्माण विभाग व समस्त निर्माण एजेंसियां पुलिस विभाग चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग परिवहन विभाग चिकित्सा विभाग शिक्षा विभाग परिवहन निगम को जनपद स्तरीय रोड सेफ्टी एक्शन प्लान बनाकर कार्य करने हेतु निर्देशित किया गया है जिसमें कैलेंडर वर्ष 2025 में सड़क दुर्घटनाओं में मृतकों की संख्या में 50 प्रतिशत की कमी लाई जा सके जिसके क्रम में शासन स्तर से पूरे प्रदेश में दिनांक 1 जनवरी 2025 से 31 जनवरी 2025 तक राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह मनाये जाने का निर्णय लिया गया है। दिनांक 10 जनवरी 2025 को स्कूली वाहन चालकों को सुरक्षित यातायात हेतु पंपलेट देकर प्रशिक्षित किया गया। जनपद के प्रमुख स्थानो/ चौराहों पर सड़क सुरक्षा के नियमों के बारे में प्रचार प्रसार किया गया एवं पंपलेट का वितरण किया गया तथा आम जन मानस से अपील किया गया कि कृपया सड़क सुरक्षा को नियमों का पालन करें वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग ना करें। डंकन ड्राइविंग रेड लाइट जंपिंग न करें चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट का प्रयोग करें। सड़क पार करते समय अपने वाहन को किनारे रोक कर बच्चों नेत्रहीनों तथा विकलांगों को रास्ता दे। नशे की हालत में वाहन ना चलाएं, किसी भी वाहन पर ओवरलोडिंग ना करें। चाहे वह यात्री वाहन हो अथवा माल वाहन हो। रात में डीपर का प्रयोग करें बाये से ओवरटेक ना करें और ओवरलोडिंग करने से पूर्ण अगले वाहन चालक से संकेत की प्रतीक्षा करें तत्पश्चात वाहन आगे बढ़ाएं।

# सरकारी राशन की दुकान जांच करने पहुंची तीन सदस्यीय टीम

अवधनामा संवाददाता



**लोटन सिद्धार्थनगर।** विकास खण्ड लोटन बाजार के ग्राम पंचायत रसियावल खुर्द के पप्पू पाण्डेय, बुधिराम, प्रदीप,जीके पाण्डेय, इस्लाम सहित दर्जनों ग्रामीणों ने बुधवार को अपने ही गांव के कोटेदार दुर्गावती के खिलाफ जिला पूर्ति अधिकारी से राशन वितरण में अनियमितता बरतने व कम राशन देने का आरोप लगाते हुए शिकायत किये थे। जिसके बाद शुक्रवार को जिला पूर्ति अधिकारी द्वारा एआरओ विजय कुमार प्रसाद, एवं पूर्ति निरीक्षक बर्डपुर विंध्यवासिनी श्रीवास्तव और लोटन पूर्ति निरीक्षक संतोष कुमार यादव की तीन सदस्यीय टीम गठित करके सरकारी गल्ले की दुकान की जांच करने के लिए भेजे गये थे। कार्डधारकों ने समय से राशन न देने का कोटेदार के उपर आरोप लगाते हुए बयान दर्ज कराया। पूर्ति निरीक्षक संतोष कुमार यादव ने बताया कि कार्डधारकों की शिकायत पर कार्डधारकों के बयान को दर्ज किया गया है। और वितरित किए जाने वाले राशन गोदाम में स्टाक की जांच की गयी स्टाक में चावल, गेहूं, चीनी कुछ भी खाधान्न उपलब्ध नहीं पाया गया। जांच अधिकारी ने बताया की जांच के अभिलेख व कार्डधारकों का बयान लिखा गया है जो जांच आख्या जिला पूर्ति अधिकारी को प्रेषित कर दिया जायेगी। इस सम्बन्ध में जिला पूर्ति अधिकारी ने कहा की जांच आख्या के हिसाब से कानूनी कार्यवाही किया जायेगा। इस दौरान ग्राम प्रधान प्रतिनिधि त्रिपुरी पाण्डेय, अभिषेक पाण्डेय, बंदना, कैलाशी, रविन्द्र, प्रियंका, मालती, बंदना, गुड़िया सहित तमाम लोगों मौजूद रहे।

**■ गोदाम में नही मिला कोई खाद्यान्न**

## आत्महत्या आखिरी विकल्प नहीं, कोशिश जारी रहनी चाहिये

**बस्ती।** समाज में तेजी से बढ़ रही आत्महत्या की प्रवृत्ति को हतोत्साहित करने के लिये सामाजिक संस्था ह्यूमन सेफ लाइफ फाउण्डेशन की ओर से जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में बनकटी ब्लाक मुख्यालय पर स्थित सम्राट अशोक प्रभावंश गर्ल्स इण्टर कालेज में सेमिनार का आयोजन किया गया। इसमे इण्टर कालेज के अलावा बीएड की छात्राओं ने भी बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। मुख्य अतिथि पत्रकार एवं सामाजिक कार्यकर्ता अशोक श्रीवास्तव, प्रधानाचार्या श्रीमती नीलम मौर्य, प्रबंधक डा. अनिल कुमार मौर्य, फाउण्डेशन के संस्थापक रंजीत श्रीवास्तव एवं कवि डा. अजीत श्रीवास्तव 'राज' ने दी प्रज्वलित कर कार्यक्रम की विधिवत शुरूआत की। फाउण्डेशन के जिलाध्यक्ष अशोक श्रीवास्तव ने अति महत्वांकाक्षा, मोबाइल का गलत इस्तेमाल, डर, सामाजिक व पारिवारिक दबाव, आर्थिक क्षति, आधुनिक परिवेश में बिगड़ते पारिवारिक रिश्ते, लव अफेयर, न्याय की उपेक्षा, लिव इन को आत्महत्या के लिये जिम्मेदार माना।

# जन्म के 24 घंटे के भीतर नवजात शिशुओं को टीका जरूर लगवाएं



अवधनामा संवाददाता

**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** भनवापुर ब्लाक क्षेत्र सीएचसी के अंतर्गत उपकेंद्र भरवठिया में शुक्रवार को संचार गतिविधि एवं माता जागरूकता बैठक आयोजित किया गया।अधीक्षक डॉक्टर शैलेन्द्र मणि ओझा की अगुवाई में आयोजित बैठक का आयोजन किया गया। अधीक्षक ने बताया कि कई जानलेवा बीमारियों से बचने का टीका जन्म के 24 घंटे के भीतर दिया जाता है तथा प्रसव के उपरांत प्रसूता की देखभाल भी बहुत जरूरी होता है। संस्थागत प्रसव के माध्यम के जच्चा और बच्चा दोनों को सुरक्षित किया जा सकता है। डॉ.शैलेंद्र मणि ओझा ने बताया कि गर्भवती महिलाओं का शीघ्र पंजीकरण, प्रसव पूर्व सभी जांचें तथा फोलिक एसिड, आयरन व कैल्शियम का सेवन गर्भावस्था के दौरान बहुत ही जरूरी है।

बीएमसी सूर्यदेव सिंह तथा बीसीपीएम मेराज अहमद ने एएनएम तथा आशा बहू को हिदायत दी गई कि टीकाकरण दिवस के एक दिन पूर्व ड्यू लिस्ट तैयार करते हुए बुलावा पर्ची का वितरण करें तथा टीकाकरण इनकार परिवार पर विशेष ध्यान दें। इस दौरान राजीव त्रिपाठी, तारामती, मंजू, सोमन ज्योति, दुलारी,रीना आदि उपस्थित रहें।

## वाल्टरगंज में अतिक्रमण हटाने की नोटिस पर धरना जारी, कांग्रेस ने दिया समर्थन



**बस्ती अवधनामा संवाददाता।** जिले के वाल्टरगंज कस्बे में रेलवे की ओर से चस्पा की गई नोटिस को लेकर स्थानीय लोगों में नाराजगी है, नोटिस से कहा गया है कि रेलवे की भूमि पर अतिक्रमण किया गया है, 15 दिन के भीतर हटा लें, वर्ना 11 जनवरी को स्थानीय प्रशासन के सहयोग से अतिक्रमण पर बुलडोजर चलावाया जाएगा। इसको लेकर लोग धरने पर बैठ गए हैं। उनका कहना है कि नोटिस निरस्त किया जाये, हम अपनी दुकानों व मकानों को नहीं गिरने देंगे। कांग्रेस पार्टी ने स्थानीय लोगों की मांगों को जायज बताते हुये धरने पर बैठे लोगों का समर्थन किया है। जिलाध्यक्ष ज्ञानेन्द्र पाण्डेय 'ज्ञानू', ने कहा स्थानीय प्रशासन को स्थानीय लोगों से वार्ता करनी चाहिये। गतिरोध अच्छा नही है। प्रशासन चाहे तो समस्या का हल निकल सकता है। वहीं देवेन्द्र कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि वर्षों से रह रहे लोगों को हटाने से पहले उनके पुनर्वास का प्रबंध करना चाहिये। डा. आलोक रंजन वर्मा ने कहा स्थानीय लोगों को रेलवे की ओर से पर्याप्त समय दिया जाना चाहिये और उन्हे हटाने से पहले मुआवजे का प्रबंध करना चाहिये। धरनारत लोगों की मांग है कि रेलवे प्रशासन की ओर से मकान और दुकानों को तोड़ने के लिए जारी नोटिस को तत्काल निरस्त किया जाए। उन्होंने मांग की कि जिन कागजातों में त्रुटियां हैं, उन्हें राजस्व अभिलेखों में सुधार कर इन स्थानों को सरकारी अभिलेख में आबादी के रूप में दर्ज किया जाए। कांग्रेस पार्टी की ओर से धरने में प्रमुख रूप से डीएन शास्त्री, गंगा मिश्रा, गुड्डू सोनकर, संजीव त्रिपाठी, लालजीत पहलवान, राजेश चौधरी, मो. अकबाल, पप्पू सिंह, विजय श्रीवास्तव आदि शामिल थे।

## चोरी के मामले मे वांछित आरोपी गिरफ्तार

**जलालपुर अंबेडकरनगर अवधनामा संवाददाता।** चोरी के मामले में वांछित आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही किया है। विदित हो कि कटका थाना क्षेत्र के सैदपुर( भियांव) गांव निवासी ने पुलिस को तहरीर देते हुए बताया कि बीते तीन-चार जनवरी को घर के बाहर ठेले पर लदी पंप सेट व पाइप को अज्ञात चोर चुरा ले गए पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू किया। इसी इसी बीच 9 जनवरी को वांछित आरोपी सुशील मिश्रा उर्फ सोनू मिश्रा निवासी ढकवा मजगवा, श्रीकांत पाठक निवासी दुल्हूपुर बिलारी थाना कटका तथा गोविंद उर्फ शनि गौड निवासी मथुरा रसूलपुर थाना जलालपुर को गिरफ्तार करते हुए विधिक कार्रवाई किया है। गोविंद उर्फ शनि गौड़ के ऊपर बसखारी व आलापुर में लगभग आधा दर्जन मुकदमे दर्ज हैं। इनके पास से एक अदद पंप सेट ,पाइप लदे ठेले के साथ बरामद हुआ। गिरफ्तार करने वाली टीम में उप निरीक्षक दिनेश कुमार, उप निरीक्षक मोहम्मद नासिर कुरैशी, कांस्टेबल पंकज कुमार व विजय प्रताप यादव शामिल रहे।

## प्रदेश चुनाव समिति के निर्णय पर ज़िलाध्यक्ष के पद पर योग्य उम्मीदवार का चयन : अष्टभुजा शुक्ला

**अंबेडकरनगर अवधनामा संवाददाता।** भाजपा अपने संगठन का पुनर्गठन प्रत्येक 3 वर्ष पर प्राथमिक और सक्रिय सदस्यता अभियान के बाद करती है। जिले की बूथ से लेकर मण्डल और जिलाध्यक्ष पद का निर्वाचन भाजपा अपने संविधान के जरिए लोकतांत्रिक तरीके से करती है। बूथ और मण्डल की निर्वाचन प्रक्रिया की समाप्ति के बाद शुक्रवार को भाजपा जिलाध्यक्ष पद के निर्वाचन की प्रक्रिया भाजपा जिला कार्यालय अटल भवन में जिला चुनाव पर्यवेक्षक पूर्व सांसद अष्टभुजा शुक्ला की उपस्थिति में जिला चुनाव अधिकारी पूर्व जिलाध्यक्ष देवेंद्र सिंह ने भाजपा जिलाध्यक्ष एवं प्रांतीय परिषद सदस्य पद के दावेदारों से उनके नामांकन पत्र प्राप्त कर संपन्न कराया। भाजपा की चुनाव नियमावली के अनुसार वर्तमान जिलाध्यक्ष और निवर्तमान जिलाध्यक्ष का नाम 5 नामों की पैनल में शामिल किया जाएगा। भाजपा जिला कार्यालय अटल भवन में जिला चुनाव अधिकारी द्वारा निर्वाचन प्रक्रिया शुरू करते ही जिलाध्यक्ष पद के दावेदारों में नामांकन पत्र प्रस्तुत करने के लिए अपने प्रस्तावक और समर्थकों के साथ नामांकन पत्र भरने की होड़ मच गई।

# नपं अध्यक्ष प्रतिनिधि ने आंगनबाड़ी केंद्रों को वितरित किया मशीन



अवधनामा संवाददाता

**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** जिलाधिकारी द्वारा दिए गए निर्देशों के क्रम में नगर पंचायत डुमरियागंज सीमांतर्गत संचालित समस्त आंगनबाड़ी केंद्रों पर वेट मशीन वयस्क, बेबी वेट मशीन, बर्तन सेट, ईंधन, इन्फैंटोमीटर, स्टेडियोमीटर का वितरण अध्यक्ष प्रतिनिधि अतीकुर्रहमान द्वारा बाल विकास परियोजना डुमरियागंज के वरिष्ठ लिपिक (बड़े बाबू) अरुण कुमार श्रीवास्तव एवं बाल विकास परियोजना भनवापुर की मुख्य सेविका मंजू देवी को उपलब्ध कराया गया।

अध्यक्ष प्रतिनिधि द्वारा सामग्रियों को समस्त आंगनबाड़ी केंद्रों पर वितरित करने हेतु कहा गया। इस मौके पर नगर पंचायत डुमरियागंज के लिपिक हसन ताकीब रिजवी, महंत मिश्रा, अर्पित द्विवेदी, जानेसार रिजवी, राजेश जायसवाल, रजनीश, शिवा, प्रदीप, मोहम्मद तथा बाल विकास परियोजना भनवापुर की ब्लॉक कोऑर्डिनेटर अलका वर्मा, बाल विकास परियोजना डुमरियागंज के कर्मचारी अनिल, अभिषेक शुक्ला आदि उपस्थित रहे।

## बिजली कटौती बनी बोर्ड परीक्षार्थियों के लिए मुसीबत

**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** स्थानीय तहसील क्षेत्र में आगामी यूपी बोर्ड परीक्षाओं को लेकर छात्र-छात्राओं और उनके अभिभावकों में रोष व्याप्त है। विद्युत विभाग की लगातार हो रही अघोषित बिजली कटौती से छात्रों की पढ़ाई बुरी तरह प्रभावित हो रही है। विद्युत आपूर्ति की यह कटौती उनके भविष्य की रोशनी को भी कम कर सकता है। बताते चले कि क्षेत्र में अधिकांश छात्र आगामी बोर्ड परीक्षाओं के साथ-साथ विभिन्न प्रवेश परीक्षाओं की तैयारी में जुटे हुए हैं। ऐसे में लगातार बिजली गुल होने से उनकी पढ़ाई बाधित हो रही है। छात्रों का कहना है कि वे रात के समय पढ़ाई करते हैं और बिजली कटौती से उनकी पढ़ाई का समय बर्बाद हो जाता है।अभिभावकों ने भी इस समस्या पर गहरी चिंता व्यक्त की है। उनका कहना है कि वे चाहते हैं कि उनके बच्चे अच्छे अंकों से परीक्षा में उत्तीर्ण हों, लेकिन बिजली विभाग की लापरवाही से उनके बच्चों का भविष्य खराब हो सकता है। इस संबंध में अभिभावकों का कहना है कि इस समस्या का समाधान निकालने के लिए प्रशासन को तत्काल हस्तक्षेप करना चाहिए।

# 'गाँव की समस्या गाँव में समाधान' के तहत लगा चौपाल

अवधनामा संवाददाता




**बढ़नी सिद्धार्थनगर।** विकास खण्ड बढ़नी क्षेत्र के अन्तर्गत ग्राम पंचायत पिपरा में शुक्रवार को गाँव की समस्या गाँव में समाधान करने हेतु ग्राम चौपाल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें ग्राम पंचायत में कार्यक्रम की अध्यक्षता पंचायत सचिव शकील अहमद ने करते हुए केंद्र और प्रदेश सरकार द्वारा चलाई गई विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी।

चौपाल कार्यक्रम में मुख्य रूप से अटल पेंशन योजना, आभा कार्ड , फैमिली राशनकार्ड, वृद्धावस्था, विधवा पेंशन व दिव्यांग पेंशन, आयुष्मान कार्ड, पीएम आवास योजना, मनरेगा योजना, किसान सम्मान निधि, व्यक्तिगत शौचालय व युवाओं को रोजगार से जोड़ने आदि विविध योजनाओं पर विस्तार से प्रकाश डाला गया। इस दौरान आयुष्मान कार्ड व परिवार कार्ड बनाये जाने पर जोर देते हुए शासन द्वारा चलायी जा रही गरीब कल्याण व अन्य लाभकारी योजनाओं के बारें में जानकारी देते हुए लोगों को स्वच्छता के प्रति भी जागरूक किया गया है।

इस दौरान ग्राम पंचायत चौपाल कार्यक्रम में मुख्य रूप से पंचायत सचिव शकील अहमद, प्रधान प्रतिनिधि जवाहर प्रसाद, विनोद कुमार पाण्डेय, आलम खान, रोजगार सेवक आनंद कुमार पाण्डेय, पंचायत सहायक, आशा, आंगनबाड़ी कार्यकत्री, सफाई कर्मी व ग्रामवासी बनारसी यादव, सीता राम,अकबाल अहमद, मिथलेश, आन्ही, उमेश पासवान, रामदेव सहित दर्जनों ग्रामीण मौजूद रहे।

**■ गरीब कल्याण व अन्य लाभकारी योजनाओं के बारें में दी गई जानकारी**

## चुनाव आयोग के जवाब

चुनाव आयोग ने राजधानी दिल्ली के विधानसभा चुनाव की तारीखें घोषित कर दी हैं। सियासी तापमान लगातार बढ़ेगा। भाजपा का बहुत कुछ दांव पर है, क्योंकि वह 26 साल से दिल्ली अर्द्धराज्य की सत्ता से बाहर है। इस बार भी भाजपा के चुनावी पोस्टर पर प्रधानमंत्री मोदी का चित्र छापा गया है। साफ है कि पार्टी के पास मुख्यमंत्री के चेहरे लायक कोई नेता नहीं है। प्रधानमंत्री के चेहरे पर एक अर्द्धराज्य के लिए वोट मांगना ही असंगत और राजनीतिक कमजोरी है। दूसरी तरफ केजरीवाल और आम आदमी पार्टी (आप) लगातार चौथी बार सत्ता के लिए जनादेश मांग रहे हैं, लेकिन इन 'कट्टर ईमानदार' चेहरों पर भ्रष्टाचार के दाग भी उभर आए हैं। 'आप' के राष्ट्रीय संयोजक केजरीवाल समेत बड़े नेता, सांसद, विधायक जेल की हवा खा चुके हैं, लिहाजा 'आप' का चुनावी अभियान सवालिया है, लेकिन केजरीवाल चुनावी दौड़ से बाहर नहीं हैं। दरअसल दिल्ली बेहद शिक्षित, संपन्न और जागरूक महानगर है। यहां की साक्षरता दर 88 फीसदी है। प्रति व्यक्ति आय 4.6 लाख रुपए सालाना है। दिल्लीवालों के पास करीब 1.70 करोड़ स्मार्ट फोन हैं और 70 फीसदी से अधिक लोग इंटरनेट का इस्तेमाल करते हैं। जाहिर है कि दिल्ली का जनादेश किसी सामान्य राज्य या क्षेत्र से भिन्न होता है। ऐसे चुनाव की तारीखें घोषित करने से पूर्व चुनाव आयोग ने कई सवालों, आपत्तियों, संदेहों और झूठ के गुब्बारों के जवाब देना उचित समझा, क्योंकि आयोग देश के प्रति जवाबदेह है और स्पष्टीकरण देना उसकी संवैधानिक प्राथमिकता भी है।

अधिकतर आरोप कांग्रेस ने लगाए हैं और कुछ जनादेशों को 'ईवीएम का चुनाव' करार दिया है। 'आप' ने भी आरोप लगाए हैं कि दिल्ली में मतदाता-सूची में नाम जोड़े या काटे गए हैं। खुद मुख्यमंत्री आतिशी ने चुनाव आयोग को ज्ञापन लिखा है कि केजरीवाल के चुनाव-क्षेत्र 'नई दिल्ली विधानसभा' में 6000 से अधिक मतदाताओं के नाम काट दिए गए हैं। कुछ और चुनाव-क्षेत्रों में भी ऐसा किया गया है। चूंकि इधर चुनाव आयोग की छवि और भूमिका दागदार और सवालिया हो गई है और उसे 'भाजपा का चुनाव आयोग' कहा जाने लगा है, लिहाजा स्पष्टीकरण देने बहुत जरूरी थे। मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने एक बार फिर 'ईवीएम' पर स्पष्टीकरण दिए। हालांकि सर्वोच्च अदालत तक इस मुद्दे पर विस्तृत फैसला सुना चुकी है। फिर भी सीईसी ने स्पष्ट किया कि ईवीएम बिल्कुल पारदर्शी है। उसे हैक नहीं किया जा सकता। उसमें वायरस डाल कर किसी भी चुनाव-परिणाम को प्रभावित नहीं किया जा सकता। सीईसी ने किसी भी तरह की छेड़छाड़ के आरोपों और अवैध वोट की संभावना को खारिज किया है। उन्होंने कहा कि 'झूठ के गुब्बारे' उड़ाना बंद करें। ईवीएम को राजनीतिक दलों के एजेंटों के सामने खोला जाता है, चुनाव-चिह्न डाले जाते हैं और मतदान के सात दिन पहले ही मशीन को तैयार किया जाता है। ईवीएम फुलप्रूफ मशीन है।

इसे मतदान के बाद सील कर दिया जाता है। मतगणना फॉर्म 17-सी के साथ की जाती है। यह फॉर्म मतदान समाप्त होने के बाद एजेंटों को दिया जाता है। इसमें उस मतदान केंद्र पर हुए मतदान का रिकॉर्ड होता है। इस तरह मतदान और मतगणना के दौरान पूरी पारदर्शिता बनाए रखी जाती है। सीईसी ने मतदाता-सूची में नाम जोडने या काटने को बहुत मुश्किल बताया, क्योंकि इस काम की एक स्थापित व्यवस्था और प्रक्रिया है। फॉर्म-7 भरे बिना किसी मृतक का नाम भी सूची से बाहर नहीं किया जा सकता। मतदाता-सूची तैयार करने में 70 चरण अपनाए जाते हैं और हर चरण में प्रत्याशी और राजनीतिक दलों को रखा जाता है। चुनाव आयोग का ऐसा स्पष्टीकरण प्रशंसनीय है। फिर भी कोई संदेह करे, तो उसका इलाज हकीम लुकमान अली के पास भी नहीं है।

## विकसित और प्रगतिशील भारत में आस्था के नाम पर बेटी का दान?

संजीव भारती

आस्था और श्रद्धा का नगर प्रयागराज एक बार फिर बड़े ऐतिहासिक महाकुंभ के लिए पूरी तरह तैयार है। कुम्भ -2025शुरू हो? गया है, पहला स्नान पर्व 13जनवरी को है इस बीच उत्तर प्रदेश परिवहन निगम की ओर से तीर्थ यात्रियों को कुम्भ मेले में जाने के लिए पचास टिकट पर दो टिकट फ्री यात्रा योजना शुरू की है। ग्राम प्रधानों से एक तरह की अपील की जा रही है कि पचास लोगों को मेले में पहुंचाए, उन्हें बस में दो सीट फ्री में मिलेगी। सनातन धर्म संस्कृति में माना जाता है कि दान देने वाली वस्तु वापस नहीं ली जाती।

जिस दिन देश के लाखों लोग भारत की प्रथम महिला शिक्षिका सावित्री बाई फुले की अनन्य सहयोगी मां फातिमा बेग को उनकी जयंती पर कोटि कोटि नमन कर रहे होते हैं, कुम्भ मेले में एक श्रद्धालु दम्पति द्वारा जूना अखाड़े में एक तेरह वर्ष की अपनी बेटी को दान करने की खबर आती है। भारत एक धर्मनिरपेक्ष राष्ट्र है, यहां सबको अपने धर्म के अनुसार आस्था की स्वतंत्रता है, फिर भी यह खबर राज और समाज दोनों पर एक सवाल खड़े करती है।

बहुत समय पहले दक्षिण भारत में एक राज्य में देवदासी नाम की एक प्रथा थी। मंदिरों में कन्याएं दान की जाती थीं।इस प्रथा को समाप्त करने के लिए समाज सुधारकों ने लम्बा संघर्ष किया।जैसा जानकारी में आया है अब यह प्रथा बंद हो गई है।

भारत अब विकसित राष्ट्रों की श्रेणी में है। आधी आबादी की महिलाएं सुई से लेकर हवाई जहाज तक बना रही हैं, महिलाएं अंतरिक्ष तक पहुंच गई हैं। देश की प्रथम नागरिक होने का गौरव एक आदिवासी महिला को हासिल हो चुका है, एक तरफ डबल इंजन की सरकार बेटियों की शिक्षा,



सुरक्षा और सम्मान के लिए बेटी बचाओ -बेटी पढ़ाओ अभियान चला रही है, बेटियों की सुरक्षा के लिए तमाम तरह की एम्बुलेंस सेवाएं भी चल रही हैं, ऐसी में अंधी आस्था के नाम पर एक दम्पति द्वारा अपनी बेटी को अखाड़े में दान करना अपने आप में एक बड़ा सवाल है। कुम्भ मेले के प्रारम्भिक चरण में हुई इस तरह की घटना की सोशल मीडिया पर तेज है। राज्य महिला आयोग की सदस्य रह चुकी एक महिला सामाजिक कार्यकर्ता ने मेले में बेटी का दान कर रहे दम्पति की फोटो सोशल मीडिया पर शेयर की है। आस्था के नाम पर अखाड़े में बेटी को दान करने के पीछे दम्पति की कोई मजबूरी थी या उसे दान के लिए अपनी पुत्री ही सबसे उपयुक्त लगी,यह भी अपने आप में एक सवाल है। सरकार कुम्भ मेले में सज रहे अखाड़ों तक तीर्थ यात्रियों को पहुंचाने की जी तोड कोशिश में लगी हुई है। जहां तक मेरा मानना है दान वस्तु का होता है बेटियों का नहीं। हिन्दू रीति रिवाज से शादियों में कन्या दान होता है,फिर जीवन भर बेटी से रिश्ते बने रहते हैं।

इस्लाम, सिक्ख, बौद्ध धर्मो के रीति-रिवाज में भी बेटियां विवाह के बाद अपने मां बाप के घर आती जाती रहती हैं। जीवन भर रिश्ता बना रहता है। जूना अखाड़े में जो बेटी दान की गई है क्या उसके साथ ऐसा सम्भव है? राज समाज दोनों के लिए सोचने का विषय है। घटना की चर्चा सोशल मीडिया पर है।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक तकदीस फ़ातिमा रिज़वी ने ग्रुप-5 प्रकाशन, 55-बी, वज़ीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित कराकर प्रथम तल, मस्जिद नूर महल, साकेत पल्ली, नरही, लखनऊ से प्रकाशित किया।

किसी भी लेख में कोई विवाद के लिए 'अवधनामा' जिम्मेदार नहीं होगा, इसकी जिम्मेदारी लेखक की है। किसी भी समाचार के विवाद के लिए न्याय क्षेत्र लखनऊ ही होगा।

**पोलिटिकल एडीटर : एम.एम. मोहसिन**

**स्थानीय संपादक**

**मोहम्मद आलम रिज़वी**

**RNI No UPHIN/2010/31173**

**टेली फैक्स नं. : 2288091, 4065716**

**avadhnamahindi@gmail.com,**

**दुनियाभर में हर साल करीब 6 लाख से 8 लाख लोगों की तस्करी होती है। दुनियाभर में पाए गए सभी मानव तस्करी के पीड़ितों में से 51 प्रतिशत वयस्क महिलाओं की संख्या है। भारत में वर्ष 2019 में, सरकार ने 5145 मानव तस्करी के पीड़ितों और 2505 मानव तस्करी के संभावित पीड़ितों की पहचान किए जाने की जानकारी दी, जोकि वर्ष 2018 में पहचान किए गए 3946 मानव तस्करी पीड़ितों और 1625 मानव तस्करी के संभावित पीड़ितों की तुलना में वृद्धि थी। इसके आगे भी मानव तस्करी की घटनाओं में लगातार वृद्धि हो रही है।**

# इंसानों की तस्करी की त्रासदी वाला समाज कब तक?

राष्ट्रीय मानव तस्करी जागरूकता दिवस हर साल 11 जनवरी को मनाया जाता है। यह दिन मानव तस्करी और आधुनिक दासता के खिलाफ़ जागरूकता बढ़ाने के लिए मनाया जाता है। यह दिवस एक ऐसे वैश्विक अपराध, त्रासदी एवं अभिशाप की ओर ध्यान आकर्षित करता है जो



ललित गर्ग

दुनियाभर में मानव जीवन, परिवारों और समुदायों को डरावनी, खौफनाक एवं त्रासद अंधेरी दुनिया में धकेलता है। मानव तस्करी लाखों लोगों की आज़ादी और सम्मान को छीनता है, समाज को अनगिनत नुकसान पहुँचाता है, कानून और सुशासन को कमज़ोर करता है और अपराध को बढ़ावा देता है। मानव तस्करी में बल, धोखाधड़ी या जबरदस्ती के इस्तेमाल के ज़रिए शोषण एवं उत्पीड़न शामिल है। मानव तस्करी कई रूपों में हो सकती है जिसमें यौन तस्करी, बाल यौन तस्करी, जबरन मज़दूरी, ऋण बंधन, जबरन बाल मज़दूरी, घरेलू दासता और बाल सैनिकों की अवैध भर्ती और उपयोग शामिल है। यह पुरुषों, महिलाओं, ट्रांसजेंडर व्यक्तियों और बच्चों को सीमाओं के पार और देश के अंदर दोनों जगह प्रभावित करता है। मानव तस्करी के खिलाफ़ कानून और नीतियां बनाने के लिए राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर व्यापक प्रयास किए जाने अपेक्षित है।

वैश्विक स्तर पर, मानव तस्करी के शिकार पाँच व्यक्तियों में से एक बच्चा हैं हालांकि अफ्रीका और ग्रेटर मेकांग जैसे गरीब क्षेत्रों और उप-क्षेत्रों में, तस्करी के शिकार लोगों में से अधिकांश बच्चे ही हैं। इस बीच, दुनिया भर में मानव तस्करी के शिकार लोगों में से दो तिहाई महिलाएँ हैं। मानव तस्करी एक वैश्विक समस्या है और दुनिया के सबसे शर्मनाक अपराधों में से एक है, जो दुनिया भर में लाखों लोगों के जीवन के लिये अभिशाप है और सरकारों पर एक बदनुमा दाग एवं कलंक है। मानव तस्कर दुनिया के सभी कोनों से महिलाओं, पुरुषों और बच्चों को धोखा देते हैं और उन्हें हर दिन शोषणकारी अंधेरी परिस्थितियों एवं दुनिया में धकेलते हैं। जबकि मानव तस्करी का सबसे वीभत्स रूप यौन शोषण है, हज़ारों पीड़ितों को जबरन श्रम, घरेलू दासता, बाल मजदूरी एवं भीख मांगने के लिये मजबूर किया जाता है और ऐसे पीड़ितों के अंगों को निकालने के उद्देश्य से भी तस्करी की जाती है। अंतरराष्ट्रीय एनजीओ शोध के अनुसार, पापुआ न्यू गिनी के लगभग 30 प्रतिशत यौन तस्करी के शिकार 18 वर्ष से कम उम्र के बच्चे हैं, जिनमें से कुछ की उम्र 10 वर्ष से भी कम है। कथित तौर पर कतिपय परिवार या जनजाति के सदस्य यौन तस्करी या जबरन मजदूरी करवाते हैं। कुछ माता-पिता बच्चों को सड़क पर भीख मांगने या सामान बेचने के लिए मजबूर करते हैं, और कुछ अपनी बेटियों को कर्ज चुकाने, समुदायों के बीच विवादों को सुलझाने या अपने परिवारों का समर्थन करने के

राष्ट्रीय मानव तस्करी जागरूकता दिवस




लिए विवाह या बाल यौन तस्करी के लिए बेच देते हैं या मजबूर करते हैं।

दुनियाभर में हर साल करीब 6 लाख से 8 लाख लोगों की तस्करी होती है। दुनियाभर में पाए गए सभी मानव तस्करी के पीड़ितों में से 51 प्रतिशत वयस्क महिलाओं की संख्या है। भारत में वर्ष 2019 में, सरकार ने 5145 मानव तस्करी के पीड़ितों और 2505 मानव तस्करी के संभावित पीड़ितों की पहचान किए जाने की जानकारी दी, जोकि वर्ष 2018 में पहचान किए गए 3946 मानव तस्करी पीड़ितों और 1625 मानव तस्करी के संभावित पीड़ितों की तुलना में वृद्धि थी। इसके आगे भी मानव तस्करी की घटनाओं में लगातार वृद्धि हो रही है। भारत में वर्ष 2010 में राष्ट्रपति की घोषणा के अनुसार, प्रत्येक जनवरी को राष्ट्रीय गुलामी और मानव तस्करी रोकथाम माह के रूप में नामित किया गया है। मानव तस्करी की बढ़ती शर्मनाक घटनाओं ने संवेदनहीन होते समाज की त्रासदी को उजागर किया है। इन घटनाओं को अभिभावकों एवं समाज की संवेदनहीनता और क्रूरता के रूप में देखा जा सकता है, वहीं आजादी के अमृत काल में भी मानव-तस्करी की घिनौनी मानसिकता के पांव पसारने की विकृति को सरकार की नाकामी माना सकता है। सरकार को बच्चों से जुड़े कानूनों पर पुनर्विचार करना चाहिए एवं बच्चों के प्रति घटने वाली ऐसी संवेदनहीनता की घटनाओं पर रोक लगाने की व्यवस्था की जानी चाहिए।

इस देश में मानव तस्करी के जघन्य अपराध के रूप में बच्चों के साथ जो हो रहा है उसकी कल्पना भी किसी ने नहीं की होगी। उन्हें खरीदने-बेचने और उनसे भीख मंगवाने का धंधा, उनके शरीर को अपंग बनाने का काम, खतरनाक आतिशबाजी निर्माण में बच्चों का उपयोग, उनके साथ अमानवीय व्यवहार, तंत्र-मंत्र के चक्कर में बलि चढ़ते मासूम बच्चे और उनका यौन शोषण। देश के भविष्य के साथ यह सब हो रहा है। लेकिन जब सरकार को ही किसी वर्ग की फिक्र नहीं तो इन मासूमों की पीड़ा को कौन सुनेगा? इस बदहाली में जीने वाले बच्चों की संख्या जहां देश में लाखों में है, वहीं जन्मते ही बच्चों को बेच देने की घटनाएं भी रह-रह कर नये बन रहे समाज पर कालिख पौतते हुए अनेक सवाल खड़े करती है। लाखों बच्चे कुपोषण का शिकार मिलेंगे, लाखों बेघर, दर-दर की ठोकर खाते हुए आधुनिकता की चकाचौंध से कोसों दूर, निरक्षर और शोषित। बच्चों को बेच देने एवं तस्करी की घटनाएं कई बार ऐसी परतों में गुंथी होती हैं जिनमें समाज, परंपरागत धारणाएं, गरीबी और विवशता से लेकर आपराधिक संजाल तक के अलग-अलग पहलू शामिल होते हैं।

समाज में आज भी लड़के एवं लड़की को लेकर संकीर्ण एवं अमानवीय सोच व्याप्त है, झारखण्ड में एक दंपति को पहले से तीन बेटियां थी। सामाजिक स्तर पर मौजूद रूढ़ियों से संचालित धारणा के मुताबिक उस दंपति को एक बेटे की जरूरत थी। यानी तीन बेटियां उसकी नजर में महत्वहीन थी कि उससे बेटे की भरपाई हो सके। इसलिए उसने ऐसी सौदेबाजी कराने वाले मानव तस्कारों एवं दलालों के जरिए किसी अन्य महिला से उसका नवजात बेटा खरीद लिया। यानी मन में बेटा नहीं होने के अभाव से उपजे हीनताबोध और कुंठा की भरपाई के लिए कोई व्यक्ति पैसे के दम पर गलत रास्ता अपनाने से भी नहीं हिचकता। इसके अलावा, मानव तस्करी करने वाले गिरोह दूरदराज के इलाकों में और खासतौर पर गरीबी की पीड़ा झेल रहे लोगों के बीच अपने दलालों के जरिए बालक एवं बालिका खरीदने के अपराध में लगे रहते हैं। झारखण्ड, ओड़ीसा, बिहार जैसे राज्यों के गरीब इलाकों में ऐसे तमाम लोग होते हैं, जिन्हें महज जिंदा रहने के लिए तमाम जद्दोजहद से गुजरना पड़ता है। विश्व की बड़ी अर्थ-व्यवस्था बनते भारत की सतह पर दिखने वाली अर्थव्यवस्था की चमक की मामूली रोशनी भी उन तक आखिर क्यों नहीं पहुंच पाती है? मानव तस्करी की बढ़ती घटनाओं में बच्चों एवं बालिकाओं को बेचे और खरीदे जाने में जितने लोग, जिस तरह शामिल होते थे, वह नये बनते भारत के भाल पर एक बदनुमा दाग है।

# सामूहिक भागीदारी से आदर्श गांव का निर्माण संभव

**धुवालिया नाडा रसूलपुरा पंचायत का एक छोटा गांव है। जिसमें लगभग 100 घर हैं। जिसकी कुल आबादी 650 के आसपास है। यहां अनुसूचित जनजाति भील और रैगर समुदाय की बहुलता है। वहीं कुछ घर अल्पसंख्यक समुदाय के भी हैं। वहीं स्वास्थ्य के क्षेत्र में भी यहां अच्छी पहल देखने को मिली। इस संबंध में तारा बाई कहती हैं कि धुवालिया नाड़ा में संचालित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र न केवल सफलतापूर्वक संचालित हो रहा है बल्कि यहां साफ-सफाई का भी विशेष ध्यान रखा जाता है ताकि बीमारियां न फैलें और प्रत्येक नागरिक स्वस्थ जीवन जी सके।**

किसी भी देश के विकास की संकल्पना केवल महानगरों और औद्योगिक क्षेत्रों की संख्या से ही नहीं होती है बल्कि इसमें गांव की भूमिका भी महत्वपूर्ण होती है। विशेषकर ऐसा गांव जिसे आदर्श गांव की संज्ञा दी जा सके। एक आदर्श गांव वह है जहां लोगों को बुनियादी सुविधाएं, सामाजिक सद्भाव, शिक्षा और स्वास्थ्य के साथ साथ विकास और रोजगार के क्षेत्र में भी अवसर उपलब्ध हों। वास्तव में, एक आदर्श गांव की परिभाषा केवल बुनियादी ढांचे या संसाधनों के विकास तक ही सीमित नहीं होती है बल्कि इसमें सभी वर्गों के लोगों का विकास भी होता है। साथ ही, इसमें समृद्धि, आत्मनिर्भरता और आपसी सहयोग की भावना भी शामिल होती है। ऐसा ही एक गांव राजस्थान के अजमेर जिला स्थित धुवालिया नाड़ा है। जहां सामूहिक भागीदारी के माध्यम से ग्रामीण न केवल सरकारी योजनाओं के प्रति जागरूक हैं बल्कि इनमें अधिकतर इसका लाभ उठाकर विकास की ओर अग्रसर हैं।



सुमन

अजमेर से तीस किमी दूर रसूलपुरा पंचायत स्थित इस गांव में जब हम पहली बार योजनाओं से जुड़ी जागरूकता के बारे में जानकारी लेने गये तो ऐसा लगा कि यह गांव इतना सक्षम नहीं होगा कि वहां किसी को भी किसी सरकारी योजना के बारे में जानकारियां होंगी। लेकिन जब गांव वालों से मिले तो कई भ्रम दूर हो गए। गांव वालों का कहना था कि आबादी की दृष्टिकोण से भले ही हमारा गांव छोटा है लेकिन यहां के लोग योजनाओं के बारे में जानते हैं और हमें विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ भी मिलता है। हमने देखा कि इस गांव की सड़क पक्की है। जिससे आवागमन के साधन उपलब्ध हैं। एक आदर्श ग्राम में शिक्षा के मौलिक अधिकार को प्राथमिकता दी जाती है। जहां बच्चों, विशेषकर लड़कियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान की जाती है। यहां एक प्राथमिक और एक 12वीं कक्षा तक का स्कूल है, जिससे अधिकांश विद्यार्थी गांव में ही रहकर 12वीं कक्षा तक पढ़ाई करते हैं।

इसका सबसे बड़ा लाभ गांव की लड़कियों को होता है जिन्हें पढ़ाई के लिए गांव से बाहर नहीं जाना पड़ता है। इस संबंध में गांव के 50 वर्षीय मेवालाल सिंह बताते हैं कि पहले की तुलना में अब इस गांव के अभिभावकों में शिक्षा के प्रति रुझान बढ़ा है। वह अपने बच्चों को पढ़ाना चाहते हैं। गांव में 3 से 18 वर्ष की उम्र के करीब 150 से अधिक बच्चे हैं। जो आंगनबाड़ी से लेकर उच्च विद्यालयों तक में पढ़ते हैं। हालांकि लड़कों की तुलना में लड़कियों को पढ़ाने के मामले में अभी भी लोग संकुचित सोच रखते हैं। लेकिन 10वीं



और 12वीं में लड़कियों ने अच्छे नंबर लाकर बहुत सारे अभिभावकों को अपनी सोच बदलने पर मजबूर कर दिया है। वह बताते हैं कि उनकी तीनों पोतियां भी स्कूल और कॉलेज जाती हैं। हालांकि कॉलेज के लिए उन्हें अजमेर शहर जाना पड़ता है। जहां तक पहुंचना अभी भी गांव में आर्थिक रूप से कमज़ोर परिवारों की लड़कियों के लिए बाधा है। यदि गांव के करीब ही लड़कियों के लिए कॉलेज खुल जाए तो परिस्थितियां और बेहतर हो जाएंगी।

आर्थिक रूप से पिछड़े धुवालिया नाडा रसूलपुरा पंचायत का एक छोटा गांव है। जिसमें लगभग 100 घर हैं। जिसकी कुल आबादी 650 के आसपास है। यहां अनुसूचित जनजाति भील और रैगर समुदाय की बहुलता है। वहीं कुछ घर अल्पसंख्यक समुदाय के भी हैं। वहीं स्वास्थ्य के क्षेत्र में भी यहां अच्छी पहल देखने को मिली। इस संबंध में 65 वर्षीय तारा बाई कहती हैं कि धुवालिया नाड़ा में संचालित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र न केवल सफलतापूर्वक संचालित हो रहा है बल्कि यहां साफ-सफाई का भी विशेष ध्यान रखा जाता है ताकि बीमारियां न फैलें और प्रत्येक नागरिक स्वस्थ जीवन जी सके। वह कहती हैं कि गांव के अधिकांश लोग कृषि कार्य में लगे हुए हैं, जिसमें आधुनिक तकनीकों का इस्तेमाल कर कृषि की बेहतर पद्धतियों को अपनाने में किया जाता है। लेकिन रोज़गार के मामले में कुछ बेहतर किया जाना चाहिए ताकि यहां के लोगों को कमाने के लिए शहर जाने की ज़रुरत न पड़े। इसके लिए गांव में ही रोजगार के अवसर प्रदान कर उनकी वित्तीय स्थिति में सुधार किया जा सकता है।

इस संबंध में गांव के एक सामाजिक कार्यकर्ता भंवर सिंह कहते हैं कि किसी भी आदर्श गांव के निर्माण के लिए सामूहिक भागीदारी उसके विकास की नींव होती है। यह महत्वपूर्ण है कि गांव की सभी गतिविधियों में वहां के निवासियों को शामिल किया जाए। जिससे उन्हें ऐसा लगता है जैसे यह उनका अपना काम है। ऐसे में गांव के विकास और समृद्धि के लिए जो भी करना होता है वह करने को तैयार रहते हैं। ग्राम पंचायत के पास नागरिक सेवा का अधिकार है। जिसके माध्यम से धुवालिया नाड़ा गांव के सबसे गरीब और कमजोर व्यक्ति को लाभ पहुंचाने का प्रयास किया जाता है। वह बताते हैं कि पंचायत की ओर से इस बात का प्रयास किया जाता है कि गांव में सभी के कागजात पूरे हों ताकि उन्हें योजनाओं का लाभ प्राप्त करने के लिए इधर-उधर भटकना न पड़े। आदर्श गांव की परिकल्पना के बारे में 12वीं की छात्रा श्रेया कहती है कि हमारे गांव में स्वच्छता का विशेष ध्यान रखा जाता है। ग्रामीण स्वयं ही गांव को साफ़ रखते हैं और कचरे का उचित निस्तारण करते हैं। जिससे यहां अन्य गांव की तुलना में सफाई अधिक नज़र आएगी। इसमें सामूहिक भागीदारी की काफी अहम भूमिका होती है।

एक आदर्श गांव में जल, जंगल और जमीन जैसे प्राकृतिक संसाधनों का उचित उपयोग और संरक्षण किया जाता है। जो धुवालिया नाड़ा में देखने को मिलती है। गांव में जल संरक्षण के प्रयास किये जाते हैं। इसके अलावा पेड़-पौधे लगाने और पर्यावरण की रक्षा पर भी जोर दिया जाता है। एक आदर्श गांव वह है जहां लोगों को जीवन की बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध हों, वे आत्मनिर्भर हों, परस्पर प्रेम और सम्मान रखें और अपने संसाधनों का उचित उपयोग करें। हम सभी को अपने-अपने गांवों और क्षेत्रों को धुवालिया नाड़ा गांव की तरह विकसित करने की ज़रूरत है। इसके लिए अभी से कदम उठाने होंगे तभी हम अपने गांव की सफलता की कहानियां भी दूसरों तक पहुंचा पाएंगे। (चरखा फीचर्स)

# कार्टूनिस्ट ऐन ने इतिहास रचा!

**ऐन टेल्नेस पुलित्जर पुरस्कार विजेता चित्रकार हैं और अपने तीखे कार्टूनों के लिए बेहद मशहूर हैं। अमेरिका में राष्ट्रपति पद की शपथ लेने जा रहे डोनाल्ड ट्रंप और उनके भावी कार्यकाल पर कटाक्ष करते हुए उन्होंने कार्टून बनाया। इसमें उन्होंने अमेजॉन के संस्थापक और द वाशिंगटन पोस्ट के मालिक जेफ बेजोस समेत कई अन्य दिग्गजों को कथित तौर पर नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की मूर्ति के सामने घुटने टेकते हुए चित्रित करता एक कार्टून बनाया। मालिक के खिलाफ इतने बोल्ड कार्टून को जब वॉशिंगटन पोस्ट ने नहीं छापा तो टेल्नेस ने इसे स्वतंत्र प्रेस के लिए खतरनाक बताते हुए नौकरी छोड़ दी।**

अमरीकी कार्टूनिस्ट ऐन टेल्नेस को शौर्य पारितोष से नवाजा जाना चाहिए। पुलिट्जर विजेता बड़ी हिम्मती और बहादुर पत्रकार बनकर विश्व पटल पर उभरी। हमारी प्रेरक बनी। क्या किया उसने? मशहूर अमेरिकी दैनिक 'दि वाशिंगटन पोस्ट' में 2008 से व्यंग्य चित्रकार थी (17 वर्षों से)। हाल ही के राष्ट्रपति चुनाव में डोनाल्ड ट्रंप की विजय पर उसने कार्टून बनाया। वाशिंगटन पोस्ट के मालिक जेफ बेजोस को ट्रंप के चरणों पर नतमस्तक होते दर्शाया। जबकि वे ट्रंप की पराजय को अटल निश्चितता कहते रहे।



के. विक्रम राव

वाशिंगटन पोस्ट अखबार कार्टूनिस्ट ऐन टेल्नेस पुलित्जर पुरस्कार विजेता चित्रकार हैं और अपने तीखे कार्टूनों के लिए बेहद मशहूर हैं। अमेरिका में राष्ट्रपति पद की शपथ लेने जा रहे डोनाल्ड ट्रंप और उनके भावी कार्यकाल पर कटाक्ष करते हुए उन्होंने कार्टून बनाया। इसमें उन्होंने अमेजॉन के संस्थापक और द वाशिंगटन पोस्ट के मालिक जेफ बेजोस समेत कई अन्य दिग्गजों को कथित तौर पर नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की मूर्ति के सामने घुटने टेकते हुए चित्रित करता एक कार्टून बनाया। मालिक के खिलाफ इतने बोल्ड कार्टून को जब वॉशिंगटन पोस्ट ने नहीं छापा तो टेल्नेस ने इसे स्वतंत्र प्रेस के लिए खतरनाक बताते हुए नौकरी छोड़ दी।

इस कार्टून में टेल्नेस ने जेफ बेजोस, मेटा सीईओ मार्क जुकरबर्ग और ओपनएआई के सैम ऑल्टमैन और कार्टून कैरेक्टर मिकी माउस को ट्रंप की मूर्ति के सामने घुटने टेकते हुए दिखाया था। ऐसा माना जा रहा है कि यहां मिकी माउस के जरिए एबीसी न्यूज की ओर इशारा किया गया था जो डिज्नी के स्वामित्व में है। हाल ही में एबीसी न्यूज चैनल ने ट्रंप को एक मानहानि मामले के तहत 15 मिलियन डॉलर देने का समझौता किया है।



एन टेलनेस ने इस्तीफे की वजह बताते हुए वह कार्टून साझा किया है, जिसको लेकर पूरा विवाद है। इस कार्टून में वाशिंगटन पोस्ट के मालिक और अमेजन के संस्थापक जेफ बेजोस के साथ मेटा-फेसबुक के मार्क जकरबर्ग, ओपेन-एआई के सैम ऑल्टमैन और दूसरे तकनीक के दिग्गजों को अमेरिका के नए-नवेले राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के सामने घुटनों के बल बैठे हुए दिखलाया गया है। एक तरह से इन्हें ट्रंप की एक विशालकाय तस्वीर के सामने गिड़गिड़ाते हुए पेश किया गया, जहां वे झोरे भर पैसे लिए खड़े हैं।

भारत में ऐसी सेंसरशिप की शिकार कार्टूनिस्ट, फोटोग्राफर और रिपोर्टर होते रहे। बात बहुधा 1975-77 वाली इमरजेंसी की मीडिया में आज भी होती रहती है। जनता पार्टी काबीना में सूचना एवं प्रसारण मंत्री लालकृष्ण आडवाणी ने इसे उजागर किया था। जब वे मीडिया से बोले आप लोगों को तो इंदिरा गांधी ने केवल झुकने को कहा था। मगर आप लोग तो रेंगने लगे। मैं बचा रहा। तेरह महीने पांच जेलों में कैद रहा और सेंसरशिप का खुले आम विरोध भी किया। तभी का एक प्रसंग भी है।

पुलिस की हिरासत में मुझ कैदी के साथ (22 मार्च 1976) सवाल-जवाब के दौरान एक गुजराती डीआईजी साहब ने ताना मारा प्रेस सेंसरशिप (25 जून 1975) लागू होते ही देशभर के पत्रकार पटरी पर आ गये थे। आपको अलग राग अलापने की क्यों सूझी? कटाक्ष चुटीला था। मीडिया कर्मियों से अमूमन ऐसा प्रश्न पूछने की ढिठाई कम ही की जाती है। तैश में पत्रकारी-स्टाईल में प्रतिकार मैं कर सकता था। मगर हथकड़ी लगी थी। प्रश्नकर्ता थे श्री पाली नादिरशाह रायटर जो बाद में गुजरात के पुलिस महानिदेशक हुये। खाकी वर्दीधारी थे, पर बौद्धिक माने जाते थे। वर्ण से पारसी थे। मुझ पर अभियोग चला था कि डायनामाइट द्वारा इन्दिरा गाँधी सरकार को हमने दहशत में लाने की साजिश रची थी। भारत सरकार पर सशस्त्र युद्ध का ऐलान किया था। सजा में फांसी मिलती।

मैंने अपने जवाब में डीआईजी से पूछा कौन सा दैनिक आप पढ़ते हैं? वे बोले, दि टाइम्स ऑफ़ इण्डिया। बड़ौदा में तब मैं उसी का ब्यूरो प्रमुख था। मेरा दूसरा सवाल था, इस अठारह पृष्ठवाले अखबार को पढ़ने में 25 जून के पूर्व (जब सारे समाचार बिना सेंसर के छपते थे) कितना समय आप लगाते थे? उनका संक्षिप्त उत्तर था, यही करीब बीस मिनट। मेरा अगला और अन्तिम सवाल था, और अब? रायटर साहब बोले, बस आठ या नौ मिनट। तब पटरी से मेरे उतर जाने का कारण मैंने उन्हें बताया, आप सरीखे पाठक से छीने गये ग्यारह मिनटों को वापस दिलाने के लिये ही मैं जेल में आया हूँ। बस पूछताछ यहीं समाप्त हो गई। मगर सी.बी.आई. तथा तीन प्रदेशों के पुलिसवाले मेरा कचूमर निकालते रहे। हवालात में हेलिकाप्टर (पंखे से टांगना) बनाते, रातदिन जागरण कराते। मेरे जीवन की रेखा लम्बी थी अतः इन्दिरा गाँधी (20 मार्च 1977) रायबरेली से चुनाव में वोटरों द्वारा पराजित कर दीं गई। भारत दूसरी बार आज़ाद हुआ। हम सलाखों के बाहर आये।

# अक्षय पात्र में है माँ अन्नपूर्णा का वास : केशव मौर्य

अवधनामा संवाददाता



**मथुरा।** प्रयागराज की पावन धरा में आयोजित होने वाले महाकुंभ 2025 में नागवासुकी मार्ग सेक्टर छह में आज शुक्रवार को उपमुख्यमंत्री उत्तरप्रदेश सरकार केशव प्रसाद मौर्य द्वारा अक्षय पात्र फाउंडेशन की रसोई का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर अपने विचार व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा कि अक्षयपात्र में माँ अन्नपूर्णा का वास है। उन्होंने कहा कि अक्षयपात्र फाउंडेशन एवं हरे कृष्णा मूवमेंट (इस्कॉन बंगलौर) के द्वारा कुंभ मेले में दी जाने वाली अन्नक्षेत्र की सेवा अदभुत एवं अतुलनीय है।

कार्यक्रम का शुभारंभ उन्होंने श्री श्री राधा वृंदावन चंद्र के चित्रपट के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इसके पश्चात उन्होंने अक्षय पात्र फाउंडेशन के अध्यक्ष भरतर्षभा दास जी के माध्यम से अक्षय पात्र फाउंडेशन की रसोई की कार्यप्रणाली को समझा। उन्होंने अक्षय पात्र फाउंडेशन के अन्नक्षेत्र में संतों को प्रसाद वितरण करते हुए कहा कि मानव की मानव मात्र को भोजन उपलब्ध कराके उसकी भूख को मिटने से बड़ी अन्य कोई सेवा नहीं है। इस अवसर पर मीडिया को जानकारी प्रदान करते हुए भरतर्षभा दास ने बताया कि इस महाकुंभ में अक्षयपात्र फाउंडेशन एवं हरे कृष्णा मूवमेंट (इस्कॉन बंगलौर) के द्वारा परेड ग्राउंड एवं नागवासुकी स्थित रसोई के माध्यम से प्रतिदिन लगभग 20हजार भक्त, श्रद्धालु, तीर्थ क्षेत्र में निवास कर रहे भगवत प्रेमियों के लिए प्रसाद की व्यवस्था संस्था द्वारा की जा रही है। उन्होंने बताया कि इस सेवा का शुभारंभ उप मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार केशव प्रसाद मौर्य की गरिमामय उपस्थिति में किया गया है। यह सेवा कुंभ के समापन तक प्रदान की जाती रहेगी। इस अवसर पर चतुर्थ संप्रदाय प्रमुख महंत फूलडोल बिहारी दास महाराज, चंद्रोदय मंदिर के उपाध्यक्ष कैवल्यपति दास, अक्षय पात्र फाउंडेशन के ऑपरेशन हेड सुरेश्वर दास, कंजलोचन दास, आचार्यनिष्ठा दास , अचिंत्य गौरांग दास सहित अन्य प्रमुख संत उपस्थित रहे।

# 'कई मुकदमों को साथ जोड़ने से दोनों पक्षों को हो सकता है फायदा'

अवधनामा संवाददाता

- मथुरा मंदिर-मस्जिद मामले में, सुप्रीम कोर्ट

**मथुरा।** सुप्रीम कोर्ट ने मथुरा श्रीकृष्ण जन्मभूमि-शाही ईदगाह मस्जिद विवाद से संबंधित कई मुकदमों को एक साथ जोड़ने के मामले में कहा कि प्राथमिक रूप से यह दोनों पक्षों के लिए फायदेमंद हो सकता है। साथ ही यह भी कहा कि हिंदू याचिकाकर्ताओं के 15 मुकदमों को एक साथ जोड़ने के इलाहाबाद हाईकोर्ट के आदेश को चुनौती देने वाली याचिका बाद में उठाई जा सकती है।

मुख्य न्यायधीश संजीव खन्ना और न्यायधीश संजय कुमार की पीठ ने प्रारंभिक रूप से हाईकोर्ट के फैसले के पक्ष में विचार किया और कहा कि यह दोनों पक्षों के हित में है। कोर्ट ने यह भी कहा कि अगर जरूरत पड़े, तो बाद में इस मामले को उठाया जा सकता है। 11 जनवरी 2024 को इलाहाबाद हाईकोर्ट ने हिंदू याचिकाकर्ताओं द्वारा दायर 15 मुकदमों को जोड़ने का आदेश दिया था, ताकि न्याय के हित में इन पर एक साथ सुनवाई हो सके। पीठ ने शुक्रवार को सुनवाई की शुरुआत में कहा कि वह पूजा स्थलों से जुड़े 1991 के एक कानून से संबंधित एक मुद्दे पर विचार कर रही है और पूछा कि उसे इस समय मुकदमों को एकसाथ जोड़ने के मामले में हस्तक्षेप क्यों करना चाहिए। सीजेआई ने मस्जिद समिति का प्रतिनिधित्व कर रहे वकील से कहा, अगर जरूरत पड़ी तो आप बाद में याचिका दायर कर सकते हैं।इससे पहले, 12 दिसंबर 2024 को सुप्रीम कोर्ट ने एक महत्वपूर्ण आदेश दिया था, जिसमें देशभर की अदालतों को धार्मिक स्थलों, खासकर मस्जिदों और दरगाहों को पुनः प्राप्त करने के लिए दायर नए मुकदमों पर कोई आदेश न देने की हिदायत दी थी।

# महाकुंभ से पहले रायबरेली स्थापना दिवस पर उमड़ेगा आस्था का सागर

अवधनामा संवाददाता



- 12 जनवरी को रायबरेली महोत्सव के रूप में गुरू गोविन्द सिंह पर्यावर्णीय पार्क में होंगे सांस्कृतिक कार्यक्रम

**रायबरेली।** महाकुंभ से पहले रायबरेली स्थापना दिवस पर आयोजित रायबरेली महोत्सव में आस्था का सागर उमड़ेगा। जिले से लेकर लखनऊ तक के कलाकारों द्वारा दी जायेंगी मनमोहक प्रस्तुतियां। इसी कड़ी में शुक्रवार को उद्यान मंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने गुरू गोविन्द सिंह पर्यावर्णीय उद्यान में प्रशासनिक अमलें व शहर के बुद्धिजीवियों के साथ बैठक कर रायबरेली के स्थापना दिवस पर रायबरेली महोत्सव कार्यक्रम के आयोजन के लिये विचार-विमर्श किया।

कार्यक्रम 12 जनवरी को गुरू गोविन्द सिंह पर्यावर्णीय पार्क में सुबह 11 से 5 बजे तक आयोजित किया जायेगा। उद्यान मंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने सभी से विचार-विमर्श कर कार्यक्रम को सफल बनाने के लिये आग्रह किया। उन्होंने कहा कि यह बड़े सौभाग्य की बात है कि जिस दिन रायबरेली का स्थापना दिवस रायबरेली महोत्सव के रूप में मनाया जायेगा उसी दिन स्वामी विवेकानन्द की जयन्ती भी है। इससे अच्छा दिन क्या हो सकता है।

उन्होंने कहा कि इस एक दिवसीय कार्यक्रम में रायबरेली ही नहीं लखनऊ से भी सांस्कृतिक कार्यक्रम में विख्यात कलाकार छटा बिखेरेंगे। कार्यक्रम में रायबरेली जनपद में जिनका भी राष्ट्र सेवा, समाज सेवा में योगदान रहा है उन्हें सम्मानित भी किया जायेगा। उन्होंने कहा कि पिछली बार यह कार्यक्रम 3 दिवसीय था। लेकिन इस बार महाकुंभ के दृष्टिगत् कार्यक्रम को एक दिवसीय रखा गया है। इस अवसर पर एडीएम प्रशासन, मुख्य विकास अधिकारी सहित शहर के गणमान्य व बुद्धिजीवी लोग उपस्थित रहें।

# विधान भवन के सामने परिवार ने किया आत्मदाह का प्रयास

अवधनामा संवाददाता



**लखनऊ।** राजधानी में हजरतगंज स्थित विधान भवन के सामने निगोहां से आए एक परिवार ने आत्मदाह का प्रयास किया। पुलिस की मुस्तैदी से उन्हें बचा लिया गया।

पुलिस के मुताबिक, शुक्रवार को दोपहर में विधान भवन के सामने, राजकमल रावत ने अपनी समस्या को लेकर अपनी पत्नी व बच्चों के साथ आत्मदाह का प्रयास किया लेकिन पुलिस ने उन्हें ऐसा करने से रोक दिया। पुलिस ने बताया कि सितंबर 2024 में निगोहां के कांटा गांव के एक युवक शहंशाह को रात में उसके घर के बाहर गोली मारी गयी थी। शहंशाह ने अपने बयान में कहा था कि उसी के गांव के राजकमल ने उसे गोली मारी थी। इन दोनों के बीच जमीन का विवाद था। शहंशाह के बयान के आधार पर आरोपी राजकमल (आज आत्मदाह का प्रयास करने वाला व्यक्ति) को गिरफ्तार कर उसके पास से असलहा भी बरामद किया गया था। इसके बाद राजकमल को अदालत ने जेल भेज दिया था। पुलिस के मुताबिक, चार दिन पहले राजकमल जेल से बाहर आया था। उसने आरोप लगाया कि शहंशाह और उसके करीबियों ने उसके खिलाफ झूठा मुकदमा दर्ज कराया था जिसकी वजह से वह जेल में रहा। उसके अनुसार, जेल से बाहर आने के बाद भी उसे और उनके परिवार को परेशान किया जा रहा है। राजकमल का आरोप है कि विरोधियों द्वारा परेशान करने के कारण वह परिवार के साथ आत्मदाह का प्रयास करने यहां आया था।

# मुंह में कपड़ा ठूंस क्लीनिक कर्मी की हत्या

अवधनामा संवाददाता



- हाथ-पांव बांधे मिले और मुंह में कपड़ा भरा था

**लखनऊ।** बीकेटी थाना अंतर्गत लखनऊ-सीतापुर राष्ट्रीय राजमार्ग किनारे बसे रुखारा गांव में किराने की दुकान की छत पर सो रहे क्लीनिक कर्मी अंकित वर्मा (25) का शव मिला। उसके हाथ-पांव बांधे मिले और मुंह में कपड़ा भरा था। इसके बाद लोगों ने गला दबाकर हत्या की आशंका जताते हुए फौरन पुलिस कंट्रोल रूम पर सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का मुआयना कर मौजूद लोगों से पूछताछ की। इसके साथ ही घटनास्थल से कुछ साक्ष्य एकत्र कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

अपर पुलिस उपायुक्त उत्तरी जितेंद्र दुबे के मुताबिक, अलीगंज थानाक्षेत्र का रहने वाला अंकित वर्मा मां अनिता वर्मा (70) के साथ बीकेटी के रुखारा गांव में बुआ के घर पर रहता था। मां अनीता ने बताया कि उनके दूर के रिश्तेदार बीके रस्तोगी के क्लीनिक में बेटा साफ-सफाई का काम करता था। गुरूवार रात करीब 10 बजे बेटा घर से खाना खाने के बाद पड़ोस की किराने की दुकान की छत पर सोने के लिए चला गया। किराना व्यापारी त्रिभुवन प्रसाद मौर्य ने बताया कि अंकित कभीकभार दुकान की छत पर सोने के आता था। सुबह करीब सात बजे वह दुकान पर पहुंचे और अलाव जलाने के बाद अंकित को जगाने के लिए दुकान की छत पर पहुंचे। कई बार आवाज देने के बाद भी अंकित नहीं उठा तब उन्होंने उसके ऊपर से रजाई उठा दी। जिसे देखकर वह शोर मचाते हुए नीचे उतरे।

किराना व्यापारी को शोर सुनकर स्थानीय लोगों को भीड़ उमड़ पड़ी। जिसके बाद लोगों ने देखा कि अंकित का शव बिस्तर में पड़ा था। उसके मुंह में कपड़ा ठूंसा था और पीछे से दोनों हाथ- पैर एक साथ बंधे थे। हत्या की आशंका जताते हुए लोगों ने फौरन पुलिस कंट्रोल रूम पर सूचना दी। जानकारी मिलते ही घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने मौका-मुआयना कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### सीसीटीवी कैमरा तोड़ मोमोरी कार्ड निकाला

बीकेटी सहायक पुलिस आयुक्त ने बताया कि फॉरेंसिक टीम ने घटनास्थल से कुछ साक्ष्य एकत्र किए है। जांच में पता चला कि किराना व्यापारी त्रिभुवन प्रसाद मौर्य ने सुरक्षा की दृष्टि से पेड़ पर एक वाई-फाई वाला सीसीटीवी कैमरा लगाया था। वारदात से पूर्व हत्यारों ने सीसीटीवी कैमरा तोड़ उसमें लगी मेमोरी कार्ड को निकाल लिया। उन्होंने बताया कि हत्यारों की तलाश में क्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। वहीं, स्थानीय लोगों का कहना है कि अंकित नशे का आदी और स्वभाव से झगड़ालू प्रवृत्ति का था। फिलहाल, पुलिस अंकित हत्याकांड का पर्दाफाश करने के लिए पुरानी रंजिश, अवैध सम्बन्ध जैसे पहलुओं पर तफ्तीश कर रही है। इसके साथ ही मृतक के मोबाइल की सीडीआर रिपोर्ट की खंगाली जा रही है।

# वैकुंठ एकादशी पर रंगजी मंदिर का खुला वैकुंठ द्वार

अवधनामा संवाददाता

- भगवान रंगनाथ ने दिए दर्शन

**मथुरा।** उत्तर भारत के विशाल दक्षिण शैली के रंगनाथ मन्दिर में शुक्रवार को वैकुंठ एकादशी के अवसर पर वैकुंठ द्वार को खोला गया। वर्ष में एक बार खुलने वाले वैकुंठ द्वार पर विराजमान हो कर भगवान ने भक्तों को दर्शन दिए। मान्यता है कि वैकुंठ द्वार से जो भक्त निकलता है, उसे वैकुंठ लोक की प्राप्ति होती है।

वैकुंठ उत्सव की शुरुआत देर रात भगवान रंगनाथ की मंगला आरती से हुई। इसके बाद सुबह ब्रह्म मुहूर्त में भगवान रंगनाथ माता गोदा जी के साथ परंपरागत वाद्य यंत्रों की मधुर ध्वनि के मध्य निज मन्दिर से पालकी में विराजमान हो कर वैकुंठ द्वार पहुंचे। यहां भगवान रंगनाथ की पालकी करीब आधा घंटे तक द्वार पर खड़ी रही। भगवान रंगनाथ की सवारी वैकुंठ द्वार पर पहुंचने पर मंदिर के श्री महंत गोवर्धन रंगाचार्य जी के नेतृत्व में सेवायत पुजारियों ने पाठ किया । करीब आधा घण्टे तक हुए पाठ और अर्चना के बाद भगवान रँगनाथ, शठ कोप स्वामी,नाथ मुनि स्वामी और आलवर संतों की कुंभ आरती की गई। वैदिक मंत्रोचार के मध्य हुए पूजा पाठ के बाद भगवान रंगनाथ की सवारी मन्दिर प्रांगड़ में भ्रमण करने के बाद पौंडानाथ मन्दिर जिसे भगवान का निज धाम वैकुंठ लोक कहा जाता है में विराजमान हुई। यहां मन्दिर के लोगों ने भगवान को भजन गा कर सुनाए। वैकुंठ द्वार से निकलने की चाह में लाखों भक्त रात से ही मन्दिर परिसर में एकत्रित होना शुरू हो गए। मन्दिर के पुजारी स्वामी राजू ने बताया कि 21 दिवसीय वैकुंठ उत्सव में 11 वें दिन वैकुंठ एकादशी पर्व पर वैकुंठ द्वार खोला जाता है । यह एकादशी वर्ष की सर्वश्रेष्ठ एकादशियों में से एक मानी जाती है।

# उपभोक्ता परिषद ने विद्युत नियामक आयोग में दाखिल किया लोकमहत्व याचिका

अवधनामा संवाददाता

- कहा, विद्युत नियामक आयोग के बनाए गए वितरण लाइसेंस कानून 2004 का खुला उल्लंघन

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश एनर्जी टास्क फोर्स की बैठक में कल दक्षिणांचल व पूर्वांचल को पीपीपी मॉडल में दिए जाने के लिए ट्रांजैक्शन एडवाइजर का चयन करने के लिए आरएफपी अनुमोदन के खिलाफ आज विद्युत नियामक आयोग में उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष व राज्य सलाहकार समिति के सदस्य अवधेश कुमार वर्मा ने विद्युत नियामक आयोग के अध्यक्ष अरविंद कुमार से मुलाकात कर जनहित में एक लोक महत्व प्रत्यावेदन दाखिल करते हुए पुरी प्रक्रिया पर रोक लगाने की मांग उठाई गई उपभोक्ता परिषद ने कहा यह पूरी प्रक्रिया रेगुलेटरी फ्रेमवर्क के पूरी तरह असम वैधानिक है क्योंकि विद्युत नियामक आयोग द्वारा बनाए गए वितरण लाइसेंस रेगुलेशन 2004 की धारा 10 का खुला उल्लंघन है क्योंकि बिना विद्युत नियामक आयोग के पूर्व अनुमति के यह प्रक्रिया आगे नहीं बढाई जा सकती किसी भी असेट के मामले में बदलाव की पूरी प्रक्रिया पर पहले विद्युत नियामक आयोग से अनुमति लेना जरूरी है यह पहले ही पावर कॉरपोरेशन ऐलान कर चुका है कि पीपीपी मॉडल में 51 प्रतिसत शेयर निजी कंपनियों का होगा और 49 प्रतिसत शेयर सरकार का होगा ऐसे में विद्युत नियामक आयोग को बिना अनुमति में लिए पावर कॉरपोरेशन द्वारा एनर्जी टास्क फोर्स से अनुमोदन प्राप्त करना आयोग द्वारा बनाए गए कानून का उल्लंघन है।

उपभोक्ता परिषद अध्यक्ष ने आयोग के सामने यह भी मुद्दा उठाया की 5 दिसंबर को बिना आयोग की अनुमति लिए पावर कारपोरेशन ने एनर्जी ट्रांसफर में बिजली कंपनियों को निजीकरण किए जाने के लिए पीपीपी मॉडल में एक मसौदे का अनुमोदन लिया जिसमें बडे पैमाने पर वित्तीय व तकनीकी कमियां सामने आई जया सिद्ध करती है कि आने वाले समय में एक बडा घोटाला हो सकता है इसलिए विद्युत नियामक आयोग का नैतिक दायित्व है कि वह पूरे मामले की छानबीन कर जांच कारण की बिजली कंपनियों के एसेट के साथ इस प्रकार का खेल क्यों किया जा रहा है क्या इससे कहीं-कहीं देश के उद्योगपतियों को फायदा पहुंचाने के लिए किया जा रहा कोई बडा खड्यंत्र तो नहीं।

उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने कहा जिस प्रकार से पावर कॉरपोरेशन जल्दबाजी में रोज एक नया प्रस्ताव एनर्जी ट्रांसपोर्ट से अनुमोदन कर लेता है उसे शायद रेगुलेटरी फ्रेमवर्क का ज्ञान नहीं है पारदर्शी तरीके से कोई भी भीम वितरण लाइसेंस में बदलाव या वितरण लाइसेंस में कोई भी प्रक्रिया को आगे बढाने के पहले उसे विद्युत नियामक आयोग का अनुमोदन लेना जरूरी है।

# दशकों बाद मथुरा में गन्ना तुलाई को लगा कांटा

अवधनामा संवाददाता

- छाता सुगर मिल चालू किये जाने की प्रक्रिया के तहत दिया जा रहा गन्ने की खेती को बढावा



**मथुरा।** दशकों बाद मथुरा में गन्ना तुलाई को कांटा लगा है। किसानों से अपील की गई कि वह अपना गन्ना उन्हें काटों पर लाएं। कोल्हू, जूस या गोशाला में गन्न न भेजें। छाता सुगर मिल को चालू किये जाने की प्रक्रिया के तहत किसानों को गन्ना की खेती के लिए प्रेरित किया जा रहा है और क्षेत्र में गन्ना की खेती को बढावा दिया जा रहा है। जिला गन्ना अधिकारी ओम प्रकाश सिंह ने अवगत कराया है कि वर्तमान पेराई सत्र में जनपद मथुरा के गन्ना कृषकों को गन्ना आपूर्ति की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए आठ जनवरी को त्रिवेणी इंजीनियरिंग एंड इंडस्ट्रीज लिमिटेड चीनी इकाई साबितगढ़ जनपद बुलंदशहर द्वारा जनपद में दो क्रय केन्द्रों बाघर्रा एवं मिलगेट छाता ऐट कामर पर कॉटा स्थापित कर दिया गया है। दोनों कयकेन्द्रों पर अतिशीघ्र तौल कार्य (गन्ना आपूर्ति) चालू कर दी जायेगी। जनपद मथुरा के समस्त गन्ना उत्पादक कृषकों से अनुरोध है कि अपने बेसिक सट्टे, बेसिक कोटे के आधार पर निर्धारित कैलेंडर में लगी हुयी पर्ची गन्ना आपूर्ति ई टिकट के अनुसार करेगे। अपनी समस्या का त्वरित गति से समाधान करा लें। कृषक अपना मोबाइल नंबर से एसएमएस पर्ची नम्बर दिखाकर गन्ना तौल करायेंगे। किसानों से कहा गया है कि चीनी मिल साबितगढ़ के अतिरिक्त किसी अन्य स्थान कोल्हू, जूस, गौशाला आदि में गन्ना आपूर्ति न करें।

# महाकुंभ पर आधारित अभिलेख-चित्र प्रदर्शनी व किव्ज का होगा आयोजन

अवधनामा संवाददाता



- 25 को 'वीरों को नमन' कार्यक्रम होगा

**लखनऊ।** शहर के हृदय स्थल सहारागंज में थ्री वीकेंड फेस्टिवल 'कुंभ वाइब्स' का आयोजन वृहद स्तर पर किया जा रहा है। इसके तहत सहारागंज की ओर से पहली कड़ी के रूप में पहले वीकेंड शनिवार 11 जनवरी को 'मकर संक्रान्ति और लोहड़ी स्पेशल' कार्यक्रम होगा। दूसरे वीकेंड शनिवार 18 जनवरी को कुंभ स्पेशल त्रिधारा कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। अंतिम कड़ी के रूप में 25 जनवरी को गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर विशेष रूप से वीरों को नमन कार्यक्रम का आयोजन सहारागंज में किया जाएगा। आयोजन स्थल पर विशाल कलश भी महाकुंभ के सेल्फी प्वाइंट के रूप में रखा जाएगा। यह आयोजन दोपहर तीन से रात आठ बजे तक होंगे। इन कार्यक्रमों में भागीदारी पूरी तरह से निःशुल्क रहेगी। इसलिए एक बार फिर तैयार है सहारागंज आप सभी की आवभगत के लिए।

प्रथम कड़ी के रूप में 11 जनवरी को महाकुंभ जी.के. क्विज के माध्यम से आगंतुकों को पुरस्कार जीतने का अवसर मिलेगा। प्रयागराज महाकुंभ मेला 2025 कब से शुरू हो रहा है और महाकुंभ कितने वर्ष बाद आयोजित होता है, जैसे आसान प्रश्नों के उत्तर इसमें देने होंगे। इसके विजेताओं को यूथ स्किल वॉल्कैनो द्वारा पुरस्कृत किया जाएगा। इस अवसर पर महाकुंभ पर आधारित अभिलेख-चित्र प्रदर्शनी का आयोजन भी किया जाएगा। इसके माध्यम से लोग कुंभ के इतिहास से रूबरू हो सकेंगे। लोग यह भी जान सकेंगे कि समुद्र मंथन के उपरांत कौन से 14 रत्न प्राप्त हुए थे और महाकुंभ कहां-कहां होता है। इसके साथ ही पेन्टिंग वर्कशॉप का भी आयोजन किया जाएगा। इसी कड़ी में काइट मेकिंग कॉन्टेस्ट का आयोजन अन्य आकर्षण बनेगा। इसकी खासियत यह रहेगी कि यह पतंग भले ही उड़े नहीं पर उसकी सजावट के आधार पर प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया जाएगा। इसमें साज-सज्जा के लिए फोम फ्लावर, स्टीकर्स आदि का प्रयोग किया जा सकेगा।

# नृत्य प्रतियोगिता का प्रथम पुरस्कार सीएमएस छात्रा को

अवधनामा संवाददाता



**लखनऊ।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, अलीगंज द्वितीय कैम्पस की कक्षा-7 की प्रतिभाशाली छात्रा आकृति मिश्रा ने अन्तर-विद्यालयी नृत्य प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार अर्जित कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है। यह प्रतियोगिता सामाजिक-साँस्कृतिक संस्था सृजन फाउण्डेशन के तत्वावधान में उत्तर प्रदेश महोत्सव के अन्तर्गत सम्पन्न हुई। यह जानकारी सी.एम.एस. के हेड, कम्युनिकेशन्स श्री ऋषि खन्ना ने दी है। श्री खन्ना ने बताया कि इस प्रतियोगिता में लखनऊ के कई प्रतिष्ठित विद्यालयों के छात्रों ने प्रतिभाग किया तथापि कड़ी प्रतिस्पर्धा के बीच आकृति ने अपने संगीत ज्ञान व नृत्य प्रतिभा की बदौलत प्रथम पुरस्कार अर्जित किया। प्रतियोगिता के आयोजकों ने आकृति की बहुमुखी प्रतिभा की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए मेडल एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। सी.एम.एस. प्रबन्धक प्रो. गीता गाँधी किंगडन ने इस प्रतिभाशाली छात्रा के उज्जवल भविष्य की कामना की है। श्री खन्ना ने बताया कि सी.एम.एस. अपने छात्रों को भौतिक, सामाजिक व आध्यात्मिक शिक्षा उपलब्ध कराने के साथ ही साँस्कृतिक व साहित्यिक क्षेत्रों में भी छात्रों का रुझान विकसित करता है तथापि उनकी क्षमता को प हचानकर उन्हें प्रोत्साहित करता है। यही कारण है कि सी.एम.एस. छात्र पढ़ाई में तो अव्वल रहते ही हैं साथ ही साथ गीत-संगीत, नृत्य, साहित्य व कला जैसे क्षेत्रों में भी विद्यालय के छात्रों ने अलग पहचान बनाई है।

# 'बालू के खनन के आयामों के प्रति कार्य करें'

अवधनामा संवाददाता



- जिलाधिकारी की अध्यक्षता में विधायक गण की मौजूदगी में खनिज फाउंडेशन की बैठक संपन्न

**मथुरा।** कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी शैलेंद्र कुमार सिंह की अध्यक्षता में जिला खनिज फाउन्डेशन न्यास की बैठक हुई संपन्न। जिला खनिज फाउन्डेशन न्यास की आयोजित बैठक में विधायक बल्देव पूरन प्रकाश, विधायक गोवर्धन ठाकुर मेघश्याम सिंह, जिलाधिकारी शैलेंद्र कुमार सिंह, डीपीआरओ किरण चौधरी, जिला खनन अधिकारी आदि मौजूद रहे। बैठक में मुख्य 4 बिंदुओं पर समिति ने सहमति जताई। जनपद मथुरा में भूतत्व एवं खनिकर्म उ0प्र0 शासन द्वारा अवैध खनन / परिवहन पर प्रभावी नियंत्रण रखे जाने हेतु तकनिकी अवसंरचनाओं के अन्तर्गत भरतपुर-मथुरा मार्ग (जनपद मथुरा स्थित जाजमपट्टी चौकी) पर स्थापित 01 चैकगेट संचालन हेतु वार्षिक अनुरक्षण हेतु ए.एम.सी. की धनराशि स्वीकृत करने के सम्बन्ध में चर्चा हुई, जिसे समिति द्वारा सहमति मिली। जनपद मथुरा में स्थापित चैकगेट का संचालन दिनांक 16.08.2023 को किए गए थे। चैकगेट से निकले वाहनों की संख्या 9087 है। निर्गत ई-नोटिसों की संख्या 1260 है। नोटिसों में निहित धनराशि रुपए 480.76 लाख है तथा वसूली की गयी धनराशि रुपए 124.61 लाख है। उक्त चेक गेट के ए.एम.सी. की धनराशि को स्वीकृत मिली।

बैठक में जिलाधिकारी के समक्ष जिला खनिज फाउन्डेशन न्यास मथुरा / खनन कार्यालय मथुरा हेतु संविदा पर 01 कम्प्यूटर ऑपरेटर एवं 01 चपरासी रखे जाने तथा जिला खनिज फाउन्डेशन न्यास में उपलब्ध धनराशि एवं किये गये कार्यो के ऑडिट कराये जाने हेतु सी.ए. को नामित कराये जाने पर चर्चा हुई, जिसपर समिति ने उक्त सभी डिमांड को सहमति प्रदान की। एन.जी.टी. द्वारा निर्गत विभिन्न आदेशों के क्रम में जनपद मथुरा में शासनादेश संख्या 1659/86-2023 दिनांक 17.05.2023 के क्रम में नामित संस्था द्वारा जिला सर्वेक्षण रिपोर्ट (डी.एस.आर.) के अपडेशन / मोडिफिकेशन का कार्य पूर्ण होने पर धनराशि निर्गत करने को समिति ने सहमति दी। विधायक बल्देव पूरन सिंह ने बल्देव क्षेत्र के बालू के श्रोत को खोजने एवं उनके क्षेत्र के पट्टे आवंटन करने हेतु प्रस्ताव रखा जिसपर जिलाधिकारी ने जिला खनन अधिकारी को निर्देश किया कि बल्देव क्षेत्र में बालू के खनन के आयामों के प्रति कार्य किया जाए। जिला खनिज फाउन्डेशन न्यास का संचालन व कार्य का विभाजन प्रतिशत में न्यास का संचालन करने हेतु जिलाधिकारी महोदय की अध्यक्षता में शासी परिषद् एवं प्रबन्ध समिति का गठन किया गया है तथा नियमावली में दिये गये प्राविधानों के अनुसार न्यास में जमा धनराशि का 60 प्रतिशत उच्च प्राथमिकता वाले क्षेत्र क्रमशः पेयजल आपूर्ति, पर्यावरण संरक्षण एवं प्रदूषण नियंत्रण के उपाय, शिक्षा, महिला एवं बाल कल्याण, वयोवृद्ध एवं निःशक्त लोगो का कल्याण, कौशल विकास एवं स्वच्छता तथा 40 प्रतिशत अन्य प्राथमिकता क्षेत्र क्रमशः भौतिक अवसंरचना, सिचाई ऊर्जा एवं जल विभाजक विकास एवं खनन वाले जिला में पर्यावरणीय गुणवत्ता में वृद्धि करने हेतु कोई अन्य उपाय में उपयोग किया जायेगा।

# 13 को महापंचायत में पहुंचेंगे राकेश टिकैत

अवधनामा संवाददाता

- किसान महापंचायत के आयोजन को लेकर गांव गांव में किया जा रहा जनसंपर्क

**मथुरा।** वृंदावन में 13 जनवरी को होने वाली किसान महापंचायत में राकेश टिकैत पहुचेंगे। भारतीय किसान यूनियन टिकैत से जुडे स्थानीय पदाधिकारियों का कहना है कि राकेश टिकैत वृंदावन में सोमवार को होने वाली किसान महापंचायत में पहुंचेंगे और किसानों को संबोधित करेंगे। महापंचायत में अधिक से अधिक किसान पहुंचे इसके लिए गावों में संगठन पदाधिकारियों द्वारा जनसंपर्क किया जा रहा है। गोवर्धन तहसील के गांव गांव में किसानों से भाकियू टिकैत के पदाधिकारियों ने जनसंपर्क किया।

किसानों से जनसंपर्क कर किसानों को जागृत करते हुए किसानों से होने वाली महापंचायत में पहुंचने की अपील की। गोवर्धन तहसील के राधा कुंड कोहनई, भगोसा, अडींग, जाजम पट्टी आदि गांव में किसानों को जागृत करने हेतु जनसंपर्क किया गया। जनसंपर्क में प्रमुख रूप से प्रदेश प्रवक्ता गजेंद्र सिंह परिहार मंडल अध्यक्ष आगरा रणवीर चार मंडल प्रमुख महासचिव जगदीश परिहार जिला अध्यक्ष मथुरा चौधरी धर्मवीर सिंह जिला उपाध्यक्ष योगेश अस्थान जिला अध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ मथुरा मीरा चौधरी वरिष्ठ कार्यकर्ता चंद्रपाल सिकरवार महानगर अध्यक्ष सलीम खान निजाम खान राजवीर नेताजी राकेश चौधरी ओम प्रकाश अर्जुन सिंह प्रधान जी सीमा शर्मा राजकुमार अशोक प्रधान तहसील संगठन मंत्री महावन बच्चू सिंह अभिषेक चौधरी शक्ति पाल विजय राजपूत फारूक मामा अकबर दयाराम चौधरी राम नारायण महावीर करण सिंह आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

# प्रबोध पुस्तकालय की चढ़रऊ में हुयी शुरूआत



अवधनामा संवाददाता

**ललितपुर।** ग्राम चढ़रऊ में निरंजन फाउंडेशन द्वारा प्रबोध पुस्तकालय की शुरुआत की गई। सुंदरकांड के पाठ और मनमोहक भजनों के पश्चात उद्घाटन का कार्यक्रम नरोत्तमदास त्यागी महाराज और डा.सरजू प्रसाद के कर-कमलों से संपन्न किया गया। पुस्तकालय का उद्देश्य लोगों में समग्र शिक्षा की ललक जगाना व सामाजिक कुरीतियों के दुष्परिणों से अवगत कराना है। साथ ही साथ बच्चों को पढने् के लिए बिना किसी शुल्क के उचित माहौल प्रदान करना भी फाउंडेशन का उद्देश्य है। इस अवसर पर गाँव के अनेक वरिष्ठजन और स्कूली बच्चे उपस्थित रहे।

# भाजपा की संगठन चुनाव प्रक्रिया शुरू

अवधनामा संवाददाता

- जिला अध्यक्ष के लिए 56 लोगों ने लिए नामांकन पत्र, प्रदेश प्रतिनिधि हेतु 9 ने पर्चे लिए
- आज होगा नामांकन एवं नाम वापसी

**ललितपुर।** संगठन पर्व के अवसर भारतीय जनता पार्टी की संगठनात्मक चुनावी प्रक्रिया आज से शुरू हो गई है। इस संदर्भ में आज गेस्ट हाउस में जिला चुनाव अधिकारी एवं काशी क्षेत्र के पूर्व क्षेत्रीय महामंत्री श्री रामचंद्र मिश्र ने जिला के जन प्रतिनिधियों से संगठनात्मक चुनाव को लेकर विस्तृत वार्ता की। जनप्रतिनिधियों में झांसी ललितपुर लोकसभा क्षेत्र के सांसद पंडित अनुराग शर्मा ,प्रयागराज झांसी शिक्षक विधायक क्षेत्र के एमएलसी डॉक्टर बाबूलाल तिवारी,एम एल सी रमा निरंजन ,जिला पंचायत अध्यक्ष कैलाश नारायण निरंजन आदि से उन्होंने से विस्तृत चर्चा की। जनप्रतिनिधियों ने कहा कि ऐसा अध्यक्ष चुना जाना चाहिए जो की पार्टी के प्रति वफादार कर्मठ निस्वार्थ सेवा वाला रहा हू तथा जो लोकप्रिय जनप्रिय के साथ कार्यकर्ताओं में समरसता का भाव रखता हो। क्योंकि भविष्य में काफी संगठनात्मक कार्यक्रम और चुनाव भी होना है ।ऐसा ऊर्जावान अध्यक्ष बनना जरूरी है जो की सभी कार्यकर्ताओं को साथ रख के समर्पित होकर चल सकेगा इससे संगठन भी ताकतवर बन सकेगा।इसके अलावा उन्होंने जिला अध्यक्ष के लिए पार्टी की रीति नीति आदि से संबंधित विभिन्न चर्चाएं भी की।

इसके बाद चुनाव अधिकारी रामचंद्र मिश्रा जिला चुनाव कार्यालय पर पहुंचे। वहां जिला अध्यक्ष के लिए 56 नामांकन पर्चे खरीदे गए तथा प्रदेश प्रतिनिधि हेतु 9 पर्चे खरीदे गये । कल 11 जनवरी को सुबह 10.00बजे से 12:00 बजे के बीच फार्म भरे जाने का कार्य शुरू होगा।तथा 12.00बजे से 1.00बजे के बीच नाम वापसी ।1.00बजे से पर्चों की जांच की जायेगी।

इस दौरान उनके साथ झांसी ललितपुर लोकसभा क्षेत्र के सांसद पंडित अनुराग शर्मा, शिक्षक विधायक डॉ बाबूलाल तिवारी ,विधान परिषद सदस्य रमा निरंजन, जिला पंचायत अध्यक्ष कैलाश नारायण निरंजन , निवर्तमान जिला अध्यक्ष जगदीश सिंह लोधी, जिला अध्यक्ष राजकुमार जैन ,बुंदेलखंड विकास बोर्ड के सदस्य प्रदीप चौबे, पूर्व जिला अध्यक्ष हरीराम निरंजन, सहकारी बैंक के अध्यक्ष रमेश कुमार सिंह लोधी, जिला मीडिया प्रभारी देवेंद्र गुरु, जिला महामंत्री बब्बू राजा बुंदेला, महेश श्रीवास्तव भैया, बंशीधर श्रीवास, बलराम सिंह लोधी ,क्षेत्रीय सदस्य धर्मेंद्र गोस्वामी, मोर्चा के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष गण अजय पटेरिया, गौरव गौतम ,दिग्विजय सिंह मोंटी ,धर्मेंद्र पाठक दिनेश गोस्वामी एडवोकेट, पंडित केदारनाथ तिवारी शिक्षक प्रतिनिधि ,नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि मुन्नालाल जैन सैदपुर, हरिश्चंद्र रावत जिला उपाध्यक्ष, जिला कोषाध्यक्ष रामेश्वर प्रसाद सड़ैया, हरिराम सिंह लोधी, हरी सिंह लोधी ,हरि सिंह बुंदेला, बसंती लहरिया, किरण सेन, जगभान सिंह राजपूत, ओम शंकर श्रीवास्तव, विजय सिंह राजपूत, निखिल रामकुमार तिवारी ,प्रधान संघ के अध्यक्ष अनुपम चौबे, विक्रांत रावत, राजेश लिटौरिया,ई पुनीत पाण्डेय आदि उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### जिलाधिकारी ने मंदिर की भूमि पर अवैध कब्जे की जांच करने के निर्देश दिए

**संभल।** शुक्रवार को जिलाधिकारी ने मंदिर का निरीक्षण किया जहॉ मंदिर की भूमि पर अवैध कब्जे का मामला प्रकाश मे आया जिलाधिकारी डॉक्टर राजेन्द्र पेंसिया ने उपजिलाधिकारी को जांच के आदेश दिये है संभल जनपद में 68 तीर्थ और 19 धर्म कूपो के साथ साथ ऐतिहासिक धरोहरो को कब्जा मुक्त कराये जाने का जिलाधिकारी लगतार प्रयासरत है सदर कोतवाली क्षेत्र के मुहल्ला तिवारी सराय मे स्थित मंदिर की भूमि पर अवैध अतिक्रमण और कब्जा होने की शिकायत पर निरीक्षण किया निरीक्षण के दौरान पुलिसअधीक्षक कृष्ण कुमार उपजिलाधिकारी वंदना मिश्रा समेत पुलिस फोर्स मौजूद रहे। जिलाधिकारी ने मंदिर की भूमि पर अवैध कब्जे की जांच करने के लिए उपजिलाधिकारी को निर्देशित किया है जिसके आधार पर कार्रवाई की जाएगी संभल 68 तीर्थ व 19 धर्म कूपो पौराणिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है जिनका अपना अलग इतिहास है जिनका सौंदर्य करण कराये जाने के साथ साथ संभल के ऐतिहासिक धरोहरो को भी संवारने के लिए तैयार की जा रही है ऐतिहसिक धरोहरो के आसपास अवैध कब्जा हटवाया जा रहा है जिससे उनका सौंदर्य करण किया जा सके।

### संभल की ऐतिहासिक शाही जामा मस्जिद मे जुम्मे की नमाज शांति पूर्वक संपन्न



**संभल।** में जामा मस्जिद का सर्वे रिपोर्ट कोर्ट में पेश होने के बाद आज जुमे की नमाज शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुई। सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे, और पुलिस प्रशासन ने पूरी सतर्कता बरती। संभल की ऐतिहासिक शाही जामा मस्जिद के सर्वे के दौरान हुई हिंसा के बाद से शाही जामा मस्जिद मे जुम्मे की नमाज भारी सुरक्षा व्यवस्था के बीच संपन्न कराए जा रही है जुम्मे की नमाज शांति पूर्वक संपन्न कराए जाने को लेकर पुलिस प्रशासन ने 32 मजिस्ट्रेट लगये गये थे मस्जिद के आसपास भारी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया था जिलाधिकारी डॉक्टर राजेन्द्र पेसिया पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार उपजिलाधिकारी वंदना मिश्रा समेत पुलिस प्रशासन के अधिकारी व कर्मचारी शाही जामा मस्जिद मे नमाज शांति पूर्वक अदा करने के लिए पुलिस बल के साथ मौजूद रहे शाही जामा मस्जिद मे जुम्मे की नमाज शांति पूर्वक संपन्न हुई लोग नमाज अदा करने के बाद शांति के साथ अपने घरों को रवाना हुए संभल मे 24 नवंबर को ऐतिहासिक शाही जामा मस्जिद के सर्वे के दौरान हुई हिंसा के बाद पुलिस प्रशासन जुम्मे की नमाज के दौरान निगरानी रखी जा रही है।

### आगे निकलने की होड़ में पलटा ट्रैक्टर, युवक की मौत

**ललितपुर।** शुक्रवार की सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसे में 27 वर्षीय युवक की मौत हो गई, जबकि उसके पिता घायल हो गए। घटना ललितपुर-राजघाट मार्ग पर ग्राम मडवारी के आगे नहर के पास हुई। ग्राम गुरसौरा निवासी 27 वर्षीय अखिलेश राजपूत अपने पिता शिवराज के साथ ट्रैक्टर-ट्रॉली में गेंहू लेकर ललितपुर गल्ला मंडी जा रहे थे। सुबह करीब 9 बजे जब वह टौरिया माइनर के पास पहुंचे, तभी पीछे से आ रहे मूंगफली से भरे एक ट्रैक्टर ने आगे निकलने की होड़ में उनके ट्रैक्टर को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि अखिलेश का ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर पलट गया। राहगीरों की मदद से दोनों घायलों को तुरंत मेडिकल कॉलेज पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने अखिलेश को मृत घोषित कर दिया। मृतक के पिता ने बताया कि अखिलेश दो भाई और एक बहन में सबसे बड़ा था। उसकी एक पुत्री है और वह परिवार का मुख्य कमाने वाला सदस्य था। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और दुर्घटना में शामिल ट्रैक्टर को जब्त कर लिया है। मामले की जांच जारी है।

### ई-श्रम कार्ड धारकों की मृत्यु या दिव्यांग होने पर मिलेगी आर्थिक मदद राशि

**ललितपुर।** श्रम प्रवर्तन अधिकारी डी.पी. अग्रहरि द्वारा जानकारी दी गयी कि ई-श्रम कार्ड धारकों को दुर्घटना में मृत्यु या दिव्यांग होने पर दावेदारों को श्रम एवं रोजगार मंत्रालय द्वारा मदद राशि दी जायेगी, दावेदारों को उसकी दशा के आधार पर क्षतिपूर्ति राशि दी जायेगी। ई-श्रम कार्ड धारक को दुर्घटना में मृत्यु होने की दशा में दो लाख रूपये की धनराशि मृतक के आश्रितों को दिलायी जायेगी, वहीं दुर्घटना में दोनो आंख, हांथ या पैर से दिव्यांग होने पर भी भारत सरकार की ओर से 02 लाख तक की धनराशि दी जायेगी, आंशिक रूप से चोटिल/दिव्यांग होने पर 01 लाख रूपये तक की आर्थिक मदद की जायेगी। अतः ऐसे असंगठित कर्मकार जो ई-श्रम पोर्टल पर 26 अगस्त 2021 से 31 मार्च 2022 तक पंजीकृत थे, उस अवधि में वह आयकर दाता या ईपीएफओ/ईएसआई के सक्रिय सदस्य न रहे हों तो वह योजना हेतु पात्र होंगे, दावा प्राप्त करने की अन्तिम तिथि 31.12.2024 निर्धारित की गयी है। अधिक जानकारी हेतु कार्यालय सहायक श्रम आयुक्त सदनशाह रोड से जानकारी प्राप्त कर सकते हैं या हैल्प डैस्क नम्बर 8317041040 पर वार्ता कर सकते हैं।

# बीईओ व बीडीओ भरवायें अधिक से अधिक आवेदन

- आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि 20 जनवरीः सीडीओ



अवधनामा संवाददाता

**ललितपुर।** मुख्य विकास अधिकारी /नोडल अधिकारी अटल आवासीय विद्यालय प्रवेश परीक्षा द्वारा बैठक का आयोजन किया गया जिसमें जानकारी दी गयी कि उ.प्र. भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड (श्रम विभाग) द्वारा संचालित अटल आवासीय विद्यालय, ग्राम धौर्रा (जनपद ललितपुर) में झांसी मण्डल के जनपद झांसी, ललितपुर एवं जालौन के 03 वर्ष पूर्व से पंजीकृत निर्माण श्रमिको के बच्चों तथा कोविड-19 की महामारी के दौरान कोरोना काल मे निराश्रित हुए बच्चों एवं मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना (सामान्य) के अन्तर्गत पात्र बच्चों हेतु शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए कक्षा-06 में उपलब्ध कुल 140 सीट (70 बालक एवं 70 बालिकाए) व कक्षा-09 में उपलब्ध कुल 140 सीट (70 बालक एवं 70 बालिकाएं) पर अटल आवासीय विद्यालय, ग्राम धौर्रा जनपद ललितपुर में प्रवेश हेतु ऑफलाइन आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि 20 जनवरी 2025 निर्धारित की गयी है। जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी द्वारा बताया गया कि अटल आवासीय विद्यालय ग्राम धौर्रा में विगत 02 वर्षो से संचालित है यह विद्यालय पूर्ण रूप से नवोदय विद्यालय की तर्ज पर संचालित किया जा रहा है। विद्यालय में कक्षा 06 से लेकर कक्षा 12 तक के छात्र-छात्राओं को निशुल्क शिक्षा दी जा रही है। छात्र-छात्राओं को रहने के लिये विद्यालय परिसर में ही छात्रावास की निःशुल्क सुविधा उपलब्ध है। सहायक श्रम आयुक्त झांसी दीपिका वर्मा द्वारा जानकारी दी गयी कि आधुनिक सुविधाओं से युक्त प्रयोगशाला, पुस्तकालय, खेल मैदान, स्मार्टक्लास रूम, के साथ-साथ उनके सर्वांगीण विकास के लिये अनुकूल वातावरण तैयार किया गया है। श्रम प्रवर्तन अधिकारी डी.पी. अग्रहरि ने बताया कि वर्तमान में पूर्व से विद्यालय में कुल 356 छात्र-छात्रायें शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं, जो झांसी मण्डल के जनपद जालौन व झांसी एवं ललितपुर के निवासी हैं। भविष्य में विद्यालय 1000 छात्र-छात्राओं की क्षमता के साथ संचालित किया जायेगा, विद्यालय में मिलने वाली सुविधाओं और खाने-पीने का समय-समय पर निरीक्षण कर गुणवत्ता जांची व परखी जाती है।

# सेल्फ डिफेंस क्लासेस का हुआ शुभारंभ



अवधनामा संवाददाता

**प्रयागराज।** आजकल अपनी सुरक्षा खुद करने की आदत युवाओं को तत्कालिक सुरक्षा दे सकती है। खासतौर पर उन लड़कियों को जो अकेले आती जाती हैं । इसी को ध्यान में रखते हुए प्रयागराज में कौशांबी ताइक्कांडो एसोसिएशन के अंतर्गत मंजू सेल्फ डिफेंस क्लासेस आज अबुबकरपुर चौराहा प्रीतम नगर में अपनी नई अकादमी को ओपन किया। उदघाटन बारा विधायक वाचस्पति ने किया और कहा कि सेल्फ डिफेंस हर बच्चे को सीखना चाहिए जिससे वे अपने को और समाज को सुरक्षित रख सके साथ में सेल्फ डिफेंस एक तरह से स्वस्थ के लिए भी जरूरी है। डिफेंस क्लासेस की डायरेक्टर मंजू कुमारी जिनके नाम पर ही मंजू डिफेंस क्लासेस की ओपनिंग हुई है ने बताया कि उनके इंस्टिट्यूट में ताइक्कांडो, जुंबा, डांस, योगा और कराटे सिखाया जाएगा। जिसका प्रशिक्षण वे खुद और प्रशिक्षित ट्रेनर के देखेरख में होगा।

उदघाटन के दौरान कौशांबी ताइक्कांडो एसोसिएशन के सचिव गोपेश कुमार सेन भी मौजूद रहे। साथ ही मंजू कुमारी ने कौशांबी ताइक्कांडो के बच्चों को सम्मानित किया जिसमें ध्रुव सिंह, रोहित, संस्कृति, शुभम आर्य , सागर कश्यप, रवि कुमार और रविका केसरवानी प्रमुख हैं।

# नकल कराया तो एक करोड़ का जुर्माना व आजीवन कारावास

अवधनामा संवाददाता

- यूपी बोर्ड की 10वीं और 12वीं की परीक्षा में रहेगी सख्ती
- नकल माफिया या साल्वरों पर इस बार सख्त से सख्त कार्रवाई किए जाने की तैयारी

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद की 10वीं और 12वीं की परीक्षा 24 फरवरी से शुरू हो रही है जो 12 मार्च तक चलेगी। इसमें 54.38 लाख अभ्यर्थी एग्जाम देंगे। इस बार इस परीक्षा में विशेष सख्ती की जा रही है। इसमें नकल माफिया या साल्वरों पर इस बार सख्त से सख्त कार्रवाई किए जाने की तैयारी है। ऐसे लोगों पर एक करोड़ रुपये तक का जुर्माना व आजीवन कारावास की सजा भी हो सकत है। उत्तर प्रदेश सार्वजनिक परीक्षा (अनुचित साधनों का निवारण) अधिनियम 1998 खत्म हो गया है। वर्ष 2025 की परीक्षा में उत्तर प्रदेश सार्वजनिक परीक्षा (अनुचित साधनों का निवारण) अधिनियम- 2024 लागू होगा। इसमें परीक्षा की शुचिता प्रभावित करने, प्रश्नपत्र लीक कराने, प्रश्नपत्र हल कराने की कोशिश आदि पर साल्वरों एव साल्वर गिरोह को आजीवन कारावास एवं एक करोड़ रुपए तक के जुर्माने से दंडित करने का प्राविधान है। बोर्ड सचिव भगवती सिंह की ओर से सभी क्षेत्रीय अपर सचिवों एवं जिला विद्यालय निरीक्षकों को जल्द निर्देश जारी किए जाएंगे। नए अधिनियम के तहत परीक्षा के निष्पक्ष संचालन में प्रश्नपत्र या उसके किसी भाग या प्रश्नपत्र की फोटोकापी कराकर नकल कराने की कोशिश करने पर अधिकतम एक वर्ष कारावास या पांच हजार रुपया जुर्माना या दोनों से दंडित किए जाने का प्रविधान था। नए अधिनियम में कोई व्यक्ति या साल्वर गिरोह यदि पहली बार परीक्षा प्रभावित करेगा तो तीन से 14 वर्ष तक कारावास तथा 10 लाख से 25 लाख रुपये तक जुर्माने से दंडित किया जाएगा।

# अति पिछड़े सहरिया बाहुल्य ग्रामों में जनकल्याणकारी योजनाओं का शत-प्रतिशत होगा आच्छादनः डीएम

अवधनामा संवाददाता



- ग्राम धौजरी व दारुतला में लगाई गई जन चौपाल में दिये गए निर्देशों के क्रम में चिन्हित लाभार्थियों की समीक्षा की
- स्थलीय निरीक्षण कर जीरो पॉवरटी सर्वे को क्रॉस वैरिफाई करने व छूटे हुए लाभार्थियों को लाभान्वित करने के दिये निर्देश

**ललितपुर।** वर्तमान सरकार की अन्त्योदय की अवधारणा को साकार करने के लिए जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी द्वारा लगातार जनपद के पिछड़े ग्रामीण क्षेत्रों में चौपाल लगाकर उस क्षेत्र का विकास एवं केन्द्र व प्रदेश सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं का सीधा लाभ दिलाया जा रहा है, जिसके क्रम में जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने विगत दिसम्बर माह में जनपद के सहरिया बाहुल्य ग्राम धौजरी एवं दारुतला में जन चौपाल लगाकर जीरो पॉवरटी सर्वे के आधार पर छूटे हुए पात्र लाभार्थियों को लाभान्वित करने के निर्देश दिये थे। उक्त निर्देशों के क्रम में ग्रामों में विभिन्न विभागों ने कैम्प लगाकर लाभार्थियों का चिन्हांकन किया था और योजनाओं लाभान्वित किया गया था। उपरोक्त के क्रम में शुक्रवार को जिलाधिकारी ने कलैक्ट्रेट कक्ष में संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ पुनः बैठक कर अवशेष लाभार्थियों को योजनाओं से संतृप्त करने के निर्देश दिये। उन्होंने पूर्व में चिन्हित किये गए लाभार्थियों की समीक्षा करते हुए कहा कि ग्रामों में स्थलीय निरीक्षण करते रहें और जीरो पॉवरटी सर्वे रिपोर्ट को क्रॉस वैरिफाई कर सत्यापन करें। जिलाधिकारी ने ग्रमीण अंचलों में बेरोजगारों को मनरेगा जॉबकार्ड, वृद्धजनों को वृद्धावस्था पेंशन, आवास, शौचालय, राशनकार्ड, उज्ज्वला सिलेण्डर, बच्चों को पोषाहार, विद्यालयों में नामांकन, दिव्यांगजनों को पेंशन, सहायक उपकरण, निराश्रिम महिलाओं को पेंशन व स्वरोजगार हेतु श्रण, श्रमिक पंजीयन, विद्युत कनेक्शन, शुद्ध पेयजल हेतु कनेक्शन आदि योजनाओं की गहन समीक्षा की और अधिकारियों को पुनः सहरिया बाहुल्य ग्रामों में शिविर लगाकर छूटे हुए पात्रों को लाभान्वित कर अवगत कराने के निर्देश दिये। इस अवसर पर पीडी डीआरडीए दीपक यादव, अपर उप जिलाधिकारी मो.नासिर, श्रम प्रवर्तन अधिकारी डीपी अग्रहरि, जिला समाज कल्याण अधिकारी संजय श्रीवास्तव, जिला प्रोबेशन अधिकारी नन्दलाल सिंह अधिशासी अभियंता विद्युत राहुल सहित अन्य सम्बंधित विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# एआईपीएमएम ने की शहाबुद्दीन रिज़वी के बयान की निन्दा

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** ऑल इण्डिया पसमांदा मुस्लिम महाज़ शहाबुद्दीन रिज़वी बरेलवी द्वारा महाकुंभ की ज़मीन को वक्फ की ज़मीन कहने संबंधी बयान की कड़ी निंदा करता है। यह बयान पूरी तरह से अनुचित, भ्रामक और सस्ती लोकप्रियता हासिल करने के उद्देश्य से दिया गया प्रतीत होता है। इस प्रकार के बयानों से समाज में अनावश्यक तनाव पैदा होता है, जो देश की एकता और अखंडता के लिए घातक है। महाकुंभ केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं है, बल्कि भारतीय संस्कृति, परंपरा, और राष्ट्रीय गौरव का प्रतीक है। ऑल इण्डिया पसमांदा मुस्लिम महाज़ इस अवसर पर सभी हिंदू भाई-बहनों को हार्दिक शुभकामनाएं और बधाई देता है। हम इस आयोजन की सफलता और देश में सौहार्दपूर्ण वातावरण की कामना करते हैं।

महाज़ का मानना है कि इस प्रकार के गैर-ज़रूरी और भड़काऊ बयानों को पूरी तरह नज़रअंदाज करना चाहिए। सभी धर्मों और समुदायों के बीच सौहार्द और आपसी विश्वास बनाए रखना हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है। ऑल इण्डिया पसमांदा मुस्लिम महाज़ ने हमेशा भारतीय संविधान, धर्मनिरपेक्षता, और सामाजिक सद्भाव को प्राथमिकता दी है। महाज़ का उद्देश्य सभी धर्मों और समुदायों के साथ मिलकर एक ऐसा वातावरण बनाना है, जहां नफरत और विभाजन की जगह प्रेम और भाईचारे का संदेश प्रबल हो।

# नेक्स प्रो वर्ल्ड प्रोडक्ट लिमिटेड कम्पनी के नाम पर लाखों रुपये हड़पे

अवधनामा संवाददाता

- धोखाधड़ी कर बानपुर व बार क्षेत्र के गांव में लोगों को फंसाया
- एसपी के आदेश पर पुलिस ने दर्ज की एफआईआर, जांच शुरू

**ललितपुर।** एलयूसीसी में हजारों निवेशकों का करोड़ों रुपया हड़प जाने के मामले में पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक द्वारा लगातार कार्यवाहियां किये जाने से आमजन में जागरूकता भी आयी है। जागरूक हुये लोगों द्वारा कई अन्य चिटफण्ड कम्पनियों द्वारा किये जा रहे फ्रॉड की शिकायतें प्रकाश में आने लगी हैं। इसी प्रकार थाना बानपुर व थाना बार से दो मामले प्रकाश में आये हैं। नेक्स प्रो वर्ल्ड प्रोडक्ट लिमिटेड कम्पनी के नाम पर लाखों रुपये की धोखाधड़ी किये जाने के दो मामले दर्ज किये गये हैं।

थाना बानपुर अंतर्गत ग्राम बड़ोखरा निवासी जागेश्वर प्रसाद पुत्र स्वामी प्रसाद ने पुलिस अधीक्षक को विगत 25 नवम्बर 2024 को तहरीर देकर बताया था कि नेक्स प्रो वर्ल्ड प्रोडक्ट लिमिटेड कम्पनी में कार्यरत थाना सौजना के ग्राम गुढ़ा निवासी मुकेश पुत्र भागीरथ, यशवंत पुत्र मुकेश, भागीरथ पुत्र रगवर एकराय होकर उसके पास आये और उक्त कम्पनी में निवेश करने की बात कहते हुये आश्वासन दिया कि यदि कम्पनी द्वारा भविष्य में कोई धोखाधड़ी की जाती है तो उसका सारा भुगतान हम लोगों द्वारा किया जायेगा। पीड़ित के अनुसार उक्त लोगों के आश्वासन पर विश्वास करके दो लाख रुपये की एफडी उसने अपने नाम से व पत्नी राजकुमारी उर्फ रज्जो के नाम से एक लाख रुपये की एफडी 27 जनवरी 2019 को बनवा ली। एफडी पर 66 माह के बाद दोगुना धनराशि लौटाने का वायदा किया गया। यह भी बताया कि उक्त लोगों ने उसे गारण्टी के तौर पर उसके नाम पर से 4 लाख रुपये का व पत्नी के नाम से 2 लाख रुपये का चैक दिया। पीड़ित ने बताया कि एफडी की समयावधि पूर्ण हो जाने के बाद जब उन्होंने मुकेश को फोन करके रुपये मांगे तो मुकेश ने उससे विवाद कर रुपया देने से इंकार कर दिया। पीड़ित ने बताया कि उन्होंने उक्त रुपया मजदूरी करके और जमीन बेचकर बच्चों के भविष्य के लिए जमा किया था। पीड़ित की तहरीर पर बानपुर पुलिस ने उक्त लोगों के खिलाफ आईपीसी की धारा 406, 420, 506 के तहत एफआईआर दर्ज की है।

वहीं दूसरे मामले में थाना बार क्षेत्रांतर्गत ग्राम मर्रोली निवासी शिवराज सिंह पुत्र लखन ने एसपी को तहरीर देकर बताया कि नेक्स प्रो वर्ल्ड प्रोडक्ट लिमिटेड कम्पनी के कार्यरत मुकेश पुत्र भागीरथ, यशवन्त पुत्र मुकेश, भागीरथ पुत्र रगवर, प्रीति पत्नी मुकेश, पप्पू व अशोक पुत्रगण भागीरथ ने एकराय होकर उसे विश्वास में लेकर एक लाख रुपये की एफडी 6 सितम्बर 2019 को बनवा ली, जिसमें 66 माह बाद रुपया दोगुना होने की बात कही गयी थी। समयावधि पूर्ण होने पर जब रुपया वापस मांगा तो उक्त लोगों ने रुपये वापस करने से इंकार कर दिया।

# खण्ड स्तरीय प्रशिक्षण में बताये विकास कार्य



अवधनामा संवाददाता

**ललितपुर।** निदेशक पंचायती राज अटल कुमार के निर्देशों के क्रम में विकास खण्ड सभागार विरधा में राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान योजनान्तर्गत एलएसडी जीपी डीआईजीएसआर एवं कार्बन न्यूट्रल विषय पर एडीओ पंचा., ग्राम प्रधान व सचिवों का एक दिवसीय विकास खण्ड स्तरीय प्रशिक्षण आयोजित किया गया।

शुभारम्भ बीडीओ विरधा इरशाद अहमद एवं एडीओ पंचा. महेन्द्र कुमार ने मां सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित करके दीप प्रज्जवलन किया गया। प्रशिक्षण के दौरान महिला प्रधानों के अधिकार सहित उनके कत्तयों की जानकारी दी गई। बीडीओ ने सभी उपस्थित प्रधानों से कहा कि प्रशिक्षण में में दी गई जानकरी का गांवों में पूर्ण उपयोग करें और गाँवों को आगे की बढ़ाने की दिशा में कदम बढ़ायें। एडीओ पंचायत ने कहा कि महिला प्रधान सिंह सिर्फ नाम के लिए नहीं है। मौके पर जाकर कार्यो को देखें उनकी गुणवत्ता परखें। महिला प्रधान मी विकास कार्यो में बढ़ चढ़कर सहभागिता निभायें। ग्राम प्रधान व सचिव मिलकर कार्य करें और अच्छे व गुणवत्ता युक्त विकास कार्यो के बल पर गाँवों की तस्वीर बदलें। बीडीओ ने कहा कि कार्य योजना बनाने के बाद उसे अच्छी तरह चेक कर लें उसके बाद ही फीड करायें जिससे कि बार-2 सप्लीमेन्ट्री व लगानी पड़ें। इस दौरान प्रशिक्षक अभिनव राठौर, काउंसलिंग इंजी.कृष्ण सहारिया, वीडीओ भगवानदास निरंजन, खेमचंद्र, शैलेन्द्र प्रजापति, ग्राम पंचायत अधिकरी रवीना, शैलेन्द्र कुमार, सचिव वसु बुन्देला, फरहाना खान व सभी क्षेत्रीय उद्यान उपस्थित रहे।

# क्षय रोग उन्मूलन हेतु युद्ध स्तर पर करें प्रयास, मरीजों के चिन्हांकन में न हो लापरवाही : डीएम

- समीक्षा के लिए जिलाधिकारी ने बैठक कर अधिकारियों को दिये निर्देश



अवधनामा संवाददाता


**ललितपुर।** राष्ट्रीय क्षय उन्मूलउन कार्यक्रम के अंतर्गत मुख्यमंत्री द्वारा दिये गये निर्देशों के क्रम में सभी 75 जनपदों में 100 दिवसीय सघन टीबी अभियान चलाया जा रहा है, जो 24 मार्च 2025 तक चलेगा, जिसका मुख्य उद्देश्य टीबी के लापता रोगियों को खोजने, टी.बी. से होने वाली टीबी मरीजों की मृत्यु दर को कम करने और टीबी से नये व्यक्तियों को संक्रमित न होने देने के प्रयासों में तेजी लाना है, जिस सम्बंध में जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी द्वारा कलैक्ट्रेट सभागार में बैठक कर अभियान की प्रगति एवं गतिविधियों की समीक्षा की गयी।

जिलाधिकारी द्वारा समीक्षा के दौरान निर्देशित किया गया कि जनपद में क्षय रोग उन्मूलन के लिए युद्धस्तर पर प्रयास किये जायें, किसी भी स्तर पर मरीजों के चिन्हांकन में लापरवाही न होने पाये। सभी उच्च जोखिम समूह वाली आबादी की शत-प्रतिशत टीबी रोग की स्क्रीनिंग की जाये और चिन्हित टीबी मरीजों को इलाज पर रखा जाये।

इस सम्बंध में मेडीकल कॉलेज के चिकित्सकों और प्राइवेट चिकित्सकों का पूर्ण सहयोग लिया जाये। साथ में अन्य सभी विभागों से समन्वय स्थापित करते हुये उनका भी सहयोग लिया जाये। उक्त अभियान में समस्त चिकित्सकों, पैरामेडीकल स्टॉफ, सी.एच.ओ., ए.एन.एम. एवं आशाओं का भी सहयोग लिया जाये। इस दौरान बताया गया कि अभियान में उच्च जोखिम वाली जनसंख्या की स्क्रीनिंग जैसे 60 वर्ष से अधिक आयु, कुपोषित आबादी, मधुमेह रोगी, घूम्रपान एवं नशा करने वाले, इलाज ले रहे टीबी रोगियों के साथ रहे व्यक्ति, ऐसे व्यक्ति जो पहले टीबी का इलाज ले चुके हों, एच.आई.वी. से ग्रसित व्यक्तियों में टीबी रोग की पहचान करना है। शासन द्वारा प्राप्त निर्देशों के क्रम में स्क्रीनिंग में टीबी के लक्षण युक्त मरीजों की सीबीनॉट, एक्स-रे, बलगम परीक्षण जांच कराई जानी है। अभियान के लिये समस्त चिकित्सकों, सीएचओ, एएनएम, आशा कार्यकत्रियों को प्रशिक्षण प्रदान कर दिया गया है। बैठक में सीएमओ डा.इम्तियाज अहमद, क्षयरोग अधिकारी डा.रामनरेश सोनी, परामर्शदाता टीबी डा.जे.एस. बक्शी, वरिष्ठ परामर्शदाता डा.पवन सूद एवं एनटीईपी कार्यक्रम समन्वयक शिवराम सिंह उपस्थित रहे।

# सर्दियों में फटे होंठ बिगाड़ रहे हैं आपकी खूबसूरती, ट्राई करें ये नुस्खा मिलेंगे सॉफ्ट लिप्स

सर्दियों के मौसम में हम सभी को एक्स्ट्रा स्किन केयर की जरूरत होती है। क्योंकि यह मौसम हमारी त्वचा को भी नुकसान पहुंचाता है। सर्दियों में चलने वाली ठंडी हवा हमारी स्किन की नमी को सोख लेती है। जिससे स्किन ड्राई और डल हो जाती है। सर्दियों में चेहरे पर डार्कनेस और होंठ फटने लगते हैं। सर्दियों के मौसम में होंठ भी ज्यादा फटते हैं, इसलिए इनकी केयर के लिए आप कुछ घरेलू नुस्खे अपना सकते हैं। आज हम आपको कुछ ऐसे नुस्खों के बारे में बताने जा रहे हैं, जिसे ट्राई करने में सिर्फ 5 मिनट का समय लगेगा। इन नुस्खों को आजमाने से आपके होंठ कम फटेंगे और यह सॉफ्ट और पिंक बने रहेंगे।



***गुलाब की पंखुड़ियां और दूध***

गुलाब की पंखुड़ियों के इस्तेमाल से स्किन सॉफ्ट होती है। वहीं दूध स्किन में नमी पैदा करता है। ऐसे में आप इन दोनों चीजों का इस्तेमाल अपने लिप्स के लिए कर सकते हैं। इसमें किसी तरह का कोई केमिकल मौजूद नहीं होता है।

लिप्स पर लगाएं गुलाब की पंखुड़ियां और दूध गुलाब की पंखुड़ियों को अलग कर लें।

फिर इन पंखुड़ियों को पानी से साफ कर लें और 2 चम्मच दूध के साथ पीस लें।

अब इसको अपने लिप्स पर लगाएं और फिर करीब 5 मिनट बाद साफ कर लें।

इसको अप्लाई करने के कुछ समय बाद ही आपके होंठ सॉफ्ट और गुलाबी नजर आने लगेंगे।

***एलोवेरा जेल और शहद***

बता दें कि एलोवेरा जेल त्वचा के लिए अच्छा होता है। इसलिए आपको एलोवेरा जेल का इस्तेमाल जरूर करना चाहिए। एलोवेरो जेल के साथ आप शहद का भी इस्तेमाल कर सकती हैं। इससे लिप्स पर नमी बनी रहेगी।

***ऐसे इस्तेमाल करें एलोवेरा जेल और शहद***

सबसे पहले एक कटोरी में फ्रेश एलोवेरा जेल निकालना है।

अब इसमें 1 चम्मच शहद डालें और दोनों को अच्छे से मिक्स करें।

फिर इसको लिप्स पर लगाएं।

लिप्स पर यह लगाने के 5 मिनट बाद होंठ साफ कर लें।

इसको लगाने से होंठ पर सॉफ्टनेस आ जाएगी।

इस नुस्खे को ट्राई करने से आपके लिप्स सॉफ्ट हो जाएंगे। इससे आपको मार्केट से लिप बाम लेने की जरूरत नहीं पड़ेगी। साथ ही आपके होंठ सर्दी से बचे रहेंगे। अगर आपको कोई समस्या है, तो पैच टेस्ट जरूर करें। लेकिन इसे ट्राई करने से पहले एक्सपर्ट की सलाह लेना न भूलें।

# ठंड को मात देने के लिए परफेक्ट रहेगा चिकन और अदरक का सूप, नोट करें रेसिपी

जब बाहर मौसम ठंडा हो, तो चिकन और अदरक के सूप की भरी कटोरी से बेहतर कुछ नहीं हो सकता। चिकन की अच्छाई, ताजी अदरक और सुगंधित मसालों से बना यह सूप आपके शरीर के साथ-साथ आपके दिल को भी गर्म कर देगा और आपको सबसे ठंडे सर्दियों के दिनों में भी तरोताजा महसूस कराएगा। निर्देशों के साथ रेसिपी नीचे दी गयी है, स्क्रॉल करें, रेसिपी पढ़ें और अपने गर्म सूप का आनंद लें।

***सामग्री***

आधा किलो बोनलेस चिकन ब्रेस्ट या लेग्स, 4 कप चिकन ब्रोथ, 2 बड़े चम्मच घी या तेल, 1 छोटाकटा हुआ प्याज, 2 कटे हुए लहसुन, थोड़ा सा कसा हुआ अदरक, 1 चम्मच पिसा जीरा, 1 चम्मच पिसा धनिया, स्वादानुसार नमक और गार्निश के लिए ताज़ा धनिया



***चिकन और अदरक सूप बनाने के निर्देश***

1. एक पैन में तेल गरम करें और प्याज, लहसुन और अदरक को नरम होने तक भूनें।
2. चिकन डालें और भूरा होने तक पकाएं।
3. चिकन ब्रोथ, जीरा, धनिया और नमक डालें और अच्छी तरह मिलाएं।
4. उबाल आने दें, फिर आंच कम करें और 15-20 मिनट तक या चिकन के पूरी तरह पकने तक पकाएं।
5. सूप बनकर तैयार है अब इसपर धनिया गार्निश करें और गरमागरम परोसें।

***चिकन ब्रोथ बनाने की विधि***

स्वादिष्ट चिकन ब्रोथ बनाने के लिए, 1 किलो हड्डी वाले चिकन के पीस को पानी के एक बड़े बर्तन (लगभग 6-8 कप) में 30-40 मिनट तक उबालें। अतिरिक्त स्वाद के लिए प्याज, गाजर और अजवाइन जैसी कुछ कटी हुई सब्जियां और कुछ साबुत काली मिर्च डालें। तरल को छान लें और इसे ठंडा होने दें।

# ठंडे दिनों के लिए एकदम सही है नारियल के स्वाद वाला आरामदायक टमाटर का सूप

सर्दियों के दिनों में हमारा शरीर कुछ गर्म और स्वादिष्ट खाने के लिए तरसता है। ऐसे में मलाईदार और आरामदायक टमाटर और नारियल का सूप आपकी मदद कर सकता है। यह स्वादिष्ट सूप ताजे टमाटर, मलाईदार नारियल के दूध और खास मसालों से बनाया जाता है, जो ठंड के दिनों में आपको अंदर से आरामदायक और संतुष्ट महसूस कराएगा। नीचे इस सूप की रेसिपी दी गई है, तो जल्दी से नीचे स्क्रॉल करें और इसे घर पर ट्राई करें।



***टमाटर और नारियल सूप बनाने के लिए सामग्री***

2 बड़े चम्मच घी या तेल, 1 छोटा प्याज (कटा हुआ), 2 लहसुन (कटा हुआ), 2 टमाटर (कटे हुए), 1 कप नारियल का दूध, 2 कप पानी, 1 चम्मच जीरा पाउडर, 1 चम्मच धनिया पाउडर, स्वादानुसार नमक और गार्निश के लिए ताज़ा धनिया

***टमाटर और नारियल सूप बनाने की विधि***

1. एक पैन में तेल गरम करें और प्याज़ और लहसुन को नरम होने तक भूनें।
2. कटे हुए टमाटर डालें और उन्हें नरम होने तक पकाएं और फिर जीरा, धनिया और नमक डालकर अच्छी तरह मिलाएं।
3. अब इसमें पानी डालें और उबाल आने दें, फिर आंच कम करें और 15 मिनट तक अच्छे से उबालें।
4. अब इसमें नारियल का दूध मिलाएं और 2-3 मिनट तक पकाएं और अंत में धनिया से गार्निश करें और गरमागरम परोसें।
5. आप चाहे तो इस सूप को छलनी से छान सकते हैं या फिर इसका ऐसे ही सेवन कर सकते हैं।

# रात की बचीं हुईं रोटियों से बनाएं ये 2 स्वदिष्ट रेसिपी, हर कोई करेगा आपकी तारीफ

हर घर में गेंहू का आटे से रोटियां बनाई जाती है। सब्जी के साथ या फिर चावल के साथ रोटी को खाई जाती है। कितना भी गिनकर रोटी बना लों आखिर में रोटियां बच ही जाती है। आपके घर में ज्यादातर रोटियां बचने से काफी नुकसान होता है। इसके बाद आपको बची हुए रोटी को जानवर को खिलाते हैं या फिर रोटियों को फेंक देते हैं। वैसे आजकल तो गली-मोहल्ले के कुत्ते भी बची हुई रोटी नहीं खाते हैं। इससे बेहतर है कि आप रात की बची हुई रोटियों से बेहतरीन डिश बना सकते हैं। इस लेख में हम आपको बताने जा रहे हैं कि बची हुई रोटी से क्या डिश बना सकते हैं।

***रोटी से बनाएं मिनी समोसा***

***समोसे का मसाला बनाने की विधि***

- इसके सबसे पहले आप एक पैन लें उसमें तेल डालकर उसमें जीरा, हरी मिर्च और हींग डालें।
- अब आप हल्दी पाउडर डालकर उबले आलू को मैश करके डाल दें, इसमें मटर मिक्स करें। इसके साथ ही ऊपर से लाल मिर्च और नमक डालें।
- फिर आप स्पैटुला की मदद से सभी चीजों को अच्छे से मिक्स कर लें।
- व्हाइट और रेड म्योनीज को एक कटोरी में लेकर अच्छी तरह मिक्स करें और इसका आलू के मिश्रण में मिला दें। इस मिश्रण को अच्छे से भूनें और ठंडा होने के लिए रख दें।



***बनाने का तरीका***

- सबसे पहले आपको रोटी में से त्रिकोण आकार के पीस काटने हैं।
- दूसरी ओर के कटोरी में मैदा में पानी डालकर घोल तैयार करें।
- अब रोटी के कटे हुए पीस पर आपको मयोनीज और सॉस का घोल स्प्रैड करें।
- इसके बाद रोटी के टुकड़ों को कोन का आकार देते हुए उसमें मसाला फिल करें और कॉर्नर्स पर मैदा का घोल लगाते हुए चिपका दें।
- फिर ऊपर की साइड टूथपिक की मदद से बंद कर दें।
- कड़ाही में तेल गर्म करें और इन्हें अच्छे से तल लें।
- रोटी से बनें हुए आपके गर्मागर्म समोसे तैयार है।

***रोटी से बनाएं पोहा***

- बासी रोटियों को आप हल्का मिक्सी में पीस लें या चाकू या फिर हाथों की मदद से टुकड़े कर लीजिए।
- अब आप सफेद और हरी प्याज, लहसुन और टमाटर लेकर बारीक काट लें। इसके साथ ही हरी मिर्च, अदरक और हरा धनिया काट लें।
- इसके बाद कड़ाही में सरसों का तेल डालें और उसके गर्म हो जाने के बाद राई और हरी मिर्च हींग डालें।
- ऊपर से कटी हुई हरी और सफेद प्याज लहसुन डालकर अच्छे से भून लें।
- प्याज को अच्छे से भुन जाने से उसमें टमाटर डाल दें और ऊपर से नमक, हल्दी पाउडर, लाल मिर्च पाउडर, सब्जी मसाला डालकर मिक्स करें। हल्का-सा पानी डालकर ढक दें और टमाटर को गलने दें।
- जब टमाटर अच्छे से गल जाएं तो अब इसमें गर्म मसाला, अमचूर पाउडर और चाट मसाला डालें। इसके बाद, आप एक बार मिक्स करें। आखिरी में रोटी के टुकड़ों डालकर अच्छे से मिक्स करें। इसको आप 5 मिनट के लिए ढक दें और फिर खोलकर अच्छे से भून लें।
- आखिर में गैस बंद कर दें और हरा धनिया से गार्निश करें और यह आपका रोटी वाला पोहा तैयार है।

# डैंड्रफ की वजह से होना पड़ता है शर्मिंदा तो करें फिटकरी के ये उपाय, स्कैल्प की इचनेस होगी दूर



डैंड्रफ और सिर में खुजली होना एक आम समस्या है। लेकिन जब यह समस्या लंबे समय तक बनी रहती है, तो यह काफी असुविधाजनक हो जाती है। यह न सिर्फ आपके बालों बल्कि स्कैल्प की सेहत पर भी असर डालती है। इस समस्या से राहत पाने के लिए आप कुछ घरेलू उपाय आजमा सकते हैं। इस समस्या से राहत पाने के लिए आप फिटकरी का इस्तेमाल कर सकते हैं। क्योंकि फिटकरी एक प्राकृतिक और प्रभावी सॉल्यूशन है।

फिटकरी में एंटी-फंगल और एंटी-बैक्टीरियल गुण पाए जाते हैं। स्कैल्प पर मौजूद फंगल संक्रमण और गंदगी दूर हो जाती है। यह स्कैल्प की खुजली को शांत करता है और यह डैंड्रफ के सफेद कणों को साफ रखने में सहायता करता है। फिटकरी के अलावा तुलसी और नारियल का तेल शक्तिशाली तत्व हैं, जो जीवाणुरोधी, एंटी-फंगल और मॉइश्चराइजिंग गुणों के लिए जाने जाते हैं। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको बताने जा रहे हैं कि आप ड्रैंडफ हटाने के लिए तुलसी का इस्तेमाल कैसे कर सकते हैं।

स्कैल्प की सफाई के लिए ऐसे करें फिटकरी का इस्तेमाल

गर्म पानी में फिटकरी का एक छोटा टुकड़ा घोलें।

शैंपू करने के बाद इसको घोल से आखिरी बार रिंस करें।

सादे पानी से बालों को धोने से पहले कुछ मिनट लगा रहने दें।

यह डैंड्रफ से लड़ता है और स्कैल्प की जलन शांत करता है।

फिटकरी, तुलसी और नारियल तेल का मास्क

बता दें 2-3 बड़े चम्मच नारियल तेल गर्म करें।

अब फिटकरी का छोटा टुकड़ा डालें और इसको पूरी तरह से घुलने दें।

फिर इसमें 1 बड़ा चम्मच तुलसी का पेस्ट या तुलसी पाउडर मिलाएं।

***ऐसे करें इस्तेमाल***

सबसे पहले इस मिश्रण को अपने स्कैल्प पर लगाएं और फिर 5-10 मिनट तक मसाज करें।

अब इसको 1 घंटा या फिर पूरी रात लगा रहने दें और अगले दिन हल्के शैंपू से धो लें।

इस तरह से यह तरीका रूसी और खुजली से लड़ते हुए स्कैल्प को गहराई से मॉइश्चराज करता है।

***फिटकरी और तुलसी स्कैल्प मास्क***

तुलसी के पत्तों को सबसे पहले पानी में मिलाकर पेस्ट बना लें।

अब इस पेस्ट में 1 चम्मच पिसी हुई फिटकरी और नारियल तेल की कुछ बूंद मिलाएं।

***ऐसे करें इस्तेमाल***

अब इस मास्क को अपने स्कैल्प पर समान रूप से लगाएं और इसको 20 मिनट तक लगा रहने दें।

मास्क सूख जाए तो फिर बालों को गुनगुने पानी से धो लें।

यह मास्क जलन को शांत करता है और स्कैल्प को साफ करता है। इससे डैंड्रफ प्रभावी रूप से कम होता है।

***डैंड्रफ से लड़ने वाला रिंस***

बता दें कि तुलसी के पत्तों को पानी में उबाल लें और फिर इसको ठंडा होने के लिए रख दें।

तुलसी के पानी में फिटकरी का एक छोटा टुकड़ा घोलें और 1 चम्मच नारियल का तेल मिलाएं।

***ऐसे करें इस्तेमाल***

शैंपू करने के बाद इसको लास्ट रिंस के रूप में इस्तेमाल करें।

इसको अपने स्कैल्प पर मसाल करें और सादे पानी से धोने से पहले 5 मिनट के लिए छोड़ दें।

यह रिंस डैंड्रफ पैदा करने वाले फंगस को खत्म करता है और आपके स्कैल्प को भी तरोताजा करता है।

***स्वस्थ स्कैल्प के लिए आजमाएं टिप्स***

एक्स्ट्रा ऑयल और गंदगी को हटाने के लिए बालों को नियमित रूप से माइल्ड शैंपू से धोना चाहिए।

गर्म पानी स्कैल्प से प्राकृतिक तेलों को हटा सकते हैं। इससे रूखापन हो सकता है। आपको गर्म पानी की बजाय गुनगुने पानी का उपयोग करें।

भरपूर पानी पीने ले आपके स्कैल्प और बालों को हाइड्रेट रखने में सहायता मिलती है।

स्कैल्प को स्वस्थ बनाए रखने के लिए आपको अपनी डाइट में जिंक और ओमेगा 3 फैटी एसिड शामिल करें।

***यह उपाय भी कारगर***

फिटकरी डेड स्किन सेल्स को हटाती है और फंगल संक्रमण से लड़ती है। यह रूसी का मुख्य कारण होता है।

वहीं तुलसी बैक्टीरिया के विकास को रोकता है और स्कैल्प को स्रंकमण मुक्त रखता है।

इसके साथ ही नारियल तेल जलन को शांत करने में सहायक होता है और स्कैल्प को गहरी नमी प्रदान करता है। इससे रूसी से होने वाले रूखेपन को दूर किया जा सकता है।

# रामबाण हैं गुड़ वाला मखाना, हेल्थ को मिलेंगे गजब के फायदे

मखाना एक ऐसा ड्राई फ्रूट है जिसमें कई सारे पोषक तत्व पाए जाते हैं। यह हेल्थ के लिए भी बढ़िया है। इसमें कैलोरी, प्रोटीन, फाइबर, कैल्शियम के अलावा मैग्नीशियम, पोटैशियम और फॉस्फोरस भी होती है। वैसे तो मखाना स्नैकिंग के लिए सबसे बढ़िया माना जाता है। इसे आप गुड़ के साथ मिलाकर एक अच्छा स्नैक बना सकते हैं। गुड़ का मखाने के स्वाद ही टेस्टी होगा और यह आपको ठंड से भी बचाएगा। आइए आपको बताते हैं इसे कैसे बना सकते हैं।

***गुड़ मखाना बनाने के लिए आपको क्या सामग्री चाहिए***

-1/2 कप गुड़
- 2 बड़ी कटोरी मखाना
- 1 बड़ा चम्मच तिल के बीज
- 1 चम्मच पानी
- नमक की चुटकी

***कैसे बनाएं गुड़ मखाना?***

गुड़ मखाना बनाने के लिए आप एक पैन लें और उसमें घी गर्म करें।



अब इसमें मखाने और नमक डालकर भून लें। जब तक की मखाने पूरी तरह से क्रंची हो जाएं। अच्छे से मखाने सिक जाएं तो इन्हें एक बर्तन में अलग निकालकर रख दीजिए। फिर कढ़ाई में घी गर्म करें और इसमें गुड़ मिला लें। इसे अच्छे से मिक्स करते रहे हैं और पानी मिलाएं जब ये पतला हो जाए तो इसमें मखाना मिला दें। अब इसमें आप तिल के बीज डालें और अच्छे से मिक्स करें। जब मखाने गुड़ के साथ मिल जाएं तो आप इसे बटर पेपर पर निकाल लें और ठंडा होने के बाद एक-एक मखाने को अलग कर दें। इन मखाने को आप एयरटाइट कंटेनर में स्टोर करें। स्नैकिंग के लिए गुड़ मखाना आपका तैयार है।

# सर्दियों में मिलने वाले इन फलों से घर पर ही बनाएं हेल्दी और टेस्टी जैम

ठंडी सर्दियों की सुबह की शुरुआत करने का सबसे अच्छा तरीका क्या है? शायद मीठे और तीखे जैम से ढके सुनहरे भूरे रंग के गर्म टोस्ट का आनंद लेना। यह ठंडी सुबह के लिए एक बेहतरीन नाश्ता है क्योंकि इसे बनाना आसान है और यह आपको गर्म रखता है। जबकि दुकानों में कई तरह के जैम उपलब्ध हैं, उनमें अक्सर अस्वास्थ्यकर सामग्री होती है। उन्हें खरीदने के बजाय, आप घर पर ताजे, मौसमी सर्दियों के फलों का उपयोग करके अपना खुद का जैम बना सकते हैं। घर पर बने जैम स्वास्थ्य के लिए अच्छे होते हैं, और टोस्ट की तरह ही, उन्हें तैयार करने में भी कम समय लगता है। आइए कुछ स्वादिष्ट सर्दियों के फलों के बारे में जानें जिनका उपयोग आप घर पर स्वादिष्ट जैम बनाने के लिए कर सकते हैं।



***अमरूद जैम-*** सर्दियों के मौसम में भारत में कई तरह के अमरूद मिलते हैं, जिनका इस्तेमाल जैम बनाने में किया जा सकता है। अमरूद जैम बनाने के लिए सबसे पहले उन्हें बड़े या छोटे टुकड़ों में काट लें। फिर कटे हुए अमरूद को 1 कप चीनी, 1/4 कप पानी और 1 बड़ा चम्मच नींबू के रस के साथ उबालने के लिए एक पैन में डाल दें। इसके बाद मिश्रण के गाढ़ा होने का इंतज़ार करें और फिर ठंडा होने के लिए छोड़ दें। ठंडा होने के बाद मिश्रण को छलनी से छान लें और फिर गर्मागर्म ब्रेड के साथ इसका लुत्फ उठाएं।

***प्लम जैम-*** प्लम एक सर्दियों का फल है जो महाराष्ट्र और उत्तर भारत के कई हिस्सों में पाया जाता है। इसका मीठा और खट्टा स्वाद आपके दिन की शुरुआत करने का सबसे अच्छा तरीका होगा। जैम बनाने के लिए, सबसे पहले 2 कप प्लम को टुकड़ों में काट लें और फिर 1 कप चीनी, 1/4 कप पानी और 1 बड़ा चम्मच नींबू का रस मिलाकर गैस पर चढ़ा दें। उबाल आने दें, फिर आंच कम करें और 20-25 मिनट तक पकाएं, या फिर जैम के गाढ़ा हो जाने तक और प्लम के नरम हो जाने तक पकाएं।

***संतरे का जैम-*** ताजे संतरों से अपनी सर्दियों की सुबह बेहतरीन बनाएं। संतरे का जैम बनाने के लिए, एक पैन में 2 कप ताजा निचोड़ा हुआ संतरे का रस, 1 कप चीनी और 1/4 कप पानी मिलाएं। मिश्रण को उबाल लें, फिर आंच कम करें और 20-25 मिनट तक या जैम के गाढ़ा होने तक पकाएं। आंच से उतारें, 1 बड़ा चम्मच कसा हुआ संतरे का छिलका मिलाएं और जार में डालने से पहले ठंडा होने दें। 6 महीने तक फ्रिज में स्टोर करें।

***अंजीर जैम-*** ये जैम आपके सुबह के टोस्ट में जान डाल सकता है। इसे बनाने के लिए, एक पैन में 1 कप कटे हुए ताजे या सूखे अंजीर, 1 कप चीनी, 1/4 कप पानी और 1 बड़ा चम्मच नींबू का रस मिलाएं। उबाल आने दें, फिर आंच कम करें और 20-25 मिनट तक या जैम के गाढ़ा होने तक पकाएं। अंजीर को चम्मच से मनचाही स्थिरता तक मैश करें, फिर आंच से उतारें और जार में डालने से पहले ठंडा होने दें।

# कड़कड़ाती सर्दी में भी ठंडा नहीं होगा खाना, बस अपनाएं ये हैस

ठंड के मौसम में हम सभी कंबल में बैठकर गरमा-गरम खाना और ड्रिंक्स लेना पसंद करते हैं। लेकिन इस मौसम की सबसे बड़ी समस्या यह होती है कि खाना तुरंत ठंडा हो जाता है और फिर उससे वह मजा नहीं आता है। सर्द मौसम में अपने भोजन को गर्म रखना एक संघर्ष की तरह लग सकता है, फिर चाहे वह आपके सूप को भापदार रखना हो या बिरयानी को गर्म रखना हो। खासतौर से, जब बाहर ठंड हो तो कोई भी ठंडा खाना खाना पसंद नहीं करता। अब सवाल यह उठता है कि सर्दी के मौसम में खाने को किस तरह गरम रखा जाए। इसके लिए आप कुछ आसान हैक्स अपना सकती हैं, जिसके बारे में आज हम आपको बता रहे हैं-



***एल्युमिनियम फॉयल का करें इस्तेमाल***

ठंड के मौसम में खाने को गरम रखने के लिए एल्युमिनियम फॉयल का इस्तेमाल करना अच्छा आइडिया है। फॉयल में भोजन को कसकर लपेटने से गर्मी को रोकने में मदद मिलती है और यह गर्मी को बाहर निकलने से रोकता है। यह तरीका पके हुए सामान, रोस्टेड मीट और यहां तक कि पुलाव के लिए भी कारगर है। इन्सुलेशन की एक अतिरिक्त परत के लिए, फॉयल में लिपटे बर्तन के चारों ओर एक साफ तौलिया लपेटें। यह खाने को एक घंटे तक गर्म रख सकता है।

***गर्म पानी का करें इस्तेमाल***

गर्म पानी की मदद से भी खाने को लंबे समय तक गर्म रखा जा सकता है। इसके लिए आप एक बड़े बर्तन या ट्रे का इस्तेमाल करें और उसमें गर्म पानी भरें। अब आप अपने खाने के कंटेनर उसमें रखें। इससे करी या दाल लंबे समय तक गरम बनी रहेगी। बस सुनिश्चित करें कि कंटेनर लीक-प्रूफ़ हों।

***अच्छी क्वालिटी के इंसुलेटेड कंटेनर में करें इनवेस्ट***

अपने खाने को गर्म रखने के लिए आप इंसुलेटेड कंटेनर का इस्तेमाल भी कर सकते हैं। सूप और स्टू के लिए थर्मस फ्लास्क से लेकर मेन कोर्स के लिए बड़े इंसुलेटेड बर्तन तक, इन कंटेनर को लंबे समय तक गर्मी बनाए रखने के लिए डिज़ाइन किया गया है। इंसुलेटेड कंटेनर खरीदते समय आप डबल-वॉल वैक्यूम इंसुलेशन वाला कंटेनर चुनें।

# पीएम मोदी और गृह मंत्री पर जाटों को धोखा देने का आरोप

## सत्ता जाने के डर से अपना मानसिक संतुलन खो बैठे हैं केजरीवाल: वीरेंद्र सचदेवा

एजेंसी

**नई दिल्ली।** आप' के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल द्वारा पीएम मोदी और गृह मंत्री पर जाटों को धोखा देने का आरोप लगाए जाने के बाद भाजपा ने पलटवार किया। दिल्ली भाजपा के अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने शुक्रवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर अरविंद केजरीवाल पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि सत्ता जाने के भय से अरविंद केजरीवाल अपना मानसिक संतुलन खो बैठे हैं।

दिल्ली भाजपा के अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान कहा, सत्ता जाने के भय से अरविंद केजरीवाल अपना मानसिक संतुलन खो बैठे हैं। केजरीवाल अपनी सत्ता खोने का बदला दिल्ली वालों से ले रहे हैं। मैं उनसे यही कहूंगा कि वह भाजपा को कोस लें, लेकिन प्लीज दिल्ली में तनाव ना फैलाइए, दिल्ली



का विकास रोककर, खजाना लूटकर वह पहले ही बहुत नुकसान कर चुके हैं। अब उन्हें दिल्ली का समुदाय सौहार्द नहीं बिगाड़ना चाहिए।

उन्होंने आगे कहा, दो कुर्सी नाटक से आज के घटिया पोस्टर तक आपने गत 4 माह में हर सुबह दिल्ली वालों को, भाजपा को कोसा है। दिल्ली अब और केजरीवाल को नहीं सह पाएगी। केजरीवाल का आज का पोस्टर उनके चरित्र और हताशा को दर्शाता है। भाजपा इसकी निंदा करती है और अगर उनमें थोड़ी भी नैतिकता बची हो तो इसे वापस लें।

वीरेंद्र सचदेवा ने सुप्रीम कोर्ट के फैसले का जिक्र करते हुए कहा, 13 सितंबर को माननीय सुप्रीम कोर्ट की सख्त शर्तों के साथ एक कागजी मुख्यमंत्री के रूप में जेल से बाहर आए अरविंद केजरीवाल ने उसी दिन इस्तीफा न देकर राजनीतिक आत्महत्या की थी। 21 सितंबर को आतिशी को अस्थाई मुख्यमंत्री कहकर अरविंद केजरीवाल ने अपनी पुरानी महिला विरोधी सोच को फिर से दर्शाया था। 22 सितंबर को मुख्यमंत्री कार्यालय में आतिशी से दो कुर्सी का नाटक करा कर केजरीवाल ने मुख्यमंत्री के संवैधानिक पद की गरिमा तार-तार की थी। 25 अक्टूबर को विकासपुरी से लेकर 30 नवंबर को ग्रेटर कैलाश पदयात्रा तक अरविंद केजरीवाल ने खुद पर हमले का कार्ड चलाने की भरसक कोशिश की, पर इस बार 2015 के थप्पड़ जैसी झूठी कहानी जमी नहीं।

उन्होंने आगे कहा, केजरीवाल पूरा दिसंबर दिल्ली के हर विधानसभा क्षेत्र में राजनीतिक डैमेज कंट्रोल के लिए मुस्लिम रोहिंग्या वोटर जुड़वाने को बेताब दिखे। वहीं नई दिल्ली विधानसभा क्षेत्र में तो मृत एवं शिफ्टेड वोटर को बनाए रखने के लिए फड़फड़ाते रहे। 1 जनवरी 2025 को जब लोग खुशियां बांट रहे थे, तब केजरीवाल-मार्लेना ने उपराज्यपाल मंदिर तुड़वा देंगे जैसी झूठी खबर उड़ाकर दिल्ली का साम्प्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने की कोशिश की, पर वह सफल नहीं हुए।

भाजपा नेता ने राकेश टिकैत और अरविंद केजरीवाल की मुलाकात का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा, चार दिन पहले उनसे राकेश टिकैत मिले थे और कल 9 जनवरी को केजरीवाल ने दिल्ली के जाट समाज को राजनीतिक रूप से उकसाने की कोशिश की है, जो शर्मनाक है। 9 जनवरी को ही देर शाम केजरीवाल ने चुनाव अधिकारियों की निष्पक्षता पर सवाल खड़े कर दिए।

# अन्ना हजारे को धोखा दिया, केजरीवाल सबसे बड़े धोखेबाज- गिरिराज सिंह

एजेंसी



**बेगुसराय।** केंद्रीय कपड़ा मंत्री गिरिराज सिंह ने आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल पर निशाना साधा। उन्होंने कहा, अरविंद केजरीवाल खुद धोखेबाज हैं, उनसे बड़ा फर्जी कौन हो सकता है जिसने अन्ना हजारे को भी धोखा दिया। दरअसल, केजरीवाल द्वारा बिहार और यूपी के लोगों को फर्जी वोटर कहे जाने पर गिरिराज सिंह ने प्रतिक्रिया दी।

गिरिराज सिंह ने कहा कि अरविंद केजरीवाल, जिन्हें फर्जी वोटर बता रहे हैं, उनके दम पर ही वह मुख्यमंत्री बने हैं। केजरीवाल ने इससे पहले भी पूर्वांचल के लोगों को गाली देने का काम किया। केजरीवाल ने कहा था कि यूपी-बिहार के लोग 500 रुपये का टिकट लेकर यहां पर इलाज कराने के लिए आ जाते हैं। केजरीवाल जिस थाली में खाते हैं, उसमें छेद करते हैं। वह खुद फर्जी हैं। दिल्ली में अगर बिहार-यूपी के लोग आते हैं, तो उनका दिल्ली के विकास में योगदान है। जिसने अन्ना हजारे को नहीं बख्शा, वह दूसरों को फर्जी बता रहे हैं। बता दें कि अरविंद केजरीवाल ने 9 जनवरी को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट साझा किया। पोस्ट में लिखा कि दिल्ली में चुनाव के नाम पर स्कैम हो रहा है। बीजेपी बड़े पैमाने पर वोटर लिस्ट में हेराफेरी कर रही है। स्थानीय चुनाव अधिकारियों ने बीजेपी के सामने घुटने टेक दिए हैं।आज चुनाव आयोग से मिलकर शिकायत की है। अगर चुनाव आयोग ने तुरंत कार्रवाई नहीं की, तो दिल्ली में लोकतंत्र की हत्या हो जाएगी।

आम आदमी पार्टी के नेताओं का दावा है कि भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा पूर्वांचलियों को बांग्लादेशी और रोहिंग्या कहते हैं।

## क्विक न्यूज

### सड़क व्यवस्था को सुधारना हमारी प्राथमिकता: विज

**चंडीगढ़।** हरियाणा के परिवहन मंत्री अनिल विज ने कहा है कि सड़क व्यवस्था को सुधारना हमारी प्राथमिकता है और इसके लिए ठोस कदम उठाए जा रहे हैं। विज ने चंडीगढ़ में अपने कार्यालय में मीडिया से बातचीत में यह बात कही। उन्होंने बताया कि दिल्ली में आयोजित बैठक में केंद्रीय सड़क, परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी की अध्यक्षता मे विभिन्न राज्यों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। इस बैठक में सड़क दुर्घटनाओं और परिवहन सुधार के मुद्दों पर विस्तार से चर्चा हुई। उन्होंने कहा कि 80 प्रतिशत सड़क दुर्घटनाओं का मुख्य कारण मानव त्रुटियां हैं, जिनमें ड्राइवरों की अत्यधिक थकान एक बड़ी समस्या है। उन्होंने सुझाव दिया कि सड़कों के किनारे आरामगृह बनाए जाएं जहां ड्राइवर आराम कर सकें और खाने-पीने की बेहतर सुविधाएं मिलें। हरियाणा टूरिज्म के साथ मिलकर सार्वजनिक परिवहन में गुणवत्तापूर्ण भोजन व्यवस्था उपलब्ध कराने पर भी काम किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि रेलवे की तर्ज पर खानपान सेवाओं को सुधारने के लिए अध्ययन किया जा रहा है।

### हिमाचल प्रदेश शीतलहर की चपेट में कई जिले

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश में पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता से मौसम के करवट बदलने के आसार हैं। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला की ओर से राज्य में दो दिनों तक बारिश-बर्फबारी का पूर्वानुमान जताया गया है। वहीं कई जिलों में शीतलहर चलने व घना कोहरा रहने का यलो अलर्ट जारी किया गया है। राज्य के नौ स्थानों पर न्यूनतम तापमान माइनस में दर्ज किया गया है। शीतलहर के कारण लोग सुबह-शाम घरों में दुबकने को मजबूर हैं। आज एवं कल प्रदेश में मौसम साफ रहने की संभावना है। मौसम विभाग के अनुसार 11 जनवरी की शाम से 12 जनवरी की मध्य रात्रि या 13 जनवरी की सुबह तक राज्य के मध्य और उच्च पर्वतीय क्षेत्रों के कुछ भागों में बर्फबारी की संभावना है।

# अमृतसर के गुमटाला चौकी के बाहर ब्लास्ट

**अमृतसर।** पंजाब के अमृतसर में स्थित गुमटाला चौकी के बाहर ब्लास्ट हुआ है। सूत्रों के अनुसार, इस ब्लास्ट की जिम्मेदारी बब्बर खालसा ने ली है, वहीं पुलिस अधिकारियों का कहना है कि यह धमाका गाड़ी का रेडिएटर फटने से हुआ है। एसीपी शिव दर्शन ने बताया कि गुमटाला चौकी इंचार्ज ने विस्फोट की आवाज सुनी। इसके बाद उन्होंने बाहर जाकर देखा तो पता चला कि गुमटाला चौकी के बाहर खड़ी पुलिस अधिकारी की गाड़ी में ब्लास्ट हुआ है, जब उसे चेक किया गया तो पता चला कि उसका रेडिएटर फटा था। इससे अंदाजा लगाया गया कि धमाके की असल वजह यही है। एसीपी शिव दर्शन सिंह ने कहा कि ब्लास्ट से संबंधित कुछ अफवाहें सोशल मीडिया पर झूठी फैलाई जा रही है कि थाने के बाहर धमाका हुआ है। हालांकि, ये ब्लास्ट गाड़ी का रेडिएटर फटने से हुआ है, धमाका ज्यादा जोरदार नहीं था और जानमाल का भी नुकसान नहीं हुआ है।

# तेलंगाना- सूर्यपेट में प्राइवेट बस की लॉरी से जोरदार टक्कर, चार की मौत

एजेंसी

**सूर्यपेट।** तेलंगाना के सूर्यपेट में शुक्रवार को एक सड़क हादसे में चार लोगों की मौत हो गई। हादसा सूर्यपेट-खम्मम राष्ट्रीय राजमार्ग के चिव्वेनला (एम) ऐलापुरम के पास हुआ।

शुक्रवार सुबह सूर्यपेट-खम्मम राष्ट्रीय राजमार्ग पर प्राइवेट ट्रैवल बस की एक लॉरी से जोरदार टक्कर हो गई। हादसा इतना दर्दनाक था कि चार लोगों की मौत हो गई, जिनमें दो महिलाएं भी शामिल थीं। इसके अलावा 17 अन्य घायल हो गए।

यह हादसा उस समय हुआ, जब प्राइवेट बस ओडिशा से हैदराबाद जा रही थी। जानकारी के अनुसार, बस में कुल 32 लोग सवार थे, जिनमें से अधिकांश मजदूर थे। जो काम के लिए हैदराबाद जा रहे थे।

जैसे ही बस चिव्वेनला (एम) ऐलापुरम के पास पहुंची तो उसकी लॉरी से टक्कर हो गई। इस हादसे के दौरान बस का एक हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। इसका अंदाजा उन तस्वीरों से होता है जो हादसे के बाद सामने आई हैं।

वहीं, हादसे की जानकारी मिलने के बाद पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और उन्होंने बस में फंसे घायलों को बाहर निकाला। साथ ही पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। मृतकों की पहचान ओडिशा के मजदूरों के रूप में हुई है। माना जा रहा है कि बस का टायर फटने के बाद यह हादसा हुआ है। जो रास्ते में खड़ी एक लॉरी से टकरा गया।

पुलिस के अनुसार, घायलों को इलाज के लिए नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने बताया कि मामला दर्ज कर लिया गया है और अन्य हादसे की अन्य वजहें तलाशी जा रही हैं।

## प्रवासी भारतीय दिवस सम्मेलन का सबसे अहम हिस्सा प्रवासी भारतीय सम्मान पुरस्कार

# राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू आज प्रवासी भारतीय सम्मान' पुरस्कार प्रदान करेंगी

एजेंसी

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ओडिशा में हो रहे प्रवासी भारतीय दिवस (पीबीडी) सम्मेलन के समापन सत्र में प्रवासी भारतीय सम्मान पुरस्कार (पीबीएसए) देंगी। राष्ट्रपति 8 जनवरी को शुरू हुए इस सम्मेलन में अपना समापन भाषण भी देंगी।

राष्ट्रपति गुरुवार को भुवनेश्वर पहुंचीं थीं, जहां उनका स्वागत राज्यपाल हरि बाबू कंभमपति, मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी और अन्य भाजपा नेताओं ने किया था। प्रवासी भारतीय दिवस सम्मेलन का सबसे अहम हिस्सा प्रवासी भारतीय सम्मान पुरस्कार (पीबीएसए) है। इस साल अमेरिका, फिजी, गुयाना, मॉरीशस, मोल्दोवा, म्यांमार, रूस और सऊदी अरब जैसे देशों से 27 लोगों और संगठनों को यह पुरस्कार दिया जाएगा।



विदेश मंत्रालय ने 3 जनवरी को इस साल के पुरस्कार विजेताओं के नामों की घोषणा की थी। पुरस्कार पाने वालों में यूके से बैरोनेस उषा कुमारी पराशर (राजनीति के क्षेत्र में), अमेरिका से डॉ. शर्मिला फोर्ड और डॉ. शामिल हैं और सऊदी अरब से सैयद अनवर खुर्शीद (चिकित्सा विज्ञान के क्षेत्र में) का नाम शामिल है। यह प्रतिष्ठित सम्मान उन अनिवासी भारतीयों, भारतीय मूल के व्यक्तियों या उनके द्वारा स्थापित और चलाए जा रहे संगठनों को दिया जाता है, जिन्होंने विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट उपलब्धियां हासिल की हैं।

यह पुरस्कार शिक्षा, विज्ञान, नवाचार, व्यापार, कला, संस्कृति, सामाजिक कार्य, सार्वजनिक सेवा और परोपकार जैसे क्षेत्रों में एनआरआई (प्रवासी भारतीय) और पीआईओ (भारतीय मूल के लोग) की उपलब्धियों और प्रतिबद्धताओं का सम्मान करता है। प्रवासी भारतीय दिवस 9 जनवरी को मनाया जाता है, जो महात्मा गांधी की दक्षिण अफ्रीका से भारत वापसी की याद में है। 18वां प्रवासी भारतीय दिवस सम्मेलन बुधवार को मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी और विदेश मंत्री एस जयशंकर द्वारा युवा प्रवासी भारतीय दिवस के उद्घाटन के साथ भुवनेश्वर में शुरू हुआ।

तीन दिवसीय सम्मेलन के दौरान प्रतिनिधि विभिन्न मुद्दों पर चर्चा करने के लिए अलग-अलग सत्रों में भाग ले रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को भुवनेश्वर के जनता मैदान में 18वें प्रवासी भारतीय दिवस सम्मेलन का औपचारिक उद्घाटन किया था।

दुनिया के विभिन्न हिस्सों से लगभग 5,000 प्रतिनिधि इस बड़े सम्मेलन में भाग ले रहे हैं।

प्रधानमंत्री ने प्रवासी भारतीय एक्सप्रेस की उद्घाटन यात्रा को रिमोट से हरी झंडी दिखाई। यह एक विशेष पर्यटक ट्रेन है, जो भारतीय प्रवासियों के लिए बनाई गई है। यह ट्रेन तीन सप्ताह में पूरे भारत में सांस्कृतिक, ऐतिहासिक और धार्मिक महत्व के विभिन्न स्थलों का दौरा करेगी।

# आरक्षण से बाहर करना सरकार का काम', क्रीमीलेयर पर सुप्रीम कोर्ट की बड़ी टिप्पणी

एजेंसी

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि पिछले 75 सालों को ध्यान में रखते हुए आरक्षण का लाभ ले चुके ऐसे व्यक्तियों को आरक्षण से बाहर रखा जाना चाहिए जो दूसरों से प्रतिस्पर्धा करने में सक्षम हैं, लेकिन इस पर फैसला कार्यपालिका और विधायिका को लेना होगा।

जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस अगस्टीन जार्ज मसीह की पीठ ने पिछले साल अगस्त में सुप्रीम कोर्ट की सात सदस्यीय संविधान पीठ द्वारा दिए गए एक फैसले का जिक्र करते हुए एक याचिका पर यह टिप्पणी की। संविधान पीठ ने बहुमत के फैसले में कहा था कि राज्यों को अनुसूचित जातियों (एससी) के भीतर उप-वर्गीकरण करने का संवैधानिक अधिकार है, जो सामाजिक रूप से विषम वर्ग है, ताकि उन जातियों के उत्थान के लिए आरक्षण प्रदान किया जा सके जो सामाजिक और शैक्षणिक रूप से अधिक पिछड़ी हैं। जस्टिस गवई भी संविधान पीठ का हिस्सा थे और उन्होंने एक अलग निर्णय लिखा था। उन्होंने कहा था कि राज्यों को एससी और अनुसूचित जनजातियों (स्ट/स्ज्ञ) के भीतर भी क्रीमीलेयर की पहचान करने की नीति बनाई जानी चाहिए। उनमें जो लोग सक्षम हैं, उन्हें आरक्षण का लाभ नहीं देना चाहिए।

याचिकाकर्ता के वकील ने गुरुवार को सुप्रीम कोर्ट के उसी निर्णय का उल्लेख किया, जिसमें ऐसी क्रीमी लेयर की पहचान करने के लिए नीति बनाने की बात कही गई थी। जस्टिस गवई ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट का दृष्टिकोण था कि उप-वर्गीकरण की अनुमति है। याचिकाकर्ता के वकील ने कहा कि संविधान पीठ ने राज्यों को नीति बनाने का निर्देश दिया था और तब से लगभग छह महीने बीत चुके हैं।

# दिल्ली-एनसीआर में छाया घना कोहरा, 100 से ज्यादा फ्लाइट लेट, ट्रेनों की रफ्तार भी थमी

एजेंसी

**नई दिल्ली।** दिल्ली-राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) के कुछ हिस्सों में शुक्रवार को घना कोहरा छाया रहा, जिससे दृश्यता शून्य हो गई जिससे हवाई और रेल सेवाओं पर असर पड़ा। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने पंजाब , हरियाणा और राजस्थान समेत उत्तर भारत के कई इलाकों में मध्यम से बहुत घना कोहरा छाए रहने की चेतावनी जारी की है।

दिल्ली को आने वाली 26 ट्रेनें और 100 से ज्यादा उड़ानों पर असर पड़ा है। भारतीय रेलवे के अनुसार, राष्ट्रीय राजधानी और उत्तर भारत के कुछ हिस्सों में कोहरे की स्थिति के कारण दिल्ली जाने वाली 26 ट्रेनें देरी से चल रही हैं। फ्लाइट ट्रैकिंग वेबसाइट पर उपलब्ध जानकारी के अनुसार, हवाई अड्डे पर 100 से अधिक उड़ानों में देरी हुई।

सेंट्रल कंट्रोल बोर्ड की वेबसाइट



के आंकड़ों के मुताबिक, राजधानी का वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) सुबह 6 बजे के करीब 408 दर्ज किया गया, जो %गंभीर' श्रेणी में दर्ज किया गया। इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड (डायल) ने शुक्रवार सुबह 6 बजे एक विज्ञप्ति में कहा कि घने कोहरे के कारण हवाई सेवाओं पर असर पड़ा है। लो विजिबिलिटी की वजह से कई फ्लाइट्स प्रभावित हुईं। फ्लाइटराडार24 के अनुसार, औसत 41 मिनट की देरी हुई।

हालांकि, डीआईएएल ने यात्रियों को आश्वस्त किया कि सीएटी अनुपालन वाली उड़ानें टेक ऑफ और लैंड कर सकती हैं। आईएमडी के अनुसार, दिल्ली का न्यूनतम तापमान 9.6 डिग्री दर्ज किया गया। मौसम एजेंसी ने कहा कि शुक्रवार को राजधानी का अधिकतम और न्यूनतम तापमान 6 से 20 डिग्री सेल्सियस के बीच रहेगा।

दिल्ली- वायु प्रदूषण के स्तर में तेज वृद्धि के बीच गुरुवार को ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान (ग्रैप) के तहत चरण 3 के प्रावधानों को फिर से लागू किया गया।दिल्ली में वायु प्रदूषण के स्तर में वृद्धि का आकलन किया गया, 24 घंटे का औसत वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) गुरुवार शाम 4 बजे 357 बजे तक पहुंच गया, जो बुधवार को 297 था।

दिल्ली- वायु प्रदूषण को कम करने की रणनीति बनाने के लिए जिम्मेदार वायु प्रदूषण प्रबंधन आयोग ने क्षेत्र के अधिकारियों को स्थिति और खराब होने से बचाने के लिए चरण 3 के तहत निर्धारित मानदंडों को तुरंत लागू करने का निर्देश दिया।

# छोटी जोत वाले किसान भी अच्छी आमदनी अर्जित करें, इस दिशा में सरकार कर रही प्रयास: नायब सिंह सैनी

एजेंसी

**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रदेश की डबल इंजन की सरकार किसानों के उत्थान के लिए निरंतर कार्य कर रही है। हमारा ध्येय है कि किसानों की आमदन बढ़े और किसान आर्थिक रूप से समृद्ध बने। प्रदेश के 70 प्रतिशत किसान ऐसे हैं, जिनके पास जमीन कम है। इसलिए उनके उत्थान के लिए भी खास रणनीति बनानी होगी। साथ ही किसानों को अधिक मुनाफा मिले, इसके लिए भी बजट में प्रावधान करने होंगे, ताकि किसानों को मजबूत बनाया जा सके।

मुख्यमंत्री किसानों के उत्थान को लेकर आज जिला हिसार में बजट पूर्व परामर्श बैठक के तहत चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में प्रगतिशील किसानों से सुझाव ले रहे थे। इस दौरान कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा, जनस्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी मंत्री रणबीर गंगवा, विधायक विनोद भ्याणा और रणधीर पनिहार भी उपस्थित थे।

चर्चा के दौरान मुख्यमंत्री ने वन टू वन किसानों से संवाद किया। पहले सेशन में 52 से ज्यादा सुझाव किसानों की तरफ से सुझाए गए। इसमें प्रगतिशील किसानों के अलावा कृषि विशेषज्ञ भी शामिल थे। दूसरे सेंशन में एफपीओ से जुड़े किसानों से चर्चा हुई। एफपीओ की फेडरेशन से जुड़े सदस्यों ने भी अपने सुझाव दिए।

छोटी जोत वाले किसान भी अच्छी आमदनी अर्जित करें, इस दिशा में सरकार कर रही प्रयास

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज की चर्चा में जो सुझाव आए हैं, उन्हें बजट में शामिल किया जाएगा। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार किसानों के लिए खास तौर पर काम कर रही है। सरकार इस बात पर विशेष ध्यान दे रही है कि किसान की आमदन कैसे बढ़े, किसान कैसे मजबूत हो।

# 1 मिनट में 4 लाख से ज्यादा गोलियां दागेगी चीनी मशीनगन, ड्रैगन की तकनीक से यूएस भी परेशान

एजेंसी

**नई दिल्ली।** चीन हमेशा से नए-नए हथियार बनाकर अमेरिका और ताइवान जैसे अपने पड़ोसी मुल्कों पर दबाव बनाने की कोशिश करता रहा है। ड्रैगन ने एक बार फिर वैसा ही काम किया है। चीन ने दुनिया की सबसे ताकतवर मशीनगन बनाकर अमेरिका को भी चिंता में डाल दिया है। चीनी मशीनगन मेटल स्टॉर्म में ऐसी खूबियां है कि उसे सुन आपके भी होश उड़ जाएं। रिपोर्ट्स के अनुसार, इसमें पांच से ज्यादा बैरल होंगे जो हर मिनट 4 लाख 50 हजार गोलियां फायर कर सकती है।

चीन द्वारा बनाई गई मशीनगन दुनिया की सबसे ताकतवर मानी जा रही है। दरअसल, अब तक सबसे शक्तिशाली गन वेपन सिस्टम फालानक्स अमेरिका के पास ही था। यह अमेरिकी मशीनगन हर मिनट 4500 राउंड फायर ही कर सकती है। इसका मतलब है कि चीन की नई मशीनगन 100 गुना ज्यादा



ताकतवर है।

चीन की मशीनगन की खास बात ये है कि वो हाइपरसोनिक मिसाइलों को भी रोक सकती है।

यही नहीं, अमेरिका की मशीनगन की एक सबसे बड़ी खामी है कि वो लाखों गोलियां को दाग सकती है, लेकिन हथियार में गोला-बारूद भरना सेना के लिए बड़ी चुनौती बन जाता था।

अब चीन ने इसका भी तोड़ निकाल लिया है। ताइयुआन के शोधकर्ताओं ने इस समस्या का समाधान खोजते हुए इसके लिए वह एक कंटेनर जैसा मैग्जीन बनाया, जिसमें बैरल भरे जाते हैं।

हर बैरल में लाखों गोलियों भरी जा सकती है, जिसे बाद में कंटेनर समेत डिस्पोज कर दिया जाता है।

चीन की ये मशीनगन हर सेकंड 7500 गोलियां दागती है। इसके चलते इसमें मैकेनिकल ट्रिगर नहीं दिया गया है। इसके चलते चीनी वैज्ञानिकों ने कॉन्टैक्टलेस ट्रिगर बनाया है, जो कॉइल का इस्तेमाल करता है।

ये ट्रिगर गोलियों के मिश्र धातु को पिघलाने का काम करता है, जिससे उच्च ऊर्जा जेट बनता है और वो विस्फोट करता है और 17.5 माइक्रोसेकंड में फायर करता है।

# आसमान से सड़क पर आ गिरा विमान

## इमरजेंसी लैंडिंग के बाद लगी आग, एक की मौत और सात घायल

एजेंसी

**साओ पाउलो।** ब्राजील में एक बड़ा हादसा देखने को मिला है। यहां प्लेन क्रैश से एक की मौत और सात लोग घायल हो गए। विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने का दिल दहलाने वाला वीडियो भी सामने आया है। दरअसल, दक्षिण-पूर्वी राज्य साओ पाउलो के पर्यटक शहर उबातुबा में एक समुद्र तट के पास एक छोटा विमान सड़क पर आ गिरा और उसमें विस्फोट हो गया। हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई और सात अन्य घायल हो गए।

जैसे ही विमान सड़क पर आया, उसने कई गाड़ियों को चपेट में ले लिया। विमान गाड़ियों को धकेलता ही चला गया, जिसके बाद एक बड़ा विस्फोट हुआ।

समाचार एजेंसी सिन्हुआ के अनुसार, हादसे में पायलट की मौत हो गई है। दरअसल, पायलट विमान को उबातुबा क्षेत्रीय हवाई अड्डे पर



उतरने की कोशिश कर रहा था, लेकिन वह गति नहीं रोक सका और हवाई अड्डा टर्मिनल की बाउंड्री को पार कर गया। रिपोर्ट के अनुसार, विमान में सवार सभी चार यात्रियों, जिनमें दो बड़े और दो बच्चे शामिल थे, उनको जीवित बचा लिया गया है। दुर्घटना के कारण क्रूजेरो बीच पर घूम रहे तीन व्यक्ति भी घायल हो गए। उबातुबा हवाई अड्डे की देखरेख करने वाली कंपनी रेडे वोआ ने कहा कि बारिश और गीले रनवे के कारण दुर्घटना हुई और उस समय मौसम की स्थिति ठीक नहीं थी।

ब्राजील की वायु सेना ने घोषणा की कि विमान दुर्घटना के कारणों का पता लगाने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।बता दें कि इससे पहले 24 दिसंबर 2024 को ब्राजील के साओ पाउलो के एक आवासीय क्षेत्र में विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया था, जिसमें एक नाबालिग सहित पांच लोगों की मौत हो गई थी। रिपोर्ट में कहा गया है कि अग्निशमन कर्मियों ने अभी तक यह साफ नहीं किया है कि जो लोग घायल हुए हैं वो यात्री थे या सभी बाहरी हैं। विमान एक इंजन वाला आरवी-10 था जिसमें एक पायलट और तीन यात्रियों के बैठने की जगह थी।

## ब्रिटिश पीएम की जाएगी कुर्सी!

**नई दिल्ली।** दुनिया के सबसे अमीर व्यक्ति और टेस्ला के सीईओ एलन मस्क अब ब्रिटेन की राजनीति में दिलचस्पी दिखाने लगे हैं। पहले अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन को पद से हटाने में मस्क ने अभियान छेड़ा था और अब वो ब्रिटिश पीएम के पीछे पड़ गए हैं। ब्रिटेन में चुनाव से पहले वहां के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर की कुर्सी कभी भी हिल सकती है। स्टार्मर को हटाने के लिए एलन मस्क कई गुप्त बैठकें भी कर रहे हैं। इस बात का खुलासा फाइनेंशियल टाइम्स की एक रिपोर्ट में हुआ है। रिपोर्ट में कहा गया है कि मस्क ने स्टार्मर को हटाने के लिए अपने सहयोगियों से गुप्त चर्चा भी की है। इससे पहले भी मस्क कई दफा खुलकर स्टार्मर को इस्तीफा देने की बात कह चुके हैं। मस्क ने पाकिस्तानी ग्रूमिंग गैंग्स के नाम पर स्टार्मर को घेरा है। दरअसल, मस्क का दावा है कि जब 2008 से 2013 के बीच पाकिस्तानी ग्रूमिंग गैंग गोरी लड़कियों का रेप कर रहे थे, तब स्टार्मर ने उनके लिए कुछ नहीं किया। मस्क ने कहा कि तब स्टार्मर डायरेक्टर ऑफ पब्लिक प्रॉसिक्यूशन थे और वो मुकदमा चलाने में विफल रहे थे। रिपोर्ट के अनुसार, मस्क ने ब्रिटेन में अपने सहयोगियों के साथ मिलकर लेबर पार्टी की सरकार को अस्थिर करने की योजना बनाई है। इसके लिए वो राजनीतिक आंदोलन छेड़ने की कोशिश में हैं। मस्क की चाल के बाद स्टार्मर मुश्किल में भी फंस गए हैं और यहां तक की ब्रिटेन की विपक्षी कंजर्वेटिव पार्टी ने उत्तरी ब्रिटेन में बच्चों से हुए यौन शोषण में नई राष्ट्रीय जांच की मांग छेड़ दी है।

# ज्योतिर्मठ शंकराचार्य ने किया परमधर्मसंसद् का शुभारंभ

जो गौहत्या से किसी भी रूप से जुडे हैं वे हिन्दू नहीं: स्वामिश्री अविमुक्तेश्वरानन्द जी

अवधनामा संवाददाता

**प्रयागराज।** ज्योतिर्मठ शङ्कराचार्य के शिविर में आज परमधर्मसंसद् का शुभारंभ हुआ। परम धर्म संसद का शुभारंभ जगद्गुरु शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती जी ने किया। संसद् का उद्घाटन ध्वजारोहण से हुआ। अग्नि अखाडा के सभापति मुक्तानन्द जी महाराज ने दीप प्रज्वलित कर सत्र का उद्घाटन किया।

परम धर्म संसद् 1008 में आज पांच प्रस्ताव प्रस्तुत होकर पारित किए गए। धर्म संसद के समक्ष प्रस्ताव यह प्रस्तुत हुआ कि संपूर्ण मेला क्षेत्र में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नालियों के पास असम्मानजनक तरीके से रखे गए चित्र उन्हें हटाकर सम्मानजनक तरीके से रखा जाए। इस पर विचारोपरांत यह प्रस्ताव पारित किया गया कि देश के प्रधानमंत्री व प्रदेश के मुख्यमंत्री की गरिमा के अनुकुल इन्हें तुरंत हटाया जाकर सम्मानजनक स्थान दिया जाए।

दूसरा प्रस्ताव धर्मसंसद के सम्मुख यह प्रस्तुत हुआ कि देश के पहले राष्ट्रपति डा. राजेन्द्र प्रसाद ने वर्ष 1954 में इसी महाकुंभ मेले में एक माह का कल्पवास किया था तथा धर्मध्वज की स्थापना की थी वह वर्तमान मेले में



स्थान परिवर्तित कर अन्यत्र स्थापित तत्कालीन अपमान है। यह धर्मध्वज एक राष्ट्रीय धरोवर के रूप में प्रतिष्ठापित था उस धरोहर में किसी प्रकार का परिवर्तन उचित नहीं है अतः प्रस्ताव पारित किया गया है कि धर्मध्वज की गरिमा को देखते हुए धर्मध्वज यथास्थान प्रतिष्ठापित किया जाए। साथ ही तीन अन्य प्रस्ताव भी पारित किए गए।

उक्त पांचों प्रस्ताव सर्वसम्मति से धर्मसंसद में पारित कर निर्देशित किया गया कि उन्हें मेला अधिकारी को भेजकर उनका पालन सुनिश्चित कराया जाए।

सुश्री गार्गी पण्डित, कृष्ण गोपाल पाठक, विकास पाटनी, बाबूलाल जांगीड, महेन्द्र भार्गव, सुभाष मल्होत्रा, मालचन्द्र आदि ने अपने विचार व्यक्त किए।

इस अवसर पर प्रकर धर्माधीश के रूप में गुजरात से किशोर दवे उपस्थित रहे। संसदीय सचिव के रूप में डा उमाशंकर रघुवंशी और उपसचिव के रूप में देवेन्द्र पाण्डेय और स्वामी निजानन्द गिरि उपस्थित रहे।

## महाकुंभ में आकाशवाणी का एफएम रेडियो चैनल लॉन्च

अवधनामा संवाददाता

**प्रयागराज।** सीएम योगी प्रयागराज महाकुंभ में दो दिन के दौरे पर हैं। शुक्रवार को दूसरे दिन सीएम योगी ने सर्किट हाउस में आकाशवाणी का एफएम रेडियो चैनल (कुंभवाणी) का शुभारंभ किया। कहा- जहां कनेक्टिविटी के इश्यू हैं वहां भी चैनल पहुंचेगा। समाज को बांटने वाले कुंभ आकर देखें, यहां जाति-सम्प्रदाय का कोई भेद नहीं है।

योगी ने मां की रसोई का उद्घाटन किया और लोगों को भोजन भी परोसा। इसमें मात्र 9 रुपए में लोगों को भरपेट भोजन मिलेगा। थाली में दाल, 4 रोटी, सब्जी, चावल, सलाद और मिठाई दी जाएगी।

सीएम ने कमला बहुगुणा की प्रतिमा का भी अनावरण किया। वह पूर्व सीएम हेमवती नंदन बहुगुणा की पत्नी हैं। उनकी बेटी रीता बहुगुणा जोशी पूर्व सांसद और योगी सरकार में मंत्री रह चुकी हैं। पहले दिन 9 जनवरी को योगी ने 13 अखाड़ों के साधु-संतों के साथ रात्रि भोज किया। इसमें उन्होंने चने का साग और मूंग का हलवा खाया। इसके बाद सीएम ने साधु-संतों का शॉल ओढ़ाकर स्वागत किया।

# महाकुंभ में मुसलमान आएं लेकिन किसी ने गड़बड़ी की तो डेंटिंग-पेंटिंग करेंगे: योगी

इतिहास गवाह है बंटे थे तो कटे थे

अवधनामा संवाददाता

**प्रयागराज।** प्रयागराज महाकुंभ में मुसलमानों की प्रवेश को लेकर सीएम योगी ने अपना रुख स्पष्ट किया है। उन्होंने कहा कि जिस किसी को भी भारत की सनातन परंपरा में विश्वास है, वह मुसलमान यहां आएं, उनका स्वागत है, लेकिन गलत मानसिकता के साथ जो लोग आएंगे, उनकी डेंटिंग-पेंटिंग की भी व्यवस्था की गई है। महाकुंभ की तैयारियों का जायजा लेने के लिए प्रयागराज के दो दिवसीय दौरे पर मुख्यमंत्री ने यह बातें एक निजी चैनल के कार्यक्रम के दौरान शुक्रवार को कहीं।

कुंभ में ऐसे ही लोगों का स्वागत है, जो अपने को भारतीय मानते हों। सनातन परंपरा में श्रद्धा रखते हैं। जिन्हें ऐसा लगता है कि भूतकाल में किसी दबाव में आकर उनके पूर्वजों ने इस्लाम स्वीकार किया था, लेकिन वे सनातनी हैं। जो मुसलमान अपने



गोत्र को भारत के ऋषियों के नाम से जोड़कर देखते हैं। ऐसे लोग प्रयागराज आएं। यहां आकर परंपरागत तरीके से संगम में स्नान करें। ऐसे लोगों के आने में कोई समस्या नहीं है।

बंटेंगे तो कटेंगे, नारे को लेकर योगी ने कहा- इतिहास को उठाकर देखेंगे, तब इस बात को देखेंगे कि बंटे थे तो कटे थे। अगर आप इतिहास की उस गलती से सबक सीखेंगे। फिर कभी भी ऐसी नौबत नहीं आएगी कि कोई भी गुलामी की बेड़ियों में हमें जकड़ पाए।मुख्यमंत्री ने कहा कि इंडी गठबंधन (इंडिया ब्लॉक) ने लोकसभा चुनाव में बड़े पैमाने पर दुष्प्रचार किया था। संविधान के बारे में दुष्प्रचार कर रहे थे, जिन लोगों ने स्वयं संविधान का गला घोंटा है। बाबा साहब ने जो मूल प्रति संविधान सभा में प्रस्तुत किया था, जिसे लागू किया गया था। उसमें कहीं भी सेक्युलर और सोशलिस्ट शब्द नहीं हैं। ये शब्द तब डाला गया जब देश में आपातकाल लागू था। उन्होंने कहा कि जिन लोगों ने लोकतंत्र और संविधान का गला घोंटा था। वे लोग संविधान की प्रति हाथों में लेकर लोगों को बेवकूफ बना रहे थे। देश की जनता इन लोगों को समझ गई है। इसीलिए आज सबक सिखा रही है।

## राज्यमंत्री गिरीश चंद्र यादव ने जरूरतमंदों को वितरित किया कंबल

**जौनपुर। (खुटहन)** क्षेत्र के बीरी शमशुद्दीनपुर गांव में शुक्रवार को कंबल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। खेल राज्यमंत्री गिरीश चंद्र यादव ने 300 गरीब जरूरतमंदों को कंबल वितरित किया। हाड़ कंपा देने वाली ठंड में कंबल मिलने से लाभार्थियों के चेहरे खिल उठे। सभा को सम्बोधित करते हुए खेल राज्यमंत्री ने भाजपा सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं तथा सरकार की उपलब्धियों को जनता के समक्ष रखा और कहा कि प्रधानमंत्री मोदी जी व मुख्यमंत्री योगी जी के नेतृत्व में भाजपा सरकार गरीब, मजलूमों तथा जरूरतमंदों के प्रति समर्पित है। सरकार की हर योजना का लक्ष्य अंत्योदय है। जो बिना भेदभाव के समाज के सबसे आखिरी व्यक्ति के उत्थान व विकास सुनिश्चित करती है। उन्होंने बारी-बारी से शासन की योजनाओं को विस्तारपूर्वक बताकर जनसमूह को इन योजनाओं से लाभान्वित होने के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर विनय मिश्रा , सुभाष चन्द्र उपाध्याय,सुरेन्द्र सिंह, श्रवण उपाध्याय, अजय सिंह, नरसिंह विश्वकर्मा, मदनलाल सोनी, प्रधान संतलाल सोनी, विंदलेश पासवान,डा राम सूरत विंद, आदि मौजूद रहे।

# डॉ. तेज सिंह अध्यक्ष डॉ. रोहित मिश्रा महामंत्री

सेवा भारती विभाग की बैठक संपन्न

अवधनामा संवाददाता

**जौनपुर।** सेवा भारती विभाग जौनपुर की बैठक युद्धवीर जी क्षेत्र सेवा प्रमुख पूर्वी उत्तर प्रदेश राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की अध्यक्षता में एक बैठक संपन्न हुई। बैठक में सेवा भारती समिति जौनपुर विभाग गठन पर विचार करते हुए डा0 तेज सिंह को अध्यक्ष, तेसू यादव एवं डॉ0 विनय कुमार त्रिपाठी को उपाध्यक्ष, रोहित मिश्रा को महामंत्री, डा0 आर बी चौहान , एवं कुसुम सिंह जी को मंत्री, आशीष सिंह कोषाध्यक्ष, अमरेन्द्र मिश्र को शिक्षा आयाम प्रमुख, डॉ.मनोज वत्स को प्रचार प्रमुख, विनीत जी को संपर्क प्रमुख का दायित्व सौपा गया। सेवा भारती विभाग समिति के द्वारा समाज के दुर्बल, वंचित, पीड़ित, शोषित, उपेक्षित समुदाय के लोगों के बीच सेवा किया जाना मुख्य उद्देश्य है। समाज में अशिक्षा को दूर करना एवं समाज को राष्ट्र के लिए निर्मित करना मुख्य उद्देश्य है। इस दौरान पवन प्रचारक प्रांत सहसेवा प्रमुख, नरेंद्र सिंह सहविभाग कार्यवाह, अजीत विभाग प्रचारक, वेद प्रकाश सिंह विभाग सेवा प्रमुख, रजत जिला प्रचारक एव रवीन्द्र सिंह सह जिला कार्यवाह राजीव सिंह सेवा प्रमुख सहित राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के पदाधिकारी उपस्थित रहे। इस अवसर पर सेवा भारती के कार्यकर्ता संध्या सिंह, वंन्दना, डा0 ओम प्रकाश पाण्डेय ,वीरेश विक्रम सिंह, नेहा,रंजना उपाध्याय ,नारायण चौरसिया,प्रीति गुप्ता, आदि उपस्थित रहे।

## अमन व शिवम के दम पर विप्लव क्लब फाइनल में

**प्रयागराज।** विप्लव क्रिकेट क्लब ने दूसरे सेमीफाइनल मैच में हनुमानगंज ए एस क्रिकेट क्लब को 43 रन से हराकर मोती लाल सर्व कल्याण अंडर -14 क्रिकेट प्रतियोगिता के फाइनल में जगह बनाई हैं, जहाँ उनका मुकाबला भानु प्रताप क्रिकेट क्लब से रविवार को खेला जाएगा। शुक्रवार को टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए विप्लव क्रिकेट क्लब ने तीस ओवर में 132 रन ( अनिमेष यादव 33 नाबाद, अमन गुप्ता व सम्राट प्रकाश शुक्ला 19 -19 रन, कृष्णा 3/23, अभ्यास पाल 1/13, आदित्य 1/20, सानू यादव 1/35 ) पर बनाए। जवाब में हनुमानगंज ए एस क्रिकेट क्लब की पूरी टीम 24.1 ओवर में 89 रन ( सानू यादव 29, आदित्य 17, प्रियांशु सिंह 11 रन, शिवम केशरवानी 3/13, अमन गुप्ता 3/17, आर्यन प्रजापति 2/17 ) पर बिखर गई। मैच में राम चन्द्र यादव व पवन वर्मा ने अंपायरिंग और प्रियांश सिंह ने स्कोरिंग की। प्रतियोगिता का खिताबी मुकाबला भानु प्रताप सिंह क्रिकेट क्लब व विप्लव क्रिकेट क्लब के बीच रविवार को सुबह दस बजे से खेला जाएगा।

# डीएम व एसपी की अध्यक्षता में बैठक संपन्न

अवधनामा संवाददाता

**जौनपुर।** दिव्य भव्य महाकुंभ 2025 की आवश्यक तैयारियां के संबंध में जिलाधिकारी डॉ. दिनेश चंद्र की अध्यक्षता में एवं पुलिस अधीक्षक डॉ.कौस्तुभ की उपस्थिति में समीक्षा बैठक कार्यालय अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद जौनपुर में संपन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों से सड़कों के मरम्मत, साइनेज बोर्ड, डिवाइडर पेंटिंग, सड़कों के ब्लैक टॉप कराए जाने आदि के संबंध में जानकारी ली। जिस पर संबंधित अधिकारियों द्वारा जिलाधिकारी को अवगत कराया गया कि कुंभ मेला के दृष्टिगत सड़कों की पैचिंग सहित अन्य आवश्यक तैयारियां कर दी गई है। उन्होंने बसों के डाइवर्जन के संबंध में जानकारी ली। जिलाधिकारी के द्वारा यातायात व्यवस्था के संबंध में जानकारी लेते हुए निर्देश दिया कि कुंभ मेला 2025 के दौरान यातायात प्रबंधन व्यवस्था सुव्यवस्थित होना चाहिए जिससे मेला के दौरान जाम न लगने पाए। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि



टोल प्लाजा पर अलाव, रिफ्लेक्टर की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि अधिकारियों को जो भी दायित्व सौंपे गए हैं उनका शत प्रतिशत अनुपालन कराना सुनिश्चित करें अन्यथा की दशा में कड़ी कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी। जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों से कहा कि आस्था के इस महापर्व में सुदूर क्षेत्र से आए श्रद्धालु अपनी मनोकामना पूर्ति हेतु इस पावन पर्व में हिस्सा लेते हैं ,अतः हम सब का दायित्व बनता है कि उन्हें उत्तम व्यवस्था के साथ तीर्थ नगरी प्रयागराज में पहुंचाएं ,फिर पुनः वापस होते समय यातायात की सुगमता और अन्य व्यवस्थाएं जो हो सके प्रदान करते हुए उन्हें उनके गंतव्य स्थल की ओर रवाना करें , श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न होने पाए। इसके पूर्व मे अधिकारियों के द्वारा स्थलीय निरीक्षण भी किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने ट्रैफिक व्यवस्था, प्रकाश की व्यवस्था, साफ सफाई ,साइनेज सहित अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए निर्देशित किया कि सभी प्रकार की आवश्यकता तैयारी ससमय पूर्ण कर ली जाए इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही ना बरती जाए। इस अवसर पर अध्यक्ष नगर पालिका परिषद मुंगरा बादशाहपुर कपिल मुनि, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट सौरभ कुमार,अपर जिलाधिकारी भू राजस्व अजय अंबिष्ट, अपर पुलिस अधीक्षक देहात शैलेन्द्र सिंह सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी गण उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### दौलत हुसैन इंटर कॉलेज फाइनल में



**प्रयागराज।** दौलत हुसैन इंटर कॉलेज ने म्योरपुर क्रिकेट क्लब को तीन रन से हराकर सोनभद्र में खेली जा रही 21वीं अंतरराज्यीय क्रिकेट प्रतियोगिता के फाइनल में जगह बना ली है। टीम के कोच मोहम्मद रिजवान से प्राप्त जानकारी के अनुसार सोनभद्र के म्योरपुर क्रिकेट मैदान पर शुक्रवार को खेले गए सेमीफाइनल मैच में दौलत हुसैन इंटर कॉलेज ने 18 ओवर में 139 रन (मोहम्मद इरशाद 52, तन्मय मालवीय 40, प्रदीप, ऋषभ व सुभाष दो-दो विकेट) बनाकर म्योरपुर क्लब को 20 ओवर में 7 विकेट पर 134 रन (ऋषभ 48, मोहम्मद तैमूर 3/21, कौशल श्रीवास्तव, हंसम जायसवाल व अखिलेश यादव दो-दो) पर समेट दिया। मोहम्मद तैमूर को मैन ऑफ़ द मैच चुना गया।

### डीएसए ए और फाफामऊ क्लब को मिली जीत




**प्रयागराज।** डीएसए ए और फाफामऊ क्लब ने अपने-अपने मुकाबले जीतकर श्री सहायक लाल गुप्ता स्मृति अंडर-12 क्रिकेट प्रतियोगिता में पूरे अंक प्राप्त किये। डॉ. केएन काटजू कॉलेज मैदान पर शुक्रवार को खेले गए पहले मैच में श्री सहायक क्लब ने 23.4 ओवर में 128 रन (देवांश 19, शौर्य 17, लक्ष्य श्रीवास्तव 4/22, आरोन 2/15, अंश केसरवानी 2/21) बनाए। जवाब में डीएसए क्लब ए ने 22.4 ओवर में 7 विकेट पर 129 रन (चंचल 25, आरोन 24, अर्णव 19, शौर्य 3/12, सदायत 2/23) बना लिए। लक्ष्य श्रीवास्तव को मैन ऑफ द मैच चुना गया। दूसरे मैच में कैंटोनमेंट बोर्ड क्लब ने 25 ओवर में छह विकेट पर 134 रन (अक्षत रावत 65, कुशाग्र पांडेय 17 नाबाद, आदर्श यादव 3/18, दीपन सिंह 2/17) बनाए। जवाब में फाफामऊ क्लब ने 21.4 ओवर में 7 विकेट पर 135 रन (आदर्श यादव 30, गौरव सिंह 25, यश सिंह 19 नाबाद, दिव्यांशु 19, शौर्य प्रताप सिंह 2/30) बना लिए। आदर्श यादव को मैन ऑफ द मैच चुना गया।

### शिवांश ने भवम क्लब को जिताया




**प्रयागराज।** शिवांश पांडेय के हरफनमौला खेल (27 रन एवं चार विकेट) की बदौलत भवम स्पोर्ट्स क्लब ने गोपाल दास क्लब को छह विकेट से हराकर केएस स्पोर्ट्स अंडर-14 एवं 16 क्रिकेट प्रतियोगिता में पूरे अंक प्राप्त किये। ईश्वर शरण इंटर कॉलेज मैदान पर शुक्रवार को खेले गए मैच में गोपाल दास क्लब ने 30 ओवर में छह विकेट पर 188 रन (उज्जवल शर्मा 50, मोहम्मद नसर 45, करणवीर सिंह 42, हर्षित राज 24, शिवांश पांडेय 4/36) बनाए। जवाब में भवम क्लब ने 29.5 ओवर में चार विकेट पर 191 रन (अभ्युदय प्रताप सिंह 60, सुमित सिंह 37, सचिन पटेल 30 नाबाद, शिवांश पांडेय 27, अवनीश सिंह 2/29) बना लिए। शिवांश को संजय पाल ने मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया।

### राष्ट्रीय हॉकी में यूपी उपविजेता



**प्रयागराज।** राष्ट्रीय विद्यालय अंडर-14 हॉकी प्रतियोगिता में उत्तर प्रदेश की टीम उपविजेता हुई है। इस टीम में मजीदिया इस्लामिया इंटर कॉलेज (एमआईसी) प्रयागराज के तीन खिलाड़ी भी शामिल थे। एमआईसी के कीड़ाध्यक्ष अकील अब्बास रिजवी के अनुसार भोपाल (मध्य प्रदेश) में दो से सात जनवरी तक आयोजित हुई अंडर-14 राष्ट्रीय विद्यालय हॉकी प्रतियोगिता के लिए कॉलेज के असगर अली मोहम्मद समद और मोहम्मद अलकाब का चयन किया गया था। टीम ने प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए उपविजेता होने का गौरव प्राप्त किया। विद्यालय पहुंचने पर इन खिलाड़ियों का अभिनंदन किया गया।

### राजकीय मुद्रणालय श्रमिक संघ ने मनाया स्थापना दिवस



**प्रयागराज।** राजकीय मुद्रणालय वेलफेयर सेंटर में आज राजकीय मुद्रणालय श्रमिक संघ के स्थापना दिवस के अवसर पर एक भव्य समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में संघ के संगठन मंत्री रहे राकेश पाल जी के सेवाउपरांत विदाई समारोह का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता भारतीय मजदूर संघ प्रयागराज के महामंत्री रविकांत ने की। समारोह की शुरुआत पूर्व अध्यक्ष भीमशंकर सिंह ने दीप प्रज्वलित कर की और संगठन के कार्यों पर प्रकाश डालते हुए राकेश पाल द्वारा दी गई सेवाओं की प्रशंसा की। इस अवसर पर भारतीय मजदूर संघ प्रयागराज के विभाग प्रमुख राधेश्याम पांडेय, राम सुमेर, विनोद कुमार शुक्ला, महेंद्र प्रकाश तिवारी, महेंद्र कुमार, अल्प नारायण, गौरव पाल, गोपाल चंद्र, ध्रुव नारायण सहित अन्य वक्ताओं ने राकेश पाल की सेवा कार्य प्रणाली और उनके सौम्य व्यवहार की सराहना की। कार्यक्रम में संजय कुमार, अमित योगेश्वर, मंगेश कुमार, मंजेश कुमार, मुकेश सागर, संतलाल, जे.पी. मिश्रा सहित अनेक कर्मचारियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।

### कामरेड कतवारू गोड की पुण्यतिथि 12 को

**आजमगढ़।** नगर में स्थित मोहल्ला तकिया चकला पहाड़पुर में बीड़ी श्रमिकों के मसीहा कामरेड कतवारू राम गोड की 17वीं पुण्यतिथि दिनांक 12 जनवरी दिन रविवार समय 11:00 बजे उनके निवास स्थान पर मनाई जाएगी। इस अवसर पर कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए राजनीतिक दल और सम्मानित नेता भी भाग लेंगे स इस कार्यक्रम की सूचना उनके पुत्र कैलाश गोड एक बयान में दी।

# 12 जनवरी को लाखों लोग एक साथ गायेंगे वन्दे मातरम: डॉ. सन्दीप पाण्डेय

अवधनामा संवाददाता

**जौनपुर।** भारत विकास परिषद शौर्य के संस्थापक अध्यक्ष डा. सन्दीप पाण्डेय के नेतृत्व में राष्ट्रीय युवा दिवस 12 जनवरी को स्वामी विवेकानन्द जी की स्मृति में विशाल कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा। जिसमें ऐसा अनुमान है कि लाखों लोग एक साथ वन्दे मातरम गीत गायेंगे। कार्यक्रम की पूर्ण योजना इस प्रकार है, सबसे पहले सुबह 11 बजे एक विशाल शोभायात्रा भण्डारी स्टेशन निकट राज कालेज के मैदान से प्रारम्भ की जायेगी जो सुतहट्टी, सब्जी मण्डी, कोतवाली, चहारसू, शाही पुल, ओलन्दगंज, जेसीज चौराहा, रोडवेज तिराहा होते हुए बीआरपी कालेज के मैदान में प्रवेश करेगी। जहां कार्यक्रम में 2:15 बजे



वन्दे मातरम गीत परिसर से गाया जायेगा। जिसमें परिसर के बाहर भी जनपद में, जनपद के बाहर और पूरे देश में जहां तक यह सन्देश गया है, सभी लोग 2:15 बजे वन्दे मातरम गीत गायेंगे। पत्रकारों से बातचीत के दौरान डा. सन्दीप पाण्डेय ने बताया कि विदेशों में भी ऐसे बहुत सारे परिवार हैं जो हमारे निवेदन पर 2:15 बजे वन्दे मातरम गीत गायेंगे। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के क्षेत्र कार्यवाहक वीरेन्द्र जायसवाल रहेंगे। अति विशिष्ट अतिथि के रूप में जिलाधिकारी जौनपुर डा. दिनेश चन्द, विशिष्ट अतिथि के रूप में अनिल प्रताप सिंह राजा प्रतापगढ़ रहेंगे। इस मौके पर पंकज सिंह, अतुल जायसवाल, अमित पाण्डेय, अवधेश गिरि, जनार्दन पाण्डेय, जयशंकर सिंह, नित्यानन्द पाण्डेय, अतुल मिश्रा, विशाल सिंह, आनन्द देव वर्मा, राहुल अग्रहरि आदि उपस्थित रहे।

## सोहेल बने उमरे रेल उपयोगकर्ता परामर्श समिति के सदस्य

**प्रयागराज।** व्यापारी नेता प्रयाग व्यापार मंडल के महामंत्री सोहेल अहमद खान को उमरे रेल उपयोगकर्ता परामर्श समिति उत्तर मध्य रेलवे प्रयागराज का सदस्य बनाया गया है। सोहेल अहमद खान को रेलवे का सदस्य बनाए जाने पर व्यापारियों ने हर्ष व्यक्त किया है। प्रयाग व्यापार मंडल ने सोहेल अहमद को बधाई देते हुए विश्वास जाताया है कि व्यापारियों की रेलवे से जुड़ी समस्याओं और सुझाव को वह प्रमुखता से उठायेगे। बधाई देने वालों में राणा चावला, सरदार जितेंद्र सिंह, साहिल अरोड़ा, अकरम शगुन, शुभम केशरवानी, छोटे बाबू, अवंतिका टंडन, पल्लवी अरोड़ा, हिना खान, प्रीतम सिंह, गुरु चरण अरोड़ा चन्नी भैया, हरविंदर सिंह, रमा अग्रवाल, रिशु मिश्रा, पूनम गुप्ता, संगीता मध्यान, मोहम्मद आमिर, अनिल दुबे, रोहित अरोड़ा और सलामतुल्लाह अंसारी आदि व्यापारी नेता और चौक के व्यापारी आदि शामिल थे।

# मिली भगत से रानी के तालाब पर हो रहा कब्जा

अवधनामा संवाददाता

**प्रयागराज।** स्थानीय प्रशासन की मिलीभगत से मांडा राजमहल से जुड़े 27 बीघे का रानी का तालाब तमाम लोगों ने कब्जा करके अपने आवास व दुकान बना लिए। बचे तालाब के कुछ जमीन पर लोग अवैध रुप से खेती करने लगे। अब इस तालाब में एक बूंद पानी नहीं है। ज्ञात हो कि मांडा राजमहल से जुड़े रानी के तालाब पर कब्जों की प्रतिस्पर्धा पिछले तीन साल से चल रही है। फिर राजस्व कर्मी कान में तेल डाल कर सोए हुए हैं। इस दौरान शिकायतें भी की गई, लेकिन स्थानीय अधिकारियों व राजस्व कर्मियों ने तालाब से एक भी अवैध कब्जा नहीं हटवाया। 27 बीघे के इस तालाब में दो दर्जन लोगों ने अपने मकान और शौचालय बनवा लिये हैं। कुछ मकान अभी भी निर्माणाधीन हैं। शिकायत होने पर दो एक लेखपाल तालाब पर जाते हैं और कब्जा करने वालों को पता नहीं क्या हिदायत देते है कि दूसरे दिन से मजदूरों की संख्या बढ़ाकर मकान का निर्माण तीब्रता से शुरू हो जाता है। इस तालाब की भूमि में बालू, सरिया, गिट्टी भी रखकर बेची जाती है। बची जमीन पत्र कुछ लोगों ने अवैध रूप से खेती भी शुरू कर दी। कभी यह रानी का तालाब अपनी भव्यता के लिए जाना जाता है, जिसका गवाह है तालाब के पश्चिमी छोर पर स्थापित भव्य शिवालय यह शिवालय भी अब देख रेख के अभाव में खंडहर बनता जा रहा है, लेकिन शिवालय में पुजारी की नियुक्ति राजमहल द्वारा ही की जाती है। यह तालाब पूर्व प्रधानमंत्री व राजा मांडा से जुड़े होने के बावजूद भी अवैध कब्जे का शिकार है और प्रशासन की इस नाकामी पर जनपद व प्रदेश के उच्च अधिकारी व राजनेता भी मौन हैं, जबकि तालाब सार्वजनिक उपयोग के काम आता है।

# भारतीय स्टेट बैंक की तरफ से गरीबों को वितरित



अवधनामा संवाददाता

**लालगंज,आजमगढ़।** भारतीय स्टेट बैंक शाखा लालगंज के सौजन्य से बैक मैनेजर विजय प्रताप सिंह ने गरीबों को लगभग 24 कंबल वितरित किया। बैंक मैनेजर विजय प्रताप सिंह ने कहा कि गरीबों को कंबल वितरित करना पुनीत कार्य है।भारतीय स्टेट बैंक गरीबों को कंबल वितरित करके बड़ा सराहनीय कार्य कर रही है। इस अवसर पर भारतीय स्टेट बैंक देवगांव के मैनेजर कंचन महावर, भारतीय स्टेट बैंक गोसाईगंज के बैंक मैनेजर अनुपम विनोद कुमार यादव , सुष्मिता, संजीव कुमार शिवचरन आदि बैंक कर्मी उपस्थित थे। उल्लेखनीय है कि शीतलहर से आम लोगों की मुश्किलें बढ़ गई हैं। पहाड़ों पर हो रही बर्फबारी व पछुआ हवा से जिले में लोगों को जमकर गलन का एहसास हो रहा है। उधर प्रशासन की ओर से गरीबों, मजदूरों व बेसहारा लोगों को ठंड से बचाने के लिए अब तक प्रर्याप्त इंतजाम नहीं किए गए है। मेहनत मजदूरी करने आने वाले मजदूरों तथा बेसहारा लोगों को खुले में रात गुजारनी पड़ रही है। इसके चलते गरीबों, मजदूरों व बेसहारा लोगों को रात में यात्रा के दौरान साधन न मिलने पर भी खुले आसमान के नीचे रहना पड़ रहा है। ऐसी स्थिति जिले में तहसीलों के ज्यादा तर जगहों पर देखने को मिल रहा है।


## राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह से यातायत नियमों के प्रति किया जागरूक

**आजमगढ़।** राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह अभियान के अंतर्गत नागरिकों को यातायात नियमों का पालन करने के लिए शुक्रवार को नरौली तिरंगा चौराहे पर संभागीय परिवहन विभाग के द्वारा चेकिंग अभियान के तहत बगैर हेलमेट और सीट बेल्ट के वाहन चलाने वालों को स्काउट के छात्र छात्राओं के द्वारा पंपलेट और गुलाब का फूल देकर जागरूक किया गया है। संभागीय परिवहन अधिकारी प्रशासन विष्णु दत्त मिश्र ने बताया कि ठंड व कोहरे के कारण काफी दुर्घटनाएं हो रही है और पब्लिक की सुरक्षा के लिए ही यह अभियान चलाया जा रहा है ताकि वह सुरक्षित रहें अगर कोई दुर्घटना होती है तो हेलमेट रहने के कारण उनका जीवन बच सकता है। इस अभियान में आर. आई पवन कुमार सोनकर, ट्रैफिक इंचार्ज धनंजय शर्मा, जितेंद्र गोंड सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी व राहुल सांस्कृत्यायन के स्काउट गाइड छात्र-छात्राएं और शिक्षक उपस्थित रहे।

# मुठभेड़ के दौरान लूट करने वाले गिरफ्तार

अवधनामा संवाददाता

**आजमगढ़।** जनपद की रौनापार पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान देशी शराब की दुकान से लूट मामले में शामिल चार अभियुक्तों को घटना के 72 घंटे के अन्दर गिरफ्तार कर लिया। इस दौरान एक बदमाश के पैर में गोली लग गयी है जिसे इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बदमाशों के पास से घटना शामिल चार पहिया वाहन होण्डा अमेज, लूट की शराब व पैसे तथा दो देशी तमंचा, कारतूस, दो मोबाइल बरामद किया है। विदित हो कि 7 जनवरी को संजय सिंह पुत्र स्व0 कल्पनाथ सिंह निवासी ग्राम मसुरियापुर थाना रौनापार ने प्रार्थना पत्र देकर बताया कि उसकी देशी शराब की दुकान ग्राम सरदौली गडथौली बुढानपुर केवटहिया में संचालित है जिस दुकान में सेल्समैन लालमन प्रसाद पुत्र पाँचू निवासी



जमुवारी थाना रौनापार अन्दर सो रहे थे कि समय करीब समय 3-4 बजे के बीच दुकान के बाहर खटपट की आवाज सुनकर दुकान का दरवाजा खोलकर बाहर निकले कि अचानक 4 व्यक्ति जो चेहरे पर कपड़ा बांधे हुए थे सेल्समैन लालमन प्रसाद को लाठी डण्डा से हमला करके घायल कर दिये। घायल करने के बाद दुकान में रखा बिक्री का 45,000- रूपया नगद, तीन पेटी शराब व सेल्समैन का मोबाइल को लूट कर लेकर चले गये थे। बदमाश संत विजय पुत्र रामजीत निवासी ग्राम काजी अमीर अहमद जोत थाना महराजगंज, करन यादव पुत्र पारस यादव निवासी अराजी अजगरा मगर्वी थाना रौनापार, आकाश पटेल पुत्र लालबहादुर पटेल निवासी ग्राम शिवपुर थाना महराजगंज, सौरभ विश्वकर्मा पुत्र रविन्द्र विश्वकर्मा निवासी अहिर गाँव मुरादपुर थाना महराजगंज को पुलिस मुठभेड़ के दौरान भैसाड़ पुल के पास से सुबह समय करीब 05.45 बजे गिरफ्तार कर लिया गया। मुठभेड़ में अभियुक्त संत विजय पुत्र रामजीत निवासी के दाहिने पैर में गोली लगी है। पूछताछ में अभियुक्तों ने उक्त घटना में शामिल होना स्वीकार किया।

## सैमसंग 22 जनवरी को मोबाइल एआई के क्षेत्र में लाएगा नई क्रांति

**नई दिल्ली।** एआई अनुभव को और भी आसान और स्मार्ट बनाने के लिए तैयार हो जाइए। गैलेक्सी एआई का नया वर्जन जल्द ही आपके मोबाइल के रोजमर्रा के इस्तेमाल को और बेहतर बनाएगा। नई गैलेक्सी एस सीरीज आपके एआई अनुभव को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाएगी। सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स 22 जनवरी को सैन जोस में अनपैक्ड इवेंट आयोजित करेगा, जिसमें मोबाइल एआई के नए युग की शुरुआत होगी। इस इवेंट में प्रीमियम गैलेक्सी इनोवेशंस पेश किए जाएंगे, जो आपकी जिंदगी को पहले से भी ज्यादा सुविधाजनक बना देंगे। इस इवेंट को Samsung.com.in सैमसंग न्यूजरूम इंडिया और सैमसंग के यूट्यूब चैनल पर भारतीय मानक समय (आईएसटी) के अनुसार, सुबह 11:30 बजे से लाइव स्ट्रीम किया जायेगा।

## सेंसेक्स और निफ्टी में शुरुआती बढ़त के बाद गिरावट

**मुंबई।** घरेलू बाजारों सेंसेक्स और निफ्टी में दो दिन की गिरावट के बाद शुक्रवार को शुरुआती कारोबार में तेजी आई, लेकिन जल्द ही बिकवाली के दबाव के कारण ये कमजोर पड़ गए। विदेशी पूंजी की भारी निकासी ने निवेशकों को चिंतित कर दिया है। बीएसई सेंसेक्स शुरुआती कारोबार में 270.76 अंक चढ़कर 77,890.97 अंक पर पहुंच गया। एनएसई निफ्टी 69.5 अंक की बढ़त के साथ 23,596 अंक पर रहा। हालांकि, जल्द ही दोनों सूचकांक नकारात्मक दायरे में आ गए। बीएसई सेंसेक्स 306.07 अंक की गिरावट के साथ 77,313.56 अंक पर जबकि निफ्टी 112.10 अंक फिसलकर 23,412.45 अंक पर कारोबार करने लगा। सेंसेक्स में सूचीबद्ध 30 कंपनियों में से टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज के शेयर में चार प्रतिशत की तेजी आई। टेक महिंद्रा, इंफोसिस, एचसीएल टेक, महिंद्रा एंड महिंद्रा, एचडीएफसी बैंक और नेस्ले के शेयर भी लाभ में रहे। इंडसइंड बैंक, जोमैटो, एनटीपीसी, भारतीय स्टेट बैंक, अदाणी पोर्ट्स और पावर ग्रिड के शेयर नुकसान में रहे। एशियाई बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी फायदे में रहा जबकि हांगकांग का हैंगसेंग, चीन का शंघाई कम्पोजिट और जापान का निक्की नुकसान में रहे। अमेरिकी बाजार बृहस्पतिवार को बंद थे। अंतरराष्ट्रीय मानक ब्रेंट क्रूड 0.30 प्रतिशत की बढ़त के साथ 77.15 डॉलर प्रति बैरल के भाव पर रहा। शेयर बाजार के आंकड़ों के मुताबिक विदेशी संस्थागत निवेशक (एफआईआई) बृहस्पतिवार को बिकवाल रहे थे और उन्होंने शुद्ध रूप से 7,170.87 करोड़ रुपये के शेयर बेचे।

# इंडस टावर्स ने 180 नए टावरों के साथ महाकुंभ मेले के लिए डिजिटल बुनियादी ढांचे को किया मजबूत




**प्रयागराज।** महाकुंभ 2025 को डिजिटल रूप से सक्षम बनाने के लिए, पीएम मोदी के डिजिटल इंडिया विजन को आगे बढ़ाते हुए, भारत के प्रमुख दूरसंचार बुनियादी ढांचा प्रदाताओं में से एक, इंडस टावर्स, उत्तर प्रदेश राज्य सरकार और जिला के साथ साझेदारी कर रहा है, जो महाकुंभ मेला 2025 के दौरान सभी तीर्थयात्रियों और प्रयागराज के लोगों के लिए निर्बाध कनेक्टिविटी सुनिश्चित करना।

हर छह साल में आयोजित होने वाला कुंभ मेला दुनिया भर से यात्रा करने वाले भक्तों का सबसे बड़ा मेला है और विश्व स्तरीय लोक प्रशासन का एक अनुकरणीय उदाहरण है। इंडस टावर्स प्रयागराज में 180 टावरों को तैनात करके निर्बाध संचार को बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है। इसमें शहर में दीर्घकालिक संपर्क प्रदान करने के उद्देश्य से 110 स्थायी टावर शामिल हैं। इसके अतिरिक्त, महाकुंभ मेला मैदान के भीतर महत्वपूर्ण क्षेत्रों में 70 सेल ऑन व्हील्स टावर स्थापित किए जा रहे हैं। मजबूत और विश्वसनीय नेटवर्क कवरेज सुनिश्चित करते हुए पूरी परियोजना दिसंबर 2024 के अंत तक पूरी होने वाली है। पहल की सराहना करते हुए प्रयागराज के जिला मजिस्ट्रेट श्री रवींद्र कुमार मंदार (आईएएस) ने कहा, महाकुंभ मेला लाखों भक्तों के लिए एक महत्वपूर्ण आध्यात्मिक सभा है। इस शुभ अवसर से पहले, हमें इंडस टावर्स को प्रयागराज में संपर्क बढ़ाने के लिए सक्रिय कदम उठाते हुए देखकर खुशी हो रही है। 180 नए टावरों की स्थापना से न केवल संचार में काफी सुधार होगा बल्कि नए डिजिटल रास्ते भी तैयार होंगे। लाखों श्रद्धालु अपने प्रियजनों के साथ जुड़े रहेंगे और निर्बाध रूप से आवश्यक सेवाओं तक पहुंच सुनिश्चित करती है। यह पहल न केवल महाकुंभ मेले की सफलता को बढ़ावा देती है, बल्कि क्षेत्र के दीर्घकालिक विकास में भी योगदान देती है। हम इंडस टावर्स की संपर्क को मजबूत करने और समुदाय को समर्थन करने के लिए उनकी प्रतिबद्धता के लिए सराहना करते हैं। इंडस टावर्स के मुख्य परिचालन अधिकारी तेजिंदर कालरा ने कहा, जब हम महाकुंभ मेले की तैयारी कर रहे हैं, हम लाखों भक्तों के लिए निर्बाध संपर्क के महत्व को पहचानते हैं। मेला प्रशासन और प्रयागराज जिला प्रशासन के साथ हमारी साझेदारी हमें शहर के दूरसंचार बुनियादी ढांचे को बढ़ावा देने और श्रद्धालुओं के लिए निर्बाध कनेक्टिविटी के साथ प्रयागराज के मैदानों में घूमने के लिए बुनियादी ढांचे और डिजिटल अनुभव को बढ़ाने में सक्षम बनाती है।

यह विश्वसनीय और निर्बाध नेटवर्क समाधान प्रदान करने में इंडस टावर्स की प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है जहां यह सबसे अधिक मायने रखता है। इंडस टावर्स यूपीई सर्कल के सीईओ श्री नीरज सिंह ने कहा, महाकुंभ मेले के लिए कनेक्टिविटी बढ़ाने की हमारी प्रतिबद्धता लाखों तीर्थयात्रियों के लिए सुचारू संचार सुनिश्चित करने के हमारे प्रयासों का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है।

## निसान ने लॉन्च किया 'बोल्ड फॉर द ब्रेव' रिपब्लिक बोनांजा




**गुरुग्राम।** निसान मोटर इंडिया (एनएमआईपीएल) ने इस महीने गणतंत्र दिवस के मौके पर सभी रक्षा बलों (भारतीय थल सेना, भारतीय वायु सेना और भारतीय नौसेना), केंद्रीय अर्धसैनिक बलों और राज्य पुलिस बलों के जवानों के लिए अपनी बेस्टसेलिंग एसयूवी नई निसान मैग्नाइट की बुकिंग पर 'बोल्ड फॉर द ब्रेव' रिपब्लिक बोनांजा की पेशकश की है। सीएसडी एएफडी पोर्टल के माध्यम से बुकिंग पर बोनांजा और सीएसडी के तहत टैक्स में छूट का लाभ लिया जा सकता है। निसान ने देशभर में केंद्रीय अर्धसैनिक बलों और राज्य पुलिस बलों के लिए भी ऑफर की पेशकश की है। दिसंबर, 2020 में भारत में अपनी लॉन्चिंग के बाद से निसान मैग्नाइट अपने सेगमेंट में सबसे लोकप्रिय बी-एसयूवी बनी हुई है। इसने घरेलू एवं निर्यात बाजार में 1.5 लाख यूनिट्स की बिक्री का आंकड़ा पार कर लिया है। यह उल्लेखनीय आंकड़ा भारतीय ऑटोमोटिव मार्केट में गेम-चेंजर के रूप में निसान मैग्नाइट की भूमिका की पुष्टि करता है। अक्टूबर, 2024 में अपनी लॉन्चिंग के बाद से नई निसान मैग्नाइट ने भी 10,000 से ज्यादा बुकिंग का आंकड़ा छू लिया है। 'बोल्ड फॉर द ब्रेव' रिपब्लिक बोनांजा लॉन्च करने के मौके पर निसान मोटर इंडिया के मैनेजिंग डायरेक्टर सौरभ वत्स ने कहा, 'हम इस साल अपने गणतंत्र के 76वें वर्ष में कदम रखने जा रहे हैं। इस मौके पर अपने सैन्य बलों, केंद्रीय अर्धसैनिक और राज्य पुलिस बलों के जवानों को विशेषरूप से सिर्फ उनके लिए तय की गई कीमतों पर अपनी फ्लैगशिप एसयूवी नई निसान मैग्नाइट की पेशकश करते हुए हम सम्मानित अनुभव कर रहे हैं। यह विशेष 'बोल्ड फॉर द ब्रेव' रिपब्लिक बोनांजा हमारे देश की रक्षा करने वाले इन सच्चे हीरो के समर्पण एवं त्याग के प्रति हमारे सम्मान एवं आभार का प्रतीक है।

# सरकार एमएसएमई क्षेत्र के लिए 100 करोड़ रुपये तक की नई ऋण गारंटी योजना जल्द करेगी शुरू

**ग्रामीण भारत महोत्सव**




**नई दिल्ली।** वित्तीय सेवा सचिव एम. नागराजू ने कहा कि सरकार जल्द ही सूक्ष्म, लघु एवं मझोले उद्यम (एमएसएमई) क्षेत्र के लिए एक नई ऋण गारंटी योजना शुरू करेगी, जिसके तहत 100 करोड़ रुपये तक के ऋण दिए जाएंगे। उन्होंने 'ग्रामीण भारत महोत्सव' के समापन अवसर पर कहा, '' हम एक योजना लाने जा रहे हैं, जिसकी घोषणा वित्त मंत्री ने अपने पिछले बजट में की थी। इसके तहत बिना गारंटी के 100 करोड़ रुपये तक का ऋण उपलब्ध कराया जा सकेगा, यदि वे पहले से ही उद्यम चला रहे हैं।'' इस योजना को मंजूरी के लिए शीघ्र ही केन्द्रीय मंत्रिमंडल के समक्ष रखा जाएगा। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने 2024-25 के बजट की घोषणा करते हुए कहा था, '' एमएसएमई को मशीनरी व उपकरण खरीदने के लिए बिना किसी गारंटी या तीसरे पक्ष की गारंटी के 'टर्म लोन' की सुविधा देने के लिए एक ऋण गारंटी योजना शुरू की जाएगी... एक अलग से गठित स्व-वित्तपोषण गारंटी कोष प्रत्येक आवेदक को 100 करोड़ रुपये तक की गारंटी का 'कवर' प्रदान करेगा, जबकि ऋण राशि इससे अधिक हो सकती है।'' उन्होंने कहा था कि उधारकर्ता को अग्रिम गारंटी शुल्क तथा घटते ऋण शेष पर वार्षिक गारंटी शुल्क देना होगा। वित्तीय सेवा सचिव एम. नागराजू ने कहा कि सूक्ष्म, लघु एवं मझोले उद्यम (एमएसएमई) क्षेत्र पांच करोड़ लोगों को रोजगार देते हैं। एमएसएमई निर्यात में उल्लेखनीय वृद्धि देखी गई है, जो 2020-21 में 3.95 लाख करोड़ रुपये से बढ़कर 2024-25 में 12.39 लाख करोड़ रुपये हो गया है। यह भारत की अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने और वैश्विक व्यापार को मजबूत करने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित करता है। भारत के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में एमएसएमई का सकल मूल्य वर्धन (जीवीए) 2017-18 में 29.7 प्रतिशत था, जो 2022-23 में बढ़कर 30.1 प्रतिशत हो गया।

## रुपया शुरुआती कारोबार में एक पैसे की गिरावट के साथ 85.87 प्रति डॉलर पर



**मुंबई।** अमेरिकी मुद्रा में मजबूती तथा विदेशी पूंजी की भारी निकासी के बीच रुपया शुक्रवार को शुरुआती कारोबार में एक पैसे टूटकर अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 85.87 पर आ गया। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि विदेशों में कच्चे तेल की ऊंची कीमतों ने भी भारतीय मुद्रा पर दबाव डाला, हालांकि घरेलू शेयर बाजारों से सकारात्मक संकेतों से इसे कुछ समर्थन मिला। उन्होंने कहा कि साथ ही 20 जनवरी के बाद डोनाल्ड ट्रंप के नेतृत्व में नए अमेरिकी प्रशासन के प्रतिबंधात्मक व्यापार उपायों की प्रत्याशा के बीच मांग बढ़ने से डॉलर मजबूत हुआ है। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 85.88 प्रति डॉलर पर खुला। शुरुआती कारोबार में मामूली बढ़त के साथ 85.87 प्रति डॉलर पर पहुंच गया जो पिछले बंद भाव के मुकाबले एक पैसे की गिरावट दर्शाता है। रुपया बृहस्पतिवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 85.86 पर बंद हुआ था। इस बीच, छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.03 प्रतिशत की बढ़त के साथ 109.03 पर रहा। 10-वर्षीय अमेरिकी बॉण्ड का प्रतिफल भी बढ़कर 4.68 प्रतिशत हो गया। अंतरराष्ट्रीय मानक ब्रेंट क्रूड 0.31 प्रतिशत की बढ़त के साथ 77.16 डॉलर प्रति बैरल के भाव पर रहा। शेयर बाजार के आंकड़ों के मुताबिक विदेशी संस्थागत निवेशक (एफआईआई) बृहस्पतिवार को बिकवाल रहे थे और उन्होंने शुद्ध रूप से 7,170.87 करोड़ रुपये के शेयर बेचे।

# इनडीड का सर्वे : भारत में 2027 तक लाखों ब्लू-कॉलर कर्मियों की मांग होगी




**नई दिल्ली।** भारत ग्लोबल मैचिंग और हायरिंग प्लेटफॉर्म, इनडीड ने अपने नए सर्वे के परिणाम जारी किए हैं, जिसमें भारत के ब्लू-कॉलर जॉब मार्केट में हो रहे बड़े परिवर्तन सामने आए हैं। सर्वे में सामने आया कि भारत में विभिन्न उद्योगों में 2.43 मिलियन ब्लू-कॉलर कर्मचारियों की आवश्यकता होगी। अकेले क्विक कॉमर्स सेक्टर में सबसे आगे रहते हुए पाँच लाख नई नौकरियों का सृजन होगा। इनडीड इंडिया में हेड ऑफ सेल्स, शशि कुमार ने कहा, ''पाँच साल पहले तक 10 मिनट में डिलीवरी के बारे में कोई सोच भी नहीं सकता था।

क्विक कॉमर्स ने इसे संभव बना दिया है, जिसमें लोगों और टेक्नोलॉजी की अहम भूमिका है। क्विक कॉमर्स केवल सुविधा नहीं बढ़ाता है, बल्कि यह करियर, अवसरों और सस्टेनेबल कार्यबल का निर्माण भी करता है। हर नया डिलीवरी ड्राईवर या वेयरहाउस वर्कर परिवर्तन की एक कहानी का प्रतिनिधित्व करता है, और दीर्घकालिक रोजगार पेश करता है, जिससे लाखों परिवारों को आजीविका मिलती है। क्विक कॉमर्स में ब्लू-कॉलर कर्मचारियों की बढ़ती जरूरत इनडीड के सर्वे में सामने आया कि क्विक कॉमर्स उद्योग में पिछली तिमाही (अक्टूबर 2024 - दिसंबर 2024) में त्योहारों की शॉपिंग तथा ई-कॉमर्स की मांग संभालने के लिए लगभग 40,000 कर्मचारियों को नौकरी पर रखा गया। उद्योग में तेजी से बढ़ते ऑपरेशंस संभालने के लिए डिलीवरी ड्राईवर, रिटेल स्टाफ, वेयरहाउस एसोसिएट, और लॉजिस्टिक्स को-ऑर्डिनेटर्स की भूमिका महत्वपूर्ण हो गई। चेन्नई, पुणे, बैंगलोर, मुंबई और दिल्ली जैसे टियर 1 शहरों में क्विक कॉमर्स बढ़ने के साथ काफ़ी ज़्यादा नियुक्ति गतिविधियाँ देखी जा रही हैं। चंडीगढ़ और अहमदाबाद जैसे टियर 2 शहरों में भी नौकरियाँ बढ़ीं, जिससे विकसित होते हुए शहरों में क्विक कॉमर्स की बढ़ती पहुँच प्रदर्शित होती है। नौकरियों के सृजन में जहाँ क्विक कॉमर्स महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है, वहीं लॉजिस्टिक्स, मैनुफैक्चरिंग, और पारंपरिक ई-कॉमर्स जैसे सेक्टर्स में भी ब्लू कॉलर कर्मचारियों की मांग बढ़ी है। हालाँकि क्विक कॉमर्स की स्पीड, स्केलेबिलिटी एवं टेक्नोलॉजी पर निर्भरता के कारण यह सबसे खास है, जिसकी मदद से पीक सीज़न में भी तेजी से नियुक्तियाँ और प्रशिक्षण संभव हो सके हैं। अंतिम छोर तक डिलीवरी, वेयरहाउसिंग, एवं अन्य लॉजिस्टिकल भूमिकाओं पर ध्यान केंद्रित करके क्विक कॉमर्स भारत के विकसित होते हुए नौकरी के बाजार में नौकरियों के मुख्य निर्माता के रूप में स्थापित हो रहा है।

**भविष्य की मांग के लिए कौशलों का निर्माण-** इस सर्वे में क्विक कॉमर्स की भविष्य की मांगों को पूरा करने के लिए स्किल डेवलपमेंट पर बढ़ता जोर प्रदर्शित होता है। नियोक्ता जी पाँच कौशलों को प्राथमिकता दे रहे हैं, वो नैविगेशन और ड्राइविंग, डिजिटल साक्षरता, डेटा एनालिसिस, मैनेजमेंट और टेक सपोर्ट हैं ताकि कार्यबल की एफिशियंसी और स्केलेबिलिटी बढ़ाई जा सके। ऑटोमेशन और डिजिटल टूल्स को अपनाने से इन भूमिकाओं के लिए आवश्यक कौशलों को आकार मिल रहा है। कौशल की कमी को दूर करने के लिए कई क्विक कॉमर्स कंपनियाँ प्रशिक्षण कार्यक्रमों में निवेश कर रही हैं ताकि कर्मचारियों को टेक्नोलॉजी के एडॉप्शन, कस्टमर सेवा, और ऑपरेशंस मैनेजमेंट जैसे क्षेत्रों में कौशल प्रदान किया जा सके। कौशल निर्माण में इस निवेश का उद्देश्य टेक-संचालित वातावरण का विकास करना और कर्मचारियों के करियर का दीर्घकालिक विकास करना है।

मजबूत कौशल, उचित प्रशिक्षण और ऑन-द-गो लर्निंग के साथ, क्विक कॉमर्स कर्मचारियों को विकास के बढ़ते अवसर प्रदान कर रहा है। उन्हें सीनियर पदों पर जाने के अवसर मिल रहे हैं। जैसे डिलीवरी ड्राइवर पदोन्नत होकर मैनेजर या लॉजिस्टिक कोऑर्डिनेटर बन सकते हैं, वहीं वेयरहाउस वर्कर अपना कौशल बढ़ाकर बड़ी टीमों को मैनेज तथा ऑपरेशंस ऑप्टिमाइज़ कर सकते हैं।

**वेतन एवं भत्ते-** बढ़ते क्विक कॉमर्स उद्योग में ग्राहकों की मांग को पूरा करने में कर्मचारियों की भूमिका महत्वपूर्ण होती है, खासकर तब, जब मांग पीक पर हो। कंपनियाँ ख़ासकर डिलीवरी और रिटेल के लिए ब्लू-कॉलर कर्मचारियों को बेहतरीन पैकेज और विभिन्न भत्ते देकर उन्हें बनाए रखने की कोशिश करती हैं। रिटेल में डिलीवरी ड्राइवरों और रिटेल स्टाफ के साथ महीने का औसत मूल वेतन लगभग 22,600 रुपये* होता है। पीक सीज़न में दैनिक, साप्ताहिक और मासिक बोनस के साथ कर्मचारियों की आय बढ़ जाती है। इसके अलावा, कर्मचारियों को नॉन-मोनेटरी पर्क, जैसे उपहार में स्मार्टफोन, रेफरल रिवॉर्ड आदि भी दिए जाते हैं। सर्वे में शामिल 14 सेक्टर्स में लगभग 47 प्रतिशत नियोक्ता 2025 और उसके बाद ब्लू कॉलर कर्मचारियों की भर्ती करने की योजना बना रहे हैं। इस वृद्धि में क्विक कॉमर्स का योगदान महत्वपूर्ण होगा। सीज़नल नौकरियाँ दीर्घकालिक करियर के अवसर लेकर आ रही हैं।

कंपनियाँ सस्टेनेबल एम्प्लॉयमेंट के लिए निवेश कर रही हैं। ऑटोमेशन और एआई भी इन नौकरियों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। कुछ टास्क टेक्नोलॉजिकल समाधानों द्वारा स्ट्रीमलाईन किए जाएंगे। हालाँकि इस सेक्टर की वृद्धि में मनुष्यों की भूमिका सबसे अहम होगी। कुशल, टेक-इनेबल्ड कर्मचारियों के निर्माण पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा, जो विकसित होते हुए उद्योग की जरूरतों के अनुरूप ढल सकें।''

# ISWAI, यूपी आबकारी विभाग और यूपी पुलिस ने नेवर ड्रिंक एंड ड्राइव अभियान के तहत सड़क सुरक्षा को बढ़ावा देने के लिए मिलाया हाथ

**राज्य सरकार और इंटरनेशनल स्पिरिट्स एंड वाइन्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया के बीच एक संयुक्त पहल**





**लखनऊ।** भारत के प्रीमियम अल्कोहलिक बेवरेज उद्योग की अग्रणी संस्था, इंटरनेशनल स्पिरिट्स एंड वाइन्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया उत्तर प्रदेश आबकारी विभाग और उत्तर प्रदेश पुलिस के साथ मिलकर राज्य में नेवर ड्रिंक एंड ड्राइव अभियान शुरू किया है। इस पहल का उद्देश्य राज्य में सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाना और जिम्मेदार शराब सेवन की संस्कृति को प्रोत्साहित करना है।

उत्तर प्रदेश, भारत का सबसे अधिक जनसंख्या वाला राज्य, सड़क दुर्घटनाओं के कारण बड़ी संख्या में मौतों का सामना करता है, खासकर राष्ट्रीय राजमार्गों पर। नशे में गाड़ी चलाने के कारण 2.5 प्रतिशत सड़क दुर्घटनाओं में मृत्यु होती है, जिसमें अधिकतर पीड़ित अपने सबसे उत्पादक आयु वर्ग में होते हैं। ISWAI और यूपी सरकार के अधिकारियों की इस संयुक्त पहल का उद्देश्य इस गंभीर सार्वजनिक समस्या के खिलाफ जागरूकता, शिक्षा और व्यवहार में बदलाव को बढ़ावा देना है। अभियान की शुरुआत करते हुए, श्री नितिन अग्रवाल, माननीय राज्य मंत्री, आबकारी, उत्तर प्रदेश, ने राज्य सरकार की सड़क सुरक्षा और नागरिकों के कल्याण के प्रति मजबूत प्रतिबद्धता को रेखांकित किया। उन्होंने कहा, सड़क सुरक्षा एक सामूहिक जिम्मेदारी है, और यह अभियान सभी नागरिकों के लिए एक महत्वपूर्ण संदेश देता है- कभी भी शराब पीकर गाड़ी न चलाएं। यह आवश्यक है कि हम सुविधा से अधिक सुरक्षा को प्राथमिकता दें, और मैं ISWAI को इस महत्वपूर्ण पहल को हमारे राज्य में लाने के लिए उनकी प्रतिबद्धता और प्रयासों की सराहना करता हूं। यूपी पुलिस के यातायात और सड़क सुरक्षा के आईजी, श्री सुभाष चंद्र दुबे ने शिक्षा और प्रवर्तन की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए कहा, उत्तर प्रदेश पुलिस यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है कि हमारे नागरिक सड़कों पर सुरक्षित रहें। हमारा संयुक्त अभियान जनता को शिक्षित करने, नशे में गाड़ी चलाने के खतरों पर जागरूकता बढ़ाने और सड़कों पर जिम्मेदार व्यवहार को प्रोत्साहित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

नशे में गाड़ी चलाना अवैध है और मानव जीवन के लिए एक गंभीर जोखिम पैदा करता है। हम हर नागरिक से कानून का पालन करने, जिम्मेदार होने और कभी भी नशे में गाड़ी न चलाने की अपील करते हैं। राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा सप्ताह 2025 की शुरुआत 11 से 17 जनवरी के बीच होगी। इस दौरान सड़क उपयोगकर्ताओं के बीच जागरूकता बढ़ाने और जिम्मेदार व्यवहार को प्रोत्साहित करने पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा। ISWAI ने यूपी पुलिस और आबकारी विभाग के साथ मिलकर जन-जागरूकता अभियान शुरू किया है।

# इकोनॉमी के लिए गुड न्यूज, 6 महीने के उच्चतम स्तर पर पहुंचा औद्योगिक उत्पादन



**नई दिल्ली।** गत नवंबर माह के औद्योगिक उत्पादन में वर्ष 2023 के नवंबर के मुकाबले 5.2 प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज की गई जो पिछले छह माह में सबसे अधिक है। जानकारों का कहना है कि त्योहारी सीजन की वजह से औद्योगिक उत्पादन में यह बढ़ोतरी दर्ज की गई। पिछले साल अक्टूबर में औद्योगिक उत्पादन में 3.7 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई थी।

गत नवंबर में औद्योगिक उत्पादन के कुल प्रदर्शन के साथ मैन्युफैक्चरिंग का प्रदर्शन भी बेहतर रहा। नवंबर में मैन्युफैक्चरिंग में 5.8 प्रतिशत तो कैपिटल गुड्स में नौ प्रतिशत का इजाफा रहा। मैन्युफैक्चरिंग और कैपिटल गुड्स में बढ़ोतरी अर्थव्यवस्था के लिए अच्छे संकेत है क्योंकि मैन्युफैक्चरिंग बढ़ने से रोजगार निकलते हैं और कैपिटल गुड्स के बढ़ने का मतलब होता है कि आने वाले समय में औद्योगिक उत्पादन में विस्तार की तैयारी हो रही है। पिछले अक्टूबर में मैन्युफैक्चरिंग में 4.4 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई थी। गत नवंबर में इंफ्रास्ट्रक्चर एवं कंस्ट्रक्शन में 10 प्रतिशत की बढ़ोतरी रही और इस सेक्टर में बढ़ोतरी से भी रोजगार के सृजन में मदद मिलती है। उद्योग विभाग के आंकड़ों के मुताबिक गत नवंबर में खनन उत्पादन का प्रदर्शन बेहतर नहीं रहा और इस सेक्टर में सिर्फ 1.9 प्रतिशत की बढ़ोतरी रही। बिजली के उत्पादन में 4.4 प्रतिशत, प्राइमरी गुड्स में 2.7 प्रतिशत, इंटरमीडिएट गुड्स में पांच प्रतिशत, कंज्यूमर ड्यूरेबल में 13.1 प्रतिशत तो कंज्यूमर नॉन-ड्यूरेबल में 0.6 प्रतिशत का इजाफा रहा।

# रिन्यूबाय ने कामकाजी पेशेवरों और छोटे कारोबारों के मालिकों के लिए किफायती स्मार्ट टर्म प्लान प्रस्तुत किए



**लखनऊ।** भारत के अग्रणी ऑनलाइन बीमा प्लैटफॉर्म रिन्यूबाय ने आज एलआईसी, आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल और डिजिट इंश्योरेंस के साथ साझेदारी में आरबी प्रॉपराइटरी के तहत अपने तीसरे प्रॉपराइटरी प्रोडक्ट- रिन्यूबाय स्मार्ट टर्म प्लान लॉन्च करने की घोषणा की।

हालांकि टर्म इंश्योरेंस वित्तीय सुरक्षा के लिए बेहद अहम है, लेकिन आम तौर पर मिलने वाले टर्म इंश्योरेंस प्लान इतने पेचीदा होते हैं कि लोग उन्हें खरीदने में दिलचस्पी नहीं दिखाते। इस समस्या को हल करने के लिए, रिन्यूबाय ने अपना प्रॉपराइटरी प्रोडक्ट- रिन्यूबाय स्मार्ट टर्म प्लान पेश किया है, जिसे खास तौर पर ऐसे लोगों के लिए डिज़ाइन किया गया है जिन्हें टर्म प्लान की ज़रूरत तो है, किंतु उनकी जटिलता के चलते उन्हें इसके बारे में फैसला लेने में बड़ी जद्दोजहद करनी पड़ती है। रिन्यूबाय के सह-संस्थापक इंद्रनील चटर्जी कहते हैं, ''आज हम अपना यह प्रॉपराइटरी प्रोडक्ट लॉन्च कर रहे हैं जिसका उद्देश्य नए जमाने के ग्राहकों की नई उभरती बीमा जरूरतों को पूरा करना है। टर्म प्लान्स अपनी विभिन्न सुविधाओं और विकल्पों के साथ विभिन्न प्रकार के ग्राहकों की जरूरतों को पूरा करते हैं। टर्म इंश्योरेंस प्लान्स की जटिलता बहुत से लोगों के लिए चिंता बनी हुई है और इस स्थिति को हम संभावित वित्तीय नुकसान के रूप में भी देख सकते हैं, वजह यह है कि बहुत लंबी अवधि तक प्रीमियम का भुगतान करना पड़ता है और पॉलिसीधारक के पॉलिसी अवधि तक जीवित रहने पर उससे बाहर निकलने का विकल्प नहीं होता। रिन्यूबाय स्मार्ट टर्म प्लान को बनाते हुए हमने ग्राहकों को केंद्र में रखा है और जटिलता, सामर्थ्य एवं अवधि से संबंधित अहम मुद्दों का हल प्रस्तुत किया है। स्मार्ट टर्म एक कस्टमाइज्ड टर्म इंश्योरेंस प्लान है, जो आधुनिक उपभोक्ताओं की जरूरतों और मांगों को पूरा करता है। कामकाजी पेशेवरों और छोटे व्यवसाय के मालिकों के लिए खास तौर पर डिजाइन किया गया यह बीमा उत्पाद आसान पहुंच, किफायत, आसान सुविधाओं और कस्टमाइज्ड विकल्पों जैसे प्रमुख बिंदुओं का समाधान लेकर आया है। रिन्यूबाय की यह पहल टर्म इंश्योरेंस श्रेणी को नए अर्थ प्रदान करेगी। रिन्यूबाय का व्यापक ऑनलाइन वितरण नेटवर्क अपने बीमा एजेंटों को इस किफायती टर्म प्लान को पूरे देश में पहुंचाने में सक्षम बनाएगा, और विशेष रूप से उन इलाकों पर ज्यादा ध्यान दिया जाएगा जहां बीमा सेवा नहीं है या बहुत कम है। इंद्रनील चैटर्जी ने आगे कहा, ''पहले चरण में, हमने उपभोक्ताओं तक व्यापक पहुंच के लिए तीन अग्रणी बीमा कंपनियों एलआईसी, आईसी आईसीआई प्रूडेंशियल और डिजिट लाइफ के साथ साझेदारी की है। शीघ्र ही हम अन्य बीमा कंपनियों के और अधिक उत्पादों को भी इसमें शामिल करेंगे। रिन्यूबाय के स्मार्ट टर्म को आज के उपभोक्ताओं की दो प्रमुख समस्याओं को ध्यान में रखते हुए पेश किया गया है, खास तौर पर टियर 2-3 शहरों (35-40 वर्ष के बीच) में रहने वाले उपभोक्ताओं के लिए। अक्सर इन उपभोक्ताओं के सिर पर बड़ी व महत्वपूर्ण पारिवारिक जिम्मेदारियों का बोझ होता है। इसलिए यह उत्पाद ''10 साल का भुगतान'' (10 Years Pay) पॉलिसी के साथ आता है, जिससे उपभोक्ता 10 साल की अवधि के लिए प्रीमियम का भुगतान कर के 80 साल और उससे अधिक उम्र तक 50 लाख और 1 करोड़ (पॉलिसी के आधार पर) की कवरेज प्राप्त कर सकते हैं। स्मार्ट टर्म के तहत 'स्मार्ट रिटर्न ऑफ प्रीमियम' का विकल्प भी है, इसके अंतर्गत यदि पॉलिसीधारक पॉलिसी अवधि के दौरान प्रीमियम राशि वापस लेना चाहता है तो उसे भुगतान किए गए प्रीमियम पर पूरा पैसा वापस मिल जाता है। 50 लाख से 1 करोड़ तक के बीमे के लिए स्मार्ट टर्म प्लान का प्रीमियम 2500 प्रति माह से शुरू होता है।

# पडरौना को तीन विकेट से हरा फाइनल में पहुंची कानपुर की टीम

अवधनामा ब्यूरो



खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करते खड़ा विधायक विवेकानंद पांडेय, डॉ. केपी गौड़ व अन्य

- स्व. कृष्णा साहा व स्व. विमलेश मल्ल की स्मृति में 17वें वर्ष क्रिकेट प्रतियोगिता का छठवां दिन

**कुशीनगर।** पडरौना शहर के यूएनपीजी कॉलेज के खेल मैदान में पडरौना क्रिकेट क्लब द्वारा 17वें वर्ष स्व. कृष्णा साहा व स्व. विमलेश मल्ल की स्मृति में आयोजित क्वालिटी टीवीएस कप क्रिकेट प्रतियोगिता के छठवें दिन शुक्रवार को मेजबान पडरौना और कानपुर के बीच ग्रुप बी का सेमीफाइनल मैच खेला गया। इसमें कानपुर की टीम ने पडरौना को दो विकेट से पराजित कर फाइनल में अपना स्थान पक्का कर लिया। 64 रनों की शानदार पारी खेलते हुए चार विकेट लेने वाले पडरौना के खिलाड़ी दिग्विजय यादव को मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया।

पडरौना टीम के कप्तान चंदन गौड़ ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। सलामी बल्लेबाज के रूप में आए अमन तिवारी का विकेट शून्य के स्कोर पर गिर गया। कप्तान चंदन गौड़ का भी विकेट 15 के स्कोर पर गिर गया। इससे पडरौना की टीम दबाव में आ गई। इंजेश और गोविंद ने कुछ देर तक पारी को संभाला, लेकिन जब इन दोनों का विकेट गिरा तो पडरौना की टीम भारी दबाव के बीच रनों के लिए संघर्ष करने लगी।

मध्यक्रम में खेलने आए दिग्विजय यादव और मेहताब ने रन गति में इजाफा किया और एक अच्छी साझेदारी की बदौलत टीम को सम्मानजनक स्कोर पर पहुंचाया। 23वें ओवर की गेंदबाजी में सभी विकेट खोकर पडरौना की टीम 153 रन का स्कोर बना सकी। इसमें दिग्विजय ने 64, इंजेश ने 16, शिवेंद्र ने 14, किशन साहा ने 13, प्रिंस ने 12 रनों का योगदान दिया। वहीं, कानपुर की तरफ से गौरव ने चार, शुभम व सूरज ने दो-दो, तरूण व नीरज ने एक-एक विकेट हासिल किया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी कानपुर की टीम की शुरुआत ठीक रही। 26 व 27 रन के स्कोर पर क्रमशः दो विकेट गिरे, लेकिन इसके बाद खेलने आए जयदीप व सलमान ने पारी को बेहतरीन तरीके से संभाला और लक्ष्य के करीब तक पहुंचा दिया। जयदीप और सलमान का विकेट गिरा तो कानपुर की टीम दबाव में आ गई। 24वें ओवर की गेंदबाजी में कानपुर की टीम ने तीन विकेट शेष रहते ही मेजबान टीम पडरौना को पराजित कर फाइनल में प्रवेश कर लिया। कानपुर की तरफ से जयदीप ने 67, संदीप ने 16, तरूण ने 15 व अंकित ने 11 रनों का सर्वाधिक योगदान दिया। पडरौना की तरफ से गेंदबाजी करते हुए दिग्विजय ने चार, मछ्छ, शिवेंद्र व प्रिंस ने एक-एक विकेट चटकाए। कमेंट्री प्रिंस तिवारी व नजमुद्दीन ने की। स्कोरिंग अभिषेक गैरी ने किया। इससे पूर्व प्रतियोगिता का शुभारंभ खड्डा विधायक विवेकानंद पांडेय व डॉ. केपी गौड़ ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया।

## संतोषजनक जवाब न देने पर सभापति ने कई विभागों को फटकारा

# योजनाओं के क्रियान्वयन में लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी

अवधनामा ब्यूरो



**कुशीनगर।** उत्तर प्रदेश विधान परिषद की वित्तीय और प्रशासकीय विलम्ब समिति के सभापति पवन कुमार सिंह की अध्यक्षता में सदस्य विधान परिषद कुंवर महाराज सिंह, विक्रांत सिंह 'रिशु', विशाल सिंह चंचल की मौजूदगी में शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में देवरिया जनपद व कुशीनगर जनपद की समीक्षा बैठक हुई।

सभापति ने जनवरी वर्ष 2019 से दिसंबर 2022 के बीच विभिन्न विभागों से सेवानिवृत्त हुए कर्मचारियों के पेंशन, ग्रेच्युटी और अन्य देयकों का लंबित प्रकरणों की समीक्षा की। इसके अलावा विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की भी विस्तृत समीक्षा सभापति ने की, तथा संबंधित अधिकारियों को निर्धारित समय में संचालित योजनाओं का लाभ देने के लिए, निर्देशित किया। सभापति पवन कुमार सिंह द्वारा खराब प्रदर्शन करने वाले विभागों के साथ जिलाधिकारी को बैठक कर इनके कार्यों की समीक्षा करने की अपेक्षा की गई। बैठक दौरान सभापति द्वारा कुछ विभागों की छोड़कर सभी विभागों के कार्यों पर संतुष्टि व्यक्त की गई। उन्होंने विशेष रूप से निर्देशित किया कि छात्रवृत्ति से सम्बन्धित विभागों के साथ बैठक कर उनका जल्द से जल्द निस्तारण कराएं। छात्रों को शासन की ओर से चल रही छात्रवृत्ति योजना का लाभ समय से लाभार्थियों को दिलाए। उन्होंने इसके लिए सभी विभागों को एकीकृत प्रयास करने का निर्देश भी दिया।

कृषि विभाग, उद्यान विभाग और पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों को भी निर्देशित किया की वो शासन की ओर से चल रही योजनाओं को आमजन तक पहुंचाए। सभापति ने कहा कि गर्मी के दृष्टिगत विद्युत संबंधी तैयारी अभी से पूरी कर लें। ग्रामीण क्षेत्रों में ट्रांसफार्मर की क्षमता वृद्धि कर लें, जिससे परीक्षा के दौरान विद्युत आपूर्ति की जा सके। बेसिक शिक्षा, शिक्षा विभाग, स्वास्थ्य एवं चिकित्सा विभाग और राजस्व विभाग को भी निर्देशित किया कि वो अपने विभागों में लंबित प्रकरणों का निपटारा जल्द से जल्द करें। जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज द्वारा सभापति का समस्त अधिकारियों की ओर से अभिवादन करते हुए दिए गए निर्देशों का अक्षरशः पालन करने एवं महत्वपूर्ण मार्गदर्शन हेतु आभार प्रकट किया गया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्र, अपर जिलाधिकारी वैभव मिश्रा, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ सुरेश पटारिया, कृषि उपनिदेशक, पी.डी. डीपीआरओ, बीएसए, सहित अन्य समस्त अधिकारी गण उपस्थित रहे।

# हाईकोर्ट के आदेश के बाद भी मंदिर से नहीं हटे रिसीवर

अवधनामा संवाददाता

- महंथ शंभू दास ने डीएम को पत्र देकर आदेश को पालन कराने की लगाई गुहार

**मथौली बाजार, कुशीनगर।** कस्बा स्थित श्रीराम जानकी मंदिर का फैसला आने के बाद मंदिर के रिसीवर अभी तक हटे नहीं। करीब एक माह पूर्व हाईकोर्ट से आदेश प्राप्त हुआ था कि उक्त मंदिर से रिसीवर हटा दिया जाए। लेकिन यहां तैनात रिसीवर अभी तक चार्ज नहीं दे पाए। इस संबंध में महंथ शंभू दास ने डीएम को पत्रक देकर आदेश को पालन कराने की मांग किया है।

बता दें कि श्रीराम जानकी मंदिर के 6 मई 2021 को मंदिर के महंथ हरिदास का निधन हो गया था। इसके बाद मंदिर के दो पुजारी शम्भू दास व सियाराम दास में मंदिर के उत्तराधिकारी को लेकर विवाद हो गया, जिसके बाद मामला कोर्ट में चला गया। उधर महंथ हरिदास मरने से पहले 12 मई 2020 को शिष्य शंभू दास को रजिस्टर्ड वसीयत कर दिया था फिर भी मंदिर के दूसरे पुजारी सियाराम दास ने स्वयं को उत्तराधिकारी बताते हुए विवाद खड़ा कर दिया, जिसको लेकर दोनों पक्षों द्वारा जिला न्यायालय से हाईकोर्ट तक दावेदारी की गई। इस विवाद के क्रम में हाटा तहसील प्रशासन द्वारा मंदिर का रिसीवर हाटा तहसीलदार को नियुक्त कर दिया गया, साथ ही मंदिर में दोनों पुजारी को पूजा पाठ के लिए समय निर्धारित कर दिया गया। इसी बीच बीते 29 नवम्बर 2024 को हाईकोर्ट ने रजिस्टर्ड वसीयत के अनुसार शंभु दास के पक्ष में फैसला सुना दिया और रिसीवर को हटाने का निर्देश दिया। आदेश की कॉपी तहसील हाटा में पड़ी हुई है तहसील के जिम्मेदार अभी तक आदेश का पालन नहीं किए। इसको लेकर महंथ शंभु दास ने समाधान दिवस हाटा में प्रार्थना पर दिया था लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। जिसके बाद महंथ ने डीएम को पत्रक देकर आदेश का पालन कराते हुए रिसीवर हटाने की मांग किया है। इस संबंध में एसडीएम हाटा प्रभाकर सिंह ने कहा कि कोर्ट के आदेश अक्षरशः पालन किया जायेगा। जल्द ही रिसीवर से चार्ज ले दिया जाएगा।

# अन्तर्जनपदीय चोरी गैंग का पर्दाफाश

- गैंग के सरगना सहित पांच गिरफ्तार
- चोरी की स्विफ्ट डिजायर कार, दो अवैध तमंचा, बाइक व नगदी बरामद

अवधनामा ब्यूरो



घटना का खुलासा करते एएसपी रितेश कुमार

**कुशीनगर।** जिले की स्वाट व हाटा कोतवाली पुलिस की संयुक्त अभियान में अंतर्जनपदीय चोरी गैंग का पर्दाफाश किया गया है। पुलिस गैंग के सरगना सहित पांच अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। वहीं अभियुक्तों के पास से दो अवैध तमंचा, पल्सर बाइक, तीन मोबाइल व नगदी बरामद किया है।

शुक्रवार को घटना का खुलासा करते हुए एडिशन एसपी रितेश कुमार सिंह ने बताया कि बीते 6 दिसंबर 2024 को अशोक कुशवाहा पुत्र स्व. फूलचन्द कुशवाहा निवासी टीचर कालोनी सबेया थाना कसया की 5/6 दिसंबर रात ढाढ़ा ओवरब्रिज के पास से स्विफ्ट डिजायर कार के चोरी होने के संबंध में थाना कोतवाली हाटा पर तहरीर दिया गया। प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना कोतवाली हाटा मुकदमा दर्ज कर घटना के शीघ्र अनावरण हेतु पुलिस अधीक्षक कुशीनगर संतोष कुमार मिश्रा द्वारा अपर पुलिस अधीक्षक कुशीनगर रितेश कुमार सिंह के पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी कसया कुन्दन कुमार सिंह के नेतृत्व में टीमों का गठन किया गया। आज शुक्रवार को थाना कोतवाली हाटा व स्वाट की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा घटना का खुलासा करते हुए घटना में सम्मिलित पांच नफर अभियुक्तों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी गए स्विफ्ट डिजायर कार, नकद 14,000 रुपए, एक लकड़ी का बाक्स बरामद तथा गैंग द्वारा उक्त घटनाओं में प्रयुक्त दो मोबाईल फोन, अपराध में प्रयुक्त बिना नम्बर की पल्सर मोटर साइकिल व दो अवैध तमंचा 315 बोर व चार जिन्दा कारतूस बरामद किया गया। पूछताछ में अभियुक्तों द्वारा बताया गया कि इनका एक संगठित गिरोह है। इस गैंग का सरगना दीपू यादव उर्फ ब्रो जो स्वयं जनपद देवरिया का रहने वाला है, गैंग को संचालित करता है। ये लोग जनपद कुशीनगर व देवरिया में अपराधिक कृत्य का अंजाम देते हैं जिसका केन्द्र बिन्दु जिला देवरिया है। ये लोग जनपद कुशीनगर व देवरिया के भिन्न भिन्न कस्बों व स्थानों का रेकी कर चोरी व लूट जैसी आपराधिक घटनाओं को अंजाम देते है। पकड़े गए अभियुक्तों में दीपू यादव उर्फ ब्रो पुत्र राधेश्याम यादव निवासी पिपरपाती थाना कोतवाली देवरिया जनपद देवरिया, दिव्यांशु यादव पुत्र मनोज यादव निवासी गोबराई खास थाना को. देवरिया, अभय यादव पुत्र सुग्रीव यादव निवासी गोबराई खास थाना को. देवरिया, रमेश सिंह पुत्र रामदरश सिंह निवासी ढाढ़ा बुजुर्ग टोला पकवाइनार थाना को. हाटा व किशन मद्धेशिया पुत्र शिवचन्द मद्धेशिया निवासी धनौती खुर्द थाना कोतवाली देवरिया शामिल रहे। गिरफ्तारी करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक सुशील कुमार शुक्ला थाना कोतवाली हाटा, एसओजी प्रभारी उ.नि. आलोक कुमार यादव कुशीनगर, कस्बा चौकी प्रभारी अनुराग शर्मा शामिल रहे।

## ग्रामीण मिनी स्टेडियम घोरहा में आयोजित खंड स्तरीय क्रीड़ा प्रतियोगिता

**अमेठी/भादर।** युवा कल्याण एवं प्रादेशिक खेल कूद विभाग की ओर से मिनी स्टेडियम घोरहा में खंड स्तरीय क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में ग्रामीण अंचल के खिलाड़ी उत्साह से शामिल हुए। ब्लाक प्रमुख प्रवीण कुमार सिंह ने प्रतियोगिता का उद्घाटन किया। प्रधान संघ के अध्यक्ष इन्द्र बहादुर सिंह ने खिलाड़ियों को पुरस्कार और प्रमाण पत्र प्रदान किए। क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी अपूर्वा यादव के संयोजन में एथेलेटिक्स, बालीबाल और कबड्डी प्रतियोगिता आयोजित हुई। वरिष्ठ व्यायाम शिक्षक सुभाष सिंह, राष्ट्रीय खिलाड़ी राम लखन यादव, संजय तिवारी, विनोद सिंह, मिथिलेश मौर्य, अनिल सिंह, प्रदीप सिंह ने रेफरी की भूमिका निभाई। प्रतियोगिता परिणाम -एक नजर में सीनियर वर्ग में गोला फेंक -अमित सिंह- प्रथम, दिव्यांश तिवारी -द्वितीय, बालीवाल- घोरहा-प्रथम, सोनाली -द्वितीय कबड्डी - नेवढिया प्रथम, घोरहा, द्वितीय 800मी दौड़ रोहित -प्रथम, दिव्यांश - द्वितीय खुशी पाल -प्रथम, काजल -द्वितीय

# भाजपा जिलाध्यक्ष के 50 व प्रांतीय परिषद के लिए 18 ने दाखिल किया नामांकन

अवधनामा ब्यूरो



भाजपा कार्यालय में नामांकन दाखिल करते दावेदार

**कुशीनगर।** भारतीय जनता पार्टी संगठन महापर्व के तहत कुशीनगर में बूथ से लेकर मंडल अध्यक्ष तक की चुनाव प्रक्रिया पूरी होने के बाद शुक्रवार को भाजपा कुशीनगर जिलाध्यक्ष और प्रांतीय परिषद के लिए नामांकन प्रक्रिया संपन्न हुई। रविन्द्र नगर स्थित पार्टी कार्यालय में जिला चुनाव अधिकारी डॉ रंजन शर्मा व संगठन चुनाव पर्यवेक्षक पूर्व सांसद लल्लू सिंह की मौजूदगी व देखरेख में नामांकन प्रक्रिया कराई गई।

भाजपा में इस बार जिलाध्यक्ष बनने के लिए चार दर्जन से अधिक दावेदारों ने पर्चा भरा है। जिलाध्यक्ष के लिए 50 और प्रांतीय परिषद के लिए 18 लोग कतार में हैं। वर्तमान जिलाध्यक्ष दुर्गेश राय भी एक बार फिर दावेदार हैं। उनके अलावा 7 अन्य वर्तमान जिला पदाधिकारी व कई पूर्व पदाधिकारी भी जिलाध्यक्ष बनने दावेदारी पेश किए हैं। दावेदारों में तीन महिलाएं भी शामिल हैं। इनमें एक महिला मोर्चा की वर्तमान जिलाध्यक्ष भी हैं। जिला चुनाव अधिकारी डॉ रंजन शर्मा ने बताया कि प्रदेश संगठन के निर्देश व नियमानुसार नामांकन प्रक्रिया सम्पन्न कराई गई।

काफी सौहार्दपूर्ण और शान्ति पूर्ण वातावरण में भाजपा के वर्तमान जिलाध्यक्ष के अलावा पार्टी के कई वरिष्ठ नेताओं ने अध्यक्ष पद हेतु नामांकन किया। बताया कि वर्तमान जिलाध्यक्ष दुर्गेश राय, किसान मोर्चा क्षेत्रीय उपाध्यक्ष राधेश्याम पाण्डेय, जिला महामंत्री सन्तोष दत्त राय, सुदर्शन पाल, जिला उपाध्यक्ष दिवाकर मणि त्रिपाठी,विजय शुक्ला, अवधेश सिंह,मनोज जायसवाल, जिला मंत्री रामसागर कुशवाहा, बलिराम यादव, पूर्व जिला महामंत्री मार्कण्डेय शाही,जय प्रकाश उपाध्याय, व्यावसायिक प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक ओपी मिश्र, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष चंद्रप्रभा पाण्डेय सहित 50 लोगों ने जिलाध्यक्ष के लिए नामांकन पत्र दाखिल किया है।

## नवनियुक्त तहसीलदार ने लिया चार्ज

**अमेठी।** शुक्रवार को नवनियुक्त तहसीलदार अभिषेक कुमार यादव तहसील का अतिरिक्त कार्यभार ग्रहण किया। पंकज कुमार मुसाफिरखाना के एसडीएम के पद पर कार्यभार ग्रहण किया। सूरज प्रताप ने भी शुक्रवार को दोपहर बाद कार्यभार ग्रहण किया। गुरुवार को जिलाधिकारी निशा अनंत ने जिले के सभी तहसीलों में फेर बदल किया था। मुसाफिरखाना तहसील में तैनात एसडीएम प्रीति तिवारी को हटाकर अतिरिक्त मजिस्ट्रेट बनाया गया है। अमेठी में तैनात रहे न्यायिक एसडीएम पंकज कुमार को मुसाफिरखाना का नया एसडीएम नव नियुक्त किया गया है। काफी फिर बदल किया है। अमेठी के तहसीलदार सूरज प्रताप को जिला मुख्यालय से सम्बद्ध किया गया है। तिलोई तहसीलदार अभिषेक यादव को अमेठी का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है।

# तमकुहीराज-बनारस एनएच 727 बी के लिए 1250 किसानों की जमीन होगी अधिग्रहित

शकील अहमद

**कुशीनगर (अवधनामा ब्यूरो)।** तमकुहीराज बनारस एनएच 727 बी के निर्माण के लिए सरकार ने किसानों की जमीनों को अधिग्रहित करने के उपरांत उसका मुआवजा देने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। यह मार्ग कुशीनगर जिले के तमकुहीराज में एनएच 28 से शुरू होकर कुशीनगर जिले के नौ गांवों से गुजरते हुए बिहार प्रान्त के रास्ते देवरिया जिले के मझौलीराज, सलेमपुर से होते हुए बलिया, गाजीपुर से होकर बनारस को जोड़ेगी। कुशीनगर जिले के तमकुहीराज तहसील प्रशासन ने क्षेत्र के नौ गांवों के कुल 1526 किसानों के भूखंडों के मूल 1250 किसानों को मुआवजा देने की प्रक्रिया पूरी कर उनसे सहमति पत्र प्राप्त कर मुआवजे की राशी किसानों के खाते में भेजवाना शुरू कर दिया है।

- 460 किसानों के खाते में भेजा गया 4 करोड़ 20 लाख रुपए

किसानों के अधिग्रहित जमीन का राष्ट्रीय राजमार्ग व प्रशासन ने पूर्व में ही गांव और मार्ग से सटे भूमि के मुआवजे का रेट प्रति हेक्टेयर तय कर लिया था। अधिग्रहित जमीन का प्रति हेक्टेयर रेट के चार गुना किसानों का भुगतान दिया जा रहा है। इनमें से कुछ किसानों के दो से तीन भूखंडों के खाते में नाम दर्ज है। इस तरह कुल 1250 मूल किसानों की भूमि अधिग्रहित की गई है। **अभी तक किसी ने नहीं दर्ज कराई है आपत्ति** -एसडीएम विकास चन्द्र के अनुसार अभी तक किसी किसान द्वारा भूमि अधिग्रहण और मुआवजे को लेकर आपत्ति दर्ज नहीं कराई गई है, कुछ किसान बाहर है या फिर कुछ किसानों के आवश्यक प्रपत्र उपलब्ध नहीं है, जो उसे एकत्र कर रहे इसी लिए, उनकी सहमति पत्र प्राप्त होने में कुछ समय लग रहा। तहसील प्रशासन व राजस्वकर्मी लगातार किसानों से सम्पर्क कर उनके प्रपत्र तैयार कराने में उनका सहयोग कर रहे है। जल्दी ही शेष किसानों के (प्रपत्र) सहमति पत्र प्राप्त हो जायेंगे। और उनके भूमि के मुआवजे का भुगतान उनके खाते में करा दिया जाएगा। **इन गांवों के सबसे ज्यादा किसान प्रभावित**- एनएच 727 बी के निर्माण के लिए अधिग्रहित भूमि में सबसे अधिक दुम्हा के 527, रकबा राजा के 220 व गाजीपुर के 257 किसान प्रभावित हुए है। इसी लिए वहां के किसान अधिग्रहित जमीन के मुआवजे को नाकाफी बताते हुए कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष पूर्व विधायक अजय कुमार लल्लू के जन सत्याग्रह आंदोलन में सहयोग को आगे आ रहे है। **सड़क के किनारे जमीनों का रेट 15-20 लाख रुपए है कट्ठा**- सड़क के किनारे स्थित जमीन का वर्तमान बाजार रेट 15 से 20 लाख रुपए कट्ठा है। जबकि सरकार उक्त भूमि का जो मुआवजा दे रही उसके अनुसार तय रेट के चार गुना पैसा अधिकतम 05 से 06 लाख रुपए ही किसानों को मिल रहा। ऐसे में उनकी मांग है कि वर्तमान समय में निबंधन कार्यालय में उक्त गांवों का जो सर्किल रेट है, उसे आधार मानकर उनके भूमि का मुआवजा दिया जाय ताकि उनके मुआवजे की राशी कुछ और बढ़ जाए।

**तय सर्किल रेट प्रति हेक्टेयर/लाख रुपए में**

| | |
|---|---|
| हरिहरपुर | 77,86,772.50 |
| गाजीपुर | 71,53,616.25 |
| डुम्हा | 69,49,227.50 |
| सराय बुजुर्ग | 69,49,227.25 |
| हरदिया - | 51,09,726.00 |
| हौदा - | 51,09,726.00 |
| निरहुजंज - | 69,49,227.50 |
| रकबा राजा | 69,42,477.50 |
| नरायनपुर राजा | 51,09,726.00 |

प्रति हेक्टेयर में 62.5 कट्ठा भूमि होता है

**किस गांव के कितने किसानों की भूमि अधिग्रहित होगी**

| | |
|---|---|
| हरिहरपुर | 55 |
| निरहुजंज | 158 |
| हरदिया | 20 |
| नरायनपुर राजा | 91 |
| गाजीपुर | 257 |
| सरया बुजुर्ग | 156 |
| हौदा | 42 |
| डुम्हा | 527 |
| रकबा राजा | 220 |
| कुल किसान- | 1526 |

तमकुहीराज के एसडीएम विकास चन्द्र के अनुसार कुल 1250 किसानों की जमीन अधिग्रहित की गई है। जिनमें से 460 किसानों ने तहसील प्रशासन को अपनी सहमति पत्र के माध्यम से अपनी जमीन राष्ट्रीय राजमार्ग को दे दिया है। जिनको तहसील प्रशासन ने विधिक प्रक्रिया पूरी कर अपनी सहमति देने वाले किसानों के खाते में उनके भूमि का मुआवजा लगभग 04 करोड़ 20 लाख रुपए का भुगतान करा दिया गया है। 36 किसानों की सहमति पत्र प्राप्त हुए है, उनके मुआवजे की भुगतान की प्रक्रिया पूरी कराई जा रही है।



एसडीएम तमकुहीराज विकास चन्द्र

## डीएम ने किया सरकारी राशन की दुकान का निरीक्षण

अवधनामा संवाददाता

**अमेठी।** जिलाधिकारी निशा अनंत ने नगर पालिका गौरीगंज के वार्ड वलीपुर खुर्दवा ब्लॉक गौरीगंज में स्थित सरकारी राशन की दुकान का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मौके पर स्टॉक का निरीक्षण किया। कुल 119 कुंतल चावल 104 कुंतल गेहूं वितरण हेतु आया था जिसमें 89 बोरी गेहूं तथा 79 बोरी चावल की मात्रा उपलब्ध पायी गई शेष का वितरण किया जा चुका है। कोटेदार ने बताया कि वर्तमान में अंत्योदय के कुल 85 तथा पात्र गृहस्थी के 490 राशन कार्ड धारक है। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने उपस्थित लोगों को अपने सामने ई पास मशीन के माध्यम से राशन वितरण प्रणाली का अवलोकन किया। लाभार्थियों से घटतौली, वितरण में अनियमित तथा ई केवाईसी की स्थिति की जानकारी ली व कोटेदार को निर्देशित किया कि समस्त लाभार्थियों को वितरण पर्ची की एक प्रति दें। इस दौरान जिलाधिकारी ने उपस्थित लोगों से पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत सोलर रूफटॉप तथा फार्मर रजिस्ट्री अनिवार्य रूप से कराए जाने की अपील की।

# संविधान गौरव अभियान को सफल बनाएं कार्यकर्ता : जयनाथ

अवधनामा संवाददाता



**देवरिया।** भारतीय जनता पार्टी भाटपार रानी मंडल की संविधान गौरव अभियान की कार्यशाला स्थानीय उपनगर स्थित मदन मोहन मालवीय पीजी कॉलेज में मंडल अध्यक्ष विशंभर पांडेय की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक का शुभारंभ पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर मुख्य अतिथि जय नाथ कुशवाहा एवं अन्य अतिथियों के द्वारा माल्यार्पण अर्पित कर किया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि पूर्व जिला उपाध्यक्ष जयनाथ कुशवाहा ने कहा कि इस साल भारतीय संविधान के लागू होने का 75 वर्ष पूरा हो रहा है जिसके उपलक्ष में पार्टी के द्वारा 11 जनवरी से लेकर 25 जनवरी तक संविधान गौरव अभियान कार्यक्रम तय किया गया है। इसके अंतर्गत अनुसूचित एवं मलिन बस्तियों में जाकर भाजपा कार्यकर्ता भाजपा सरकार के द्वारा डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के सम्मान में किए गए कार्यों को बताएं। भाजपा की सरकार ने संविधान एवं डॉ अम्बेडकर के गौरव को बढ़ाया है। जिला उपाध्यक्ष अजय कुमार दुबे ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार ने डॉक्टर भीमराव अंबेडकर से संबंधित पांच स्थानों को पंच तीर्थ घोषित कर उसका सर्वांगीण विकास करने का काम की है।

मंडल प्रभारी डॉ भानू प्रताप सिंह ने कहा की कांग्रेस की सरकार ने सबसे अधिक संविधान का दुरुपयोग किया है। विभिन्न प्रदेशों में चुनी हुई सरकार को भंग करने का सबसे अधिक कार्य कांग्रेस की सरकार में हुआ है। डॉ अरविंद सहाय ने कहा कि डॉ अम्बेडकर को 1990 में भाजपा समर्थित सरकार ने भारत रत्न देने का काम किया था।

कार्यक्रम का संचालन मंडल महामंत्री मंटू पटेल ने किया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से सुशील कुमार शाही, राघवेंद्र वीर विक्रम सिंह, डॉ अशोक तिवारी, सुरेश तिवारी, सुरेन्द्र सिंह टुनटुन, डॉ श्याम परवेज, राजेंद्र जायसवाल, अमित शाही, संतोष शाही, सीमा कुशवाहा, डॉ के के मिश्रा, चन्द्र किशोर द्विवेदी, राजेश गुप्ता, आनंद पियूष उपाध्याय, गौतम प्रसाद, संतोष पटेल, धर्मेंद्र सिंह, धर्मेंद्र कुशवाहा, लक्ष्मण वर्मा, जितेंद्र जायसवाल, सोनू वर्मा, सुभंजय सिंह, मंगल प्रताप शाही, योगेन्द्र कुशवाहा, सुरेश कुशवाहा, रितेश तिवारी, सुरेन्द्र चौहान, अशोक तिवारी, महेंद्र पासवान, संतोष पाण्डेय, गुड्डू सहाय, अमरेन्द्र मौर्य, धीरज गुप्ता,सुमंत कुशवाहा, राम प्रवेश कुशवाहा, दिनेश चौरसिया, अखिलेश कुशवाहा,लाल जी यादव, विवेक गुप्ता, अतुल श्रीवास्तव, अंकुश शाही, केशव दुबे, हृदयानंद गुप्ता, सूर्य मोहन श्रीवास्तव, गगन शाही, धर्मेंद्र शाही उपस्थित थे।

## महाकुंभ में तीर्थ यात्री बढ़ाने को रोडवेज ने शुरू की फ्री टिकट प्रोत्साहन योजना, प्रतापगढ़ में खड़ी है आधा दर्जन स्पेशल गाड़ियां

**अमेठी अवधनामा संवाददाता।** कुम्भ मेले में तीर्थ यात्रियों की संख्या बढ़ाने के लिए उत्तर प्रदेश परिवहन निगम ने यात्री प्रोत्साहन योजना शुरू की है। बसों की अग्रिम बुकिंग करके 50 तीर्थयात्रियों को ले जाने वाले ग्राम प्रधानों और प्रेरकों को बस में दो सीट फ्री मिलेगी। प्रयागराज महाकुंभ -2005 में यात्रियों की संख्या बढ़ाने के साथ रोडवेज की आमदनी बढ़ाने के लिए प्रबंध निदेशक की ओर से आदेश जारी किया गया है। आदेश में परिचालक को टिकट बुकिंग के लिए बुकिंग स्थल से गन्तव्य स्थल तक के पचास टिकट पांच मिनट में काटना होगा। सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक काशी प्रसाद ने एम डी मासूम अली सरवर की ओर से किए गए आदेश की जानकारी दी और बताया कि 26 दिसम्बर को प्रयागराज में हुई उच्चाधिकारियों की बैठक में यह प्रोत्साहन योजना लागू करने का निर्णय लिया गया है।

**रेलवे स्टेशनों पर खड़ी की गई हैं विशेष ट्रेनें** - कुम्भ -2025, में विशेष स्नान पर्व पर यात्रियों की सुविधा के लिए लखनऊ प्रतापगढ़-, प्रयागराज रेल खंड पर प्रतापगढ़ जनपद के अंतु, चिलबिला और प्रतापगढ़ स्टेशनों पर आधा दर्जन स्पेशल ट्रेनें खड़ी की गई है। पहला स्नान पर्व 13 जनवरी को है।

## अवैध शराब गतिविधियों पर होगी सख्त कार्रवाई : डीएम

**देवरिया अवधनामा संवाददाता।** जिलाधिकारी दिव्या मित्तल ने अवगत कराया है कि उत्तर प्रदेश संयुक्त प्रांत आबकारी अधिनियम, 1910 की धारा 57 के प्रावधानों के तहत सभी ईंट भट्ठा मालिकों और संचालकों का यह दायित्व है कि उनके भट्ठा परिसर में अवैध शराब निर्माण या बिक्री जैसी गतिविधियां न होने पाएं। यदि ऐसी कोई गतिविधि सामने आती है, तो इसकी सूचना तुरंत राजस्व, पुलिस या आबकारी विभाग को देना अनिवार्य है। जिलाधिकारी ने कहा कि यदि ईंट भट्ठा परिसर में किसी कर्मचारी द्वारा अवैध शराब का निर्माण या बिक्री की जाती है और भट्ठा संचालक इसे रोकने में विफल रहते हैं या समय पर सूचना नहीं देते, तो उस कर्मचारी के साथ-साथ संबंधित भट्ठा मालिक/संचालक भी जिम्मेदार माने जाएंगे। ऐसे मामलों में नियमानुसार सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## कोतवाली क्षेत्र में चला सघन चेकिंग अभियान

**देवरिया अवधनामा संवाददाता।** पुलिस अधीक्षक देवरिया विक्रान्त वीर के निर्देशन में आगामी त्यौहार मकर संक्रान्ति, श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा की पहली वर्षगांठ के मद्देनजर जनपद में शांति एवं कानून/व्यवस्था को सुदृढ़ तथा जनमानस में सुरक्षा की भावना बनाये रखने हेतु क्षेत्राधिकारी नगर संजय कुमार रेड्डी द्वारा कोतवाली पुलिस फोर्स,जीआरपी देवरिया व डाग स्क्वायड टीम के साथ रेलवे स्टेशन, अबू बकर नगर, सदर तहसील परिसर आदि संवेदनशील क्षेत्रों में सघन चेकिंग की गई। इस चेकिंग अभियान का मुख्य उद्देश्य आमजन में सुरक्षा की भावना बनाए रखना और अपराधियों पर रोकथाम करना है।

## संक्षिप्त समाचार

### वांछित अभियुक्त पुलिस गिरफ्त में



**फिरोजाबाद।** थाना रसूलपुर पुलिस टीम द्वारा हत्या के प्रयास में वांछित चल रहे अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया गया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद फिरोजाबाद द्वारा अपराध पर अंकुश लगाने व अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अनुपालन में अपर पुलिस अधीक्षक नगर के निकट पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी नगर के कुशल नेतृत्व में थाना रसूलपुर पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर मु0अ0सं0 156/24 धारा 307/506 भादवि थाना रसूलपुर से संबंधित वांछित अभियुक्त रुशी उर्फमौहम्मद आमिर पुत्र कल्लू निवासी ताडो वाली बगिया थाना रसूलपुर को लालपुर मण्डी गेट के पास से गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तारी के आधार पर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है। गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक अनुज कुमार, उ0नि0 विमल कुमार, है0का0 1023 मो0 आफ्ताब, का0 356 अभिषेक उज्ज्वल थाना रसूलपुर जनपद फिरोजाबाद शामिल रहे।

### स्वास्थ्य कैम्प लगाकर लोगों का किया परीक्षण



**टूंडला।** स्वास्थ्य कैंप का आयोजन नगलाबीच में किया गया। जिसमें निःशुल्क परीक्षण कर दवाएं वितरित की गई। इस दौरान निःशुल्क दवा वितरण के साथ साथ वरिष्ठ नागरिकों के आयुष्मान कार्ड बनाए गए। इस अवसर पर चिकित्सक दिनेश चंद शर्मा के साथ नेत्र परीक्षण अधिकारी शैलेंद्र किशोर और स्वास्थ्य विभाग की टीम मौजूद रही। जिसमें कुल मरीजों की संख्या 46 और नये 12 आयुष्मान कार्ड बनाने का काम किया गया। इस मौके पर समाजसेवी बृजमोहन गुप्ता, ताहिर सिद्दिकी के अलावा चिकत्सक टीम मौजूद रही।

### दहेज हत्या के मुकदमे का वांछित पकड़ा

**फिरोजाबाद।** थाना नारखी पुलिस टीम द्वारा दहेज हत्या के मुकदमें में वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद फिरोजाबाद द्वारा वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये गये अभियान के तहत अपर अधीक्षक नगर के निर्देशन में एवं क्षेत्राधिकारी टूण्डला के कुशल पर्यवेक्षण में थाना नारखी पुलिस टीम द्वारा हत्या के प्रयास के मुकदमें में वांछित अभियुक्त अभिषेक पुत्र स्व0 बलबीर सिंह निवासी नगला बलू थाना नारखी जनपद फिरोजाबाद को सती चौराहा, थाना क्षेत्र नारखी जनपद फिरोजाबाद से गिरफ्तार किया।

## पत्नी के लिये पति खा रहा है दर दर की ठोकरें

**टूंडला।** थाना पचोखरा के गांव पमारी निवासी एक पति अपनी पत्नी को ढूंढते हुए दर दर की ठोकरें खा रहा है लेकिन उसकी पत्नी मिलने का नाम ही नहीं ले रही है। इस सम्बंध में पीड़ित पति ने थाने में पत्नी की गुमशुदी की रिपोर्ट भी लिखायी है।गांव पमारी निवासी दिनेश कुमार की पत्नी लक्ष्मीदेवी जो विगत 4 दिसम्बर को घर से बिना बताये चली गयी। दिनेश के पास दो बच्चे हैं। इसमें एक 5 वर्षीय लडकी तुलसी को वह साथ ले गयी है जबकि लड़के मोहित को घर ही छोड़ गयी है। पीड़ित पति ने अपनी रिश्तेदारी व अन्य स्थानों पर पत्नी को काफी खोजा लेकिन जब वह नहीं मिली तो पति ने उसकी थाने में गुमशुदी लिखाई है। पति का कहना है कि उसकी अनुपस्थिति में उसकी पत्नी का विवाद उसकी भाभी से हो गया था। इसी बात को लेकर वह घर से कहीं चली गयी है। इस सम्बंध में उसने उसके मायके भी जानकारी की तो वह वहां पर भी नहीं पहुंची है। पत्नी को लेकर पति काफी परेशान है।

# विशेष अभियान में 43 शिकायतों का किया मौके पर निस्तारण

**अवधनामा संवाददाता**



**फिरोजाबाद।** जनपद फिरोजाबाद में जनशिकायतों के निस्तारण में तेजी व पारदर्शिता/निष्पक्षता हेतु एसएसपी फिरोजाबाद द्वारा विशेष अभियान शुरु किया गया है। विशेष अभियान के अन्तर्गत फिरोजाबाद पुलिस द्वारा शिकायतकर्ताओं के मौके पर जा कर कुल 43 शिकायतों का निस्तारण किया गया।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद सौरभ दीक्षित के निर्देशन में व अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण/अपर पुलिस अधीक्षक नगर के पर्यवेक्षण में जनपद में आईजीआरएस के माध्यम से प्राप्त होने वाली जनशिकायतों के समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु विशेष अभियान शुरू किया गया है। इस अभियान के नोडल अधिकारी अखिलेश भदौरिया अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण को नामित किया गया है।

विशेष अभियान के अन्तर्गत जनपद के समस्त क्षेत्राधिकारी एवं समस्त थाना प्रभारियों द्वारा शिकायतकर्ता के मौके पर जाकर शिकायतों का निस्तारण किया जा रहा है। प्रत्येक क्षेत्राधिकारी अपने सर्किल के थाना क्षेत्र में कम से कम 01 स्थान व थाना प्रभारी अपने क्षेत्र में कम से कम 02 स्थानों पर प्रतिदिन मौके पर निस्तारण करेंगे। 10-01-2025 को चलाये गये विशेष अभियान के अन्तर्गत जनपद के समस्त थानों पर प्राप्त शिकायतों में से कुल 43 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया। विशेष अभियान के अन्तर्गत शिकायतकर्ता को अपनी शिकायत के निस्तारण हेतु परेशान नहीं होना पडेगा। फिरोजाबाद पुलिस शिकायतकर्ता के घर मौके पर स्थलीय निरीक्षण कर करेगी शिकायत का समाधान.. व दोनों पक्षों का फीडबैक लेकर शिकायत के समाधान के सम्बंध में सन्तुष्ट किया जायेगा। शिकायतकर्ता को बार-बार थाने अथवा उच्चाधिकारियों के पास पुलिस ऑफिस आने की आवश्यकता नहीं पडेगी, उसकी शिकायत का निस्तारण और बेहतर तरीके से मौके पर हो पायेगा।

# पुलिस लाईन में की गयी परेड, दिए सम्बन्धितों को निर्देश



**अवधनामा संवाददाता**

**फिरोजाबाद।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद द्वारा रिजर्व पुलिस लाईन में शुक्रवार परेड की सलामी ली गई। शारीरिक व मानसिक रूप से फिट रहने के लिए पुलिसकर्मियों को दौड़ लगवाई गयी। अनुशासन व एकरूपता बनाए रखने के लिए टोलीवार ड्रिल की कार्यवाही करवाई गयीं एव शस्त्रों के संचालन एवं उचित रख-रखाव हेतु अभ्यास कराया गया, परेड के पश्चात द्वारा पुलिस लाइन की समस्त शाखाओं का निरीक्षण किया गया साथ ही सम्बन्धितों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद सौरभ दीक्षित द्वारा पुलिस लाइन फिरोजाबाद में शुक्रवार परेड की सलामी ली गयी। तत्पश्चात परेड में उपस्थित समस्त पुलिसकर्मियों को शारीरिक व मानसिक रुप से फिट रहने हेतु परेड ग्राउण्ड में दौड़ लगवाई गयी साथ ही टोलीवार पुलिसकर्मियों का टर्न आउट चैक करते हुए सम्पूर्ण ड्रिल की कार्यवाही करवाई गयी।

इस दौरान शस्त्रों के संचालन एवं उचित रख-रखाव हेतु अभ्यास कराया गया। परेड के पश्चात महोदय द्वारा पुलिस लाइन क्वार्टर गार्ड, लाइब्रेरी, कैंटीन, स्टोर, परिवहन शाखा, भोजनालय, आटाचक्की, बारबर शॉप, पुलिसकर्मियों के बैरक साथ ही निर्माणाधीन बिल्डिंगों आदि का निरीक्षण किया गया एवं सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गये। इस दौरान क्षेत्राधिकारी पुलिस लाइन शिकोहाबाद, क्षेत्राधिकारी सदर, प्रतिसार निरीक्षक पुलिस लाइन फिरोजाबाद एवं अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# आयोजित हुआ कृषक प्रशिक्षण कार्यक्रम

**अवधनामा संवाददाता**

**बहराइच।** प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना ''पर ड्राप मोर क्राप'' (माइक्रोइरीगेशन) के अन्तर्गत कृषि विज्ञान केन्द्र, बहराइच के सभागार में एक दिवसीय कृषक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिला उद्यान अधिकारी दिनेश कुमार, उप कृषि निदेशक शिशिर वर्मा, कृषि विज्ञान केन्द्र, बहराइच के अध्यक्ष/वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. संदीप कुमार, वैज्ञानिक डॉ. शैलेन्द्र सिंह, डॉ. अरूण कुमार राजभर, सुधीर मिश्रा, उप सम्भागीय प्रसार अधिकारी, नानपारा (बहराइच) ओम प्रकाश त्रिपाठी, योजना प्रभारी/व.उ.नि. पंकज वर्मा एवं सूक्ष्म सिंचाई संयत्र स्थापित करने वाली कार्यदायी फर्मो के प्रतिनिधि सहित बड़ी संख्या में कृषक उपस्थित रहे। प्रशिक्षण कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए योजना प्रभारी श्री त्रिपाठी ने भू-जल स्तर, सूक्ष्म सिंचाई के महत्व, संयत्र के प्रकार एवं उनके महत्व व उपयोगिता के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि योजनान्तर्गत ड्रिप व मिनी स्प्रिंकलर संयत्र की स्थापना कराने पर लघु सीमान्त कृषकों को विभाग द्वारा निर्धारित इकाई लागत का 90 प्रतिशत एवं अन्य श्रेणी के कृषकों को 80 प्रतिशत का अनुदान अनुमन्य है। साथ ही स्प्रिंकलर एवं रेनगन पद्धति की स्थापना कराने पर लघु सीमान्त कृषकों को 75 प्रतिशत एवं अन्य श्रेणी के कृषकों को 65 प्रतिशत अनुदान अनुमन्य है।

कृषि विज्ञान केन्द्र के अध्यक्ष डॉ. संदीप कुमार ने संयत्र से फसल की सिंचाई के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी। डॉ. कुमार ने बताया कि सूक्ष्म सिंचाई पद्धति से सिंचाई करने पर फसलों में सड़न नहीं होती है साथ ही फसल में आवश्यकतानुसार नमी बनी रहती है। इस पद्धति को अपनाने से कृषक सिंचाई के साथ साथ-साथ फर्टीगेशन भी कर सकते हैं।

## हेलमेट नहीं तो तेल नहीं यह एक पहल शुरू की गई है



**सुल्तानपुर।** परिवहन विभाग ने सड़क सुरक्षा को बढ़ावा देने के लिए एक बार पुनः शुरू किया है। इसका उद्देश्य लोगों को मोटरसाइकिल चलाते वक्त हेलमेट पहनने के महत्व के प्रति जागरूक करना है। इस पहल के तहत, कुछ स्थानों पर अगर कोई व्यक्ति बिना हेलमेट के वाहन चलाते हुए पाया जाता है, तो उसे पेट्रोल या डीजल नहीं दिया जाएगा। यह कदम सड़क सुरक्षा को प्राथमिकता देने और सड़क दुर्घटनाओं को कम करने के लिए उठाया गया है। जी हां, परिवहन विभाग नंद कुमार द्वारा एक महत्वपूर्ण पहल शुरू की गई है, जिसमें सभी पेट्रोल पंप चालकों से यह अनुरोध किया गया है कि वे बिना हेलमेट के मोटरसाइकिल सवारों को तेल (पेट्रोल या डीजल) न दें। यह कदम सड़क सुरक्षा को बढ़ावा देने और हेलमेट पहनने के महत्व को समझाने के लिए उठाया गया है। इस पहल का उद्देश्य लोगों को सुरक्षा मानकों का पालन करने के लिए प्रेरित करना है और सड़क दुर्घटनाओं को कम करने में मदद करना है।

## जिले में शांति व्यवस्था कायम रखी जाएगी



**सुल्तानपुर।** नवागत पुलिस अधीक्षक कुंवर अनुपम सिंह चार्ज संभालने के बाद पुलिस कार्यालय में मीडिया से रूबरू हुए। उन्होंने पुलिस कार्यालय के सभी पटल का निरीक्षण किया। नवागत पुलिस अधीक्षक पत्रकार वार्ता में जिले के पत्रकारों से रूबरू हुए,उन्होंने सभी पत्रकारों का परिचय लिया। पत्रकारों ने जिले का बड़ा मुद्दा उठाया। पत्रकारों ने शहर के अतिक्रमण को बड़ा मुद्दा बताया।ई रिक्शा चालकों व चौक बाजार में अवैध ठेले वालों पर कार्यवाही की भी मांग उठाई। नशे के कारोबार पर भी खूब चर्चा की गई।नए कप्तान से कार्य वाही की उम्मीद जागी। नगर के पर्यावरण पार्क, करौंदिया, आजाद नगर,बाघराजपुर आदि इलाकों में खुलेआम नशे के पदार्थ की बिक्री पर अंकुश लगाया जाएगा। उन्होंने बताया कि जिले के संगठित अपराध रोकना उनकी पहली प्राथमिकता होगी।बताया कि पुलिसिंग को बेहतर करना उनका लक्ष्य होगा। अतिक्रमण व नशे के कारोबारियो पर विशेष निगाह रखी जाएगी। मीडिया के साथ उनका अच्छा संबंध रहेगा। प्रशासन चलाने में मीडिया की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। उन्होंने बताया कि सटीक सूचना देने के लिए मीडिया कर्मियों को आमंत्रित किया।

## श्री दीप सिंह कालेज में एनएसएस छात्र-छात्राओं ने चलाया स्वच्छता अभियान

**टूंडला।** श्री दीप सिंह इंटर कॉलेज रजावली चौराहा फिरोजाबाद की इकाई ने विशेष शिविर के अंतर्गत प्रथम दिन स्वच्छता मिशन के ऊपर रैली निकालकर चयनित गांव रजावली में ग्रामीणों को स्वच्छता का पाठ पढ़ाया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि विनोद प्रताप सिंह ने कहा कि अपने कालेज एवं घरों पर साफ सफाई रखने से बीमारियां नहीं फैलती हैं। अपने आसपास के लोगों को भी स्वच्छ्ता के प्रति जागरूक करें। इस दौरान कार्यक्रम का शुभारंभ विनोद प्रताप सिंह भाजपा मंडल अध्यक्ष नगला बीच ने किया।

## पोर्टल पर ब्लाक निराश्रित महिला पेंशन लाभार्थियों का होगा सत्यापन

**बहराइच।** निदेशक महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित पति की मृत्यु के उपरान्त, निराश्रित महिला पेंशन योजनान्तर्गत ग्रामीण क्षेत्र के 2203 तथा नगरीय क्षेत्र के 309 लाभार्थी पोर्टल पर ब्लाक प्रदर्शित रहे हैं। मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र द्वारा समस्त खण्ड विकास अधिकारी एवं नगर निकायों के अधिशाषी अधिकारियों को निर्देश दिया है कि पोर्टल पर ब्लाक प्रदर्शित हो रहे लाभार्थियों का एक सप्ताह में सत्यापन कराना सुनिश्चित करें सीडीओ श्री चन्द्र ने बताया कि विकास खण्ड चित्तौरा में 142, तेजवापुर 100, हुजूरपुर 97, शिवपुर 197, महसी 111, कैसरगंज 96, फखरपुर 116, बलहा 291, मिहींपुरवा 222, नवाबगंज 433, जरवल 58 व रिसिया 135 तथा नगर क्षेत्र अन्तर्गत नगर पालिका परिषद बहराइच के 204 व नानपारा के 78, नगर पंचायत जरवल के 09 व रिसिया के 18 इसी प्रकार कुल 2512 निराश्रित महिला पेंशन के लाभार्थियों का डाटा पोर्टल पर ब्लाक प्रदर्शित हो रहा है। सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिया गया है कि स्थलीय सत्यापन कराते हुए ईकेवाईसी हेतु आधार एक सप्ताह में उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

## जनपद सिंचाई बन्धु की बैठक 16 जनवरी को

**बहराइच।** सदस्य सचिव एवं अधि.अभि. स.न.ख.-पंचम बहराइच ने बताया कि शासन द्वारा नामित उपाध्यक्ष जनपद सिंचाई बन्धु राघवेन्द्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में जनपद सिंचाई बन्धु की बैठक 16 जनवरी 2025 को पूर्वान्ह 11:00 बजे से कल्पीपारा कालोनी स्थित सिंचाई विभाग के आफीसर्स फील्ड हास्टल में आहूत की गयी है। यह जानकारी देते हुए सदस्य सचिव ने बताया कि पूर्व में यह बैठक पूर्व 14 जनवरी 2025 को होना प्रस्तावित थी, परन्तु 14 जनवरी को राजकीय अवकाश होने के कारण से बैठक की तिथि संशोधित हो गई है।


रेलयात्री कृपया ध्यान दें !

## अनारक्षित कुम्भ मेला स्पेशल रेलगाड़ियों की संख्या में वृद्धि

महाकुम्भ–2025 के दौरान रेलयात्रियों के सुविधाजनक आवागमन हेतु रेलवे द्वारा पूर्वघोषित अनेक अनारक्षित विशेष रेलगाड़ियों के साथ–साथ निम्नलिखित अतिरिक्त अनारक्षित विशेष रेलगाड़ियों का भी संचालन किया जायेगा जिनका विस्तृत विवरण निम्नानुसार है:–

| विशेष गाड़ी सं. | स्टेशन से | प्रस्थान समय | स्टेशन तक | आगमन समय | चलने की तिथि(यॉं) (आरंभिक स्टेशन से) |
|---|---|---|---|---|---|
| 05105 | बनारस | 12:30 | प्रयागराज रामबाग | 15:45 | 11.01, 12.01, 13.01, 14.01, 15.01, 24.01, 25.01, 26.01, 27.01, 28.01, 29.01, 30.01, 31.01, 01.02, 02.02, 03.02, 04.02, 05.02, 09.02, 10.02, 11.02, 12.02, 13.02, 14.02, 23.02, 24.02, 25.02, 26.02, 27.02 एवं 28.02.2025 |
| 05106 | प्रयागराज रामबाग | 16:30 | बनारस | 19:50 | 11.01, 12.01, 13.01, 14.01, 15.01, 24.01, 25.01, 26.01, 27.01, 28.01, 29.01, 30.01, 31.01, 01.02, 02.02, 03.02, 04.02, 05.02, 09.02, 10.02, 11.02, 12.02, 13.02, 23.02, 24.02, 25.02, 26.02, 27.02 एवं 28.02.2025 |
| 05107 | बनारस | 20:30 | प्रयागराज रामबाग | 23:45 | 12.01, 13.01, 14.01, 24.01, 25.01, 26.01, 27.01, 28.01, 29.01, 30.01, 31.01, 01.02, 02.02, 03.02, 04.02, 05.02, 11.02, 12.02, 13.02, 25.02, 26.02 एवं 27.02.2025 |
| 05108 | प्रयागराज रामबाग | 07:00 | बनारस | 10:30 | 13.01, 14.01, 15.01, 25.01, 26.01, 27.01, 28.01, 29.01, 30.01, 31.01, 01.02, 02.02, 03.02, 04.02, 05.02, 12.02, 13.02, 14.02, 26.02, 27.02 एवं 28.02.2025 |
| 05109 | बनारस | 08:00 | झूँसी | 10:45 | 11.01, 12.01, 13.01, 14.01, 1 5.01, 24.01, 25.01, 26.01, 27.01, 28.01, 29.01, 30.01, 31.01, 01.02, 02.02, 03.02, 04.02, 05.02, 09.02, 10.02, 11.02, 12.02, 13.02, 14.02, 23.02, 24.02, 25.02, 26.02, 27.02 एवं 28.02.2025 |
| 05110 | झूँसी | 12:45 | बनारस | 15:40 | 11.01, 12.01, 13.01, 14.01, 15.01, 24.01, 25.01, 26.01, 27.01, 28.01, 29.01, 30.01, 31.01, 01.02, 02.02, 03.02, 04.02, 05.02, 09.02,10.02, 11.02,12.02, 13.02, 14.02, 23.02, 24.02, 25.02, 26.02, 27.02 एवं 28.02.2025 |
| 05113 | बनारस | 05:20 | झूँसी | 08:35 | 13.01.2025, 14.01.2025, 15.01.2025, 29.01.2025, 30.01.2025 एवं 31.01.2025 |
| 05114 | झूँसी | 09:25 | बनारस | 12:45 | |
| 05111 | बनारस | 16:45 | झूँसी | 19:55 | 13.01, 14.01, 15.01, 26.01, 27.01, 28.01, 29.01, 30.01, 31.01, 01.02, 02.02, 03.02, 04.02, 05.02, 11.02, 12.02, 25.02 एवं 26.02.2025 |
| 05112 | झूँसी | 21:00 | बनारस | 00:40 | 13.01, 14.01, 15.01, 26.01, 27.01, 28.01, 29.01, 30.01, 31.01, 01.02, 02.02, 03.02, 04.02, 11.02,12.02, 25.02 एवं 26.02.2025 |
| 05115 | बनारस | 20:00 | झूँसी | 23:10 | 13.01.2025, 14.01.2025, 15.01.2025, 29.01.2025, 30.01.2025 एवं 31.01.2025 |
| 05116 | झूँसी | 23:45 | बनारस | 02:50 | |
| 05175 | गोरखपुर | 22:30 | प्रयागराज रामबाग | 07:30 | 27.01.2025, 28.01.2025 एवं 29.01.2025 |
| 05176 | प्रयागराज रामबाग | 11:45 | गोरखपुर | 21:05 | 28.01.2025, 29.01.2025 एवं 30.01.2025 |
| 05177 | गोरखपुर | 15:00 | झूँसी | 01:00 | 12.01.25, 13.01.25, 14.01.25, 27.01.25, 28.01.25, 02.02.25, 11.02.25 एवं 25.02.2025 |
| 05178 | झूँसी | 14:15 | गोरखपुर | 22:55 | 13.01.25, 14.01.25, 15.01.25, 29.01.25, 03.02.25, 12.02.25 एवं 26.02.2025 |
| 05179 | गोरखपुर | 10:30 | झूँसी | 19:50 | 12.01.25, 13.01.25, 14.01.25, 27.01.25, 28.01.25, 29.01.25, 30.01.25, 02.02.25, 11.02.25 एवं 25.02.2025 |
| 05180 | झूँसी | 23:00 | गोरखपुर | 08:30 | 12.01.25, 13.01.25, 14.01.25, 27.01.25, 28.01.25, 29.01.25, 30.01.25, 02.02.25, 11.02.25 एवं 25.02.2025 |
| 05181 | गोमतीनगर | 03:30 | झूँसी | 21:15 | 27.01.2025 एवं 28.01.2025 |
| 05183 | गोरखपुर | 06:00 | झूँसी | 14:30 | 28.01.2025, 29.01.2025 एवं 30.01.2025 |
| 05184 | झूँसी | 17:30 | गोरखपुर | 03:00 | |
| 05185 | गोरखपुर | 20:30 | प्रयागराज रामबाग | 05:30 | 12.01.25, 13.01.25, 14.01.25, 25.01.25, 26.01.25, 27.01.25, 28.01.25, 02.02.25, 11.02.25 एवं 25.02.2025 |
| 05186 | प्रयागराज रामबाग | 08:30 | गोरखपुर | 18:00 | 13.01.25, 14.01.25, 15.01.25, 26.01.25, 27.01.25, 28.01.25, 29.01.25, 03.02.25, 12.02.25 एवं 26.02.2025 |
| 05187 | गोरखपुर | 18:00 | झूँसी | 02:45 | 27.01.2025, 28.01.2025 एवं 29.01.2025 |
| 05188 | झूँसी | 06:30 | गोरखपुर | 16:00 | 28.01.2025, 29.01.2025 एवं 30.01.2025 |
| 05193 | गोरखपुर | 23:30 | झूँसी | 08:30 | 28.01.2025 एवं 29.01.2025 |
| 05194 | झूँसी | 11:00 | गोरखपुर | 21:00 | |
| 05157 | छपरा | 12:30 | झूँसी | 20:40 | 14.01.2025, 28.01.2025, 30.01.2025, एवं 03.02.2025 |
| 05158 | झूँसी | 06:30 | छपरा | 14:50 | 15.01.2025, 26.01.2025, 28.01.2025, 29.01.2025, 30.01.2025, 31.01.2025 एवं 04.02.2025 |
| 05127 | छपरा | 23:15 | झूँसी | 07:45 | 14.01.2025, 28.01.2025, 29.01.2025 एवं 30.01.2025 |
| 05128 | झूँसी | 22:35 | छपरा | 07:30 | 27.01.2025 |
| 05129 | छपरा | 18:30 | झूँसी | 02:25 | 12.01.2025, 13.01.2025, 25.01.2025, 26.01.2025, 27.01.2025, 28.01.2025, 02.02.2025, 11.02.2025 एवं 25.02.2025 |
| 05130 | झूँसी | 13:30 | छपरा | 21:30 | 13.01.2025, 14.01.2025, 15.01.2025, 29.01.2025, 30.01.2025, 31.01.2025, 03.02.2025, 12.02.2025 एवं 26.02.2025 |
| 05163 | थावे | 15:30 | झूँसी | 02:45 | 12.01.2025,13.01.2025, 02.02.2025, 03.02.2025, 11.02.2025 एवं 25.02.2025 |
| 05164 | झूँसी | 10:00 | थावे | 20:30 | 13.01.2025, 14.01.2025, 03.02.2025 , 04.02.2025, 12.02.2025 एवं 26.02.2025 |
| 05125 | छपरा | 10:05 | प्रयागराज रामबाग | 18:35 | 12.01.2025, 13.01.2025,14.01.2025, 27.01.2025, 28.01.2025, 29.01.2025, 30.01.2025, 02.02.2025 एवं 03.02.2025 |
| 05126 | प्रयागराज रामबाग | 21:55 | छपरा | 06:30 | 12.01.2025,13.01.2025, 14.01.2025, 27.01.2025, 28.01.2025, 29.01.2025, 30.01.2025, 02.02.2025 एवं 03.02.2025 |
| 05119 | मऊ | 10:30 | प्रयागराज रामबाग | 16:45 | 27.01.2025, 28.01.2025, 29.01.2025 एवं 30.01.2025 |
| 05120 | प्रयागराज रामबाग | 21:45 | मऊ | 03:45 | |
| 05121 | दोहरीघाट | 08:00 | प्रयागराज रामबाग | 16:45 | 12.01.2025, 13.01.2025, 14.01.2025, 02.02.2025, 03.02.2025, 11.02.2025, 12.02.2025, 25.02.2025 एवं 26.02.2025 |
| 05122 | प्रयागराज रामबाग | 21:45 | दोहरीघाट | 06:00 | |
| 05101 | आजमगढ़ | 22:45 | झूँसी | 05:20 | 12.01.2025, 13.01.2025, 26.01.2025, 27.01.2025, 28.01.2025, 29.01.2025, 02.02.2025,11.02.2025 एवं 25.02.2025 |
| 05102 | झूँसी | 08:40 | आजमगढ़ | 16:20 | 13.01.2025, 14.01.2025, 27.01.2025, 28.01.2025, 29.01.2025, 30.01.2025, 03.02.2025,12.02.2025 एवं 26.02.2025 |
| 05159 | भटनी | 21:00 | झूँसी | 03:30 | 12.01.25, 13.01.25, 14.01.25, 15.01.25, 26.01.25, 27.01.25, 28.01.25, 29.01.25, 02.02.25, 11.02.25 एवं 25.02.2025 |
| 05160 | झूँसी | 23:25 | भटनी | 07:45 | 13.01.2025, 14.01.2025, 15.01.2025, 16.01.2025. 27.01.2025, 28.01.2025, 29.01.2025 एवं 30.01.2025 |
| 05161 | भटनी | 09:55 | झूँसी | 16:10 | 27.01.2025, 28.01.2025, 29.01.2025, 30.01.2025 एवं 31.01.2025 |
| 05162 | झूँसी | 18:30 | भटनी | 01:10 | 27.01.2025, 28.01.2025, 29.01.2025, 30.01.2025, 31.01.2025, 03.02.2025, 12.02.2025 एवं 26.02.2025 |
| 05312 | काठगोदाम | 13:50 | झूँसी | 13:00 | 12.01.2025, 27.01.2025, 01.02.2025, 10.02.2025 एवं 24.02.2025 |
| 05311 | झूँसी | 15:00 | काठगोदाम | 13:55 | 13.01.2025, 28.01.2025, 02.02.2025, 11.02.2025 एवं 25.02.2025 |
| 05314 | कासगंज | 19:50 | झूँसी | 17:45 | 12.01.2025, 27.01.2025, 01.02.2025, 10.02.2025 एवं 24.02.2025 |
| 05313 | झूँसी | 19:45 | कासगंज | 18:00 | 13.01.2025, 28.01.2025, 02.02.2025, 11.02.2025 एवं 25.02.2025 |
| 05011 | गोरखपुर | 14:30 | अयोध्या कैंट | 19:35 | 12.01.2025 से 16.01.2025 |
| 05012 | अयोध्या कैंट | 21:50 | गोरखपुर | 04:30 | |

रेल यात्रा के दौरान ज्वलनशील वस्तुएं जैसे पटाखे, पेट्रोल, मिट्टी का तेल एवं गैस सिलेंडर आदि लेकर कभी यात्रा न करें।

रेलयात्रियों से अनुरोध है किसी भी अन्य जानकारी जैसे मार्ग में पड़ने वाले स्टेशन एवं उनकी विस्तृत समय–सारणी की जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाईन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES App देखें।

उत्तर रेलवे

आपकी सुरक्षा – हमारा ध्येय

हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

पर हमें फॉलो करें



उत्तर रेलवे

### खुली निविदा नोटिस का प्रथम संशोधन

खुली निविदा सूचना सं. टीआरडी–21–सीनि0डी0ई0ई0–लखनऊ–24 दिनांक : 27.12.2024 में निम्नलिखित संशोधन किए गए है।

| | |
|---|---|
| ई–निविदा सूचना संख्या | टीआरडी–21–सीनि0डी0ई0ई0–लखनऊ–24 |
| कार्य का नाम | लखनऊ डिवीजन के मिशन रफ्तार के संबंध में अमौसी–मानक नगर सेक्शन में गति को 160/200 किमी प्रति घंटे तक बढ़ाने के लिए ओ0एच0ई0 संशोधन कार्य का डिजाइन आपूर्ति, निर्माण, परीक्षण और कमीशनिंग का कार्य एवं अमौसी–कानपुर सेक्शन पर 160/200 किलोमीटर प्रति घंटा गति बढ़ाने के लिए 2x25 के0 वी0 सिस्टम के लिए ओएचई संशोधन कार्य (शेष)" |
| अनुमानित लागत | रु.12,94,87,087.13 |
| बयाना राशि | रु.7,97,400.00/– |
| कार्य पूर्ण करने की अवधि | 06 माह |
| निविदा फार्म जमा करने की अंतिम तिथि व समय तथा खोलने की तिथि | दिनांक 29.01.2025 को 15.00 बजे तक तथा खुलने का समय उसी दिन 15.00 बजे के बाद |
| प्रस्ताव की वैधता | निविदा खुलने की तिथि से 90 दिन। |
| उत्तर रेलवे की वेबसाइट | अतिरिक्त सूचना उत्तर रेलवे की वेबसाईट www.ireps.gov.in पर चैक की जा सकती है। |
| पत्रता मापदण्ड | निविदाकर्ता तब तक निविदा डालने योग्य नही है, जब तक कि वह |

निम्नलिखित पात्रता मापदंड पूरा नही करताः 1. निविदाकर्ता का न्यूनतम औसत वार्षिक संविदात्मक कारोबार वी/एन या 'वी' जो भी कम हो होना चाहिएः जहां वी = निविदा का विज्ञापित मूल्य करोड़ रुपये में एन = कार्य पूरा करने के लिए निर्धारित वर्षों की संख्या जिसके लिए बोलियां आमंत्रित की गई हैं। निविदाकर्ता पिछले सात वित्तीय वर्ष (निविदा के आमंत्रित करने के एक महिने पहले के अंतिम दिन तक): "कम से कम एक समान प्रत्येक तीन कार्य का 30 प्रतिशत न्यूनतम विज्ञापित राशि का कार्य किया हो" या "कम से कम एक समान प्रत्येक दो कार्य का 40 प्रतिशत न्यूनतम विज्ञापित राशि का कार्य किया हो" या "कम से कम एक समान एक कार्य का 60 प्रतिशत न्यूनतम विज्ञापित राशि का कार्य किया हो"। एक समान कार्य की परिभाषा होगीः Similar work means design, supply, erection, testing & commissioning of 50 Hz, Single Phase 25 KV AC OHE. 3. निविदाकर्ता अपने आफर के साथ बिजली के ठेकेदारों के वैध लाइसेंस की प्रमाणित छायाप्रति अवश्य जमा करें।

नोटः इस निविदा के लिए किसी भी तरह के मैनुअल प्रस्तावों की अनुमति नहीं है और किसी भी तरह के प्राप्त मैनुअल प्रस्ताव नजरअंदाज/खारिज कर दिया जाएगा। पूर्ण विवरण वेबसाइट www.ireps.gov.in पर देखा जा सकता है।

सं. –टीआरडी–21–सीनि0डी0ई0ई0–लखनऊ–24 दिनांकः 27.12.2024

111/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



उत्तर रेलवे

### ई–ऑक्शन सूचना

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक/फ्रेट, उत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई–ऑक्शन से सम्बन्धित सूचना।

| | |
|---|---|
| एडमिन यूनिट/जोन | लखनऊ–उ0रे0–मण्डल–वाणिज्य/उ0रे0 |
| नीलामी सूची सं0/लॉट सं0 | PnU-LKO-BSB-WRL-105-24-1 (Pay and Use-Lounges/Waiting/Retiring/Cloak Rooms) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 10.01.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 27.01.2025 at 10:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 27.01.2025 at 10:30 hrs. |
| नीलामी का प्रकार | Close Ended |
| वेबसाइट विवरण जहां पंजीकृत बोलीदाताओं द्वारा नीलामी का पूरा विवरण देखा जा सकता है। | E-Auction Module of www.ireps.gov.in |

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

116/25

# कानपुर ने मुरादाबाद को हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया



**अवधनामा ब्यूरो**

**इटावा।** जनपद प्रदर्शनी एवं इटावा महोत्सव के तत्वाधान में आयोजित ऑल इंडिया क्रिकेट टूर्नामेंट में गुरुवार को कानपुर और मुरादाबाद के मध्य क्वार्टर फाइनल मुकाबला खेला गया है जिसमें टॉस जीतकर मुरादाबाद में पहले बल्लेबाजी का निर्णय लिया उनका यह निर्णय सही साबित नहीं हुआ और मुरादाबाद की टीम मात्र 132 रनों पर ऑल आउट हो गई जिसमें मोहम्मद उस्मान 32, मोहम्मद आलम 21 और आकाश चौधरी 19 रन बनाए। कानपुर की ओर से अंकुर पनवार और सतनाम सिंह दो-दो विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी कानपुर की टीम ने ताबड़तोड़ शुरुआत की और इस मैच को 16 ओवर में 5 विकेट के नुकसान पर जीत लिया जिसमें सुधांशु 46, आदर्श सिंह 33, अमन यादव ने 23 रन बने वहीं गेंदबाजी में पर्व सिंह ने तीन विकेट लिए। गुरुवार के मैच के मुख्य अतिथि नगर पालिका ईओ विनय त्रिपाठी का स्वागत ईसीए अध्यक्ष सर्वेश सिंह चौहान ने बेज लगाकर व शॉल उड़ाकर किया। मैच का मैन ऑफ द मैच सुधांशु को अक्षय यादव ने नगद पुरस्कार .7100 दिया। मैच की अंपायरिंग राज कपूर राणा और इमरान ने की। इस मौके पर इरशाद मेव, शफीक खान, सलीम हुसैन, अमित यादव, शशांक पाठक मौजूद रहे।

# क्रिकेट में ब्लू हाउस चैंपियन, ग्रीन हाउस रहा उप विजेता

**अजीम ने बेहतरीन गेंदबाजी करते हुए पांच विकेट चटकाए**

**अवधनामा ब्यूरो**



**इटावा/फतेहपुर।** ब्रिलियंट ओरियंटल स्कूल में खेल सप्ताह इंद्रधनुष प्रतियोगिता का गुरुवार को समापन हुआ। इस दौरान क्रिकेट का फाइनल ग्रीन और ब्लू के बीच खेला गया। इसमें ब्लू हाउस विजेता रहा। ब्लू हाउस से अजीम ने अच्छी गेंदबाजी करते हुए पांच विकेट चटकाए। उसे मैन आफ दि मैच चुना गया। इसके अलावा बैडमिंटन के फाइनल में भी ग्रीन हाउस विजेता रहा। कैरम के फाइनल में रेड हाउस विजेता रहा। प्रथम पुरस्कार उवैश को और द्वितीय पुरस्कार अरसलान को मिला। खो-खो फाइनल में ग्रीन हाउस विजेता रहा। पुरस्कार वितरण समारोह 25 जनवरी को स्कूल परिसर में होगा। क्रिकेट के फाइनल में ब्लू हाउस ने टास जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण का फैसला किया। अजीम की शानदार गेंदबाजी की बदौलत निर्धारित नौ ओवरों में 38 रन पर समेट दिया। ग्रीन हाउस की तरफ से सबसे ज्यादा नौ रन अब्दुल्लाह ने बनाए। बाद में बैटिंग करने उतरी ब्लू हाउस ने इस लक्ष्य को आसानी से प्राप्त कर लिया। अंपायरिंग अफजल, अरशद और तायफा ने की। थर्ड अंपायर सैयद ताहिर हसन रहे। इसके साथ ही उन्होंने स्कोरिंग की। ग्रीन, यलो और रेड हाउस से बीच कैरम का फाइनल मैच खेला गया। इसमें रेड हाउस से उवैश ने बाजी मारी। दूसरे स्थान पर अरसलान रहे। खो-खो का फाइनल मुकाबला रेड हाउस और ग्रीन हाउस से बीच खेला गया जिसमें ग्रीन हाउस विजेता रहा। बैडमिंटन के फाइनल में ग्रीन हाउस विजेता रहा। टीम ने अच्छा खेल खेलते हुए रेड हाउस से दस-सात प्वाइंट से हराया। ग्रीन हाउस में इलमा खान और हरम उवैस शामिल रहे। फाइनल मुकाबले का उद्घाटन करते हुए चेयरमैन सैयद वासिफ हुसैन ने खिलाड़ियों का परिचय प्राप्त करते हुए उनका उत्साहवर्धन किया। खेलों के सफल आयोजन में अफजल, अरशद, आसफा फारूकी.सल्तनत, इरम नकवी आदि शामिल रहे। चारो हाउस से रेड हाउस के कप्तान आयशा और अनस का अच्छा प्रदर्शन रहने की वजह से उनको स्कूल कैप्टन की उपाधि दी गई। सभी खेलों की विजेता और उपविजेता टीमों को पुरस्कार 25 जनवरी को दिया जाएगा।

## ग्रामीण खेल कूद प्रतियोगिता में युवाओं ने दिखाई अपनी प्रतिभा

**सोनभद्र/शक्तिनगर।** एनटीपीसी सिंगरौली के नैगम सामाजिक दायित्व विभाग द्वारा बीते 8 से 10 जनवरी 2025 तक स्थानीय जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम में आयोजित तीन दिवसीय ग्रामीण खेल कूद प्रतियोगिता 2024-25 के तीसरे दिन भी एनटीपीसी सिंगरौली क्षेत्र के आस पास के ग्रामीण इलाकों से आए युवा खिलाड़ियों ने बड़े ही उत्साह के साथ तमाम खेल कूद प्रतियोगिता में बढ़ चढ़ कर भाग लिया। इस ग्रामीण खेल कूद प्रतियोगिता 2024-25 में क्रिकेट, कबड्डी, फुटबॉल, वालीबॉल, 100 मीटर -200 मीटर (ब्वायज एण्ड गर्ल्स) रेस, रस्सा कस्सी, लॉन्ग जंप, रिले रेस आदि जैसे कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। इस ग्रामीण खेल कूद प्रतियोगिता में एनटीपीसी सिंगरौली के आस पास के सभी ग्रामीण क्षेत्रों से लगभग 2500 से अधिक युवा खिलाड़ियों ने बड़े ही जोश एवं उत्साह से विभिन्न खेल-कूद प्रतियोगिताओं में भाग लिया।

# संक्षिप्त समाचार

## डा. तृप्ति ने गर्भवती महिला का 6 किलो का ट्यूमर निकाल कर जच्चा-बच्चा की बचाई जान



**इटावा/अवधनामा ब्यूरो।** सिविल लाइन स्थित डीएमसी अस्पताल में गर्भवती महिला का ऑपरेशन कर 6 किलो का ट्यूमर निकाल कर महिला और बच्चे की जान बचाई। 9 माह की गर्भवती महिला का 7 जनवरी को ऑपरेशन किया गया था, जिसमें 30×30 सेमी बड़ा डिंबग्रंथि पुटी ट्यूमर के साथ गर्भावस्था, लगभग 10 लीटर पानी और 6 किलो वजन का लगभग 1 फूट का ट्यूमर निकाल कर जच्चा बच्चा की जान बचाई गई, बच्चे का वजन 2 किलो 800 ग्राम है। महिला का विशेष परिस्थितियों में ऑपरेशन करके बच्चा व ट्यूमर दोनों को सफलता पूर्वक निकाला गया। अल्ट्रासाउंड के बाद इस बात की जानकारी हुई की महिला के पेट में बच्चे के अलावा ट्यूमर भी है। डीएमसी हॉस्पिटल की स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ.तृप्ति व उनकी टीम ने एक लंबी सर्जरी के बाद सफलता पूर्वक बच्चे व ट्यूमर को निकाला। ऑपरेशन के बाद महिला के परिजनों ने डॉ.तृप्ति और अस्पताल स्टाफ व अपने साथ काम करने वाले सभी चिकित्सा और मेडिकल स्टाफ को उनके द्वारा की गई मेहनत और सराहनीय कार्य के लिए बधाई दी है।

## कैडेट्स ने नेतृत्व के गुण, हर मौक़े को काविलियत के दम पर जीतने की कला भी सीखी



**इटावा/अवधनामा ब्यूरो।** एनसीसी सयुक्त वार्षिक शिविर मे कैडेट्स ने लीडरशिप के गुण के साथ हथियार के साथ सही निशाना के गुण भी सीखे। 4 उत्तर प्रदेश वाहिनी एनसीसी के तत्वाधान मे 06 जनवरी से 15 जनवरी 2025 तक चौधरी चरण सिंह डिग्री कॉलेज हेवरा सैफई में सहयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर 17 का आयोजन कर्नल सुधांशु द्विवेदी के अध्यक्षता में किया जा रहा है। कमान अधिकारी कर्नल सुधांशु द्विवेदी ने कैडेट्स क़ो हथियार क़ो खोलना, बंद करना, कैसे हथियार क़ो ऑपरेट करें खुद हथियार के लाइव प्रशिक्षण देकर कैडेट्स मे जोश भरा। इस मौक़े पर बटालियन के सूबेदार मेजर बाबू सिंह तवर ने बताया कि कैंप में एनसीसी कैडेट्स ने नेतृत्व के गुण सीख क़र हर मौक़े क़ो काविलियत के दम पर जीतने की कला भी सीखी। कैडेट्स ने युद्ध कला, हथियार प्रशिक्षण, मैप रीडिंग के साथ नेतृत्व के साथ समाज मे कैसे लोगो का दिल जीतना है, उदारण देकर सिखाया गया कैप्टेन अजय यादव ने कैंप मे कैडेट्स कर्तव्य परायता के फायदे क़ो बताया। इस अवसर पर सूबेदार देवेंद्र सिंह, सूबेदार परविंदर छ्वारू विजयंत सिंह चौहान, अनिल कुमार सिंह हवलदार विजयपाल शुभन गुरुंग और एनसीसी ऑफिसर मेजर अवधेश कुमार कैप्टेन अजय यादव लेफ्टिनेंट सुनील सेंगर, लेफ्टिनेंट प्रशांत कमल फर्स्ट अफसर अमरपाल, अफसर रामविलास जी मौजूद रहे।

## किया गया कंबल वितरण



**सोनभद्र/डाला।** सी0एस0आर0 योजना के अंतर्गत अल्ट्राटेक सीमेंट फैक्ट्री यूनिट डाला द्वारा बृहद रूप में कंबल वितरण का कार्यक्रम भलुआ टोला चौक पर आयोजित किया गया जिसमें मुख्य रूप से ओबरा नगर पंचायत अध्यक्ष चांदनी पासवान यूनिट प्रमुख संदीप हिवरेकर, ओबरा नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि श्रवण पासवान, घोसला सर, सीएसआर प्रमुख रमेश पाण्डेय, रोहित श्रीवास्तव, मुस्तफा राजा सिद्दीकी, मुकेश जयसवाल व स्थानीय लोग मौजूद रहें ,अल्ट्राटेक सीमेंट फैक्ट्री द्वारा लगातार विकास कार्य पूरे क्षेत्र में किया जा रहा है जिसमें मुख्य रूप से नगर पंचायत ओबरा व बिल्ली मारकुंडी ग्राम पंचायत पूरे अल्ट्राटेक परिवार का विशेष आभार प्रकट करती है।

## दिशिता महिला मंडल रेनूसागर द्वारा कम्बल वितरण



**सोनभद्र/अनपरा।** दिशिता महिला मंडल रेनूसागर की अध्यक्षा इन्दू सिंह के नेतृत्व में चलाए जा रहे सामाजिक कार्यक्रम के अन्तर्गत ग्राम पंचायत पाटी के टोला बोदरहवा में कड़कड़ती ठंड से निजात दिलाने के लिए बीते 9 जनवरी को ग्रामीणो को कम्बल वितरण किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ दिशिता महिला मंडल की अध्यक्षा इन्दू सिंह द्वारा किया गया। इस अवसर पर उन्होने कहा कि दिशिता महिला मंडल अपने सामाजिक कर्तव्यों के प्रति पूरी तरह सजग है और ग्रामीणों के जीवन स्तर को ऊँचा उठाने व सहयोग के लिए सदैव प्रयासरत है। इस आयोजन में बोदरहवा गाँव के 101 वृद्ध, विधवा व विकलांग ग्रामीणो को कम्बल वितरण किया गया। इस कार्यक्रम में दिशिता महिला मंडल की वरिष्ठ सदस्याऐं विभा शैलेश सिंह, रीतु हर्षवर्धन, रीतु दबे, सुजाता पाण्डेय, विभा सिंह, कौरवी मिश्रा, रेनु खुराना, नूतन सिंह, सविता चौबे, रंजनी रुगंटा एवं अन्य सदस्याऐं प्रमुख रूप से उपस्थित थी।

# दी गयीं वजन करने वाली मशीनें

**अवधनामा संवाददाता**



**हमीरपुर।** आंगनबाडी कार्यकत्रियों/आशा/ए0एन0एम0 के द्वारा आंगनबाड़ी केंद्रों में पंजीकृत 0-5 वर्ष तक के समस्त बच्चों की स्क्रीनिंग की जानी है, स्क्रीनिंग किये गये बच्चों के पोषण श्रेणी का निर्धारण करते हुये सहयोगी विभागों जैसे शिक्षा विभाग, पंचायतीराज विभाग, ग्राम्य विकास विभाग, स्वास्थ्य विभाग, बाल विकास विभाग के माध्यम से पोषण प्रबन्धन किया जायेगा। अभियान के सफल मनाये जाने के लिये आज दिनांक 10.01.2025 को जिलाधिकारी, हमीरपुर के कर कमलों से विकास खण्ड सभागार कुरारा में आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को वजन मशीन (बच्चों) 98, वजन मशीनों (वयस्क) 103, का वितरण किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी महोदय ने आंगनबाडी कार्यकत्रियों को सघन अभियान चलाते हुये एक-एक बच्चें का वजन लम्बाई / ऊँचाई की माप लेते हुये स्क्रीनिंग कर पोषण श्रेणी का निधरिण करते हुये सैम / मैम एवं गंभीर अल्पवजन बच्चों को सुपोषित किये जाने के लिये परम्परागत तरीको एवं स्वास्थ विभाग के सहयोग से चिकित्सा सुविधाये उपलब्ध कराने के निर्देश दिये साथ ही जिला कार्यक्रम अधिकारी को निर्देशित किया गया कि सहजन के पोषक गुणों के बारे में आंगनबाडी कार्यकत्रियों को विशेष रूप से प्रशिक्षित किया जायें, जिससे कुपोषित बच्चों को लाभ दिलाया जा सके। बच्चों को कुपोषण से मुक्त रखने हेतु हर सम्भव प्रयास किये जाने पर जोर दिया। इस अवसर पर जिलाधिकारी महोदय, हमीरपुर द्वारा 05 गर्भवती महिलाओं की गोदभराई करते हुये स्वास्थ्य एवं पोषण की कामना की। उक्त कार्यक्रम में जिलाधिकारी महोदय, हमीरपुर घनश्याम मीना, मुख्य चिकित्साधिकारी गीतम सिंह, खण्ड विकास अधिकारी कुरारा विपिन गुप्ता, जिला कार्यक्रम अधिकारी शैलेन्द्र प्रताप सिंह, एमओआईसी सुनील जायसवाल, प्रभारी बाल विकास परियोजना अधिकारी कुरारा, सुमनलता पाल, समस्त ब्लाक स्तरीय अधिकारीगण कुरारा, समस्त मुख्य सेविकाये एवं आंगनबाड़ी कार्यकत्री कुरारा उपस्थित रही।

# हिण्डाल्को में सड़क सुरक्षा के प्रति जागरुकता हेतु प्रदर्शनी का शुभारंभ

**अवधनामा संवाददाता**



**सोनभद्र/रेणुकूट।** हिंडाल्को रेणुकूट में चल रहे सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत सड़क सुरक्षा प्रदर्शनी का शुभारंभ किया गया। प्रदर्शनी का शुभारंभ मुख्य अतिथि हिण्डाल्को रेणुकूट के क्लस्टर हेड- समीर नायक एवं मानव संसाधन प्रमुख जसबीर सिंह एवं पुलिस क्षेत्राधिकारी पिपरी अमित कुमार द्वारा फीता काट कर किया गया। प्रदर्शनी में सड़क सुरक्षा के लिए जरुरी ट्रैफिक सिग्नल, सड़क पर मार्किंग, साइन बोर्ड, सही एवं गलत हेलमेट की पहचान, सड़क नियमों की जानकारी और विभिन्न प्रकार के सड़क सुरक्षा सम्बंधित सामग्री को प्रदर्शित किया गया। इसी के साथ सम्बंधित अधिकारियों ने हरी झंडी दिखा कर बाइक रैली को भी रनावा किया जिसका मुख्य उद्देश्य कॉलोनीवासियों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरुकता करना था। इस अवसर पर समीर नायक ने कहा कि सड़क सुरक्षा माह का उद्देश्य अधिक से अधिक लोगों को रोड सेफ्टी के प्रति जगरुक करना है। उन्होंने यह भी कहा कि सड़क पर वाहन चलाने के दौरान हेलमेट पहनना बेहद जरूरी है, साथ ही अजकल लोगों को वाहन चलाने के दौरान मोबाइल फोन का प्रयोग बिल्कुल नहीं करना चाहिए। उन्होंने इससे सम्बंधित एक डेटा साझा करते हुए बताया कि देश में सबसे डेढ़ लाख से अधिक मौते सड़क दुर्घटना में ही होती है, जिससे पीड़ित परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ता है। वहीं जसबीर सिंह ने बताया कि इस प्रकार की प्रदर्शनी का प्रमुख उद्देश्य नगर एवं हिंडाल्को परिसर में हो रही मार्ग दुर्घटनाओं की संख्या को कम करना है। उन्होंने आगे कहा कि सुरक्षा प्रदर्शनी के माध्यम में सड़क की भाषा को समझकर सड़क पर चल रहे अन्य वाहन चालकों की भाषा को समझते हुए सड़क दुर्घटना से काफी हद तक बचा जा सकता है। प्रदर्शनी के आयोजनकर्ता सुरक्षा विभाग के मेजर (सेनि.) देवेन्द्र ओंकार ने बताया कि यह प्रदर्शनी एक माह तक रहेगी जिसमे प्लांट के कर्मचारी एवं उनके परिवारजनों, नगर में स्थित सभी स्कूल के बच्चे एवं आस-पास के नगरवासी सड़क सुरक्षा से सम्बन्धित सभी प्रकार जानकारी प्राप्त कर सकेंगे।

# बीमारी का इलाज करने का झांसा देकर धर्म परिवर्तन कराने का आरोप

**अवधनामा संवाददाता**



**मौदहा हमीरपुर।** पाखंडी बाबा द्वारा झाड़फूंक कर बीमार महिला का इलाज करने का झांसा देकर धर्म परिवर्तन का मामला कस्बे सहित क्षेत्र में हड़कंप मचाए हुए हैं जिसपर अपर पुलिस अधीक्षक ने बताया कि पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर विधि विरुद्ध धर्म परिवर्तन का मामला दर्ज कर जांच तेज कर दी है। कस्बे में सारी रात चले नाटकीय घटनाक्रम के बाद आखिरकार पुलिस ने प्रलोभन देकर धर्म परिवर्तन कराने और हिंदू समुदाय के घर में मजार बनाकर धार्मिक अनुष्ठान संपन्न कराने का मामला दर्ज कर दिया है। गुरुवार की आधी रात कस्बे में उस समय हड़कंप मच गया जब एक हिंदू समुदाय के व्यक्ति के घर में एक पाखंडी बाबा सहित अन्य लोगों ने कव्वाली का आयोजन कर डाला । जिसके बाद आसपास के लोगों ने हिंदू संगठनों के युवाओं को मामले की जानकारी दी और उसके बाद हिंदू संगठन के युवाओं ने पुलिस को मामले से अवगत कराया तो पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए तत्काल प्रभाव से छापेमारी की उक्त मकान में पाखंडी बाबा हूरुददीन पुत्र बुद्धू निवासी मोहल्ला छिपटहरी मर्दन नाका बांदा जो लगभग एक दशक से कस्बे के अलग अलग मोहल्लों में रह रहा था,ने महिला उर्मिला का झाडफूंक के माध्यम से इलाज शुरू किया था।महिला उर्मिला ने बताया कि बाबा ने कहा था कि तुम्हारे घर में प्रेत दफन है इसलिए यहां पर बाबा का मजार बना कर कुछ अनुष्ठान करना पड़ेगा और वही अनुष्ठान बाबा हूरुददीन कर रहा था जिसमें कव्वालियों का प्रोग्राम चल रहा था और हमारे घर में मजार भी बनवा दिया है।बाकी धर्म परिवर्तन जैसी कोई बात नहीं है हम हिंदू हैं और हिंदू ही रहेंगे। पुलिस ने मामले में देररात छापेमारी कर दो कव्वालों सहित पाखंडी बाबा व एक अन्य को गिरफ्तार किया है व महिला उर्मिला की तहरीर पर पांच लोगों के विरुद्ध विधि विरुद्ध धर्म परिवर्तन कराने की धारा सहित अन्य गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच तेज कर दी है।इस सम्बंध में अपर पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार गुप्ता ने बताया कि मौदहा में एक घर में धर्म परिवर्तन की सूचना मिली थी जिसपर पुलिस ने कार्यवाही करते हुए हूरुददीन, मेराज हसन, इरफान सहित अन्य लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर चार लोगों को गिरफ्तार किया है जबकि सभी से पूछताछ की जा रही है। गौरतलब है कि एक ओर जहां मानसिक बीमारों को प्रेत बाधा आदि बताकर इलाज करने के नाम पर पाखंडियों का कारोबार चरम पर है वहीं दूसरी ओर पाखंडियों का वास्तविक चेहरा सामने आने के बजाय धार्मिक चेहरा सामने आने से धर्म की छवि धूमिल होती है, जो जांच का विषय है।

# सूचना विभाग के आउटसोर्सिंग लेखाकार के निधन पर शोक



**अवधनामा संवाददाता**

**बाँदा।** उपनिदेशक सूचना कार्यालय चित्रकूट धाम मंडल बांदा में तैनात रहे आउटसोर्सिंग लेखाकार अंगद प्रसाद शर्मा का आकस्मिक निधन हो जाने पर आज जिला सूचना अधिकारी रामजी दुबे एवं अतिरिक्त जिला सूचना अधिकारी शारदा निषाद एवं जनपद के तमाम पत्रकार बंधुओ के द्वारा शोक व्यक्त किया गया और 2 मिनट का मौन रखकर उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गई। वहीं उ.प्र. मान्यता प्राप्त संवाददाता समिती के संयोजक शिवकान्त अवस्थी और राजेश पाण्डेय ने भी अपने पत्रकार साथियों के साथ सूचना विभाग जाकर अंगद शर्मा जी के निधन पर गहरा दुःख व्यक्त किया, मदन गुप्ता पत्रकार सुरक्षा परिषद ने भी अपने सहयोगियो के साथ अंगद शर्मा के निधन पर शोक व्यक्त किया। श्रद्धांजलि में उपस्थित मान्यता प्राप्त पत्रकार राजेश पाण्डेय, शिवकान्त अवस्थी ने अंगद शर्मा जी के निधन पर मौन रखकर अपनी श्रद्धांजली दी वहीं मनोज कुमार गोस्वामी, भारत समाचार चैनल,मनीष कुमार मिश्रा एनडीटीवी / न्यूज़ 18 डिजिटल वरिष्ठ पत्रकार आत्माराम त्रिपाठी,दिल्ली टू दिल्ली, राजू त्रिपाठी दैनिक भानु प्रभात, राजा बाबू दुबे दर्शन पोस्ट, के के गुप्ता दैनिक इंकलाबी नजर एवं भगत सिंह के न्यूज़, रूपा गोयल, दैनिक तेजस टुडे एवं संध्या, राजेंद्र कुमार मिश्रा जी सूचना विभाग स्टाफ सोनू कुमार, विनोद कुमार, महेंद्र सिंह सहित इत्यादि पत्रकार बंधु उपस्थित रहे।

## एनसीएल में उत्साहपूर्वक मना विश्व हिन्दी दिवस

**सोनभद्र/सिंगरौली।** शुक्रवार को भारत सरकार की मिनीरत्न कंपनी नॉर्दर्न कोलफील्डस लिमिटेड (एनसीएल) में विश्व हिन्दी दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया। इस दौरान एनसीएल द्वारा सिंगरौली स्थित एमडीआई परिसर, सीईटीआई में राजभाषा के प्रसार एवं कार्यालयीन जीवन में हिन्दी के प्रयोग को बढ़ावा देने हेतु एक दिवसीय हिन्दी कार्यशाला एवं राजभाषा कार्यान्वयन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया । इस अवसर पर महाप्रबंधक (कार्मिक/राजभाषा) विक्टर कुजूर, महाप्रबंधक (आईडी) मनोज कुमार सिंह, प्रबंधक (कार्मिक/राजभाषा) हुकुम सिंह एवं एनसीएल मुख्यालय से बड़ी संख्या में अधिकारी व कर्मचारीगण उपस्थित रहे।इस दौरान अपने उद्बोधन में मनोज कुमार सिंह ने विश्व हिन्दी दिवस को मनाने के महत्व पर प्रकाश डाला एवं उपस्थित सभी से हिन्दी को अपने कार्यालयीन जीवन में शामिल करने के साथ-साथ वैश्विक स्तर पर राजभाषा के प्रचार प्रसार करने हेतु आह्वान किया। विश्व हिन्दी दिवस के अवसर पर आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं में एनसीएल कर्मियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

# छत्तीसगढ मे पत्रकार मुकेश चंद्राकर के हत्यारों को फांसी की मांग

**अवधनामा संवाददाता**



**पत्रकार सुरक्षा कानून बनाने की मांग को लेकर दिया ज्ञापन, पत्रकारों की सुरक्षा को लेकर कानून बनाने की मांग**

**बाँदा।** छत्तीसगढ के पत्रकार मुकेश चंद्राकर की हत्या के बाद पूरे प्रदेश मे पत्रकार को सुरक्षा देने के लिये कानून बनाने की मांग अब जोर पकडने लगी है, इसी क्रम मे बाँदा मे राष्ट्रीय पत्रकार सुरक्षा परिषद और उ.प्र मान्यता प्राप्त संवाददाता समिती की ओर से देश मे पत्रकारों पर लगातार हो रहे हमलों को लेकर आज एक ज्ञापन दिया है, ज्ञापन मे छत्तीसगढ के पत्रकार मुकेश चंद्राकर की नृशंश हत्या करने वालों को फांसी की सजा और मुकेश के परिवारीजनों को पांच करोड देने की मांग की गयी है, ये वही मुकेश चंद्राकर है जिन्होने सीआरपीएफ के अगवा जवान को नक्सलियों से छुडाकर अकेले ही लाये थे। मुकेश की हत्या मे गिरफ्तार ठेकेदार सुरेश चंद्राकर पर अवैध तरीके से भ्रष्टाचार करके अकूत सम्पत्ति कमायी गयी थी जिसका खुलासा पत्रकार मुकेश ने किया था, अब अगर पत्रकार भ्रष्टाचार का खुलासा नही करेगा तो देश का चौथा स्तम्भ भी भ्रष्टाचार मे शामिल माना जायेगा परंतु मुकेश ने अपनी कलम को ना बेंचकर पूरा भ्रष्टाचार खोल दिया उसी से कुंठित होकर सुरेश चंद्राकर ने अपने साथियो के साथ मिलकर उनकी हत्या कर दी।

पत्रकार अगर भ्रष्टाचार का खुलासा करेगा तो क्या उसे इसी प्रकार जान से हाथ धोना पडेगा क्या पत्रकारों की सुरक्षा की चिंता किसी भी राजनैतिक दल को नही है या सभी राजनैतिक दल सिर्फ अपनी वाहवाही दिखाने के लिये पत्रकारो का प्रयोग करते है

आज ज्ञापन देने वालो मे उ.प्र. मान्यता प्राप्त संवाददाता समिती बाँदा के संयोजक शिवकांत अवस्थी, जर्नलिस्ट कांउसिल आफ इंडिया से राजेश पाण्डेय और राष्ट्रीय पत्रकार सुरक्षा परिषद से मदन गुप्ता, संध्या, राजकुमार, अमोद, धर्मेंद्र,आसिफ सहित लगभग एक दर्जन से अधिक पत्रकार शामिल रहे।

# हमीरपुर को सीएम डैशबोर्ड रैंकिंग में मिली पहली रैंक

**अवधनामा संवाददाता**

**हमीरपुर।** जिलाधिकारी घनश्याम मीना के कुशल दिशानिर्देशन, मार्गदर्शन व नेतृत्व में जनपद में विकास कार्यों, राजस्व कार्यों एवं केंद्र व प्रदेश सरकार की विभिन्न योजनाओं को धरातल पर प्रभावी ढंग से क्रियान्वयन किया जा रहा है। इसी क्रम में माह दिसंबर 2024 की शासन द्वारा आज जारी की गई विकास कार्यो से संबंधित मुख्यमंत्री डैशबोर्ड रैंकिंग में जनपद को प्रदेश स्तर पर पहला स्थान प्राप्त हुआ है। जनपद इससे पहले सीएम डैशबोर्ड रैंकिंग में कभी भी पहले स्थान पर नहीं पहुंचा था किंतु वर्तमान जिलाधिकारी महोदय की कार्यशैली दिशा निर्देशन ,मार्गदर्शन व नेतृत्व में जनपद ने वह मुकाम हासिल किया जो अभी तक यह जिला हासिल नहीं कर सका था। सीएम डैशबोर्ड रैंकिंग में 90.30 प्रतिशत अंको के साथ प्रदेश स्तर पर जनपद को पहला स्थान प्राप्त हुआ है। हमीरपुर जनपद के अलावा अन्य कोई भी जनपद 90 प्रतिशत अंक प्राप्त नहीं कर सका हैं। ज्ञात हो कि गत माह में भी विकास कार्यों से संबंधित मुख्यमंत्री डैशबोर्ड रैंकिंग में जनपद को प्रदेश स्तर पर सम्मानजनक तीसरी रैंक प्राप्त हुई थी। इसी प्रकार सीएम डैशबोर्ड के अंतर्गत विकास एवं राजस्व की सम्मिलित रैंकिंग में जनपद को प्रदेश स्तर पर दूसरा स्थान प्राप्त हुआ है। मुख्यमंत्री डैशबोर्ड की विकास कार्यों से संबंधित विभागवार रैंकिंग में पंडित दीनदयाल उपाध्याय सोलर स्ट्रीट लाइट योजना, सोलर स्ट्रीट लाइट ग्राम उन्नति योजना, एकीकृत बागवानी विकास मिशन,पर ड्रॉप मोर क्राप माइक्रो इरिगेशन, खराब ट्रांसफार्मर की शिकायतों का निस्तारण,दैनिक विद्युत आपूर्ति ग्रामीण एवं शहरी,विद्युत बिल में सुधार हेतु आवेदन, कृषि रक्षा रसायन डीबीटी,प्रधानमंत्री किसान सम्मन निधि,प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, पीएम कुसुम योजना, बीज डीबीटी, मनरेगा,भवन निर्माण,सड़क निर्माण ,102 एम्बुलेंस व 108 एम्बुलेंस, टेली रेडियोलॉजी, बायोमेडिकल उपकरण रखरखाव कार्यक्रम, सिटी स्कैन सेवाएं,दूध मूल्य भुगतान स्थिति,सहकारी दुग्ध समितियां,दिव्यांग पेंशन, दिव्यांग पेंशन आधार सीडिंग, जल जीवन मिशन, पांचवा राज्य वित्त आयोग ग्राम पंचायत,व्यक्तिगत शौचालय निर्माण, स्वच्छ भारत मिशन, सामाजिक वनीकरण, ऑपरेशन कायाकल्प, पीएम पोषण विद्यालय निरीक्षण, अंडा उत्पादन, निराश्रित गोवंश संरक्षण, पशु टीकाकरण, पशुओं में कृत्रिम गर्भाधान, संरक्षित निराश्रित गोवंशों की सुपुर्दगी, शादी अनुदान योजना, मत्स्य उत्पादन, निराश्रित महिला पेंशन का आधार सीडिंग, निराश्रित महिला पेंशन, कन्या सुमंगला योजना,प्रोजेक्ट अलंकार, सेतु निर्माण, नई सड़कों का निर्माण, सड़कों का अनुरक्षण, ओडीओपी टूलकिट वितरण एवं वित्त पोषण योजना, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना, विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना,राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजना,राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन योजना, वृद्धावस्था पेंशन का आधार सीडिंग, जिला सहकारी बैंक अल्पकालीन ऋण वितरण एवं वसूली, रबी फसल टेल फीडिंग व सिल्ट सफाई इन सभी कार्यों में जनपद को शत प्रतिशत अंको के साथ ए प्लस ग्रेड प्राप्त हुआ है। राजस्व से संबंधित मुख्यमंत्री डैशबोर्ड की परियोजनाओं के अंतर्गत पेट्रोल पंपों का सत्यापन मुद्रांकन,राइट ऑफ वे,औषधि विक्रय लाइसेंस, एनएफएसए ईपीडीएस लाभार्थी, परिवहन ट्रेड सर्टिफिकेट जारी करना, एल ओ आई के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया,जीएसटी राजस्व लक्ष्य के सापेक्ष संग्रह, राज्यकर लक्ष्य के सापेक्ष प्रवर्तन कार्यवाही, कृषि भूमि से गैर कृषि, अधिवास प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र, रबी खरीफ व जायद ई-खसरा, एकीकृत आपदा राहत प्रबंधन, एंटी भू माफिया, जाति प्रमाण पत्र, धारा 98, निर्विवाद उत्तराधिकार, भूलेख, सॉल्वेंसी सर्टिफिकेट, मुख्यमंत्री विवेकाधीन कोष, भूतपूर्व सैनिकों के परिचय हेतु ऑनलाइन सेवाएं में जनपद को शत प्रतिशत अंको के साथ ए प्लस ग्रेड प्राप्त हुआ है। वही आरसीसीएमएस डैशबोर्ड, नामांतरण, पैमाइश, स्वामित्व डैशबोर्ड मे ए ग्रेड प्राप्त हुआ है।

## सम्मान समारोह का आयोजन

**सोनभद्र/सिंगरौली।** बुधवार को ज़िला एथलेटिक्स एसोसिएशन, सिंगरौली द्वारा एथलेटिक्स में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों हेतु सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। सूर्य किरण भवन, एनसीएल दूधीचुआ में आयोजित इस समारोह के दौरान मुख्य कार्यपालन अधिकारी, ज़िला पंचायत, सिंगरौली- गंजेन्द्र सिंह नागेश (आईएएस) बतौर मुख्य अतिथि एवं उप-प्रबंधक (सीएसआर), एनटीपीसी निखिल जैसवाल, प्रबन्धक (कार्मिक), एनसीएल राम कुमार राठौर विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस सम्मान समारोह का मुख्य उद्देश्य सिंगरौली ज़िले में एथलेटिक्स को बढ़ावा देना एवं सभी विजेताओं को सम्मानित करना रहा। इस दौरान पीएसयू स्तरीय एथलेटिक्स विजेता, जूनियर एथलेटिक्स मध्य प्रदेश स्टेट मीट 2024 विजेता एवं वेस्ट जोन 2024 के बच्चे एवं परिजन तथा विभिन्न विद्यालयों के स्पोर्ट्स टीचर्स उपस्थित रहे। गौरतलब है कि ज़िला एथलेटिक्स एसोसिएशन, बच्चों को एथलेटिक्स और खेल के बारे में जानकारी देने , संतुलित और स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देने तथा एथलेटिक्स में युवाओं की भागीदारी को बढ़ावा देने के उद्देश्य से ऐसे अनेक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता रहा है।

# मुख्यमंत्री ने 'यू.पी. स्टेट पवेलियन' का किया उद्घाटन

**अवधनामा ब्यूरो**

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज महाकुम्भ नगर में 'यू.पी. स्टेट पवेलियन' (उत्तर प्रदेश दर्शन मण्डपम) का उद्घाटन, 'कला कुम्भ' प्रदर्शनी का शुभारम्भ तथा उत्तर प्रदेश परिवहन निगम की विशेष शटल बसों और अटल सेवा इलेक्ट्रिक बसों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। मुख्यमंत्री ने 'यू.पी. स्टेट पवेलियन' के उद्घाटन अवसर पर कहा कि यह पवेलियन श्रद्धालुओं के लिए प्रदेश की सांस्कृतिक विविधता को जानने और समझने का केंद्र बनेगा। इससे पूर्व, मुख्यमंत्री ने स्वरूप रानी नेहरू चिकित्सालय, प्रयागराज में नंदी सेवा संस्थान द्वारा संचालित 'मां की रसोई' का उद्घाटन भी किया।



- 'कला कुम्भ' प्रदर्शनी का शुभारम्भ तथा उ0प्र0 परिवहन निगम की विशेष शटल बसों और अटल सेवा इलेक्ट्रिक बसों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया
- स्वरूप रानी नेहरू चिकित्सालय, प्रयागराज में 'मां की रसोई' का उद्घाटन किया
- 'यू0पी0 स्टेट पवेलियन' श्रद्धालुओं के लिए प्रदेश की सांस्कृतिक विविधता को जानने और समझने का केंद्र बनेगा : मुख्यमंत्री
- पवेलियन में पर्यटन सर्किट पर आधारित प्रदर्शनी तथा देश व उ0प्र0 के व्यंजन और ऑर्गेनिक व्यंजनों के स्टॉल लगाए गए

ज्ञातव्य है कि प्रदेश के पर्यटन विभाग द्वारा महाकुम्भ के सेक्टर 07 में पांच एकड़ क्षेत्रफल में यू.पी. स्टेट पवेलियन तैयार किया गया है। पवेलियन में प्रदेश के विभिन्न पर्यटन सर्किटों पर आधारित प्रदर्शनी लगाई गई है। इसके अतिरिक्त, एक जनपद एक उत्पाद, उत्तर प्रदेश ग्रामीण पर्यटन परियोजना और रेशम विभाग के स्टॉल लगाए गए हैं। दर्शन मण्डपम में देश व उत्तर प्रदेश के व्यंजन और ऑर्गेनिक व्यंजनों के स्टॉल भी लगाए गए हैं। मुख्य मण्डप में धार्मिक स्थलों की भव्य झांकी लगाई गई है। पर्यटन से सम्बन्धित गैलरी में रामायण सर्किट, कृष्ण-ब्रज सर्किट, महाभारत सर्किट, बुन्देलखण्ड सर्किट, शक्तिपीठ सर्किट, आध्यात्मिक सर्किट, सूफी-कबीर सर्किट, बौद्ध सर्किट, जैन सर्किट, वाइल्ड लाइफ एवं ईको टूरिज्म सर्किट, क्राफ्ट सर्किट एवं स्वतंत्रता संग्राम सर्किट के माध्यम से उत्तर प्रदेश के सांस्कृतिक, धार्मिक, ऐतिहासिक और पर्यटन महत्व से जुड़े स्थलों को प्रदर्शित किया गया है। इन 12 सर्किट में उत्तर प्रदेश की सांस्कृतिक विविधता की तस्वीर देखने को मिलती है।

खानपान से जुड़ी तीन प्रकार की गैलरियां तैयार की गई हैं। उत्तर प्रदेश के व्यंजनों पर आधारित गैलरी, भारत के व्यंजनों पर आधारित गैलरी और ऑर्गेनिक खानपान पर आधारित गैलरी में खानपान के बहुरंगी स्टॉल लगाए गए हैं। यहां ओ.डी.ओ.पी. और रेशम उत्पादों के साथ ही ग्रामीण पर्यटन से जुड़ी गैलरियां तैयार की गई हैं और सभी के स्टॉल लगाए गए हैं। उत्तर प्रदेश दर्शन मण्डपम में बेहतरीन सेल्फी प्वाइंट भी बनाए गए हैं, जो आगंतुकों को आकर्षित कर रहे हैं।

# आधे-अधूरे मन से ही सही प्रधानमंत्री ने अपनी गलती मानी: प्रमोद तिवारी

- प्रधानमंत्री ने गलती ही नहीं की थी बल्कि नोटबंदी के जरिए लोगों को लूटा

**अवधनामा ब्यूरो**



**लखनऊ।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता व राज्यसभा में उपनेता प्रमोद तिवारी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपनी गलती स्वीकार करते हुए कहा कि मैं भी इंसान हूं, मुझसे भी गलती हो सकती है। आधे-अधूरे मन से ही सही लेकिन आखिरकार सच्चाई मोदी जी की जुबान पर आ ही गयी कि उन्होंने देश के साथ कितना बड़ा गलत कदम उठाया था। श्री तिवारी ने कहा कि उन्होंने केवल गलती ही नहीं की थी बल्कि नोटबंदी के जरिए भयंकर लूट की गयी थी। देश की जीडीपी में भारी गिरावट हुई, जिसकी कीमत आज हर देशवासी चाहे गरीब वर्ग हो मध्यम हो या साधारण सभी चुका रहे हैं। श्री तिवारी ने कहा कि बड़े दिल वाला सच्चा व्यक्ति वह होता है जो गलती को सहर्ष स्वीकार करे और उसकी माफी मांगे। प्रधानमंत्री को देश की जनता के साथ की भयंकर भूल के लिए राष्ट्र से माफी मांगना चाहिए। श्री तिवारी ने कहा कि नोटबंदी की वजह से अर्थव्यवस्था में अब तक सुधार नहीं हो सका और देश की अर्थव्यवस्था चौपट हो गयी। नोटबंदी की वजह से आम जनमानस बदहाली की जिंदगी जीने को मजबूर है। छोटे और मध्यम उद्योग लगभग समाप्त होने की स्थिति में हैं और देश के करोड़ों लोगों के परिवार के सामने जीविकोपार्जन की गंभीर समस्या खड़ी हो गयी है। प्रधानमंत्री ने हिंसा और अराजकता की आग में जल रहे पूर्वोत्तर राज्य मणिपुर की गंभीर समस्या को नजरअंदाज किया। वहां नहीं गये। कोरोना से देश के हजारों लोगों को अपनी जान गंवाना पड़ी। प्रधानमंत्री ने नमस्ते ट्रम्प कार्यक्रम न कराया होता तो देश को इस महामारी से बचाया और हजारों लोगों की जान बचाई जा सकती थी। लद्दाख प्रकरण में मोदी जी ने कहा था कि न तो कोई सीमा के अंदर आया था और न ही हमारी जमीन पर किसी ने कब्जा किया, जबकि सेना ने समझौता कर अपने अधिकार वापस लिये हैं। मोदी जी ने जापान में देश के खिलाफ बयानबाजी की और अमेरिका में एक आम कार्यकर्ता की तरह नारे लगाए अबकी बार-ट्रम्प सरकार। प्रधानमंत्री का यह आचरण विदेश नीति के खिलाफ है। राफेल प्रकरण में भी भयंकर भूल की गयी और लगभग तीन गुना कीमत पर राफेल खरीद देश की सम्पत्ति को भारी नुकसान पहुंचाया गया।

# हिन्दी संस्थान में मनाया गया विश्व हिन्दी दिवस

**अवधनामा ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश हिन्दी संस्थान द्वारा विश्व हिन्दी दिवस समारोह के शुभ अवसर पर एक दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन हिन्दी भवन के निराला सभागार लखनऊ में किया गया। इस अवसर पर डॉ. सूर्य प्रसाद दीक्षित, डॉ. सुधाकर अदीब, डॉ. कैलाश देवी सिंह, डॉ. सूर्यकान्तका स्वागत स्मृति चिह्न भेंट कर राज बहादुर, निदेशक, उत्तर प्रदेश हिन्दी संस्थान द्वारा किया गया। उन्होंने कहा कि हिन्दी के सर्वांगीण विकास की आवश्यकता है। हिन्दी भाषा को विश्व के विभिन्न देशों में प्रचार-प्रसार में गिरमिटिया मजदूरों की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। मॉरीशस, सूरीनाम में गिरमिटिया मजदूरों ने हिन्दी भाषा को सम्पन्न और समृद्ध किया। प्रवासी भारतीयों ने हिन्दी भाषा व संस्कृति को बढ़ाने में अपना बहुत योगदान दिया है।




वैश्विक चेतना के कारण भी हिन्दी भाषा का प्रचार-प्रसार हो रहा है। अप्रवासी भारतीयों ने विदेशों में हिन्दी भाषा, संस्कृति व साहित्य को काफी बढ़ावा दिया है। विदेशी लेखकों व भाषा विद्वानों ने अनुवाद, कोशकारिता, पत्रकारिता, व्याकरण द्वारा भी हिन्दी को समृद्ध किया। विश्व स्तरपर आज हिन्दी की अनिवार्यता बढ़ती जा रही है। हिन्दी की महत्ता व्यापार के बढ़ने से भी काफी प्रचलित हो रही है। इस अवसर पर डॉ. सुधाकर अदीब ने कहा कबीर, सूर, तुलसी, बिहारी, मीरा, मतिराम, भारतेन्दु हरिश्चन्द्र, दिनकर जैसे ऋषि तुल्य कवियों, कवयित्रियों ने भक्ति साहित्य को सुशोभित किया। आज हिन्दी भाषा निरन्तर समृद्ध होती जा रही है। विश्व स्तर पर हिन्दी की स्वीकार्यता बढ़ती जा रही है। विश्व में बौद्धिक सम्पदा के रूप में हमारे तकनीकी, शिक्षा, प्रबन्धन, कम्प्यूटर के विशेषज्ञ हिन्दी का प्रचार-प्रसार कर रहे हैं। विदेशी लेखकों ने भी अनुवाद के माध्यम से हिन्दी को बढ़ावा दिया है। भारत में प्रदेशों की साहित्यिक अकादमियों व संस्थाओं द्वारा भी हिन्दी भाषा को बढ़ाने व प्रचार-प्रसार में महत्वपूर्ण भूमिका निभायी जा रही है। हिन्दी भाषा का भविष्य उज्जवल है।

## मुनेजा फातिमा ने लखनऊ का नाम किया रोशन



**लखनऊ/अवधनामा ब्यूरो।** पुराने शहर की रहने वाली 7 साल की मुनेजा फातिमा ने अपने शहर का नाम रोशन किया। मुनेजा फातिमा ने इन्दौर में हुए जूनियर मिस इंडिया 2024-25 के न सिर्फ फाइनल में जगह बनायी बल्कि मिस कान्फिडेंट का खिताब भी अपने नाम किया। हसन पुरिया निवासी नदीम मेहदी और महलका फातिमा की बेटी मुनेजा फातिमा सीएमएस स्कूल में कक्षा एक की छात्रा हैं। मुनेजा विद्यालय में भी होने वाली सांस्कृतिक गतिविधियों में बढ़चढ़ हिस्सा लेती हैं और प्रतिभा का प्रदर्शन करती हैं। जूनियर मिस इंडिया के लिए देश भर में ऑडीशन हुए थे। जिसके बाद लखनऊ से फाइनल तक का सफर देश भर से चयनित बच्चों के साथ मुनेजा फातिमा ने तय किया।

## महिला सशक्तिकरण के अंतर्गत फिल्म का प्रदर्शन



**लखनऊ/अवधनामा ब्यूरो।** महिला सशक्तिकरण के अंतर्गत आरडीएसओ सी एसबीएफ की तरफ से आरडीएसओ में कार्यरत महिला कर्मचारियों, उनके बच्चों तथा आरडीएसओ में कार्यरत अन्य कर्मचारियों एवं उनके बच्चों हेतु ऑफिसर्स क्लब में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें महिला सशक्तिकरण पर एक फिल्म प्रदर्शन की गयी। इस कार्यक्रम में, अमर नाथ दुबे, प्रधान मुख्य कार्मिक अधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में आरडीएसओ कीमहिलाओं एवं बच्चों ने वृहद रूप से भाग लियाएवं कार्यक्रम सफलतापूर्वक सम्पान हुआ।

## शहर कांग्रेस ने अपर नगर आयुक्त को सौंपा ज्ञापन

**लखनऊ।** शहर कांग्रेस ने मोहान रोड स्थित कूड़ा निस्तारण के शिवरी प्लाण्ट के नये प्लाण्ट का उद्घाटन भारतीय जनता पार्टी नेता नीरज सिंह और महापौर से कराए जाने का विरोध करते हुए अपर नगर आयुक्त को ज्ञापन सौंपा। शहर कांग्रेस अध्यक्ष अमित श्रीवास्तव त्यागी और डॉ. शहजाद आलम के नेतृत्व में कांग्रेसियों ने नगर आयुक्त को सम्बोधित ज्ञापन अपर नगर आयुक्त और शिवरी प्लाण्ट प्रभारी डॉ. अरविंद राव को सौंपा। शहर अध्यक्ष अमित श्रीवास्तव त्यागी ने कहा कि भाजपा नेता नीरज सिंह किसी संवैधानिक पद पर नहीं हैं और न ही विधायक, सांसद या महापौर हैं। ऐसे में वह महापौर के साथ सरकारी सम्पत्ति का उद्घाटन कैसे कर सकते हैं। सरकार का राजस्व जनता के कर के पैसों से चलता है। ऐसे में अगर इस तरह की पुनरावृत्ति दोबारा होती है तो शहर कांग्रेस कमेटी आंदोलन को मजबूर होगी। ज्ञापन कार्यक्रम में वरिष्ठ नेता नितिन शर्मा, किश्वर जहां, आर.बी. सिंह एडवोकेट, रईस अहमद, पूर्व पार्षद अजहर बेग, अजय वर्मा, संजय श्रीवास्तव, आकाश तिवारी, रंजीत कुमार, नसीम मंसूरी, वकार मेहदी, मोहम्मद फुरकान, विनोद रावत सहित अन्य पदाधिकारी शामिल थे।

# सीएम योगी ने किया इंडियन बैंक के महाकुंभ मेला विशेष एटीएम डेबिट कार्ड किया लॉन्च

**अवधनामा ब्यूरो**

**प्रयागराज/लखनऊ।** महाकुंभ 2025 की आध्यात्मिक और सांस्कृतिक महिमा को समर्पित एक ऐतिहासिक पहल में, उत्तर प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज इंडियन बैंक के महाकुंभ मेला विशेष एटीएम डेबिट कार्ड का भव्य अनावरण किया। यह कार्यक्रम महाकुंभ नगरी प्रयागराज में आयोजित हुआ, जहां इंडियन बैंक के मुख्य महाप्रबंधक लखनऊ सुधीर कुमार गुप्ता, क्षेत्र महाप्रबंधक प्रयागराज नवीन कुमार श्रीवास्तव, अंचल प्रबंधक लखनऊ प्राणेश कुमार, अंचल प्रबंधक प्रयागराज पीएन उपाध्याय सहित कई वरिष्ठ अधिकारीगण मौजूद रहे।यह विशेष एटीएम डेबिट कार्ड न केवल राज्य की सांस्कृतिक धरोहर का प्रतीक है, बल्कि उत्तर प्रदेश की गौरवशाली पहचान को आर्थिक सशक्तिकरण के साथ जोड़ता है। महाकुंभ मेले के 45 दिनों के दौरान राज्यभर में इंडियन बैंक के ग्राहकों को लगभग 2 लाख ऐसे विशेष डेबिट कार्ड वितरित किए जाएंगे। इस कार्ड को महाकुंभ के प्रतीकात्मक लोगो और इंडियन बैंक के लोगो से सुसज्जित किया गया है, और इसे ग्राहकों को शून्य वार्षिक शुल्क पर प्रदान किया जाएगा। इस अवसर पर सुधीर कुमार गुप्ता ने कहा, यह पहल उत्तर प्रदेश राज्य में डिजिटल लेनदेन को प्रोत्साहित करने और वित्तीय साक्षरता को बढ़ावा देने के लिए सरकार के दूरदर्शी दृष्टिकोण के अनुरूप है। इंडियन बैंक की यह अनूठी पहल महाकुंभ की आध्यात्मिक भावना को आधुनिकता के साथ जोड़ते हुए राज्य के आर्थिक विकास को गति देने का कार्य करेगी।




# महाकुंभ मे एफपीओ कॉन्क्लेव का किया गया आयोजन

**अवधनामा ब्यूरो**

**लखनऊ।** उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य तीर्थराज प्रयागराज में आयोजित महाकुंभ के अवसर प्रदेश में गठित किसान उत्पादक संगठनों के समागम का उद्घाटन महाकुम्भ परिसर, प्रयागराज में गुरुवार किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन उ.प्र. राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन ने जिला मिशन प्रबन्धन इकाई के सहयोग से किया। इस अवसर में मुख्य अतिथि के रूप में सभा को संबोधित करते हुए उप मुख्यमंत्री ने तीर्थराज प्रयागराज में सभी का स्वागत किया। उन्होंने भारत सरकार एवं प्रदेश सरकार की विकास परियोजनाओं द्वारा क्रांतिकारी विकास से अवगत कराया। उन्होंने अवगत कराया कि एफ.पी.ओ. परियोजना के माध्यम से आजीविका संवर्धन होगा और महिलाएं संगठित रूप से बाजार में अपनी पहचान बना सकेंगी। इस लक्ष्य की प्राप्ति हेतु उ.प्र. राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन द्वारा किये गए प्रयासों की उन्होंने सराहना की। उन्होंने ग्राम्य विकास विभाग द्वारा संचालित प्रधानमंत्री आवास योजना- ग्रामीण, मुख्यमंत्री आवास योजना ग्रामीण, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, हर घर नल से जल, उज्ज्वला योजना इत्यादि से भारत सरकार एवं प्रदेश सरकार की गरीबी उन्मूलन की प्रतिबद्धता को व्यक्त किया। इस अवसर पर उन्होंने सभी का आह्वान किया कि प्रदेश की जमीनी स्तर पर विकास हेतु सभी को एवं विशेषकर ग्रामीणों को अपने श्रम की शक्ति को पहचानना चाहिए। इसी अवसर पर राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के माध्यम से रु. 82 करोड़ 83 लाख 02 हजार की धनराशि को स्वयं सहायता समूह सदस्यों एवम उनके सामुदायिक संस्थानों के बैंक खातों में निर्गत किये गए।



## ईसाले सवाब के लिए मजलिस रविवार को

**लखनऊ।** स्वर्गीय मोहम्मद दस्तगीर के ईसाले सवाब के लिए रविवार को मजलिस आयोजित होगी।

ठाकुरगंज के मुसाहबगंज कुमेदान की बगिया कब्रिस्तान स्थित इमामबाड़ा बहिश्त-ए-जहरा में दोपहर 3 बजे मजलिस होगी। तिलावते कलामे पाक से शुरू होने वाली मजलिस को मौलाना फैज अब्बास मशहदी खिताब करेंगे।


# प्रवासियों को जड़ों से जोड़ती ट्रेन

## प्रवासी भारतीय एक्सप्रेस


भारतीय रेल द्वारा देश की समृद्ध विरासत एवं संस्कृति से लोगों को जोड़ने के लिए भारत गौरव यात्रा ट्रेनों का परिचालन किया जाता है। इसके माध्यम से देश के प्रसिद्ध पर्यटन स्थलों को आपस में जोड़ा गया है। भारतीय रेल द्वारा अब तक 365 'भारत गौरव ट्रेनों' का संचालन किया जा चुका है। इसी कड़ी में विदेश मंत्रालय की 'प्रवासी तीर्थ दर्शन योजना' के अंतर्गत प्रवासी भारतीय एक्सप्रेस का परिचालन प्रारंभ किया गया है, जिसे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 9 जनवरी, 2025 को भुवनेश्वर से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग द्वारा हरी झंडी दिखाकर हजरत निजामुद्दीन से रवाना किया।

### एक अनोखी यात्रा : प्रवासी भारतीय एक्सप्रेस

'प्रवासी भारतीय एक्सप्रेस' विशेष रूप से विदेश मंत्रालय की प्रवासी तीर्थ दर्शन योजना के अंतर्गत आयोजित एक कुशल पहल है। इसका उद्देश्य 45-65 वर्ष के निम्न आय वर्ग के भारतीय मूल निवासियों को उनकी जड़ों से जोड़ना है। यह यात्रा अयोध्या के भगवान श्री राम से जुड़े धार्मिक महत्व, वाराणसी की गंगा आरती और काशी विश्वनाथ मंदिर की आध्यात्मिक शांति तथा रामेश्वरम की पौराणिक गाथाओं और शिव भक्ति का अनुभव कराते हुए यात्रियों को भारत के विभिन्न विरासतों एवं धरोहरों से जोड़ने का कार्य करेगी।

### यात्रा का रूट


अयोध्या - पटना - गया - वाराणसी - महाबलीपुरम - रामेश्वरम - मदुरै - कोच्चि - गोवा - एकता नगर - अजमेर - पुष्कर - आगरा




### भारत गौरव ट्रेन: प्रवासी भारतीय एक्सप्रेस की प्रेरणा

भारतीय रेल द्वारा भारत गौरव ट्रेन का भी संचालन किया जाता है, भारत की समृद्ध विरासत और ऐतिहासिक स्थलों को प्रदर्शित करने की दिशा में एक प्रभावशाली पहल है। इस थीम-आधारित पर्यटक सर्किट ट्रेन का उद्देश्य देश के अनदेखे लेकिन सांस्कृतिक रूप से महत्वपूर्ण खजानों को लोगों तक पहुँचाना है। बेहतर क्वालिटी वाले एलएचबी कोचों और रियायत नीति के माध्यम से यह पहल घरेलू पर्यटन को बढ़ावा देने के साथ-साथ रोजगार के अवसर भी उत्पन्न कर रही है। इसकी 365 ट्रिप्स संचालित की जा चुकी है। जिसने 33 सर्किट कवर करते हुए लगभग 2,15,922 यात्रियों को अपनी उत्तम यात्रा सेवा का अनुभव दिया है।







### प्रवासी भारतीय एक्सप्रेस के मूल्य और नैतिकता

'प्रवासी भारतीय एक्सप्रेस' एक केवल धार्मिक यात्रा से कई अधिक भारतीय संस्कृति, परंपराओं और मानवीय मूल्यों के प्रति सम्मान और जुड़ाव को बढ़ावा देने का एक बेहतरीन प्रयास है।

- संस्कृति का सम्मान: हर पड़ाव पर यात्रियों को भारत के गौरवशाली इतिहास एवं धरोहर से परिचीत कराएगी।
- विविधता का अनुभव: यात्रियों को भारतीय विविधता एवं समृद्ध धरोहरो का अनुभव मिलेगा।
- राष्ट्रीय एकता: विभिन्न पृष्ठभूमियों से जुड़े भारतीयों के बीच साझा पहचान और संबंधों की स्थापना।



### धार्मिक और पारंपरिक मूल्य

भारत के विभिन्न धार्मिक स्थलों एवं ऐतिहासिक धरोहरों के माध्यम से "प्रवासी भारतीय एक्सप्रेस" की यात्रा उद्देश्य हर पड़ाव पर यात्रियों को भारतीय संस्कृति की बहुलता और समृद्धि प्रदर्शित करेगी।

- तीर्थ यात्रा से जुड़ाव: यात्रा के माध्यम से भारतीय मूल के निवासियों को भारतीय संस्कृति से जोड़ना।
- सांस्कृतिक अनुभव: यात्रियों को भारतीय विविधता एवं समृद्ध धरोहरो का अनुभव मिलेगा।
- भारत का गौरवशाली इतिहास: हर पड़ाव पर यात्रियों को भारत के गौरवशाली इतिहास से परिचित कराया जाएगा।

### इतिहास और सांस्कृतिक महत्व

प्रवासी भारतीय दिवस के लिए 9 जनवरी की तारीख का महत्व भारतीय इतिहास में निहित है। दरअसल, वर्ष 1915 में इसी दिन यानि 9 जनवरी को महात्मा गांधी ने दक्षिण अफ्रीका से भारत लौटकर स्वतंत्रता संग्राम के एक नए अध्याय की शुरुआत की थी। इस दिन को यादगार बनाते हुए, प्रवासी भारतीय दिवस पर यह एक्सप्रेस ट्रेन न केवल यात्रियों को धार्मिक स्थलों की यात्रा कराएगी, बल्कि उन्हें भारत की विविधता, समृद्ध परंपराओं और धरोहरों का अनुभव भी प्रदान करेगी।



### सांस्कृतिक जड़ों से जुड़ाव

"प्रवासी भारतीय एक्सप्रेस" एक अभिनव प्रयास है, जो भारत की समृद्ध परंपराओं, धार्मिक स्थलों और सांस्कृतिक धरोहरों को विश्वभर में बसे भारतीय मूल निवासियों तक पहुँचाएगा। यह यात्रा भारत की विविधता, समृद्ध इतिहास और आधुनिकता का संगम है, जो एक यादगार अनुभव के साथ हर प्रवासी भारतीय के दिल में अपने देश के प्रति गर्व और जुड़ाव की भावना को और प्रबल करेगी।



### समृद्ध धरोहरों से जोड़ता सफर

यह ट्रेन भारतीय रेल की नवोन्मेषी सोच और आधुनिक दृष्टिकोण का उदाहरण है। पूरी यात्रा में यात्रियों को विभिन्न तरह के प्रवंध किए गए हैं।

- परंपरा और धरोहरों की कलाकृतियां: यात्रियों को बेहतरीन अनुभव देने के लिए कोचों को भारतीय संस्कृति, परंपराओं और कला से प्रेरित डिज़ाइन किया गया है
- उच्चतम स्तर की सुविधा और सुरक्षा: यात्रियों को सर्वोत्तम सुविधाएं, सुरक्षा, और आराम दिया जाएगा, ताकि यात्रा आरामदायक और सुरक्षित हो।
- आधुनिक इंफोटेनमेंट सिस्टम: यात्रा के दौरान उच्च-गुणवत्ता के इंफोटेनमेंट सिस्टम से यात्रियों को मनोरंजन और जानकारी मिलेगी।
- एयर-कंडीशनिंग और आरामदायक यात्रा: पूरी यात्रा के दौरान एयर-कंडीशनिंग और आरामदायक बैठने की व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी।
- सहज ट्रांजिट और यात्रा अनुभव: सुविधाजनक ट्रांजिट के माध्यम से यात्रियों को आसान और निर्बाध यात्रा का अनुभव मिलेगा।

